कम्पनी लेखांकन

बी. कॉम. II

दूरस्थ शिक्षा निदेशालय

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय

रोहतक – 124 001

Copyright © 2004, Maharshi Dayanand University, ROHTAK
All Rights Reserved. No part of this publication may be reproduced or stored in a retrieval system or transmitted in any from or by any means; electronic, mechanical, photocopying, recording or9,300 otherwise, without the written permission of the copyright holder.

Maharshi Dayanand University
ROHTAK – 124001

Developed & Produced by EXCEL BOOKS PVT. LTD., A-45, Naraina, Phase 1, New Delhi-110028

विषय—सूची

अध्याय 1	कम्पनी खाते	5
अध्याय 2	पूर्वाधिकार अंशों का शोधन	76
अध्याय 3	ऋण पत्रों का निर्गमन	118
अध्याय 4	ऋण पत्रों का शोधन	133
अध्याय 5	समामेलन के पूर्व व पश्चात का लाभ या हानि	175
अध्याय 6	कम्पनियों के अन्तिम खाते	194
अध्याय 7	ख्याति का मूल्यांकन	220
अध्याय 8	अंशों का मूल्यांकन	259
अध्याय 9	कम्पनियों का एकीकरण अन्तर्लयन एवं पुनर्निर्माण	303
अध्याय 10	नियन्त्रक एवं सहायक कम्पनियों के लेखे	325
अध्याय 11	कम्पनी का परिसमापन	410
अध्याय 12	बैंकिंग कम्पनियों के खाते	497
अध्याय 13	बीमा कम्पनियों के लेखे	564

B.Com-II

Paper-2 **CORPORATE ACCOUNTING** Max: Marks: 100
Time: 3 Hours

Note: Ten questions shall be set in the question paper covering the whole syllabus. The candidates will be required to attempt any five questions.

Issue. Foreiture and Re-issue of Shares; Redemption of Preference Shares, Issue and Redemption of Debentures.

Profit/Loss prior to incorporation.

Final accounts of Companies : Excluding Computation of Managerial Remuneration; Valuation of goodwill and shares. Accounting for Amalgamation, absorption of Companies as per Indian Accounting Standard.

Accounting for internal reconstruction: excluding re-construction schemes.

Consolidated Balance Sheet of Holding Companies with one Subsidiary only.

Liquidation of companies. Accounts of Banking and Insurance companies.

अध्याय-1

कम्पनी खाते

(Company Accounts)

अंशों का निगर्मन
(Issue of Shares)

कम्पनी क्या है?
(What is a Company?)

भारतीय कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के अनुसार, ''कम्पनी का तात्पर्य इस अधिनियम के अन्तर्गत निर्मित एवं पंजीकृत कम्पनी या विद्यमान कम्पनी से है। विद्यमान कम्पनी से तात्पर्य किसी ऐसी कम्पनी से है, जिसका निर्माण एवं पंजीकरण गत कम्पनी अधिनियमों में से किसी के अन्तर्गत किया गया हो। यह परिभाषा केवल यह स्पष्ट करती है कि इस अधिनियम के अन्तर्गत समामेलित संस्था कम्पनी कहलाती है परन्तु यह न तो कम्पनी का क्षेत्र स्पष्ट करती है और न उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालती है। न्यायाधीश मार्शल की परिभाषा से सम्भवतः ये दोनों चीजें स्पष्ट होती है। उनके शब्दों में, ''कम्पनी एक अदश, अमूर्त एवं कृत्रिम व्यक्ति है जिसका अस्तित्व वैधानिक होता है। विधान द्वारा निर्मित होने के कारण यह वही सम्पत्ति अपने अधिकारी में रख सकती है जिसका अधिकार इसके निर्मित आज्ञा—पत्र में होता है या जो इसके अस्तित्व के लिए आवश्यक है। यह परिभाषा भी कम्पनी के सभी पहलुओं को स्पष्ट नहीं करती। अतः कम्पनी की सर्वमान्य परिभाषा निम्न प्रकार दी जा सकती है, ''कम्पनी विधान द्वारा निर्मित एक ऐच्छिक संगठन है जिसका अस्तित्व सदस्यों से पथक एवं अविच्छिन होता है, जिसकी पूंजी हस्तान्तरणीय एवं निश्चित मूल्य के अंशों में विभाजित होती है, सदस्यों का दायित्व सीमित होता है, जिसकी एक सार्वमुद्रा (Common Seal) होती है।

कम्पनी की विशेषताएं
(Characteristics of a Company)

उपर्युक्त विवेचन का विश्लेषणात्मक अध्ययन कम्पनी की निम्न विशेषताएं प्रकट करता हैः (1) कम्पनी विधान द्वारा निर्मित एक कृत्रिम व्यक्ति है, (2) कम्पनी का वैधानिक अस्तित्व इसके सदस्यों के अस्तित्व से पथक होता है, (3) कम्पनी का अस्तित्व उसके सदस्यों अथवा स्वामियों पर निर्भर नहीं करता, (4) प्रत्येक अंशधारी का दायित्व सामान्यतः उसके द्वारा क्रय किये गए अंशों के अंकित मूल्य तक सीमित होता है, (5) कम्पनी के अंश हस्तान्तरणीय होते हैं जो बिना किसी प्रतिबंध के हस्तान्तरित किए जा सकते हैं, (6) कम्पनी लाभ अर्जित करने के लिए ऐच्छिक संघ है, (7) कम्पनी हस्ताक्षरों के स्थान पर सार्वमुद्रा का प्रयोग करती है।

कम्पनी और साझेदारी में अन्तर
(Distinction between a Company and a Partnership)

कम्पनी और साझेदारी में निम्नलिखित प्रमुख अन्तर हैंः

1. **अधिनियम (Law)**—कम्पनी पर भारतीय कम्पनी अधिनियम, 1956 के प्रावधान लागू होते हैं जबकि साझेदारी पर भारतीय साझेदारी अधिनियम 1932 के प्रावधान लागू होते हैं।

2. **सदस्य संख्या (Number of Members)**—सार्वजनिक कम्पनी के सदस्यों की न्यूनतम संख्या 7 होती है, लेकिन अधिकतम संख्या पर कोई प्रतिबन्ध नहीं होता, जबकि निजी कम्पनी में न्यूनतम संख्या 2 और अधिकतम संख्या 50 होती

है। साझेदारी में, सामान्य व्यवसाय में न्यूनतम संख्या 2 और अधिकतम संख्या 20 होती है जबकि बैंकिंग व्यवसाय में अधिकतम संख्या 10 होती।

3. **अस्तित्व (Entity)**—कम्पनी का उसके सदस्यों अर्थात् अंशधारियों से पथक वैधानिक अस्तित्व होता है परन्तु साझेदारी में साझेदारों का साझेदारी से पथक अस्तित्व नहीं होता अर्थात् साझेदार और साझेदारी फर्म वैधानिक दष्टि से एक ही माने जाते हैं।
4. **दायित्व (Liability)**—कम्पनी के अंशधारियों का दायित्व उसके द्वारा क्रय किए गए अंशों के अंकित मूल्य तक सीमित होता है जबकि साझेदारी में साझेदारों का दायित्व प्रायः असीमित होता है।
5. **प्रबन्ध (Management)**—कम्पनी का प्रबन्ध जनतान्त्रिक पद्धति के अनुसार अंशधारियों द्वारा चुने गए संचालकों द्वारा होता है जबकि साझेदारी में प्रत्येक साझेदार प्रबन्ध में भाग लेने का अधिकारी होता है।
6. **पूंजी (Capital)**—कम्पनी के विशालकाय वित्तीय स्रोत होते हैं। यह अपनी छोटी–छोटी राशि के अंश विक्रय करके अपेक्षाकृत विशाल पूंजी एकत्रित कर सकती है। लेकिन साझेदारी में वित्तीय स्रोत सीमित होते हैं क्योंकि केवल साझेदार ही पूंजी विनियोजित करने वाले होते हैं।
7. **लाभ वितरण (Distribution of Profits)**—कम्पनी में लाभ का वितरण अंशधारियों द्वारा प्रदत्त अंश पूंजी पर, एक निश्चित दर से लाभांशों के रूप में किया जाता है परन्तु साझेदारी में लाभ का वितरण, पारस्परिक समझौते के अनुसार या साझेदारी विलेख के अनुसार किया जाता है।
8. **अंशों का हस्तान्तरण (Trnasfer of Shares)**—कम्पनी में अंशधारी अपने अंशों का हस्तान्तरण स्वतन्त्रतापूर्वक कर सकते हैं परन्तु साझेदारी में कोई भी हस्तान्तरण, सभी साझेदारों की पूर्व–सहमति के बिना नहीं कर सकता।
9. **अंकेक्षण (Audit)**—वैधानिक दष्टि से कम्पनी के लिए अपनी लेखा पुस्तकों का अंकेक्षण किसी चार्टर्ड एकाउन्टेंट से करवाना अनिवार्य है। लेकिन साझेदारी फर्म की लेखा पुस्तकों का अंकेक्षण ऐच्छिक है अर्थात् वैधानिक दष्टि से अनिवार्य नहीं है।
10. **वैधानिक पुस्तकें (Statutory Books)**—कम्पनी के लिए विधान द्वारा निर्दिष्ट पुस्तकें जिन्हें वैधानिक पुस्तकें कहा जाता है, रखना आवश्यक है जबकि साझेदारी में विधान द्वारा निर्दिष्ट कोई पुस्तकें रखना आवश्यक नहीं है।
11. **विघटन (Winding up)**—कम्पनी का विघटन, न्यायालय द्वारा या अंशधारियों के प्रस्ताव द्वारा या ऋणदाताओं की मांग पर किया जा सकता है। लेकिन साझेदारी में किसी भी साझेदार की मत्यु हो जाने पर या उसके दिवालिया अथवा पागल हो जाने पर, उसके सम्बन्ध विच्छेद कर दिये जाने पर साझेदारी का विघटन स्वतः ही हो जाता है।

कम्पनियों के प्रकार
(Kinds of Companies)

कम्पनियों का वर्गीकरण अनेक प्रकार से किया जा सकता है, जिनमें मुख्य प्रकार निम्नलिखित हैंः

(क) समामेलन के आधार पर कम्पनियों के प्रकार
(Kinds of Companies on the basis of Incorporation)

समामेलन के आधार पर कम्पनियां मुख्य रूप से निम्नलिखित तीन प्रकार की हो सकती हैंः

1. **चार्टर्ड कम्पनियां (Chartered Companies)**—ये वे कम्पनियां हैं जिनका निर्माण राज्य आज्ञा–पत्र द्वारा किया जाता है। कम्पनियों के समामेलन का यह अत्यन्त प्राचीन रूप है। ईस्ट इण्डिया कम्पनी, बैंक ऑफ इंग्लैंड, चार्टर्ड बैंक ऑफ इण्डिया—इस प्रकार की कम्पनियों के प्रमुख उदाहरण हैं। भारत में इस प्रकार की कोई कम्पनी नहीं है।
2. **वैधानिक कम्पनियां (Statutory Companies)**—ये वे कम्पनियां हैं, जिनका समामेलन संसद के विशेष अधिनियम के अन्तर्गत होता है। इस प्रकार की कम्पनियों का निर्माण राष्ट्रीय महत्व के उद्योग तथा व्यापार करने के लिए किया जाता है। भारत में इस प्रकार की अनेक कम्पनियां है—रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, राज्य व्यापार निगम आदि।

3. **रजिस्टर्ड कम्पनियां (Registered Companies)**—ये वे कम्पनियां है जिनका समामेलन भारतीय कम्पनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत हुआ है। वैधानिक कम्पनियों को छोड़कर देश में विद्यमान शेष सभी कम्पनियों का इसी प्रकार समामेलन हुआ है।

(ख) दायित्व के आधार पर कम्पनियों के प्रकार

(Kinds of Companies on the basis of Liability)

सदस्यों के दायित्व के आधार पर कम्पनियां मुख्य रूप से निम्नलिखित तीन प्रकार की हो सकती हैं:

(1) **अंशों द्वारा सीमित कम्पनियां (Companies Limited by Shares)**—अंशों द्वारा सीमित कम्पनियां वे कम्पनियां हैं जिनकी पूंजी अंशों में विभाजित होती है और प्रत्येक अंशधारी का दायित्व उसके द्वारा क्रय किए गए अंशों की रकम तक सीमित होता है।

(2) **गारण्टी द्वारा सीमित कम्पनियां (Companies Limited by Guarantee)**—ये वे कम्पनियां है जिनके प्रत्येक सदस्य का दायित्व उनके द्वारा दी गई गारण्टी तक सीमित होता है और जिसे अंशधारी कम्पनी की समाप्ति पर देना स्वीकार करते हैं। इस सम्बन्ध में यह बात उल्लेखनीय है कि ऐसी कम्पनियां लाभ कमाने के उद्देश्य से नहीं बनाई जाती। व्यापार चैम्बर, धर्मार्थ एवं दान संस्था, क्लब समाज–संघ आदि इसके अच्छे उदाहरण हैं।

(3) **असीमित कम्पनियां (Unlimited Companies)**—ये वे कम्पनियां होती हैं जिनके सदस्यों का दायित्व एकल व्यापारी और साझेदारों की भांति असीमित होता है। असीमित दायित्व से हमारा आशय यह है कि कम्पनी यदि समापन के समय अपने ऋणों को चुकाने में समर्थ नहीं है तो सदस्यों की व्यक्तिगत सम्पत्ति भी इसके लिए प्रयोग में लाई जा सकती है। वर्तमान समय में ऐसी बहुत कम कम्पनियां पाई जाती हैं।

(ग) सदस्यों के संख्या के आधार पर कम्पनियों के प्रकार

(Kinds of Companies on the basis of Number of Members)

सदस्यों की संख्या के आधार पर कम्पनियां दो प्रकार की हो सकती हैं:

(1) **निजी कम्पनी (Private Company)**—निजी कम्पनी ऐसी कम्पनी होती है जो अपने अन्तर्नियमों के अनुसार अंशों के हस्तान्तरण पर प्रतिबन्ध लगाती है तथा जिसके की संख्या (कर्मचारियों को छोड़कर) 50 से अधिक नहीं हो सकती और वह सर्वसाधारण को अंश या ऋणपत्र खरीदने के लिए आमन्त्रित नहीं कर सकती।

(2) **सार्वजनिक कम्पनी (Public Company)**—कम्पनी अधिनियम में सार्वजनिक कम्पनी की कोई परिभाषा नहीं दी गई है, केवल इतना संकेत है कि जो कम्पनी कम्पनी नहीं है, वह सार्वजनिक कम्पनी है। अतः सार्वजनिक कम्पनी की सदस्य संख्या उसकी पूंजी के अनुसार अधिकतम हो सकती है अंशों के हस्तांतरण एवं विक्रय पर किसी प्रकार की रोकथाम नहीं होती और जनता को कम्पनी के अंश क्रय करने के लिए निमन्त्रित किया जा सकता है।

(घ) स्वामित्व के आधार पर कम्पनियों के प्रकार

(Kinds of Companies on the basis of Ownership)

स्वामित्व के आधार पर कम्पनियों के निम्नलिखित दो प्रकार हो सकते हैं:

(1) **सरकारी कम्पनी (Government Company)**—सरकार कम्पनियों से हमारा तात्पर्य उन कम्पनियों से है जिनकी प्रदत्त अंश पूंजी का कम से कम 51 प्रतिशत भाग केन्द्रीय सरकार या किसी एक अथवा अधिक राज्य सरकारों या आंशिक रूप से केन्द्रीय सरकार एवं आंशिक रूप से एक या अधिक राज्य सरकारों के पास हो। इसके अन्तर्गत उन कम्पनियों को भी सम्मिलित किया जाता है जो सरकारी कम्पनी की सहायक कम्पनी होती है।

(2) **सूत्रधारी एवं सहायक कम्पनियां (Holding and Subsidiary Companies)**—जब एक कम्पनी का किसी अन्य कम्पनी के प्रबन्ध पर नियन्त्रण होता है तब नियन्त्रण करने वाली कम्पनी को नियन्त्रक अर्थात् सूत्रधारी कम्पनी कहते हैं और नियन्त्रित कम्पनी को 'सहायक कम्पनी' कहते हैं।

कम्पनी का निर्माण
(Formation of a Company)

कम्पनी कानून की सष्टि है इसके निर्माण के लिए अनेक वैधानिक औपचारिकताओं को पूरा करना पड़ता है तथा निर्माण सम्बन्धी अनेक कार्य करने होते हैं। वे व्यक्ति जो कम्पनी के निर्माण का संकल्प और उसे कार्यरूप में परिणित करते हैं, प्रवर्तक (Promotors) कहलाते हैं। कम्पनी के निर्माण के लिए प्रवत्तकों को निम्नलिखित कार्य करने पड़ते हैं।

(क) **प्रारम्भिक कार्य (Preliminary Steps)**—प्रारम्भिक कार्यों के अन्तर्गत कम्पनी के प्रवर्त्तकों को निम्नलिखित कार्य करने पड़ते हैं।

(1) **आवश्यक प्रलेखों को तैयार करवाना (To get prepared necessary documents)**—सर्वप्रथम प्रवर्तकों को कम्पनी स्थापित करने के लिए सीमानियम (Memorandum of Association) एवं अन्तर्नियम (Articles of Association) तैयार करने पड़ते हैं, क्योंकि इनके प्रस्तुत किए बिना कम्पनी का समामेलन नहीं हो सकता।

(2) **कम्पनी का नाम निश्चित करना (to decide the name of the company)**—प्रवर्तक को तत्पश्चात यह निश्चित करना पड़ता हैं कि कम्पनी किस नाम से प्रारम्भ की जाएगी। कम्पनी का नाम किसी दूसरी विद्यमान कम्पनी से मिलता—जुलता नहीं होना चाहिए।

(3) **पूंजी निर्गमन के लिए केन्द्रीय सरकार से अनुमति लेना (To get sanction from Central Government)**—यदि कोई कम्पनी 25 लाख रुपये तक के अंश निर्गमित करती हो तो उसे केन्द्रीय सरकार की अनुमति नहीं लेनी पड़ती परन्तु यदि कोई कम्पनी इस राशि से अधिक के अंश निर्गमित करने की इच्छुक है तो उस कम्पनी को पूंजी निर्गमन अधिनियम, 1947 (Capital Issue Control Act, 1947) के अन्तर्गत इसकी स्वीकृति लेनी पड़ती है। 25 लाख से अधिक पूंजी निर्गमित करने के लिए पूंजी निर्गमन नियन्त्रक (Controller of Capital Issues) के नाम आवेदन—पत्र भेजना पड़ता है। परन्तु इस सम्बन्ध में जून 1992 के पश्चात् से प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ऑफ इण्डिया के निर्देशक सिद्धान्तों का पालन करना आवश्यक है।

(4) **औद्योगिक लाइसेंस प्राप्त करना (To obtain Industrial Licence)**—यदि कम्पनी किसी ऐसे उद्योग के लिए स्थापित की जा रही है जिसके लिए उद्योग (विकास एवं नियमन) अधिनियम, 1951 के अन्तर्गत लाइसेंस लेना अनिवार्य है तो उसके लिए लाइसेंस प्राप्ति की व्यवस्था करनी पड़ती है।

(ख) पंजीयक या रजिस्ट्रार के कार्यालय में आवश्यक प्रलेख भेजना
(To send necessary documents in the office of Registrar)

प्रारम्भिक कार्यों को पूरा करने के पश्चात् उससे राज्य के रजिस्ट्रार के कार्यालय में निम्नलिखित प्रलेख भेजने पड़ते हैं।

(1) **कम्पनी का सीमानियम (Memorandum of Association of Company)**—कम्पनी के कार्यक्षेत्र एवं अधिकारों की सीमा, उद्देश्य, पूंजी आदि की पूर्ण व्याख्या इस प्रलेख में होती है। एक सार्वजनिक कम्पनी के सीमानियम पर कम से कम सात (निजी कम्पनी की दशा में दो) व्यक्ति के हस्ताक्षर होने आवश्यक है।

(2) **कम्पनी का अन्तर्नियम (Articles of Association of Company)**—इस प्रलेख में सीमानियम में वर्णित उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए एवं कम्पनी के कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए नियमों तथा उपनियमों का पूर्ण उल्लेख होता है। यदि किसी सार्वजनिक कम्पनी का समामेलन बिना अन्तर्नियमों के किया जाता है तो कम्पनी अधिनियम को प्रथम अनुसूची की सारणी 'ए' (Table 'A') के सभी नियम ही उस कम्पनी के अन्तर्नियम होंगे।

(3) **संचालकों की सूची (List of Directors)**—जिन व्यक्तियों ने कम्पनी का संचालक बनना स्वीकार किया है उनके नाम, पते, व्यवसाय, आयु एवं राष्ट्रीयता आदि की एक सूची रजिस्ट्रार के कार्यालय में भेजनी पड़ती है।

(4) **संचालकों की लिखित सहमति (Written Consent of Directors)**—जिन व्यक्तियों ने संचालक बनना स्वीकार किया है उनकी लिखित स्वीकृति रजिस्ट्रार के कार्यालय में भेजना आवश्यक है। साथ ही साथ स्वीकृति—पत्र पर उनके हस्ताक्षर भी होने चाहिए।

(5) **संचालकों द्वारा योग्यता अंश क्रय करने का लिखित वचन (Understanding in Writing by Directors to take qualification shares)**—इस आशय का एक प्रसंविदा कि जिन व्यक्तियों के नाम संचालकों की सूची में दिए गए हैं।

वे संचालक बनने के लिए तैयार हैं और उनके योग्यता अंश कितने होंगे और न्यूतनम योग्यता अंश (Minimum Qualification Shares) उन्होंने खरीद लिए हैं।

(6) **कम्पनी का रजिस्टर्ड कार्यालय (Registered office of the Company)**—कम्पनी का रजिस्टर्ड कार्यालय किस राज्य में स्थित होगा इस बात की सूचना रजिस्ट्रार महोदय के कार्योलय में भेजना आवश्यक है।

(7) **वैधानिक घोषणा (Statutory Declaration)**—कम्पनी के प्रर्वतक को समामेलन के समामेलन के सम्बन्ध में चार्टर्ड एकाउन्टेंट किसी उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय के वकील या अटार्नी अथवा कम्पनी के किसी उच्च अधिकारी जैसे संचालक, मंत्री अथवा कोषाध्यक्ष आदि द्वारा इस आशय की लिखित घोषणा करवानी पड़ती है कि कम्पनी स्थापना के सम्बन्ध में कम्पनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत वर्णित तथा उसके अधीन बने समामेलन सम्बन्धी समस्त नियमों का पालन किया गया है और तत्सम्बन्धी सभी आवश्यक कार्यवाहियां पूरी कर दी गई हैं।

(8) **निर्धारित शुल्क जमा कराना (To deposit prescribed fees)**—कम्पनी समामेलन के लिए उपरोक्त सभी प्रलेखों के साथ सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क भी रजिस्ट्रार महोदय के कार्यालय में जमा करना पडता है।

(ग) समामेलन का प्रमाण पत्र

(Certificate of Incorporation)

रजिस्ट्रार के कार्यालयस में जब सब प्रलेख जमा कर दिये जाते हैं एवं रजिस्ट्रेशन का निर्धारित शुल्क भी जमा कर दिया जाता है और यदि रजिस्ट्रार इस बात से सन्तुष्ट हो जाता है कि सभी वैधानिक कार्यवाहियों पूरी कर दी गई है। तो वह अपने कार्यालय को एक प्रमाण—पत्र देने का आदेश देता है। इस प्रमाण—पत्र पर रजिस्ट्रार के हस्ताक्षर और उसके कार्यालय की मोहर लगी होती है। इस बात का प्रतीक है कि सभी वैधानिक कार्यवाहियों पूरी की जा चुकी हैं।

व्यापार प्रारम्भ करना (Commencement of Business)—निजी कम्पनी समामेलन का प्रमाण—पत्र मिलते ही अपना व्यापार प्रारम्भ कर सकती हैं लेकिन सार्वजनिक कम्पनी को व्यापार प्रारम्भ करने के लिए समामेलन के उपरान्त एक और प्रमाण—पत्र प्राप्त करना पड़ता है। जिसे व्यापार करने का प्रमाण—पत्र कहते हैं।

प्रविवरण (Prospectus)—प्रविविरण का आशय ऐसे प्रपत्र से है, जो कि प्रविवरण के रूप में वर्णित या निर्गमित किया गया है तथा इससे ऐसा नोटिस, परिपत्र, विज्ञापन या अन्य प्रपत्र भी सम्मिलित हैं जो एक समामेलित संस्था के अंशों या ऋण—पत्रों के अभिदान अथवा क्रय करने के लिए जनता से प्रस्ताव आमन्त्रित करता है। प्रविवरण की विषय—सामग्री निम्नलिखित हैः

(1) कम्पनी के मुख्य उद्देश्य एवं सीमा—नियम पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्तियों के नाम, पते, विवरण तथा उनके द्वारा प्रार्थित अंशों की संख्या।

(2) अंशों के प्रकार एवं विभिन्न प्रकार के अंशों की संख्या तथा सम्बन्धित अंशधारियों के अधिकार।

(3) शोध्य पूर्वाधिकार अंशों की संख्या तथा विवरण, यदि कोई हो।

(4) संचालकों के योग्यता अंशों की संख्या यदि कोई हो तो तथा उनका पारिश्रमिक।

(5) प्रबन्ध—संचालक अथवा प्रबन्धक तथा संचालकों के नाम, पते, व्यवसाय एवं विवरण और इनक साथ किए गए अनुबंधों का उल्लेख।

(6) न्यूनतम अभिदान की राशि।

(7) अभिदान सूची खुलने तथा बन्द होने की तिथि।

(8) आवेदन एवं आबंटन पर दी जाने वाली रकम।

(9) उन अनुबन्धों का संदर्भ जिनके द्वारा किसी व्यक्ति को कम्पनी के कुछ अंशों या ऋण—पत्रों के अभिदान के लिए विशेषाधिकार दिया गया है।

(10) ऐसे अंशों या ऋण—पत्रों का विवरण जो गत दो वर्षों में नकद के अतिरिक्त किसी अन्य प्रतिफल के लिए निर्गमित किए गये हैं।

(11) गत दो वर्षों में निर्गमित किये गए अंशों पर प्राप्त प्रीमियम की राशि।

(12) यदि निर्गमित अंशों का ऋण–पत्रों का अभिगोपन कराया गया है तो अभिगोपकों के नाम, उन्हें दिया जाने वाला कमीशन तथा संचालकों की इस विषय में सहमति कि अभिगोपक अपने दायित्वों को पूरा करने में सक्षम है।

(13) क्रय की गई सम्पत्ति का विवरण तथा विक्रेताओं के नाम, पते व विवरण तथा उन्हें अंशों, ऋण–पत्रों या नकद प्रतिफल के रूप में दी जानी वाली रकम।

(14) गत दो वर्षों में अंशो के अभिदान के लिए दिया गया कमीशन।

(15) प्रारम्भिक व्ययों की अनुमानित रकम तथा उन व्यक्तियों के नाम और पते जिन्होंने इन व्ययों का भुगतान किया है।

(16) गत दो वर्षों में किसी प्रवर्तक या अधिकारी को दिया गया लाभ तथा इसके लिए प्राप्त प्रतिफल।

(17) प्रबन्ध–संचालक या प्रबन्धक की नियुक्ति एवं पारिश्रमिक के सम्बन्ध में किये गये अनुबन्धों की तिथियां, इनके पक्षकार एवं स्वभाव।

(18) गत दो वर्षों में कम्पनी द्वारा किये गये महत्त्वपूर्ण अनुबन्धों का विवरण।

(19) कम्पनी के लेखा–परीक्षक (यदि कोई हो) के नाम व पते।

(20) कम्पनी के प्र्वर्तन में या गत दो वर्षों में कम्पनी के लिये क्रय की गई सम्पत्ति में प्रत्येक संचालक या प्रवर्तक के हित का पूर्ण विवरण।

(21) कम्पनी के अन्तर्नियमों द्वारा सदस्यों के अधिकारों पर लगाये गये प्रतिबन्ध।

(22) वह अवधि जब से कम्पनी व्यवसाय में कार्यरत है।

(23) यदि कम्पनी किसी ऐसे व्यवसाय का क्रय करना चाहती है जो कि तीन वर्ष से कम अवधि के लिए किया गया है तो उस व्यवसाय को किये जाने की अवधि का उल्लेख।

(24) यदि कम्पनी या उसकी किसी सहायक कम्पनी का लाभों या कोषों का पूंजीकरण किया गया है तो इस प्रकार के पूंजीकरण का वितरण।

(25) गत दो वर्षों में कम्पनी या उसकी सहायक कम्पनी की सम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन से उत्पन्न आधिक्य का विवरण एवं इसके प्रयोग की विधि।

(26) एक निश्चित समय एवं स्थान जहां पर कम्पनी के लाभ–हानि खातों एवं स्थिति विवरण का निरीक्षण किया जा सकता है।

वैधानिक बहियां एवं रजिस्टर
(Statutory Books and Registers)

प्रत्येक कम्पनी का यह वैधानिक दायित्व है कि यह अपने कार्यालय में निम्नलिखित बहियां और रजिस्टर रखेः

(1) कम्पनी द्वारा किए गए विनियोग का रजिस्टर जो उसके नाम में न हो, (2) प्रभार–रजिस्टर, (3) सदस्यों का रजिस्टर, (4) ऋणपत्रधारियों का रजिस्टर, (5) मिनट बुक, (6) अनुबन्धों का रजिस्टर, (7) संचालकों का रजिस्टर, (8) संचालकों की अंशधारिता का रजिस्टर, (9) एक ही प्रबन्ध के अधीन कम्पनियों को दिए गए ऋणों का रजिस्टर, (10) अन्य कम्पनियों के अंशों एवं ऋणपत्रों में कम्पनी द्वारा किए गए विनियोग का रजिस्टर।

लेखा बहियां

(Books of Accounts)

प्रत्येक कम्पनी को निम्नलिखित के सम्बन्ध में आवश्यक लेखा बहियां रखनी चाहिए;

(1) कम्पनी द्वारा प्राप्त की गई और व्यय की गई समस्त धनराशियों तथा प्राप्ति एवं व्यय से सम्बन्धित सभी मामले,

(2) कम्पनी द्वारा वस्तुओं का किया गया कुल क्रय एवं विक्रय,

(3) कम्पनी की समस्त सम्पत्तियों एवं दायित्वों का विवरण रखने के लिए।

अंश–अर्थ एवं प्रकार

(Share—Meaning and Kinds)

'अंश' वह इकाई है जिसमें कम्पनी की कुल पूंजी को विभाजित किया जाता है। उदाहरणार्थ–यदि किसी कम्पनी की पूंजी एक लाख रुपये है जो सौ रुपये की निश्चित राशि की दस हजार इकाइयों में विभाजित है तो सौ रुपये की प्रत्येक इकाई को कम्पनी का अंश कहा जाएगा। अंशों के इन धारकों को अंशधारी या कम्पनी का सदस्य कहा जाता है। एक कम्पनी निम्नलिखित दो प्रकार के अंश निर्गमित कर सकती है।

(1) **पूर्वाधिकार अंश (Preference Shares)**–पूर्वाधिकार अंशों से तात्पर्य उन अंशों से है, जो निश्चित दर से लाभांश प्राप्त करने तथा कम्पनी के समापन की दशा में पूंजी प्राप्त के लिए समानाधिकार अंशों की तुलना में पूर्वाधिकार प्रदान करते हैं। पूर्वाधिकार अंश एक निश्चित दर से लाभांश प्राप्त करते हैं। पूर्वाधिकार अंश निम्नलिखित प्रकार के हो सकते हैं।

(i) **संचयी पूर्वाधिकार अंश (Cumulative Preference Shares)**–संचयी पूर्वाधिकार अंश वे होते हैं, जिन पर किसी वर्ष लाभांश प्राप्त न होने की दशा में, वह पहले वर्षों के लाभांशों के साथ संचित होता रहता है। जब तक कम्पनी द्वारा संचयी पूर्वाधिकार अंशों पर गत तथा चालू वर्ष का लाभांश नहीं दे दिया जाता, वह अन्य किसी प्रकार के अंशों पर लाभांश नहीं दे सकती।

(ii) **असंचयी पूर्वाधिकार अंश (Non-Cumulative Preference Shares)**–ये वे अंश है जिन पर कम्पनी उसी दशा में लाभांश देगी जबकि उसके द्वारा पर्याप्त लाभ अर्जित किया गया हो। यदि किसी वर्ष लाभांश देने में कम्पनी समर्थ नहीं है तो ये अंशधारी अगले वर्ष के लाभों में से पिछले वर्षों की लाभांश की मांग नहीं कर सकते।

(iii) **भागग्राही पूर्वाधिकार अंश (Participating Preference Shares)**–ये वे अंश है जिन्हें निश्चित दर से लाभांश प्राप्त करने के बाद कम्पनी के अतिरिक्त लाभों में भाग लेने का अधिकार है।

(iv) **गारण्टीयुक्त पूर्वाधिकार अंश (Guaranteed Preference Shares)**–ये वे पूर्वाधिकार अंश हैं, जिन पर लाभांश के भुगतान के सम्बन्ध में, किसी अन्य कम्पनी द्वारा गारण्टी दे दी गई है।

(v) **शोध्य पूर्वाधिकार अंश (Redeemable Preference Shares)**–ये वे पूर्वाधिकार अंश हैं, जिनका कम्पनी के जीवन काल में कुछ शर्तों पर भुगतान अर्थात् शोधन किया जा सकता है।

(2) **इंक्विटी या सामान्य अंश (Equity of Ordinary Shares)**–इस प्रकार के अंशों पर लाभांश का भुगतान पूर्वाधिकार अंशों पर निश्चित दर से लाभांश चुकाने के पश्चात् किया जाता है तथा कम्पनी के समापन के समय पूर्वाधिकार अंशधारियों की पूंजी लौटाने के बाद ही ये पूंजी पाने के अधिकारी होते हैं। कम्पनी में लाभ न होने पर या अपर्याप्त लाभ की दशा में इस प्रकार के अंशों पर लाभांश का भुगतान नहीं किया जाता है। यदि कम्पनी में अधिक लाभ होता है तो इन अंशों पर भी अधिक लाभांश मिलता है और यदि लाभ कम होता है तो इन्हें भी कम लाभांश मिलता है। अर्थात् कम्पनी और सामान्य अंशधारियों का भाग्य साथ–साथ चलता है।

अंश पूंजी
(Share Capital)

अर्थ (Meaning)–एक कम्पनी की पूंजी अनेक छोटे–छोटे भागों या अंशों में विभाजित होती है इसलिए कम्पनी की पूंजी को अंश पूंजी (Share Capital) कहा जाता है।

अंश पूंजी के रूप
(Forms of Share Capital)

एक कम्पनी की पूंजी का विभाजन निम्नलिखित रूपों के किया जा सकता है–

(1) अधिकृत पूंजी या अंकित पूंजी (Authorised Capital or Nominal Capital)—ऐसी पूंजी का वर्णन कम्पनी के पार्षद् सीमा नियम में होता है। यह पूंजी की वह अधिकतम राशि है जिसको एकत्रित करने के लिए कम्पनी अधिकृत होती है। इसको पंजीकृत पूंजी (Registred Capital) अथवा अंकित पूंजी (Nominal Capital) भी कहते हैं। कम्पनी अपने जीवन काल में कभी भी इस राशि से ज्यादा के अंश निर्गमित नहीं कर सकती।

(2) निर्गमित पूंजी (Issued Capital)—निर्गमित पूंजी कम्पनी की अधिकृत पूंजी का वह भाग है जो जनता को जारी किया जाता है। इसमें पार्षद् सीमा नियम के अभिदाताओं (Subscribes) द्वारा किए गए अंशों को भी शामिल किया जाता है। अधिकृत पूंजी का जो भाग जारी नहीं किया जाता वह अनिर्गमित पूंजी (Unissued Capital) कहलाता है।

(3) प्राथित पूंजी (Subscribed Capital)—निर्गमित पूंजी का वह भाग जिसके लिए कम्पनी को जनता से प्रार्थना–पत्र (Applications) प्राप्त हों, प्रार्थित पूंजी कहलाता हैं इसमें बोनस अंश व रोकड़ के अलावा अन्य किसी प्रतिफल के बदले में दिये गये अंश सम्मिलित किये जाते हैं।

(4) याचित पूंजी या मांगी गई पूंजी (Called-up Capital)—अधिकार कम्पनियां समस्त प्रार्थित पूंजी की राशि एक साथ न मांग कर किस्तों में मांगती हैं जैसे कुछ भाग आवेदन पर, कुछ आबंटन पर तथा शेष भाग याचनाओं में माँगा जाता है। अतः प्राथित पूंजी का जो भाग कम्पनी द्वारा मांग लिया गया है वह याचित पूंजी या माँगी गई पूँजी (Called-up Capital) कहलाती है। यदि समस्त प्रार्थित पूँजी माँग ली जाए तो प्रार्थित और याचित पूँजी में कोई अन्तर नहीं रहता। अंशधारियों द्वारा जो माँगी गई राशि नहीं चुकाई जाती उसे बकाया माँग राशि (Calls-in-arrears) कहते हैं। प्रार्थित पूँजी का जो भाग माँगा नहीं गया उसे अयाचित पूँजी (Uncalled Capital) कहते हैं।

(5) प्रदत्त या चुकता पूँजी (Paid-up Capital)—याचित पूंजी का वह भाग जो जनता द्वारा कम्पनी को दे दिया जाता है चुकता पूंजी (Paid-up Capital) कहलाता है। दूसरे शब्दों में माँगी गई राशि (Called-up Capital) में से बकाया माँग राशि (Calls-in arrears) घटाने के बाद चुकता पूँजी (Paid-un Capital) प्राप्त होती है।

(6) संचित या आरक्षित पूंजी (Reserve Capital)—कम्पनी को यह अधिकार है कि वह एक विशेष प्रस्ताव पास करके यह निर्णय कर सकती है कि कम्पनी की प्रार्थित पूँजी (Subscribed Capital) का वह भाग जो अभी तक माँगा नहीं गया है। वह केवल कम्पनी के समापन की दशा में ही माँगा जाएगा। अंश पूँजी के ऐसे भाग को संचित पूँजी या आरक्षित पूँजी कहते हैं। यह पूँजी कम्पनी के समापन की दशा में कम्पनी के ऋणदाताओं सुरक्षा प्रदान करती है।

कम्पनी की पूँजी के वर्गीकरण निम्न उदाहरण से समझ सकते हैं।

उदाहरण—एक कम्पनी की अधिकृत पूँजी 10,00,000 रुपये है जो दस–दस रुपये के 1,00,000 अंशों में विभाजित है। कम्पनी ने 60,000 अंश जारी किए जिसका भुगतान निम्न प्रकार से होना है—आवेदन पर 2 रुपये आबंटन पर 3 रुपये, प्रथम याचना पर 2.50 रुपये व अन्तिम याचना पर 2.50 रुपये।

50,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। आबंटन पर रोहित के 1,000 अंशों के 3,000 रुपये के अतिरिक्त बाकी सारी राशि प्राप्त हो गई। कम्पनी ने याचनाओं की राशि नहीं मांगी है।

BALANCE SHEET OF A COMPANY

as on...........

Liabilities	Amount Rs.	Assets	Amount Rs.
Share Capital		Cash at Bank	2,47,000
Authorised Capital :			
1,00,000 Shares of Rs. 10 each	10,00,000		

Issued Capital :				
60,000 Shares of Rs. 10 each		6,00,000		
Subscribed Capital :				
50,000 Shares of Rs. 10 each		5,00,000		
Called-up Capital :				
50,000 Shares of Rs. 10 each				
Rs. 5 per Shares called-up		2,50,000		
Paid-up Capital :				
50,000 Shares of Rs. 10 each				
Rs. 5 per Share called-up	2,50,000			
Less Calls-in Arears				
(1,000 × Rs. 3)	3,000	2,47,000		
		2,47,000		2,47,000

अंशों का निर्गमन
(Issue of Shares)

अंशों के निर्गमन की शर्तें
(Terms of Issue of Shares)

यद्यपि इस बात का उल्लेख कर दिया गया है कि कम्पनी अंशों की किन शर्तों पर निर्गमित करेगी तथापि एक कम्पनी अपने अंशों को निम्नलिखित शर्तों पर निर्गमित कर सकती है।

1. **मूल्य की शर्तो पर (On the terms of Price)**—कम्पनी मूल की शर्तो के अनुसार अपने अंशों को अंकित मूल्य पर (At par), अधिमूल्य पर (At Premium) और अंकित मूल्य से कम मूल्य पर अर्थात् छूट पर (At discount) निर्गमित कर सकती है। उदाहरणार्थ एक कम्पनी अपने 100 रु. के अंकित मूल्य वाले अंश को 100 रु. में पर अंश निर्गमित करना कहेंगे और यदि 100 रु. का अंश 105 में निर्गमित किया जाता है तो इसे अधिमूल्य पर अंशों का निर्गमन कहेंगे और यदि 100 रु. का अंश 90 रुपये में निर्गमित किया जाता है तो इसे छूट पर अंश निर्गमित करना कहेंगे।

2. **भुगतान की शर्तो पर (On the Terms of Payment)**—भुगतान की शर्तों के अनुसार अंशों का पूर्ण मूल्य एक साथ भी मांगा जा सकता है और धीरे–धीरे अनेक किस्तों में भी मांगा जा सकता है। जब भुगतान अनेक किस्तों में मांगा जाता है तब—(i) कुछ रकम प्रार्थना–पत्र (Application) के साथ प्राप्त होती है इस रकम को प्रार्थना–पत्र की रकम (Application Money) कहते हैं, (ii) कुछ रकम अंशों के आबंटन (Allotment) पर प्राप्त होती है जिसे आबंटन की रकम (Application Money) कहते हैं (iii) कुछ रकम प्रथम मांग (First Call) के साथ प्राप्त होती है इसे प्रथम मांग की रकम रकम (First Call Money) कहते हैं, (iv) कुछ रकम द्वितीय मांग (Second Call) के साथ प्राप्त होती है इसे द्वितीय मांग (Second Call Money) कहते हैं और शेष रकम अन्तिम मांग के साथ प्राप्त होती है इसे अन्तिम मांग की रकम (Final Call Money) कहते हैं।

कम्पनी अपने अंशों को निम्नलिखित दो प्रकार से निर्गमित कर सकती है:

(1) नकद के बदले (For Cash);

(2) नकद के अतिरिक्त अन्य प्रतिफल के बदले (For Consideration other then cash)

जब नकद के बदले अंशों का निर्गमन किया जाता है, तब कम्पनी द्वारा निम्नलिखित कार्यवाही की जाती है:

अंशों के लिए प्रार्थना-पत्र आना (Receipt of Application for Shares)—सार्वजनिक कम्पनी अपनी पूंजी एकत्रित करने के लिए जनता में प्रविवरण (Prospectus) निर्गमित करती है। प्रविवरण में कम्पनी के अनुसूचित बैंक के नाम का भी उल्लेख कर दिया जाता है। अंश क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति अंश के अंकित मूल्य की कम से कम 5% राशि प्रार्थना पत्र सहित कम्पनी के बैंक में भेज देते हैं। प्रार्थना पत्र आने की अन्तिम तिथि के बाद बैंक एक सूची (Statement) बनाकर कम्पनी के कार्यालय में भेज देता है। कम्पनी के कार्यालय में सभी प्रार्थना–पत्र आ जाने पर उन पर क्रम संख्या (Serial No.) लिख दिया जाता है और उनका पूर्ण लेखा ''प्रार्थना पत्र प्राप्त एवं आबंटन बही (Share Application and Allotment Book) में किया जाता है।''

अंशों का आबंटन (Allotment of Shares) न्यूनतम राशि से अधिक रकम के प्रार्थना–पत्र आने पर अंशों का आबंटन किया जाता है। अतः प्रविवरण निर्गमित करने के 120 दिन के अन्दर अंशों का आबंटन कर दिया जाता है। प्रार्थना–पत्र अंश खरीदने के केवल प्रस्ताव मात्र होते हैं उन्हें आबंटन द्वारा प्रसंविदे का रूप प्रदान किया जाता है। इस बात का कम्पनी को पूर्ण अधिकार होता है कि वह जिस व्यक्ति को जितने अंश देना चाहे उस व्यक्ति को उतने अंश दे और जिस व्यक्ति को अंश न देना चाहे उसे अंश न दे। जिन प्रार्थियों को अंश दिए जाते हैं उन्हें आबंटन पत्र (Letter of Allotment) भेज दिया जाता है जिन प्रार्थियों को अंश नहीं दिये जाते उन्हें खेद पत्र (Letter of Regret) भेज दिया जाता है। अंशों का आबंटन होने से पूर्व प्रार्थी को अपना धन वापस लेने का अधिकार है। जिन व्यक्तियों का अंश दिये जाते उन्हें प्रार्थना–पत्र (Share Certificates) भेज दिया जाता है। इस प्रमाण–पत्र में अंशों की संख्या, रकम तथा आवश्यक विवरण लिखा रहता है। कम्पनी के कर्मचारी अंशधारियों से प्राप्त रकम का लेखा समयानुसार 'प्रार्थना–पत्र एवं आबंटन बही' (Application and Allotment Book) में करते हैं जिनका नमूना सामने दिया गया है।

अंशों पर मांगें (Calls on Shares) जब अंशों का आबंटन कर दिया जाता है तो शेष रकम की मांग समय–समय पर आवश्यकतानुसार की जाती है। प्रायः शेष रकम प्रथम मांग (First Call) द्वितीय मांग (Second Call) और अन्तिम मांग (Final Call) के रूप में की जाती है। विभिन्न मांगों का पूर्ण लेखा मांग बही (Calls Book) में किया जाता है जिसका नमूना सामने दिया गया है। याचना की राशि मांगने के लिए समस्त अंशधारियों को पत्र भेजे जाते हैं। याचना की राशि मांगने के लिए समस्त अंशधारियों को पत्र भेजे जाते हैं। कम्पनी द्वारा सूचना भेजने पर ही अंशधारी याचना राशि का भुगतान करने के लिए जिम्मेदार होता है। याचना के सम्बन्ध में निम्न नियमों का पालन होना चाहिए।

(1) याचना राशि चुकाने के लिए अंशधारी को कम से कम 14 दिन का नोटिस दिया जाना चाहिए।

(2) दो याचनाओं के मध्य कम से कम एक माह का अन्तर होना चाहिए।

(3) कोई भी याचना अंशों के अंकित मूल्य के 25% से अधिक राशि की नहीं होनी चाहिए।

(4) प्रत्येक याचना पत्र (Call Notice) में भुगतान की अन्तिम तिथि, राशि, भुगतान प्राप्त करने के लिए अधिकृत बैकों व उनकी ब्रांचों के नाम, अंशधारी का नाम व पता स्पष्ट रूप से वर्णित होना चाहिए।

Application No.	
Date of Application	
Name of Applicant	
Address	
Occupation	
Number of Shares Applied for	
Amount paid on Application	
C.B. Folio	
Distinctive No.	
Distinctive No. — From	
Distinctive No. — To	
Allotment Letter No.	
Amount due on Allotment	
Date of Receipt of cash	
Allotment Money	
C.B. Folio	
C.B. Folio — Amount of Cash returned	
C.B. Folio — Member's Register Folio	
Amount of Cash returned	
C.B. Folio	
Member's Register Folio	
Share Certificate No.	
Remarks	

Share Call Book

Serial No.	
Name of Shareholder	
Member's Register Folio	
No. of Shares held	
Amount due	
Date of receipt	
Amount receipt	
C.B. Folio	
Calls paid in Advance — Amount	
Calls paid in Advance — Date of Receipt	
Calls paid in Advance — C.B. Folio	
Calls paid in Advance — Date of adjustment	
Calls paid in Advance — Remarks	

अंशों के निर्गमन पर लेखांकन लेखे
(Accounting Entries for Issue of Shares)

1. प्रार्थना राशि आने पर–

Bank Account Dr.

To Share Application Account

(Being the share application money received on ... shares @ Rs. .... per share)

भारतीय कम्पनी अधिनियम के अनुसार प्रार्थना–पत्रों के साथ प्राप्त रकम व्यापार प्रारम्भ करने का प्रमाण–पत्र प्राप्त करने तक कम्पनी की नहीं होती, अतः कम्पनी उस धन को अपने पास नहीं रख सकती। प्रार्थना–पत्रों के साथ प्राप्त रकम को किसी अनुसूचित बैंक (Scheduled Bank) में रखना अनिवार्य है। अतः प्रार्थी इसे अनुसूचित बैंक में जमा करा देते हैं और प्रार्थना पत्र कम्पनी के कार्यालय में भेज देते हैं।

2. प्रार्थना-पत्रों पर प्राप्त रकम कम्पनी की अंश पूंजी (Share Capital) का एक भाग है अतः इस रकम को अंश पूंजी खाते (Share Capital Account) में स्थानान्तरित (Transfer) कर दिया जाता है। इसके लिए निम्नलिखित लेखा किया जाता है:

Share Application Account Dr.

To Share Capital Account

(Being the share application money transferred to Share Capital Account)

3. जिन व्यक्तियों को अंश नहीं दिए जाते उनका धन वापस करने का लेखाः

Share Application Account Dr.

To Bank Account

(Being the share application money returned of un-alloted shares)

4. अंशों के आबंटन का लेखा–कम्पनी के संचालक जिन व्यक्तियों को अंश देना चाहते हैं उन व्यक्तियों के नाम एक प्रस्ताव पास कर अंशों का आबंटन कर देते हैं और कम्पनी द्वारा निम्नलिखित लेखा किया जाता है:

Share Allotment Account Dr.

To Share Capital Account

(Being the share application money due on ..... shares @ Rs. .... per share as per the Resolution dated.......)

5. यदि किसी व्यक्ति को आंशिक आबंटन किया जाता है तो प्रार्थना–पत्र के साथ अधिक प्राप्त रकम को आगामी मांगों में निम्नलिखित लेखे द्वारा समायोजित कर दिया जाता है:

Share Application Account Dr.

To Share Allotment Amount

To Share 1st Call Account

(Being the excess money transferred to Share allotment & first call Account)

6. आबंटन की रकम प्राप्त करने का लेखाः

Bank Account Dr.

To Share Allotment Amount

(Being the allotment money received on .... shares @ Rs. .... per share)

7. प्रथम मांग (1st call) की रकम देय (due) होने का लेखाः

Share First Call Account Dr.

To Share Capital Account

(Being the share first call money due on ...... shares @ Rs. .... per share as per the Resolution dated.......)

कम्पनी के संचालकों की बैठक में इस आशय का एक प्रस्ताव पारित किया जाता है कि प्रथम मांग (1st Call) की रकम अंशधारियों से मंगवाई जाए। तब प्रथम मांग की रकम देय हो जाती है और अंशधारियों को इस बात की सूचना दे दी जाती है कि प्रथम मांग का रुपया निर्धारित समय के अन्दर जमा कराना है।

8. प्रथम मांग (1st call) की रकम आने पर लेखाः

Bank Account Dr.

To Share First Call Account

(Being the share first call money received on ...... shares @ Rs. ...... per share)

Note : Similar entires (7 & 8) will be passed for second call, third and final call, if any.

प्रार्थना एवं आबंटन खाता (Application and Allotment Account) कुछ लेखाकार आवेदन (Application) तथा आबंटन (Allotment) हेतु पथक–पथक खाते खोलने के स्थान पर एक ही खाता "Applications and Allotment Account" खोलते हैं ऐसी स्थिति में, अंशतः आबंटन वाले आवेदनों पर (partially accepted application) अतिरिक्त आवेदन राशि को आबंटन की ओर हस्तान्तरित करने के लिए कोई लेखा बनाने की कोई आवश्यकता नहीं होगी। यदि वह विधि अपनाई जाती है तो निम्न लेखे बनाये जायेंगेः

1. Bank Account Dr.

To Share Application and Allotment Account

(Being the share application money received on ...... shares @ Rs. ...... per share)

---

2. Share Application and Allotment Account Dr.

To Share Capital Account

To Bank Account

(Being the share allotment and application money due on ...... shares @ ...... each and the excess money returned back)

---

3. Bank Account Dr.

To Share Application and Allotment Account

(Being allotment money recieved on ...... shares @ ....)

शेष लेखे इसी प्रकार बनायें जायेंगे जिस प्रकार पीछे बताये गए हैं।

Illustration 2.

Anupam Electric Co. Ltd. issues 15,000 shares of the value of Rs. 10 each payale Rs. 3 on application, Rs. 3, on allotment Rs. 2 on first call and Rs. 2 on second and final call. The application received were for 10,000 shares and all these were accepted. All money due were received.

Give the journal entries for the above transactions and show how Share Capital will appear in the Balance Sheet.

Solution:

Anupum Electric Company Ltd.
Journal Entries

		Rs.	Rs.
Bank Account	Dr.	30,000	
To Share Application Account			30,000
(Being share application money received on 10,000 shares @ Rs. 3 per share)			
Share Application Account	Dr.	30,000	
To Share Capital Account			30,000
(Being share application money transferred to Share Capital Account as per the resolution of Board of Directors dated.......)			
Share Allotment Account	Dr.	30,000	
To Share Capital Account			30,000
(Being share allotment money due on 10,000 shares @ Rs. 3 per share as per resolution of the Board of Directors dated.........)			
Bank Account	Dr.	30,000	
To Share Allotment Account			30,000
(Being share allotment money received on 10,000 shares @ Rs. 3 per share)			
Share First Call Account	Dr.	20,000	
To Share Capital Account			20,000
(Being share first call money due on 10,000 shares @ Rs. 2 per share as per the resolution of Board of Directors dataed......)			
Bank Account	Dr.	20,000	
To Share First Call Account			20,000
(Being share first call money received on 10,000 shares @ Rs. 2 per share)			
Share Second and Final Call Account	Dr.	20,000	
To Share Capital Account			20,000
(Being share second call money due on 10,000 shares @ Rs. 2 per share as per the resolution of Board of Directors dated..........)			
Bank Account	Dr.	20,000	
To Share Second and Final Call Account			20,000
(Being share second and final call money recevied on 10,000 shares @ Rs. 2 per share)			

Balance Sheet of Anupam Electric Co. Ltd
As on ....

Capital & Liabilities	Rs.	Property & Assets	Rs.
Share Capital			
Authorised Capital		Cash at Bank	1,00,000
...shares of Rs. 10 each			
Issued Capital			
15,000 shares of Rs. 10 each	1,50,000		
Subscribed & Paid up Capital			
10,000 shares of Rs. 10 each	1,00,000		
	1,00,000		1,00,000

नकद के अतिरिक्त अन्य प्रतिफल में अंशों का निर्गमन

(Issue of Shares for a Consideration other than Cash)

जब कम्पनी किसी व्यक्ति अथवा फर्म से कुछ सम्पत्तियों जैसे भूमि, भवन, मशीन आदि क्रय करती है और उनका भुगतान नकद में न करके अपने अंशों को मूल्य के बदले निर्गमित करके करती है तो इस प्रकार के निर्गमन को नकद के अतिरिक्त किसी अन्य प्रतिफल के बदले अंशों का निर्गमन कहते हैं। इस प्रकार के अंशों के निर्गमन को स्थिति विवरण में भी दिखाया जाता है। इस सम्बन्ध में निम्नलिखित प्रविष्टियां की जाती हैः

(i) Assets Account Dr.
To Vendor
(Being purchase of Assets)

(ii) Vendor Dr.
To Share Capital Account
(Being issue of Shares)

Illustration 3.

Shine Ltd. purchased assets of Rs. 50,000 from Ram & Co. It issued shares of Rs. 10 each fully paid in satisfaction of their claim. Make journal entries to record these transactions.

Solution

JOURNAL ENTRIES

		Rs.	Rs.
Assets Account	Dr.	50,000	
To Ram & company			50,000
(Being assets purchased from them)			
Ram & company	Dr.	50,000	
To Share Capital Account			50,000
(Being issue of 5,000 shares of Rs. 10 each fully paid)			

जब पूर्वाधिकार एवं सामान्य, दोनों अंश निर्गमित किए जाते हैं
(When both Preference and Equity Shares are Issued)

जब एक कम्पनी पूर्वाधिकर एवं सामान्य दोनों प्रकार के अंश निर्गमित करती है तब दो अंश पूंजी खाते पूर्वाधिकार अंश पूंजी खाता एवं सामान्य अंश पूंजी खाता खोले जाते हैं। इसी प्रकार अंश प्रार्थना खाता, अंश आबंटन खाता एवं याचना खाते भी दोनों प्रकार के अंशों के लिए अलग–अलग खोले जाते है। प्रत्येक स्थिति में पूर्वाधिकार (Preference) और सामान्य (Equity) शब्द लिखना आवश्यक है।

Illustration 4.

A Company was floated with an authorised capital consisting of 20,000 9% Preference Shares of Rs. 100 each, payable Rs. 25 per share on application, Rs. 25 per share on allotment and Rs. 50 per share on first and final call; and 3,00,000, Equity Shares of Rs. 10 each, payable Rs. 2.50 per share on application, Rs. 2.50 per share on allotment and Rs. 5 per share on the first and final call. Applications were received for the whole of the Preference and Equity Shares. All the money due on the shares was paid. Make the necessary entries and the Balance Sheet of the Company.

Solution.

JOURNAL ENTRIES

Bank Account	Dr.	5,00,000	
To Preference Share Application Account			5,00,000
(Being Preference Share Application money received on 20,000 shares @ Rs. 25 per share)			
Bank Account	Dr.	7,50,000	
To Equity Share Application Account			7,00,000
(Being Equity Share Application money received on 3,00,000 Share @ Rs. 2.50 per share)			
Preference Share Application Account	Dr.	5,00,000	
To Preference Share Capital Account			5,00,000
(Being Preference Share Application money transferred to Capital Account)			
Equity Share Application Account	Dr.	7,50,000	
To Equity Share Capital Account			7,50,000
(Being Equity Share Application money transferred to Capital Account)			
Preference Share Allotment Account	Dr.	5,00,000	
To Preference Share Capital Account			5,00,000
(Being Preference Share allotment money due on 20,000 shares @ Rs. 25 per share as per the resolution of Board or Directors)			
Equity Share Allotment Account	Dr.	7,50,000	
To Equity Share Capital Account			7,50,000

Particulars		Dr. (Rs.)	Cr. (Rs.)
(Being Equity Share allotment money due on 3,00,000 shares @ Rs. 2.50 per shares as per the resolution of Board of Directors)			
Bank Account	Dr.	5,00,000	
To Preference Share Allotment Account			5,00,000
(Being Preference Share allotment money received on 20,000 share @ Rs. 25 per share)			
Bank Account	Dr.	7,50,000	
To Equity Share Allotment Account			7,50,000
(Being Equity Share allotment money received on 3,00,000 shares @ Rs. 2.50 per share)			
Preference Share 1st & Final Call Account	Dr.	10,00,000	
To Preference Share Capital Account			10,00,000
(Being Preference Share 1st & Final Call money due on 20,000 shares @ Rs. 50 per share)			
Equity Share Ist & Final Call Account	Dr.	15,00,000	
To Equity Share Capital Account			15,00,000
(Being Equity Share 1st & Final Call money due on 3,00 shares @ Rs. 5 per share as per the resolution of Board of Directors)			
Bank Account	Dr.	10,00,000	
To Preference Share 1st & Final Call Account			10,00,000
(Being Preference Share 1st & Final Call money received on 20,000 shares @ Rs. 50 per share)			
Bank Account	Dr.	15,00,000	
To Equity Share 1st & Final Call Account			15,00,000
(Being all the Equity Share 1st & Final Call money received)			

Balance Sheet
As at....................

Liabilities		Rs.	Assets	Rs.
Authorised Capital:	Rs.		Cash at Bank	50,00,000
20,000 9% Preference Shares of Rs. 100 each	20,00,000			
3,00,000 Equity Share of Rs. 10 each	30,00,000	50,00,000		

Issued & Subscribed Capital:				
20,000 9% Preference Shares of Rs. 100 each	20,00,000			
3,00,000 Equity Shares of Rs. 10 each	30,00,000	50,00,000		
Paid up Capital:				
20,000 9% Preference Shares of Rs. 100 each	20,00,000			
3,00,000 Equity Shares of Rs. 10 each	30,00,000	50,00,000		
		50,00,000		50,00,000

एक कम्पनी द्वारा अंशों को निर्गमित करने के अग्र तीन प्रमुख आधार हैं। कम्पनी इनमें से किसी भी एक आधार पर अंशों का निर्गमन कर सकती है।

(1) सममूल्य पर अंशों का निर्गमन (Issue of Shares at Par)

(2) प्रीमियम पर अंशों का निर्गमन (Issue of Shares at Premium)

(3) कटौती या छूट पर अंशों का निर्गमन (Issue of Shares at Discount)

सममूल्य पर अंशों का निर्गमन (Issue of Shares at Par)

यदि अंशों का निर्गमन उनके अंकित मूल्य (Nominal Value or Face Value) पर किया जाता है जोकि प्रत्येक अंश प्रमाण–पत्र पर लिखा रहता है तो इसे सममूल्य पर निर्गमन कहा जाता है। जैसे 10 रुपये वाला अंश 10 रुपये में तथा 100 रुपये वाला अंश 100 रुपये में निर्गमित करना अर्थात् अंकित मूल्य से न तो ज्यादा राशि ली जाए न ही कम।

अंशों का प्रीमियम पर निर्गमन (Issue of Shares at Premium)

यदि कम्पनी अपने अंशों को अंकित मूल्य (Nominal Values or Face Value) से अधिक मूल्य पर निर्गमित करनी है तो अंकित मूल्य से जितनी अधिक होती है वह प्रीमियम कहलाती है। उदाहरण के लिए, यदि एक कम्पनी अपने 100 रुपये वाले अंश 115 रुपये में निर्गमित करती है तो 15 रुपये प्रीमियम कहलाएगा। भारतीय कम्पनी अधिनियम के अनुसार प्रीमियम की कोई अधिकतम सीमा नहीं है। कम्पनी अपने अंशों पर जितना प्रीमियम वसूल सकती है। यह कम्पनी की ख्याति पर निर्भर करता है।

अंश प्रीमियम कम्पनी का सामान्य लाभ नहीं है अतः यह लाभ–हानि खाते में क्रेडिट नहीं किया जाता। यह एक पूंजीगत (Capital) लाभ है इसलिए प्रीमियम की राशि को एक अलग खाते (Share Premium A/c) में क्रेडिट कर दिया जाता है तथा वर्ष के अन्त में शेष (Balance) चिट्ठे के दायित्व पक्ष में संचय एवं आधिक्य (Reserve and Surplus) शीर्षक के अन्तर्गत दिखाया जाता है।

कम्पनी अधिनियम अंश प्रीमियम का उपयोग करके लाभांश बांटने पर प्रतिबन्ध लगाता है। अंश प्रीमियम का उपयोग केवल अधिनियम की धारा 78 में दिये गये उद्देश्यों के लिए ही किया जाता सकता है। निम्न है—

(1) प्रारम्भिक व्ययों को अपलिखित करने के लिए

(2) अंशों और ऋणपत्रों के निर्गमन पर दी गई कटौती (Discount) अथवा कमीशन को अपलिखित करने के लिए।

(3) पूर्वाधिकार अंशधारियों या ऋणपत्र धारियों को शोधन (Repayment) के समय दिये जाने वाले प्रीमियम को अपलिखित करने के लिए।

(4) अंशधारियों को पूर्णादत्त बोनस अंश (Bonus Shares) निर्गमित करने के लिए।

जर्नल प्रविष्टियाँ
(Journal Entries)

प्रायः प्रश्न में दिया जाता है कि प्रीमियम की राशि किस किश्त के साथ देय है जैसे आवेदन पर, आबंटन पर याचना पर इत्यादि।

यदि प्रश्न में इसके बारे में स्पष्ट रूप से कुछ नहीं बताया गया हो तो प्रीमियम का लेखा आबंटन के समय की किया जाता है।

(1) यदि प्रीमियम की राशि आवेदन के साथ ली जाती है—

(a) आवेदन राशि प्राप्त होने पर

Bank A/c Dr.

To Share Application A/c

(Being share application money received on ... shares including premium at Rs.... per share)

(b) आवेदन राशि पूंजी खाते व प्रीमियम खाते में हस्तांतरित करने पर

Share Application A/c Dr.

To Share Capital A/c

To Share Premium A/c

(Being transfer of application money received money to Shares Capital A/c and Share Premium A/c)

(2) यदि प्रीमियम की राशि आबंटन (Allotment) के साथ ली जाती है—

(a) आबंटन राशि (प्रीमियम सहित) देय होने पर

Share Allotment A/c Dr.

To Share Capital A/c

To Share Premium A/c

(Being allotment money including premium due on...........shares)

(b) आबंटन राशि प्राप्त होने पर

Bank A/c Dr.

To Share Allotment A/c

(Being allotment money on............shares received including premium)

नोट—(1) यदि प्रीमियम आवेदन के समय प्राप्त होता है तो आवेदन पत्रों के हस्तांरण वाली प्रविष्टि में 'To Share Premium A/c' जुड जाता है। अन्य सभी प्रविष्टियां अपरिवर्तित रहती हैं।

(2) इसी प्रकार यदि प्रीमियम आबंटन के समय प्राप्त होता है तो आबंटन राशि देय दिखाने वाली प्रविष्टि में 'To Share Premium A/c' जुड जाता है। अन्य प्रविष्टियों में कोई परिवर्तन नहीं होता।

कटौती या छूट पर अंशों का निर्ममन
(Issue of Shares at a Discount)

जब कोई कम्पनी अपने अंशों को उनके अंकित मूल्य से कम पर निर्गमित करती है तो अंशों के ऐसे निर्गमन को अंशों का कटौती पर निर्गमन कहते हैं। यदि 100 रुपये अंकित मूल्य वाले अंश 92 रुपये प्रति अंश की दर से निर्गमित किये तो (Rs. 100—Rs. 92) 8% कटौती कहलाएगी। सामान्यतः कम्पनियां अंशों को कटौती पर निर्गमित नहीं कर सकती। परन्तु यदि कोई कम्पनी, भारतीय कम्पनी अधिनियम की धारा 79 में दी हुई निम्न शर्तें पूरी कर लेती है तो वह अपने अंशों का कटौती पर भी निगमन कर सकती है।

(1) नए प्रकार के अंश कटौती पर निर्गमित नहीं किये जा सकते अर्थात् अंश ऐसी श्रेणी के होने चाहिए जो पहले भी निर्गमित कए जा चुके हो।

(2) कटौती पर अंशों के निर्गमन के सम्बन्ध में कम्पनी की साधारण सभा में एक प्रस्ताव पास किया गया हो तथा कम्पनी लॉ बोर्ड की स्वीकृति भी प्राप्त कर ली गई हो।

(3) कटौती की अधिकतम दर उपरोक्त प्रस्ताव में स्पष्ट वर्णित होनी चाहिए जो कि अंशों के मूल्य के 10% से अधिक न हो। परन्तु कम्पनी लॉ बोर्ड 10 प्रतिशत से अधिक कटौती की अनुमति भी दे सकता है।

(4) कम्पनी को व्यापार प्रारम्भ करने का प्रमाण–पत्र प्राप्त हुए कम से कम एक वर्ष व्यतीत हो चुका है।

(5) कम्पनी लॉ बोर्ड से स्वीकृति प्राप्त होने के बाद दो महीनों के अन्दर (With in two months) अंशों का निर्गमन करना आवश्यक है। उपरोक्त शर्तों से यह अर्थ भी निकलता है कि

(i) एक नई कम्पनी प्रारम्भ में अपने अंश कटौती पर निर्गमित नहीं कर सकती।

(ii) पुरानी कम्पनी द्वारा भी नये प्रकार के अंश (जिस प्रकार के अंश पहले निर्गमित नहीं किए गये) कटौती पर निर्गमित नहीं किये जा सकते।

लेखांकन
(Accounting Treatment)

अंश के निर्गमन पर दी गई कटौती एक पूंजीगत हानि (Capital Loss) है अतः इसे एक अलग खाते 'Discount on Issue of Shares Account' में डेबिट किया जाता है इसे तब तक चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में विविध खर्चें (Miscellaneous Expenditure) शीर्षक के अन्तर्गत दिखाते हैं जब तक कि पूरी राशि अपलिखित न कर दी जाए।

नोट—यद्यपि अंशों के निर्गमन पर दी गई कटौती को अपलिखित करना कानूनन आवश्यक नहीं है फिर भी इसे बहुत समय तक चिट्ठे में दिखाना उचित नहीं होता इसलिए कुछ वर्षों में धीरे–धीरे से अपलिखित कर देना चाहिए।

सामान्यतः कटौती की राशि का लेखा अंशों की आबंटन राशि देय होने के समय किया जाता है।

आबंटन राशि देय (Due) होने पर—

Share Allotment A/c Dr.

Discount on Issue of Shares A/c Dr.

To Share Capital A/c

कटौती की राशि को अपलिखित करने पर—

Profit and Loss Account Dr.

(With the amount of discount written-off)

To Discount on Issue of Shares A/c

अदत्त याचनाएँ

(Calls in Arrear)

यदि माँगी गई आबंटन राशि या याचना राशियों का भुगतान अंशधारियों द्वारा भुगतान की अन्तिम तिथि तक न किया जाए तो उसे अदत्त याचना या बकाया माँग (Calls in Arrear) कहते हैं।

अदत्त याचना का लेखा करने की दो विधियाँ हैं—

(1) जब अदत्त याचना खाता खोला जाए (When Calls in Arreas Account is Opened)—

(a) याचना राशि देय (Due) होने पर (When Calls becomes due)

Share............Call A/c	Dr.	(First Calls or Second Call)
To Share Capital		

(b) याचना राशि प्राप्त होने पर (On Receiving...........the call money)

Bank A/c	Dr.	(Amount received)
Calls in Arrears A/c	Dr.	(Amount not received)
To Share..........Call A/c (First Call or Second Call)		

(c) अदत्त याचना राशि बाद में प्राप्त होने पर (On receiving unpaid call later)

Bank A/c	Dr.	(Amount Received)
To Calls in Arrears A/c		

नोट—यदि प्रश्न में अदत्त याचना खाता (Calls in Arrears Account) खोलने को कहा जाए तभी इस विधि का प्रयोग करना चाहिए।

(2) जब अदत्त याचना खाता न खोला जाए (When Calls in Arrears Account is not Opened)—दूसरी विधि में अदत्त याचना खाता खोलने की आवश्यकता नहीं होती क्योंकि याचना राशि प्राप्त होने पर उसे क्रेडिट किया जाता है। इसीलिए जब तक पूरी याचना राशि प्राप्त नहीं होती। याचना खाते का डेबिट शेष आता रहता है जो यह बताता है कि अदत्त याचनाएं कितनी हैं।

(a) याचना राशि देय होने पर (When Calls becomes due)

Share............Call A/c	Dr.	(Amount of First or Second Call)
To Share Capital A/c		

(b) याचना राशि प्राप्त होने पर (On Receiving...........call money)

Bank A/c	Dr.	(Amount received)
To Share..........Call A/c (First Call or Second Call)		

(c) अदत्त याचना राशि बाद में प्राप्त होने पर (On receiving unpaid call later)

Bank A/c	Dr.	(Amount Received)
To Share..........Call A/c (First Call or Second Call)		

अदत्त याचनाओं पर ब्याज (Interest on Call in Arrears) :

एक कम्पनी के लाभों में से कर व अन्य आयोजनों की राशि को घटाने के बाद शेष राशि अंशधारियों को लाभांश के रूप में वितरित की जानी चाहिए, परन्तु अच्छी कम्पनियां अपने लाभों का कुछ भाग पुनः विनियोग करने के रख लेती हैं। जब इस प्रकार बचाई गई व पुनः विनियोजित की गई राशि काफी ज्यादा हो जाती है तो कम्पनी की अंश पूंजी व वास्तव में विनियोजित पूंजी में बहुत अन्तर हो जाता है। इसे दूर करने के लिए, अर्थात् विनियोजित पूंजी को वास्तविक पूंजी के निकट लाने के लिए लाभों के पूंजीकरण की आवश्यकता होती है। इसलिए कम्पनियां अपने सारे पिछले अर्जित लाभ या उनके एक भाग को अंश पूंजी में परिवर्तित कर सकती हैं। कम्पनी अपने वर्तमान अंशधारियों को बिना कुछ लिए (Free of Charge) आनुपातिक आधार (Pro-rata basis) पर जो अंश वितरित करती हैं उन्हें बोनस अंश (Bonus Shares) कहते हैं।

बोनस अंश के रूप में कम्पनी अपने विद्यमान आंशिक चुकता अंशों को पूर्णतः चुकता भी घोषित कर सकती है तथा ये पूर्णतः चुकता अंश भी वितरित कर सकती है। यदि संचालक चाहे तो दोनों कार्य भी हो सकते हैं। पहले आंशिक चुकता अंशों को बोनस से पूर्णतः चुकता घोषित करके नये बोनस अंश भी वितरित कर सकते हैं।

बोनस अंशों के सम्बन्ध में SEBI (Securities and Exchange Board of India) ने अनेक दिशा–निर्देश जारी किए हैं जिनमें से प्रमुख निम्न हैं—

1. बोनस, अंशों का वितरण लाभों से या ऐसे कोषों से जो लाभों में से बनाए गये हैं या नकद प्राप्त किए गए प्रीमियम से किया जा सकता है।
2. पुनर्मूल्यांकन कोष या संचय (Revaluation Reserve) से बोनस अंशों का निर्गमन नहीं किया जा सकता।
3. आंशिक चुकता अंशों पर, पूर्णतः चुकता होने से पहले, बोनस अंशों का वितरण नहीं किया जा सकता।
4. कम्पनी के अन्तर्नियम (Articles) में बोनस अंश निर्गमित करने का प्रावधान होने चाहिए।
5. कम्पनी लाभांश के स्थान पर बोनस अंशों का वितरण नहीं कर सकती।
6. यद्यपि विद्यमान आंशिक चुकता अंश को पूर्णतः चुकता करने के लिए बोनस अंश निर्गमित किये जा सकते हैं, परन्तु (Share Premium A/c) व (Capital Redemption Reserve A/c) का प्रयोग केवल पूर्णतः चुकता बोनस अंश निर्गमित करने में ही किया जा सकता है।

बोनस अंशों के निर्गमन पर जर्नल लेखे
(Journal Entries for Issues of Bonus Shares)

Step. 1 जिन लाभों, कोषों अथवा संचयों में से बोनस अंश निर्गमित करने हैं उन्हें डेबिट करके, Bonus Issue Account को क्रेडिट करने पर—

General Reserve A/c Dr.

Profit & Loss A/c Dr.

Reserve Fund A./c Dr.

Share Premium A/c Dr.

Capital Redemption Reserve A/c Dr.

Capital Reserve A/c Dr.

To Bonus Issue A/c

(Being profits and reserves transferred Bonues Issue A/c)

Step 2. आंशिक चुकता अंशों को बोनस अंश निर्गमित करके पूर्णतः चुकता अंशों में बदलने पर—

(a) अन्तिम याचना की राशि माँगने पर—

Share Final Call A/c Dr.

To Share Capital A/c

(Being Final Call Due)

(b) अन्तिम याचना की राशि Bonus Issue से पूरा (Charge) करने पर

Bonus Issue A/c Dr.

To Share Final Call A/c

(Being Final Call charged from Bonus Issue A/c)

Step 3. नये पूर्णतः चुकता अंश बोनस अंशों के रूप में दिये जाने पर—

Bonus Issue A/c Dr.

To Share Capital A/c

(Being issue of fully paid bonus shares)

Illustration 5.

The Balance Sheet of a limited company on 31 st December 1998 was as under :

31 दिसम्बर, 1998 को एक लिमिटेड कम्पनी का चिट्ठा निम्न था—

Liabilities	Rs.	Assets	Rs.
Share Capital :		Freehold Property	1,00,000
Authorised : Rs. 10 Shares	3,00,000	Stock	1,20,000
Subscribed: 20,000 shares of Rs. 10 each	2,00,000	Debtors	80,000
Profit and Loss Account	1,20,000	Bank Balance	2,20,000
Creditors	2,00,000		
	5,20,000		5,20,000

At the Annual Meeting, it was decided :

(i) To issue one Bonus Share for every four shares held.

(ii) To give existing shareholders the option to purchase one Rs. 10 share at Rs. 15 for every four shares held prior to bonus distribution, this option being taken up by all shareholders. Give necessary journal entreis and prepare a balance sheet.

(i) प्रत्येक चार वर्तमान अंशों पर एक बोनस अंश निर्गमित किया जाए।

(ii) बोनस अंश निर्गमित करने से पहले के अंशों पर अंशधारियों को प्रत्येक चार अंशों पर एक अंश 10 रु. वाला, 15 रु. में खरीदने का विकल्प दिया जाए। इस विकल्प का सभी अंशधारियों ने उपयोग किया।

आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए तथा चिट्ठा बनाइए।

Solution :

JOURNAL

				Rs.	**Rs.**
	Bank A/c	Dr.		75,000	
	To Equity Share Capital A/c				50,000
	To Share Prmium A/c				25,000
	(Being right shares issued in the ratio of 1 : 4)				
	Share Premium A/c	Dr.		25,000	
	Profit & Loss A/c	Dr.		25,000	
	To Bonus Issue A/c				50,000
	(Being share premium and profits transferred to Bonus issue A/c				
	Bonus Issue A/c	Dr.		50,000	
	To Equity Share Capital A/c				50,000
	(Being Bonus shares issued				

BALANCE SHEET

	Rs.		**Rs.**
Share Capital :		Freehold Property	1,00,000
Authorised : Rs. 10 Shares	3,00,000	Stock	1,20,000
Subscribed :		Debtors	80,000
30,000 Shares of Rs. 10 each	3,00,000	Bank Balance	2,95,000
Profit & Loss A/c	95,000		
Creditors	2,00,000		
	5,95,000		5,95,000

Working Notes:

Total Amount required for Bonus Shares:

$$\text{1 Share for every 4 share held} = \frac{20,000}{4} = 5,000 \text{ shares}$$

5,000 shares 5000 shares × Rs. 10 = Rs. 50,000

Total Number of Right Shares :

1 Share fore every 4 shares = = Rs. 5,000 shares

Face Value = 5,000 × Rs. 10 = Rs. 50,000

Premium = 5,000 × Rs. 5 = Rs. 25,000

Total = Rs.75,000

Illustration 6.

The Following is the Balance Sheet of H. Ltd. as on 30 June 1999 :

30 जून 1999 को एच. लि. चिट्ठा निम्न है—

Liabilities	Rs.	Assets		Rs.
Share Capital :		**Fixed Assets**		1,00,000
3,000 6 per cent redeemable preference shares of Rs. 10 each fully paid	30,000	Investment $\frac{20,000}{4}$		21,000
6,000 Equity shares of Rs. 10 each fully paid	60,000	**Current Assets:**		
Share Premium Account	29,000	Stock in trade	44,000	
General Reserve	40,000	Sundry Debtors	16,000	
Profit and Loss Account	24,500	Cash at Bank	22,000	82,000
Sundry Creditors	19,500			
	2,03,000			2,03,000

The company exercised its option to redeem, on July 1, 1999, the whole of the Preference Share Capital at a premium of 5 per cent.

To assist in financing the redemption, all the investment were sold, realising Rs. 19,500. On September 1, 1999 the company made a bonus issue of seven Equity Shares fully paid for every six Equity Shares held on that date. The appropriate resolutions have been passed, the above transactions were duly completed.

You are required to show the journal entries to record the transactions in the books of the company and the Balance Sheet as it would appear after the completion of the transactions.

अपने अधिकारों का उपयोग करते हुए कम्पनी ने 1 जुलाई, 1999 को सारी पूर्वाधिकार पूँजी का 5% प्रीमियम पर शोधन कर दिया।

शोधन के लिए सारे विनियोग 19500 में बेच दिये गये। सितम्बर, 1999 को कम्पनी ने इस तिथि को अंशधारियों को प्रत्येक 6 समता अंशों पर 7 समता अंशों का बोनस के रूप में निर्गमित किये।

सभी प्रस्ताव पारित हो गये, सभी लेन–देन उचित प्रकार से पूर्ण हो गये।

कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए तथा सभी लेन–देनों के बाद चिट्ठा बनाइये।

Solution :

JOURNAL

				Rs.	Rs.
1999					
July 1.	Bank A/c	Dr.		19,500	
	Profit and Loss A/c	Dr.		1,500	
	To Investment A/c				21,000
	(Being sale of investment at loss)				
July 1.	Share Premium A/c	Dr.		1,500	
	To Premium on Redemption A/c				1,500
	(Being Premium on Redemption arranged from share premium A/c)				
July 1.	General Reserve A/c	Dr.		30,000	
	To Capital Redemption Reserve A/c				30,000
	(Being amount transferred to capital redemptions reserve)				
July 1.	6% Redemable Preference Share Capital A/c	Dr.		30,000	
	Premium on Redemption A/c	Dr.		1,500	
	To Preference Shareholders A/c				31,500
	(Being amount due)				
July 1.	Preference Shareholders A/c	Dr.		31,500	
	To Bank A/c				31,500
	(Being payment made)				
Sept. 1	Capital Redemption Reserve A/c	Dr.		30,000	
	Share Premium A/c	Dr.		27,500	
	General Reserve A/c	Dr.		10,000	
	Profit and Loss A/c	Dr.		2,500	
	To Bonus Issue A/c				70,000
	(Being profits reserves transferred to Bonus issue A/c)				
	Bonus Issue A/c	Dr.		70,000	
	To Equity Share Capital A/c				70,000
	(Being bonus shares issued)				

BALANCE SHEET

	Rs.		Rs.
Share Capital :		**Fixed Assets**	1,00,000
13,000 Equity share of Rs. 10 each fully paid	1,30,000	**Current Assets :**	
Profit & Loss A/c	20,500	Stock in Trade	44,000
Sundry Creditors	19,500	Sundry Debtors	16,000
		Cash at Bank	10,000
		(22,000 + 19,500 – 31,500)	
	1,70,000		1,70,000

Illustration 7

Ajanta Trading Co. Ltd. has an authorised capital of Rs. 8,00,000 divided into:

10,000, 6% Redeemable Preference Shares of Rs. 10 each;

20,000, 7% Preference Shares of Rs. 10 each; and

50,000, Equity Shares of Rs. 10 each.

On January 1, 1999, the whole of the two classes of preference shares and 15,000 of the equity shares stood in the books as fully paid. The share premium account as on that date showed a balance of Rs. 20,000. The balance of profit was Rs. 32,000.

On July 1, 1999, it was decided to redeem the whole of 6% preference shares at a premium of Rs. 1 prer share and for this specific purpose the company issued for cash 8,000 equity shares of Rs. 10 each at a premium of Rs. 2 per share, payable in full on allotment. All the above shares were taken up. The cost of issue of share amounted to Rs. 3,000.

On October 1, 1999, the company issued to existing shareholders one bonus share of Rs. 10 fully paid for each five held. It is the intention of the directors that minimum reduction should be made in revenue reserve account which stood at Rs. 1,25,000.

Give necessary journal entries.

अजन्ता ट्रेडिंग कम्पनी की अधिकृत पूँजी 8,00,000 रु. है। जो निम्न प्रकार विभाजित है—

10,000, 6% शोधनीय पूर्वाधिकार अंश, 10 रु. वाले

20,000 7% पूर्वाधिकार अंश, 10 रु. वाले

50,000 समता अंश, 10 रु. वाले

पुस्तकों के अनुसार 1 जनवरी, 1999 को दोनों प्रकार के समस्त पूर्वाधिकार अंश तथा 15,000 समता अंश पूर्णतः चुकता थे। दिन अंश प्रीमियम खाते का शेष 20,000 रुपये तथा लाभ 32,000 था।

1. जुलाई, 1999 को यह निर्णय किया गया कि समस्त 6% शोधनीय पूर्वाधिकार अंशों का शोधन एक रुपया प्रति अंश प्रीमियम कर दिया जाए। इस उद्देश्य से कम्पनी ने 10 रु. वाले 8,000 समता अंश 2 रु. प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमित किये जिनकी राशि आबंटन पर मिलनी थी। उपरोक्त सभी अंश लिए गए। निर्गमन का खर्च 3,000 रु. था।

1 अक्टूबर, 1999 को कम्पनी ने प्रति 5 अंशों के धारक को 1 पूर्णतः चुकता बोनस अंश निर्गमन किया।

संचालकों की इच्छा है कि ''रिवैन्यु रिजर्व'' का कम से कम प्रयोग किया जाए जिसमें 1,25,000 का शेष है।

आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए।

Solution :

JOURNAL

			Rs.	**Rs.**
1999				
July 1	Bank A/c	Dr.	96,000	
	To Equity Share Capital A/c			80,000
	To Share Premium A/c			16,000
	(Being issue of shares at premium)			
July 1	Share Issue Expenses A/c	Dr.	3,000	
	To Bank A/c			3,000
	(Being expenses paid on issue of shares)			
July 1.	Share Premium A/c	Dr.	13,000	
	To Premium on Redemption A/c			10,000
	To Share Issue Expenses A/c			3,000
	(Being premium payable and share expenses transferred to share premium A/c)			
July 1.	Profit & Loss A/c	Dr.	20,000	
	To Capital Redemption Reserve A/c			20,000
	(Being profit transferred to capital redemption reserve)			
July 1.	6% Redeemable Preference Share Capital A/c	Dr.	1,00,000	
	Premium on Redemption A/c	Dr.	10,000	
	To Preference Shareholders A/c			1,10,000
	(Being amount due)			
July 1.	Preference Shareholders A/c	Dr.	1,10,000	
	To Bank A/c			1,10,000
	(Being payment made)			
Oct. 1.	Share Premium A/c	Dr.	23,000	
	Capital Redemption Reserve A/c	Dr.	20,000	
	Revenue Reserve A/c	Dr.	3,000	
	To Bonus Issue A/c			46,000
	(Being reserve & Premium transferred to Bonus issue A/c)			

Oct. 1.	Bonus Issue A/c Dr.		46,000	
	To Equity Share Capital A/c			46,000
	(Being bonus shares issued)			

नोट—बोनस अंश केवल समता अंशधारियों को ही दिये जाते हैं। पूर्वाधिकार अंशधारियों को कभी भी बोनस अंश नहीं दिये जाते, क्योंकि कम्पनी के बचे हुए लाभों एवं कोषों पर केवल समता अंशधारियों का अधिकार होता है।

Illustration 8.

A limited company whose issued share capital on 31st, December, 1996 consisted of 6,000, 7% Redeemable Preference Shares of Rs. 100 each fully paid and 20,000. Equity Shares of Rs. 100 each, Rs. 80 paid up, decided to redeem preference shares at a premium of Rs. 10 per share. The Company's Balance Sheet was as at 31 st December, 1996 showed Revenue Reserve of Rs. 9,00,000 and a capital Reserve of Rs. 59,000. The redemption was affected partly out of profits and party out of proceeds of a new issue 3,000, 6% cumulative preference shares of Rs. 100 each at a premium of Rs. 25 per share. The premium payable on redemption was met out of the premium received on the new issues. On 30th June, 1997 the company at its general meeting resolved that all the capital reserve on that date and part of the Revenue Reserve be aplied in the following manner :

(a) The declaration of Bonus at the rate of Rs. 20 per share on equity shares for the purpose of making the said equity shares fully paid.

(b) The issue of Bonus Shares to the equity shareholders in the ratio of one share for every four shares held by them.

Pass the necessary journal entries in the books of the company.

एक कम्पनी ने 31 दिसम्बर, 1996 को 10 रु. प्रति अंश पर प्रीमियम की दर से अपने पूर्वाधिकार अंशों का भुगतान करने का निश्चय किया। इसकी पूँजी 100 रु. वाले पूर्णदत्त 6,000, 7% विमोचनशील पूर्वाधिकार अंश और 100 रु. वाले जिनमें 80 रु. भुगतान किये गये 20,000 समता अंशों में थी। 31 दिसम्बर, 1996 को कम्पनी के चिट्ठे में आगम संचय 9,00,000 रु. की और पूँजी संचय 59,000 रु. की थी। पूर्वाधिकार अंशों का भुगतान आंशिक रूप में लाभों में से और आंशिक रूप से नये निर्गमन से प्राप्त राशि में से किया गया। 25 रु. प्रति अंश प्रीमियम की दर से 100 रु. वाले 3,000, 6% संचयी पूर्वाधिकार अंशों का नया निर्गमन किया गया। विमोचनशील अंशों के प्रीमियम का भुगतान नए निर्ममन पर प्राप्त प्रीमियम में से किया गया। 30 जून, 1997 को कम्पनी की साधारण सभा में यह प्रस्ताव स्वीकार किया गया कि उस तिथि को समस्त पूँजी और आगम संचय का कुछ भाग निम्नांकित विधि से प्रयोग किया जाए—

(क) 20 रु. प्रति अंश की दर से समता अंशों पर बोनस की घोषणा, इन अंशों को पूर्णदत्त अंश बनाने के उद्देश्य से की गयी।

(ख) समस्त अंशधारियों को उनके द्वारा रखे जाने वाले प्रत्येक 4 अंशों पर 1 अंश के अनुपात में बोनस अंशों का निर्गमन किया गया।

कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल के आवश्यक लेखे कीजिए।

Solution :

JOURNAL

			Rs.	Rs.
1996	Bank A/c Dr.		3,75,000	
Dec. 31	To 6% Preference Share Capital A/c			3,00,000
	To Share Premium A/c			75,000

	(Being Preference Share issued at premium)			
Dec. 31	Share Premium A/c Dr.		60,000	
	To Premium on Redemption A/c			60,000
	(Being premium on redemption arranged from share premium A/c)			
Dec. 31	Revenue Reserve A/c Dr.		3,00,000	
	To Capital Redemption Reserve			3,00,000
	(Being revenue reserve transferred to cap. red. reserve)			
Dec. 31	7% Redeemable Preference Share Capital A/c Dr.		6,00,000	
	Premium on Redemption A/c Dr.		60,000	
	To Preference Shareholders A/c			6,60,000
	(Being amount due to preference Shareholders)			
Dec. 31	Preference Shareholders A/c Dr.		6,60,000	
	To Bank A/c			6,60,000
	(Being payment made)			
1997	Capital Reserve A/c Dr.		59,000	
June 30	Revenue Reserve A/c Dr.		3,41,000	
	To Bonus issue A/c			4,00,000
	(Being an amount equal to final call on equity shares is transferred to bonus issue A/c)			
June 30	Equity Share Final Call A/e Dr.		4,00,000	
	To Equity Share Capital A/c			4,00,000
	(Being final call due)			
June 30	Bonus Issue A/c Dr.		4,00,000	
	To Equity Share Final Call A/c			4,00,000
	(Being final call adjusted from bonus issue)			
June 30	Capital Redemption Reserve A/c Dr.		3,00,000	
	Share Premium A/c Dr.		15,000	
	Revenue Reserve A/c Dr.		1,85,000	
	To Bonus Issue A/c			5,00,000
	(Being amount equal to Bonus in the ratio of 1 : 4 on 20,000 equity shares transferred to bonus issue A/c)			
June 30	Bonus Issue A/c Dr.		5,00,000	
	To Equity Share Capital A/c			5,00,000
	(Being bonus shares issued to equity shareholders)			

नोट–(1) पूर्वाधिकार अंशधारियों को बोनस अंश नहीं दिये जाते इसलिए वर्तमान 20,000 समता अंशों पर 1 : 4 अनुपात से 50,000 बोनस समता अंश निर्गमित किये जायेंगे।

(2) आंशिक चुकता समता अंशों को पूर्णतः चुकता करने के लिए Capital Redemption Reserve तथा Share Premium A/c का उपयोग नहीं किया जा सकता जबकि नये पूर्णतः चुकता बोनस अंश निर्गमित करने में इन दोनों खातों का उपयोग किया जा सकता है। अतः यदि हमें बोनस में इन दोनों खातों का उपयोग करना हो तो बोनस निर्गमन के लेखें दो भागों में करने उपयुक्त रहेंगे। पहले इन दोनों खातों को छोड़कर अन्य खातों के शेष का उपयोग करके आंशिक चुकता अंशों को पूर्णतः चुकता करने के लेखें करें। फिर उपरोक्त दोनों खातों व अन्य खातों के शेष का उपयोग करके नये पूर्णतः चुकता बोनस अंश निर्गमित करने के लेखे करने उचित होंगे।

ASSIGNMENTS

1. भारतीय कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 80 के अन्तर्गत पूर्वाधिकार अंशों के शोधन के विषय में कानूनी प्रावधानों को स्पष्ट रूप से समझाइए।

   Explain clearly the legal requirements for the Redemption of Preference Shares as laid down in section 80 of the Indian Companies Act, 1956.

2. पूर्वाधिकार अंशों के शोधण के लिए क्या–क्या वैधानिक आवश्यकताएं हैं? कौन से लाभ पूँजी शोधन संचय में हस्तांतरित किये जा सकते हैं तथा कौन से नहीं?

   Explain clearly the legal requirements for redemption of preference shares. What types of profits are available for transfer to Capital Redemption Reserve Account and what are not?

3. अधिकार अंशों और बोनस अंशों में अन्तर स्पष्ट कीजिए। दोनों दशाओं में आप कौन–कौन सी प्रविष्टियाँ करेंगे?

   Differeniate between Right Shares and Bonus Shares. What entries would you make in both cases ?

4. बोनस अंशों की व्याख्या कीजिए तथा बताइए कि किन परिस्थितियों में इन्हें निर्गमित किया जाता है। बोनस अंशों के निर्गमन की कार्य विधि भी दीजिए। बोनस अंशों के निर्गमन में कौन–कौन सी जर्नल प्रविष्टियाँ की जाती हैं ?

   Explain bonus Shares and describe the conditions which warrant their issue. Give the procedure of issue of bonus shares. What entries are passed for the issue of bonus shares.

5. शोध्य पूर्वाधिकार अंशों के निर्गमन तथा शोधन सम्बन्धी नियम बतलाइये। इस सम्बन्ध में की जाने वाली जर्नल प्रविष्टियां भी कीजिए।

6. निम्न पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए–

   (a) पूर्वाधिकार अंशों का शोधन

   (b) बोनस अंश

   (c) लाभों का पूँजीकरण

   (d) पूँजी शोधन कोष

   (e) अधिकार अंश

   (f) आंशिक चुकता पूर्वाधिकार अंशों का शोधन

QUESTIONS

Q. 1. A Company has 4,000, 6% redeemable preference shares of Rs. 100 each fully paid. The company decided to redeem the shares on December 31, 1998 at a premium of 5%. The Company makes the following Issues :

(a) 1,000 equity shares of Rs. 100 each at a premium of 10%.

(b) 1,000, 9% debentures of Rs. 100 each.

The issue was fully subscribed and all the amounts were received. The redemption was duly carried out. The company has sufficient profits. Give journal entries.

एक कम्पनी के पास 100 रु. वाले पूर्णदत्त 4,000 6% शोधनशील पूर्वाधिकार अंश हैं। कम्पनी ने इन अंशों का 31 दिसम्बर, 1998 को 5% प्रीमियम पर शोधन करने का निश्चय किये। कम्पनी निम्नलिखित निर्गमन करती है—

(अ) 100 रु. वाले 1,000 समता अंश 10% प्रीमियम पर।

(ब) 100 रु. वाले 1,000 ऋणपत्र।

निर्गमन पूर्णरूप से प्रार्थित हो गया और सभी राशियाँ प्राप्त हो गई। शोधन कर दिया गया। कम्पनी के पास पर्याप्त लाभ हैं। रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

Ans. Amount transferred to Capital Redemption Reserve Rs. 3,00,000; Premium on redemption will be charged as follows :

Rs. 10,000 from share Premium A/c and Rs. 10,000 from Profit and Loss A/c.

Q. 2. विनियोगों की बिक्री (Sale of Investment)

The Balance Sheet of Atlas Ltd. as at 30th June, 1999 was as followed :

Liabilities	Rs.	Assets	Rs.
Share Capital :		**Fixed Assets :**	
2,000 Redeemable Preference Shares of Rs. 100 each	2,00,000	Plant & Machinery	50,000
20,000 Equity Shares of Rs. 10 each	2,00,000	Building	2,40,000
Share Premium A/c	15,000	Furniture	60,000
General Reserve	1,40,000	**Current Assets :**	
Profit and Loss A/c	60,000	Stock	1,40,000
Taxation Reserve	20,000	Debtors	80,000
Creditors	1,15,000	Investments	55,000
		Cash at Bank	1,25,000
	7,50,000		7,50,000

It was decided to issue further 7,000 equity shares at a premium Rs. 2 per share and to redeem the preference shares at a premium of 10% All the investments were sold realising Rs. 49,000 Directors wish that minimum reduction should be made in General Reserve.

Show the necessary journal entries and prepare a Balance Sheet after the completion of the transations which took place on 1st July 1999.

यह निश्चय किया गया कि 7,000 समता अंशों का 2 रु. प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमन किया जाए और पूर्वाधिकार अंशों का 10% प्रीमियम पर शोधन कर दिया जाए। सभी विनियोग 49,000 रु. में बेचे गये। संचालक चाहते हैं कि सामान्य संचय में कम से कम कटौती की जाए।

जर्नल में आवश्यक लेखे कीजिए और उपरोक्त व्यवहार पूर्ण हो जाने के पश्चात् 1 जुलाई, 1999 का चिट्ठा बनाइये।

Ans. : Capital Redemption Reserve Rs. 1,30,000; Share Premium A/c Rs. 9,000; General Reserve Rs. 64,000; Cash at Bank Rs. 38,000; total of B/S Rs. 6,08,000

Q. 3. On 31 st December 1998 the Balance Sheet of Nirma Ltd. was as follow :

31 दिसम्बर, 1998 को निरमा लिमिटेड का चिट्ठा इस प्रकार था—

BALANCE SHEET

	Rs.		Rs.
Issued Capital :		**Sundry Assets**	8,40,000
40,000 6% Redeemable Pref. Shares of Rs. 10 each, fully paid	4,00,000	Cash at Bank	3,00,000
20,000 equity shares of Rs. 10 each fully paid	2,00,000		
Share Premium Account	50,000		
Profit and Loss Account	2,50,000		
General Reserve	30,000		
Sundry Creditors	2,10,000		
	11,40,000		11,40,000

By the terms of their issue, the preference shares were redeemable at a premium of 5 per cent on the following January 1, and it was decided to arrange this as far as possible out of the company's resources subject to leaving a balance of Rs. 12,000 to remain to the credit of the Profit and Loss Account. It was also decided to raise the balance of funds required by the issue of sufficient number of equity shares at a premium of 10%.

Show the necessary ledger account giveing effect to the transactions and the balance sheet thereafter.

निर्गमन की शर्तों के अनुसार अधिमान अंश आगामी 1 जनवरी को 5 प्रतिशत प्रीमियम पर शोधनीय है। यह निश्चित किया गया कि लाभ–हानि खाते में 12,000 रु. छोड़ते हुए यथासम्भव कम्पनी के साधनों से ही इसका प्रबन्ध किया जाये। यह भी निश्चित किया गया कि आवश्यक शेष कोष पर्याप्त मात्रा में समता अंशों के 10 प्रतिशत प्रीमियम पर निर्गमन द्वारा प्राप्त किया जाए।

उपरोक्त व्यवहारों को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक खाते और उनके पश्चात् का चिट्ठा दिखाइए।

Ans. Fresh issue Rs. 1,32,000; Equity share capital Rs. 3,32,000; Share Premium A/c Rs. 43,200; Bank A/c Rs. 25,200.

Hint :

Calculation of fresh Issue	Rs.	Rs.
Preference share capital to be paid		4,00,000
Less: Amt. available in General Reserve	30,000	
Amt. abailable in Profit & Loss A/c	2,38,000	
(existing Balance Rs. 2,50,000 – Balance Requited 12,000)		2,68,000
New shares to be issued		1,32,000

समीकरण के प्रयोग से नये निर्गमन की राशि ज्ञात करना
(Determining the amount of New Issue with the help of equation)

Q. 4. The following was the Balance Sheet of Devta Ltd. on 31st December, 1999 :

31 दिसम्बर, 1999 को देवता लिमिटेड का चिट्ठा निम्न था—

Liabilities	Rs.	Assets	Rs.
Share Capital :		**Fixed Assets**	**9,00,000**
Issued and paid up		Debtors	1,50,000
Redeemable Preference		Stock	2,00,000
Share Capital :		Cash at Bank	3,00,000
50,000 shares of Rs. 10 each	5,00,000		
Equity Share Capital :			
70,000 shares of Rs. 10 each	7,00,000		
Share Premium A/c	50,000		
General Reserve	1,00,000		
Profit and Loss A/c	1,20,000		
Creditors	80,000		
	15,50,000		15,50,000

On the above date directors decided to redeem the preference shares at a premium of 20%, for this purpose minimum number of new equity shares of Rs. 10 each are issued at a premium of 10%. Pass journal entries and prepare the revised balance sheet.

उपरोक्त तिथि को संचालकों ने निर्णय लिया कि पूर्वाधिकार अंशों का 20% प्रीमियम पर शोधन कर दिया जाए। इस उद्देश्य के लिए कम से कम संख्या में नये समता अंश 10% प्रीमियम पर निर्गमित किये गये। रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए तथा संशोधित चिट्ठा बनाइए।

Ans. : Fresh Issue Rs. 3,00,000 (30,000 shares of Rs. 10 each); Balance Sheet Total Rs. 12,80,000

Q. 5. On Jan, 1, 1975 Shibpur Motors Ltd. issued 3000, 7% redeemable preference shares of Rs. 10 each, all for which were taken on and fully paid. The shares were issued on conditions that the same, at any time after March 31, 1981, could be redeemed at a premium of Rs. 4 per share.

On June 30, 1982, the company decided to redeem the shares. For this purpose it issued 1,800, 6% preference shares of Rs. 10 each at apremium of Rs. 1 per share on July 15, 1982. The shares were subscribed and paid for by July 31, 1982. The 7% redeemable preference shares were redeemed on the same date.

The Co. had a balance of Rs. 28,000 in its Profit & Loss Account on 1 September, 1982 the Co. decided to issue 5,000 fully paid bonus shares of Rs. 10 each for allotment to equity shareholders in the ratio of one equity share for every four shares held. It has also a reserve of Rs. 1,10,000.

Record the necessary journal entries in the Books of the Co.

Ans. : Capital Redemption Reserve Rs. 12,000

Q. 6. A limited company has an authorised equity capital of Rs. 20 lakhs divided into shares of Rs. 100 each. The paid up capital was Rs. 12,50,000. Besides, this company had 9% redeemable cumulative preference shares of Rs. 10 each for Rs. 2,50,000. Balance on other account were:

Share Premium Rs. 18,000; Profit and Loss Account Rs. 72,000 and General Reserve Rs. 3,40,000. Included in Sundry Assets were investments of the face value of Rs. 30,000 carried in the books at a cost of Rs. 34,000.

The company decided to redeem the cumulative preference shares at a premium of 10 per cent partly by the issue of equity shares of the face value of Rs. 1,20,000 at a premium of 10%. Investments were sold at 105% of their face value. All preference shareholders were paid off except 3 holders holding 250 shares.

After redemption of cumulative preference shares, fully paid bonus shares were issued in the ratio of 1 : 4.

Give the necessary journal entries bearing in mind that the Directors wanted a minimum reduction in free Reserves while effecting the above transactions. Working should from part of your answer.

Ans. : Bonus Issue 3,425 Shares of Rs. 100 each.

Q. 7. The Balance Sheet of Besto Ltd. on March 31, 1998 contains the followings:

31, मार्च 1998 को बीस्टो लिमिटेड के चिट्ठे में निम्न मदें हैं—

Authorise Capital:	
5% Redemable Preference Shares of Rs. 10 each	1,50,000
Ordinary Shares of Rs. 10 each	<u>5,00,000</u>
Paid up Capital :	
5% Redeemable Preference Shares of Rs. 10 each fully paid	1,10,000
Ordinary Shares of Rs. 10 each fully paid	3,00,000
Profit and Loss Account Balance	2,00,000

On 6th April 1998 the Preference Shares were redeemed at a premium of Rs. 4 per Share. The Company could not yet trace, holders of 1,200 Preference Shares. On 8th April 1978 a bonus issue of one fully paid ordinary share for three shares was made.

Show the journal entries to record these transactions (including cash) and show these account as they would appear in the Balance Sheet as on 8th April 1998.

6 अप्रैल, 1978 को पूर्वाधिकार अंशों का 4 रु. प्रति अंश प्रीमियम पर विमोचन किया गया। कम्पनी अभी 1,200 पूर्वाधिकार अंशों के धारकों का पता नहीं लगा सकी है। 8 अप्रैल 1998 को कम्पनी ने तीन अंशों पर एक पूर्णदत्त साधारण अंश की दर से बोनस दिया।

इन व्यवहारों के लिए जर्नल लेखे (रोकड़ लेखे सहित) दो तथा 8 अप्रैल 1998 को इन खातों को चिट्ठे में दिखाओ।

On I April 1998, the company redeemed the preference shares at a premium of 10 percent. in order to pay off the preference shareholders, the company sold the investments realising Rs. 2,10,000 and also issued 2,0007% Preference Shares of Rs. 100 each which were fully subscribed in cash.

On the same date the company issued fully paid bonus shares in the ratio of one for every two shares held. Show the journal entries and also. prepare a post-redemption Balance Sheet of the Company.

Q. 8. The Bharat Aluminium Co. Ltd. whose issued share capital on 31st December, 1972, consisted of 12,000 8% redeemable preference shares of Rs. 100 each fully paid and 40,000 equity shares of Rs. 100 each Rs. 80 paid up, decided to redeem preference shares at a premium of Rs. 10 per share. The company's balance sheet as at 31st December, 1972, showed a general reserve of Rs. 18,00,000 and a capital reserve of Rs. 1,70,000. The rdemption was effected partly out of profits and partly out of the proceeds of a new issue of 6,000, $7\frac{1}{2}$% cumulative preference shares of Rs. 100 each at a premium of Rs. 25 per share. The premium payable on redemption was met out of the premium received on the new issue.

On 1st April, 1973, the company at its general meeting resolved that all the capital reserves and a part of general Reserves be applied in the following manner :

(i) the declaration of bonus at the rate of Rs. 20 per share on equity shares for the purpose of making the said equity shares fully paid; and

(ii) the issue of bonus shares to the equity shareholders in the ratio of one share for every four shares held by them.

You are required to pass necessary journal entries.

भारत एल्यूमिनियम कं. लि. जिसकी अंश पूँजी 31 दिसम्बर, 1972 में 12,000 8% शोधनीय पूर्वाधिकार अंश 100 रु. प्रत्येक पूर्णदत्त तथा 40,000 समता अंश 100 रु. प्रत्येक 80 रु. दत्त सम्मिलित थे ने पूर्वाधिकार अंशों के 10 रु. प्रति अंश प्रीमियम पर शोधन का निर्णय लिया। 31 दिसम्बर, 1972 को कम्पनी के आर्थिक चिट्ठे में सामान्य संचय 18,00,000 का तथा 1,70,000 रु. का पूँजी संचय प्रदर्शित था। शोधन आंशिक रूप से लाभ से तथा आंशिक रूप से 6,000 $7\frac{1}{2}$ % संचयी पूर्वाधिकार अंश 100 रु. प्रत्येक के 25 रु. प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमन से किया जाना था। शोधन पर देय प्रीमियम को निर्गमन पर प्राप्त प्रीमियम से पूरा किया जाना था।

अप्रैल 1, 1973 को कम्पनी ने अपनी सामान्य सभा में प्रस्ताव किया कि सम्पूर्ण पूँजी संचय एवं आंशिक रूप से आगम संचयों को निम्न प्रकार से प्रयोग किया जाना चाहिए—

(i) 20 रु. प्रति समता अंश बोनस की घोषणा जिससे कि समता अंश पूर्णदत्त हो जायें तथा

(ii) समता अंशधारियों को प्रति चार अंशों पर एक बोनस अंश का निर्गमन।

आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

Ans. : Capital Redemption Reserve Rs. 6,00,000

Q. 9. The following were the balances of Chintaharan Ltd. as on 31st December, 1998

	Rs
Redeemable Preference share Capital	
2,500 shares of Rs. 100 each fully called up.	2,50,000
Less: Calls in arrears.	
(Final calsl of Rs. 20 on 60 shares)	1,200
	2,48,800
General Reserve	1,12,000
Share Premium	15,000
Cash at Bank	1,30,000

Above preference shares were redeemable on 28th Feb. 1999 at a premium of 10%.

On getting a reminder about payment of calls in shares, shareholders holding 50 shares paid their did not pay the amount thereon. Consequently, the Directors forfeited these shares and reissued them as fully paid on 31st Jan., 1999 for Rs. 500. 15,000 equity shares of Rs. 10 each were issued at par for the purpose of above redemption. Repayment of Redeemable shares were completed by 31st March, 1999, except in the case of one shareholder holding 40 shares, who was out of India.

You are required to show the journal entries including those relating to cash or Bank upto 31 st March, 1999, (on the basis which would effect the minimum reduction of reserve) and to state the resultant balances of the related accounts appearing in the books on that date.

31 दिसम्बर 1998 को चिन्ताहरण लि. के निम्नलिखित शेष थे—

शोधनीय पूर्वाधिकार अंशपूँजी	
2,500 अंश प्रत्येक 100 रु. की पूर्ण राशि माँगी जा चुकी है—	2,50,000
बकाया माँग राशि	
(60 अंशों पर 20 रु. की अन्तिम माँग)	1,200
	2,48,800
सामान्य संचय	1,12,000
अंश प्रीमियम	15,000
बैंक में शेष	1,30,000

उपरोक्त अधिनियम अंश 28 फरवरी, 10 प्रतिशत प्रीमियम पर शोधनीय थे। बकाया माँग के भुगतान का स्मरणपत्र प्राप्त होने पर 50 अंशों के धाक ने अपनी बकाया माँग राशि 15 जनवरी, 1999 तक चुका दी। शेष 10 अंशों; जिन

पर माँग बकाया थी, के धारक ने उन पर देय राशि का भुगतान नहीं किया। फलस्वरूप, संचालकों ने इस अंशों को जब्त कर लिया तथा इनको 31 जनवरी, 1999 को 500 रु. में पूर्णदत्त रूप में पुनर्निर्गमित कर दिया।

उपरोक्त शोधन के लिए 10 रु. वाले 15,000 समता अंश का सम मूल्य पर निर्गमन किया गया सिवाय 40 अंशों के अंशधारी के, जो भारत के बाहर था शोधनीय अधिमान अंशों का भुगतान 31 मार्च, 1999 तक पूर्ण कर दिया गया।

आपको नकद या बैंक व्यवहारों सहित 31 मार्च, 1999 तक की जर्नल प्रविष्टियाँ देनी हैं। (ऐसे आधार पर जिससे आयगत संचय में कम से कम कमी आये) और उस तारीख को सम्बन्धित खातों के शेष को बताना है।

Ans. : Capital Redemption Reserve Rs. 1,00,000.

Q. 10. The undernoted balances wre extracted from the Ledger of Zee Ltd.

(1)	10% Redeemable Cumulative Prefeence Shares 10,000 Shares of Rs. 100 each fully called up	10,00,000
	Less: Cash unpaid at Rs. 25 per share	5,000
		9,95,000
(2)	Share Premium Account	1,40,000
(3)	Development Rebate Reserve	5,00,000
(4)	General Reserve	3,40,000
(5)	Proposed dividend since sanctioned on Cumulative Preference Shares	78,400

The directors redeemed the preference shares at a premium of 10% and for that purpose made a fresh issue of equity shares of Rs. 10 each at par for such amount as necessary for the purpose after utilising the available source to the maximum extent and satisfied the amount of preference dividend. Rs. 2,00,000 of the Development Rebate Reserve is free for distribution as dividend.

Give journal entries recording the above transactions.

Ans. : Fresh issue for Rs. 4,60,000.

Q. 11. A company had issued 50,000 redeemable preference shares of Rs. 10 each. On 1st Jan. 1992, the company decided to redeem these shares at a premium of one per cent partly out of the proceeds of issue of 10,000 equity shares of Rs. 10 each and prtly out of profits. Accordingly, the following entries were passed in the books of the company :

		Rs.	Rs.
Preference Shares	Dr.	5,00,000	
To Equity Share Capital			1,00,000
To P & L A/c			4,00,000
Preference Shares	Dr.	5,50,000	
To Cash A/c			5,50,000

State whether you consider the above entries as correct and, indicate the errors in the same and rectify the position giving reasons for your answer.

एक कम्पनी ने 50,000, 10 रु. प्रति शोधनीय पूर्वाधिकार अंश जारी किए। एक जनवरी, 1992 को कम्पनी ने एक प्रतिशत प्रीमियम पर इनका शोधन करने का निर्णय लिया जोकि अंशतः 10,000 समता अंशों, 10 रु. प्रति के निर्गमन से व अंशतः लाभों में से किया जाना है कम्पनी की पुस्तकों में निम्न प्रविष्ट्रियां की गई—

पूर्वाधिकार अंश	Dr.	5,00,000	
समता अंश पूँजी का			1,00,000
लाभ–हानि खाते का			4,00,000
पूर्वाधिकार अंश	Dr.	5,50,000	
रोकड़ खाते का			5,50,000

क्या ये प्रविष्टियाँ ठीक हैं? यदि नहीं, तो गलती बताइये। शुद्ध प्रविष्टियाँ कीजिए तथा इसके कारण भी बताइये।

Q. 12. X Company Ltd. issue 10,000 11% Redeemable Preference Shares of Rs. 100 each at Rs. 105 on 31st December, 1991. The tenns of issue provide for (a) the conversion of Rs. 3,00,000 preference Shares into equity shares of Rs. 100 each on 31 st December, 1997 and (b) the redemption of the remaining Preference Shares at Rs. 103 on 31st December, 1998. The Company accordingly converts and redeems the Preference Shares.

Just before the redemption, the Company's Reserves and Surplus comprises: Capital Redemption Reserve Rs. 5,00,000, Share Premium Rs. 50,000, General Reserve Rs. 10,00,000, and Profit and Loss (Appropriation) Alc Rs. 21,000.

Joumalise since 31 st December, 1997. Assume that (i) the Company raises minimum proceeds from fresh issue of shares for the aforesaid redemption, and (ii) one per cent of the redeemed Preference Shares remains unpaid. Ignore preference dividend.

With due regard to the aforesaid information, show also the Liabilities side of the Company's Balance Sheet as at 31st December, 1998.

Ans. : Balance of Preference Shareholders A/c Rs. 7,210; Fresh issue for Rs. 5,79,000.

❒

अध्याय-3

ऋण पत्रों का निर्गमन
(Issue of Debentures)

जब एक कम्पनी दीर्घ काल के लिए ऋण लेना चाहती है जिससे कि ऋण कम्पनी की पूँजी का ही भाग बन जाए तो कम्पनी इसके लिए ऋणपत्रों का निर्गमन करती है। ऋणपत्र निर्गमित करके लिए गये ऋण को पूँजी (Loan Capital) भी कहते है। ऋणपर एक कम्पनी द्वारा जनता से लिए गये ऋण का लिखित प्रमाण है। ऋणपत्रों में ब्याज की दर, ब्याज की देय तिथि, मूलधन की देय तिथि इत्यादि अनेक बातों का उल्लेख होता है। ऋणपत्र कम्पनी की सार्वमुद्रा (Common Seal) के अन्तर्गत निर्गमित किये जाते हैं। यद्यपि ऋणपत्र शब्द का प्रयोग बहुत व्यापक रूप में होता है फिर भी इसकी कोई वैधानिक परिभाषा नहीं है।

भारतीय कम्पनी अधिनियम की धारा 2(12) के अनुसार, ''ऋणपत्रों में ऋणपत्र स्टॉक, बॉड या कम्पनी द्वारा निर्गमित ऐसी अन्य प्रतिभूतियाँ शामिल की जाती हैं चाहे वह कम्पनी की सम्पत्तियों पर कोई प्रभार उत्पन्न करती हैं या नहीं।'' (Debenture includes debenture stock, bonds and any other security of a company, whether constituting a charge on the assets of the company or not)

ऋणपत्रों की विशेषताएँ
(Characteristics of Debentures)

(1) **ऋण का प्रमाण (Proof of Loan)**—ऋणपत्र इस बात का प्रमाण है कि कम्पनी ने उल्लेखित व्यक्ति से इसमें लिखी राशि उधार ली है।

(2) **ब्याज की दर (Rate of Interest)**—ऋणपत्रों पर देय ब्याज की दर पहले से निश्चित होती है तथा प्रत्येक ऋणपत्र पर अंकित होती है।

(3) **ब्याज की देय तिथि (Due date of Interest)**—प्रायः कम्पनी वार्षिक या अर्द्धवार्षिक ब्याज का भुगतान करती है ऋणपत्रों पर ब्याज के भुगतान की तिथि का भी उल्लेख होता है।

(4) **दीर्घकालीन ऋण (Long term Loan)**—ऋणपत्रों के निर्गमन से प्रायः दीर्घकालीन ऋण लिये जाते हैं। इस लिए इनके धन वापसी कई वर्षों बाद होती है जैसे 5 वर्ष, 7 वर्ष, 10 वर्ष इत्यादि।

(5) **ऋण वापसी की तिथि (Date of Redemption)**—ऋणपत्र का धन कम्पनी वर्षों के बाद व किस प्रकार वापस करेगी इसका वर्णन भी ऋणपत्र पर होता है।

(6) **सुरक्षा (Security)**—प्रायः समस्त ऋणपत्रधारियों के नाम कम्पनी अपनी सम्पत्ति गिरवी रखवा देती है यदि कभी कम्पनी इनके ब्याज या मूलधन के भुगतान में असमर्थ हो जाए तो ऋणपत्रधारी कम्पनी के समापन के लिए न्यायालय में आवेदन दे सकते हैं।

(7) **सार्वमुदा (Common Seal)**—ऋणपत्रों पर कम्पनी की सार्वमुद्रा (Common Seal) लगी होती है।

ऋणपत्रों के प्रकार
(Kinds of Debentures)

ऋणपत्रों को उनकी सुरक्षा, शोधन, लेखो एवं प्राथमिकता की दष्टि से निम्न प्रकार वर्गीकृत किया जा सकता है:

1. सुरक्षा की दष्टि से (From Security Viewpoint)

(i) **असुरक्षित नग्न या साधारण ऋणपत्र (Unsecured, Naked or Simple Debentures)**—ऐसे ऋणपत्रधारियों को कम्पनी में कोई प्रतिभूति ऋण व ब्याज चुकाने के भुगतान के लिए नहीं देती। कम्पनी के समापन पर इन ऋणत्र के धारकों को सामान्य लेनदारों की भांति ही माना जाता है। ये ऋणपत्र अधिक प्रचलित नहीं है।

(ii) **सुरक्षित या बन्धक ऋणपत्र (Secured or Mortage Debentures)**—सुरक्षित ऋणपत्र वे हें जो कम्पनी की किसी सम्पत्ति पर प्रभार के कारण सुरक्षित होते हैं। यह प्रसार स्थायी या अस्थायी हो सकता है। यदि कम्पनी भुगतान करने में त्रुटि करे तो ऋणपत्रधारी सम्पत्ति में से ऋण की वसूली कर सकता है।

2. शोधन या भुगतान की दष्टि से (From Redemption Viewpoint)

(i) **शोध्य ऋणपत्र (Redeemable Debentures)**—कम्पनी द्वारा इस प्रकार के ऋणपत्र इस शर्त पर निर्गमित किए जाते हैं कि वह निश्चित अवधि के बाद अथवा उनके मांगने पर उनका भुगतान कर देगी। इस प्रकार के ऋणपत्र बहुत प्रचलित हैं और प्रायः कम्पनी इसी प्रकार के ऋणपत्र निर्गमित करती है।

(ii) **स्थायी या अशोध्य ऋणपत्र (Perpetual or Irredeemable Debentures)**—इस प्रकार के ऋणपत्रों का भुगतान कम्पनी के समापन की अवस्था में या इनका ब्याज न चुकाए जाने की अवस्था में ही देय होता है। अन्य शब्दों में इसका अभिप्राय यह है कि जब तक कम्पनी कार्यशील रहती है और ऋणपत्रों के ब्याज के भुगतान में कोई त्रुटि नहीं करती, तब तक इनके धारक कम्पनी से इनका भुगतान नहीं मांग सकते। इस प्रकार के ऋणपत्रें के भुगतान की कोई अवधि निश्चित नहीं होती, यद्यपि कम्पनी जब चाहे तब इनका भुगतान कर सकती है।

3. प्राथमिकता की दष्टि से (From Priority Viewpoint)

(i) **प्रथम ऋणपत्र (First Debentures)**—इन ऋणपत्रें का भुगतान अन्य ऋणपत्रों की अपेक्षा पहले किया जाता है।

(ii) **द्वितीय ऋणपत्र (Second Debentures)**—इन ऋणपत्रों का भुगतान प्रथम ऋणपत्रों का भुगतान करने के बाद किया जाता है।

4. लेखों की दष्टि से (From Records Viewpoint)

(i) **वाहक ऋणपत्र (Bearer Debentures)**—ऐसे ऋणपत्र के धारकों के नाम और पते के सम्बन्ध में कम्पनी कोई अभिलेख नहीं रखती। अंश अधिपत्रों के तरह वाहक ऋणपत्र भी विनिमय–साध्य प्रलेख हैं। इनका हस्तान्तरण मात्र सुपुर्दगी से हो जाता है। वाहक ऋणपत्रों पर ब्याज का भुगतान संलग्न कूपनों द्वारा किया जाता है।

(ii) **पंजीकृत ऋणपत्र (Registered Debentures)**—ये वे ऋणपत्र हैं जिनके धारकों के नाम व पते कम्पनी के ऋणपत्रधारियों के रजिस्टर में लिखे हुए होते हैं। इन पर ब्याज व मूलधन का भुगतान पंजीकृत धारकों को ही किया जाता है तथा इनका हस्तांतरण करने के लिए कम्पनी में इनका रजिस्ट्री करानी होती है एवं निर्धारित विधि के अनुसार ही हस्तांतरण हो सकता है।

ऋणपत्रों का निर्गमन
(Issue of Debentures)

ऋणपत्रों के निर्गमन के लिए अंशों की भांति ही कम्पनी एक प्रविविरण–पत्र (Prospectus) जारी करती है ऋणपत्रों के लिए जनता से आवेदन (Applications) मँगाये जाते हैं। प्रविवरण–पत्र में इस बात का वर्णन रहता है कि ऋणपत्रों की सम्पूर्ण राशि एक साथ देनी होगी या किश्तों में। यदि किश्तों में दी जानी है तो प्रविवरण पत्र में लिखा जाता है कि आवेदन पर कितनी

राशि देनी है, आबंटन पर कितनी तथा शेष राशि एक या अनेक कितनी याचनाओं में देनी हैं तथा प्रत्येक याचना पर कितनी राशि देनी है।

कम्पनी अपने ऋणपत्रों को (i) सम मूल्य पर (At Par) या (ii) प्रीमियम पर (At Premium) या (iii) कटौती पर (At Discount) जैसे चाहे निर्गमित कर सकती है इसके साथ कम्पनी निम्न प्रकार से ऋणपत्र निर्गमित कर सकती है।

(a) नकद भुगतान पर (Against Cash Payment)

(b) नकद के अतिरिक्त अन्य किसी प्रतिफल के बदले (For consideration other than Cash)

(c) सहायक प्रतिभूति के रूप में (as collateral security)

ऋणपत्रों के निर्गमन पर लेख प्रविष्टियाँ ठीक उसी प्रकार की जाती हैं। जिस प्रकार अंशों के निर्गमन पर की जाती हैं। दोनों स्थितियों में अन्तर केवल इतना होता है कि अंश निर्गमन के लिए अंश निर्गमन के लिए अंश पूँजी खाता (Share Capital Account) खोला जाता है जबकि ऋणपत्र निर्गमन करने पर ऋणपत्र खाता (Debenture Account) खोला जाता है। ऋणपत्र खाते में पूँजी शब्द का प्रयोग नहीं होता परन्तु ऋणपत्र के साथ ब्याज की दर का प्रयोग होता है। जैसे यदि ब्याज की दर 10% ऋणपत्र खाता 10% Debenture A/c खोला जाता है।

नकद भुगतान पर ऋणपत्र निर्गमित करना
(Issue of Debentures for Cash)

जब कम्पनी नकद भुगतान के बदले में ऋणपत्र निर्गमित करती है तो सारी राशि एक बार में या किश्तों में ही जा सकती है।

(1) समूल्य पर ऋणपत्रों का निर्गमन
(Issue of Debentures at Par)

(A) यदि आवेदन के साथ पूरी राशि देनी हो (In full amount is payable on application)

(i) On Receipt of Application Money :

Bank A/c Dr. (With total amount received)

To Debentures Application A/c

(ii) On Allotment of Debentures :

Debenture Application A/c Dr.

To Debenture A/c

(B) यदि राशि किश्तों में देनी हो (If the amount is payable in instalments)

(i) On Receipt of Application Money :

Bank A/c Dr.

To Debentures Application A/c

(ii) On Allotment of Debentures :

Debenture Application A/c Dr.

To Debenture A/c

(iii) On Refund of Application money to whom no debentures have been alloted:

Debentures Application A/c Dr.

To Bank A/c

(iv) On transfer of Application money to Allotment A/c to whom less than demanded debentures have been allotted :

Debenture Application A/c Dr.

To Debentures Allotment A/c

(v) Combined entry for entry No. (ii), (iii) and (iv) :

Debenture Application A/c Dr.

To Debentures A/c

To Debentures A/c

To Bank A/c

(vi) Allotment money Due :

Debenture Application A/c Dr.

To Debentures A/c

(vii) On receiving Allotment money :

Bank A/c Dr.

To Debentures Allotment A/c

(viii) First Call Due :

Debenture First Call A/c Dr.

To Debenture A/c

(ix) First Call received :

Bank A/c Dr.

To Debentures First Call A/c

(x) Second Call Due :

Debenture Second Call A/c Dr.

To Debenture A/c

(xi) Second Call Received :

Bank A/c Dr.

To Debentures Second A/c

नोट–(1) अन्य याचनाओं के लेखे भी इसी प्रकार किये जाएँगे।

(2) अन्तिम याचना के साथ प्रायः अन्तिम शब्द (Final) शब्द लगा दिया जाता है। जैसे प्रथम याचना तक समस्त राशि माँग ली जाए तो उसे First and Final Call कहते हैं। इसी प्रकार यदि द्वितीय याचना तक समस्त राशि माँगी जाए तो उसे Second and Final Call कहते हैं।

ऋणपत्रों का प्रीमियम पर निर्गमन
(Issue of Debentures at Premium)

यदि कोई कम्पनी अपने ऋणपत्र अंकित मूल्य से ज्यादा मूल्य पर निर्गमित करती है तो यह कहा जाएगा कि ऋणपत्र प्रीमियम पर निर्गमित किये गये हैं। जैसे माना 100 रु. अंकित मूल्य वाला ऋणपत्र एक कम्पनी 115 रु. में निर्गमित करती है तो 15 रु. प्रीमियम कहलाएगा। प्राप्त प्रीमियम एक पूँजीगत लाभ होता है अतः इसे चिट्ठे के दायित्व पक्ष में 'Reserve and Surplus' के अन्तर्गत दिखाते हैं।

कम्पनी अधिनियम 1956 के ऋणपत्रों से प्राप्त प्रीमियम के प्रयोग के बारे में कोई नियम नहीं दिये गये हैं। परन्तु यह साधारण व्यवसायिक लाभ नहीं है इसलिए यह उचित होगा की प्राप्त प्रीमियम का प्रयोग निम्न को अपलिखित करने में किया जाए। अंशों एवं ऋणपत्रों के निर्गमन पर दी गई कटौती प्रारम्भिक व्यय पूँजीगत हानियाँ, कृत्रिम सम्पत्तियां कमीशन इत्यादि।

ऋणपत्र के अंकित मूल्य को ऋणपत्र खाते में क्रेडिट करते हैं। तथा प्राप्त प्रीमियम को एक अलग खाते Debenture Premium A/c में क्रेडिट करते हैं।

Jounral Entry :

All Amount Due :

Debenture Allotment A/c Dr.

To Debenture A/c

To Premium on Issue of Debenture A/c

ऋणपत्रों का कटौती पर निर्गमन
(Issue of Debenture at Discount)

जब कोई कम्पनी अपने ऋणपत्रों को अंकित मूल्य से कम मूल्य पर निर्गमित करती है तो इसे ऋणपत्रों का कटौती पर निर्गमन कहा जाता है। अन्य किसी सूचना के अभाव में कटौती का लेखा आबंटन के साथ किया जाता है। कम्पनी अधिनियम में अंशों पर दी जाने वाली अधिकतम कटौती की सीमा निश्चित है। परन्तु इसमें ऋणपत्रों पर दी जाने वाली कटौती की कोई अधिकतम सीमा निश्चित नहीं है कम्पनी समस्त अंकित मूल्य के लिए देनदार है इसलिए ऋणपत्रों की पूरी राशि चिट्ठे के दायित्व पक्ष में कटौती की राशि सम्पत्ति पक्ष में विविध व्यय (Miscellaneous Expenditure) शीर्षक के अन्तर्गत दिखाई जाती है। ऋणपत्रों पर दी गई कटौती कम्पनी की पूँजीगत हानि है। इसे बात में पूँजीगत लाभों से या लाभ–हानि खाते से अपलिखित (Write-off) किया जाता है। कम्पनी अधिनियम के अनुसार कटौती की राशि को ऋणपत्रों के शोधन तक अपलिखित करना आवश्यक है।

ऋण की सहायक प्रतिभूति के रूप में ऋण पत्रों का निर्गमन
(Debentures Issued as a Collateral Security for loan)

सहायक प्रतिभूति से अर्थ अतिरिक्त प्रतिभूति से है। जब कम्पनी बैंक से या बीमा कं. से या वित्तीय संस्थाओं से ऋण लेती है तो जमानत के रूप में मूल प्रतिभूति के अतिरिक्त अपने ऋणपत्रों को सहायक प्रतिभूति के रूप में जमा करवा देती है। यदि ऋण लेने वाली कम्पनी ब्याज व मूलधन का भुगतान ठीक प्रकार करती रहेगी तो सहायक प्रतिभूतियों का प्रयोग नहीं किया जाएगा परन्तु भुगतान न करने की स्थिति में या समझौते का पालन न करने की स्थिति में ऋणदाता सहायक प्रतिभूतियों से भी अपनी रकम वसूल कर सकता है। ऋण एवं ब्याज का भुगतान प्राप्त करने के बाद ऋणदाता ऐसे ऋणपत्र वापिस दे देगा जिसे कम्पनी रद्द कर देगी। सहायक प्रतिभूतियों का लेखा निम्नलिखित दो विधियों से किया जा सकता है—

(1) प्रथम विधि (Without recording any entry)—इस विधि में यह माना जाता है कि ऋणपत्रों का वास्तव में निर्गमन नहीं हुआ केवल जमानत के रूप में रखवाये गये हैं। अतः ऋणपत्र निर्गमित करने की कोई प्रविष्टि नहीं की जाती। केवल ऋण लेने

की Entry कर लेते हैं तथा चिट्ठे में ऋण के नीचे नोट के रूप में लिखा जाता है कि इस ऋण की सहायक प्रतिभूति के रूप में कम्पनी ने अपने ऋणपत्र दे रखे हैं।

(a) ऋण लेने पर–

Bank A/c Dr.

To Loan A/c

(b) ऋणपत्र निर्गमित करने पर–

No Entry

(2) द्वितीय विधि (By Passing on Entry)–इस विधि में ऋण लेने की प्रविष्टि के साथ–साथ ऋण पत्रों के सहायक प्रतिभूति के रूप में निर्गमित करने की प्रविष्टि भी की जाती है। ऋणपत्र निर्गमित करने के बदले में बदले में नकद या सम्पत्ति प्राप्त नहीं होती। अतः ऋणपत्रों के निर्गमन की प्रविष्टि में Debenture Suspense A/c की डेबिट तथा Debenture A/c को क्रेडिट किया जाता है। Debenture A/c को चिट्ठे के दायित्व पक्ष में तथा Debenture Suspense A/c को सम्पत्ति पक्ष में लिखा जाता है। जब कम्पनी ऋण वापिस लौटा देगी तो Debenture Suspense A/c को क्रेडिट करके Debenture A/c को डेबिट कर दिया जायेगा।

(a) ऋण लेने पर–

Bank A/c Dr.

To Loan A/c

(b) सहायक प्रतिभूति के रूप में ऋणपत्र निर्गमित करने पर–

Debenture Suspense A/c Dr.

To Debenture A/c

(c) ऋण की रकम वापिस करने पर–

Loan A/c Dr.

To Bank A/c

(d) सहायक प्रतिभूति के रूप में निर्गमित किये गए ऋणपत्र वापिस लेने पर–

Debenture A/c Dr.

To Debenture Suspense A/c

ऋणपत्रों पर कटौती
(Discount on Debentures)

ऋणपत्रों के निर्गमन के समय दी गई कटौती एक पूँजीगत हानि होती है। अतः इसे यथासम्भव जल्दी ही अपलिखित करना आवश्यक है। इसे दो प्रकार से अपलिखित किया जा सकता है।

(1) इसे पूँजी संचय से अपलिखित किया जा सकता है, क्योंकि यह एक पूँजीगत हानि है। कम्पनी अधिनियम इसे अंश प्रीमियम खाते से अपलिखित करने की आज्ञा भी देता है।

(2) ऋणपत्रों की कटौती को एक स्थगित आयगत व्यय भी माना जा सकता है तथा ऋणपत्रों के जीवनकाल में लाभों में से अपलिखित की जा सकती है।

यदि पूँजी संचय न हो तो ऋणपत्रों की कटौती को स्थागित आयगत व्यय माना जायेगा तथा जब तक ऋणपत्रों का भुगतान होता है तब तक हर वर्ष समानता के आधार पर लाभों से अपलिखित किया जाएगा। यह दो प्रकार से हो सकता है।

(1) स्थायी किस्त पद्धति (Fixed Instalment Method)—यदि ऋणपत्रों का शोधन एक निश्चित अवधि के बाद एक बार में होना हो तो कटौती की कुल राशि को उस अवधि से भाग देकर समान किश्त निकाल ली जाती है तथा प्रतिवर्ष वही राशि लाभ–हानि खाते में हस्तान्तरित कर दी जाती है। जैसे माना कटौती की कुल राशि 10,000 रु. है तथा ऋणपत्रों का भुगतान 4 वर्ष बाद होना है तो $\frac{10,000}{4}$ = 2,5000 रु. हर वर्ष लाभ–हानि खाते से अपलिखित किये जाएंगे। इस पद्धति से कटौती की हानि का बोझ हर वर्ष के लाभ–हानि पर समान रूप से पड़ता है, परन्तु यह पद्धति तभी अपनायी जानी चाहिए जब सारे ऋणपत्रों का भुगतान एक साथ एक निश्चित अवधि के बाद करना हो। अन्तिम वर्ष के अन्त में "Discount A/c" का शेष "NIL" हो जायेगा। इसके लिए हर वर्ष के अन्त में सिर्फ एक अतिरिक्त प्रविष्टि की जाती है।

Entry :

Profit and Loss A/c Dr.

To Discount on Debenture A/c

(2) अनुपातिक या अस्थायी किस्त पद्धति (Proportionate or variable instalment method)—यदि ऋणपत्रों का भुगतान किस्तों में किया जाता है तो कटौती की राशि को इस प्रकार अपलिखित करना चाहिए कि जिस वर्ष ज्यादा राशि का प्रयोग किया गया है उस वर्ष लाभ–हानि खाते पर ज्यादा बोझ पड़े अर्थात् कटौती की राशि को घटती हुई किस्त पद्धति से अपलिखित किया जाना चाहिए। अतः इसे कटौती अपलिखित करने की अनुपातिक पद्धति या अस्थायी किस्त पद्धति कहते हैं। इसमें शुरू के वर्षों में लाभ–हानि खाते पर ज्यादा बोझ पड़ता है जो बाद के वर्षों में कम होता जाता है। अपलिखित करने वाली राशि प्रतिवर्ष घटती जाती है।

Illustration 1.

A Company issued 9% Debentures of the face value of Rs. 2,00,000 at a discount of 6%. The debentures were repayable by annual drawings of Rs. 40,000. How would you deal with the discount on debentures? Show the discount account in company's ledger for the duration of debentures.

एक कम्पनी ने 2,00,000 रुपये अंकित मूलय के ऋणपत्र 6% कटौती पर निर्गमित किए। ऋणपत्रों की वापसी प्रत्येक वर्ष के अन्त में 40,000 रु. के वार्षिक आहरण द्वारा होनी है। ऋणपत्रों पर कटौती के लेखे आप कैसे करेंगे? कम्पनी की पुस्तकों में ऋणपत्रों की अवधि तक कटौती खाता बनाइए।

Solution :

Total Discount = Rs 20,00,000 × $\frac{6}{100}$ Rs. 12,000

कुल 12,000 रु. की कटौती को 5 वर्षों तक हर वर्ष के प्रारम्भ में ऋणपत्रों की देय राशि के अनुपात में अपलिखित किया जाना है।

Year	Amount of Debentures Outstanding Rs.	Ratio	Discount to be written off Rs.
Ist year	2,00,000	5	12,000 × $\frac{5}{15}$ = Rs. 4,000
1. अंश पूंजी (Share Capital)—अंश पूंजी के अन्तर्गत अधिकृत पूंजी (Authorised Capital); तथा निर्गमित पूंजी (Issued Capital) प्रर्थित पूंजी (Subscribed Capital); मांगी हुई पूंजी (Called up Capital) तथा दत्त पूंजी (Paid-up Capital); पृथक दिखानी चाहिए। यदि कम्पनी द्वारा पूर्वाधिकार अंश निर्गमित किए गए हैं तो उन्हें भी इसी शीर्ष में अलग से दिखाना चाहिए। अंशों पर यदि कोई अदत्त याचनाएं (Call पद Arrears) हैं तो उन्हें मांगी गई पूंजी में से घटाकर दत्त पूंजी प्राप्त करनी चाहिए। इसके अतिरिक्त कम्पनी द्वारा यदि कुछ अंश जब्त कर लिये गए हैं तो अंश हरण खाते (Forfeited Share Account) के शेष को पूंजी में जोड़कर दिखाना चाहिए। इसकी प्रकार अग्रिम राशि (Call पद Advance) को भी इसी शीर्षक में दिखाना चाहिए।

2. संचय एवं आधिक्य (Reserve and Surplus)—इस शीर्षक में निम्नलिखित पूंजीगत संचयों तथा अवितरित लाभों में से समायोजित संचयों को दिखाया जाता है।

(i) पूंजी संचय (Capital Reserve)

(ii) पूंजी शोधन संचय (Capital Redemption Reserve)

(ii) अंश प्रीमियम (Share Premium)

(iv) अन्य संचय (Other Reserves)

(v) आधिक्य (Surplus)

(vi) सिंकिंग फण्ड (Sinking Premium)

3. सुरक्षित ऋण (Secured Loan)—सुरक्षित ऋण वह होता है। जिसे लेने के लिए कम्पनी ने अपनी किसी सम्पत्ति की प्रतिभूति दी हो। ऋणपत्र प्रायः सुरक्षित होते हैं तथा उनका उनकी सम्पत्तियों पर चल प्रभार (Floating Charge) होता है। अतः उन्हें इसी शीर्ष के अन्तर्गत दिखाना चाहिए। यदि ऋणपत्रों (Debentures) पर ब्याज अदत्त एवं देय (Interest Accured and not due) है उसे ऋण–पत्रों की राशि में जोड़कर दिखाना चाहिए। किन्तु जो ब्याज अदत्त है पर देय नहीं है (Interest accrued and Due) है। उसे ऋण–पत्रों की राशि में जोड़ कर दिखाना चाहिए। किन्तु जो ब्याज अदत्त है पर देय नहीं है (Interest accured but not due) उस सुरक्षित ऋण के अन्तर्गत न दिखा कर चालू दायित्व (Current Liabilities) में दिखाना चाहिए।

4. असुरक्षित ऋण (Unsecured Loan)—असुरक्षित ऋण वह ऋण होता है। जिसे लेने के लिए कम्पनी ने कोई प्रतिभूति न दी हो। असुरक्षित ऋण दो भागों में बांटा जाता है—अल्पकालीन और दीर्घकालीन। एक वर्ष या इससे कम अवधि के ऋण को अल्पकालीन ऋण कहते हैं तथा एक वर्ष से अधिक के ऋण के दीर्घ कालीन ऋण कहते हैं। इन दोनों ऋणों को पथक करके दिखाना चाहिए। यदि असुरक्षित ऋण पर ब्याज अदत्त एवं देय (Interest Accured and Due) है उसे भी इसी शीर्षक इसमें जोड़ कर दिखाना चाहिए।

5. चालू दायित्व एवं आयोजन (Current Liabilities and Provisions)—कम्पनी अधिनियम के अनुसार कम्पनी के चालू दायित्वों एवं आयोजन शीर्षक के भाग–ए में तथा आयोजनों को भाग —बी में पथक–पथक दिखाना चाहिए। चालू दायित्वों तथा आयोजनों को निम्न प्रकार से वर्गीकृत करना चाहिए—

(a) चालू दायित्व (Current Liabilities)

(i) स्वीकृतियां

(ii) विविध लेनदार

(iii) सहायक कम्पनियों से ऋण

(iv) अग्रिम प्राप्त रकमें

(v) संचयों में प्रस्तावित वद्धि (Proposed additions to Reserves)

(vi) अदत्त लाभांश

(vii) अन्य दायित्व

(viii) ब्यजा अदत्त परन्तु देय नहीं

(ix) देय विपत्र

(b) आयोजन (Provisions)

(i) कर के लिए आयोजन

(ii) प्रस्तावित लाभांश

(iii) सम्भाव्य दायित्व के लिए आयोजन

(iv) भविष्य निधि के लिए आयोजन

(v) बीमा पेन्शन तथा कर्मचारियों के लाभार्थ योजनाओं के लिए आयोजन

(vi) अन्य प्रावधान

6. संयोगिक दायित्व (Contigent Liabilities)—संयोगिक दायित्व से दायित्व होते हैं जो चिट्ठे की तिथि तक देय नहीं होते, परन्तु इनके भविष्य में होने की सम्भावना होती है। कम्पनी अधिनियम 1956 के अनुसार सम्भाव्य दायित्वों को चिट्ठे में टिप्पणी के रूप में प्रदर्शित करना सभी कम्पनियों के लिए अनिवार्य है। सम्भाव दायित्व की राशि चिट्ठे के जोड़ में शामिल नहीं की जाती। अतः इस राशि को आन्तरिक खानें में ही दिखा दिया जाता है।

संयोगिक दायित्वों का विवरण निम्न है :

(i) कम्पनी के विरुद्ध दावें जिन्हें कम्पनी द्वारा अभी तक स्वीकार नहीं किया गया है। (Claims against the company not acknowledged as debts.)

(ii) अपूर्ण ठेकों (Uncompleted contracts) की अनुमानित राशि यदि उनके लिए कोई आयोजन नहीं बनाया गया है।

(iii) आंशिक चुकता अंशों पर न मांगी गई राशि (Uncalled liability on party paid shares)

(iv) संचयी पूर्वाधिकार अंशों का पिछले वर्षों का बकाया लाभांश (Arrears of dividend on cumulative preference shares)

(v) ऐसे भुनाए गए बिलों पर दायित्व जिनकी देय तिथि खाते बन्द करने की तिथि से बाद की है। (Liability on Bill Discounted which are payable after the closing of Accounts.)

(vi) कम्पनी द्वारा दी गई गारन्टी के अन्तर्गत दायित्व (Liability under guarantee given by the company.)

(vii) अन्य कोई राशि जिसके लिए कम्पनी सम्भावित देनदार हो सकती है। (Any other amount for which company might be contingently liable.)

II. सम्पत्ति (Assets Side)

1. स्थायी सम्पत्तियां (Fixed Assets)—सभी स्थायी सम्पत्तियों को अलग—अलग दिखाया जाता है। अनेक स्थायी सम्पत्तियां होने पर उनकी एक अनुसूची (Sechedule) बना कर चिट्ठे के साथ संलग्न की जाती है। सभी सम्पत्तियों को प्रारम्भिक लागत पर दिखाते हुए उनमें वर्ष में की गई वद्धि को जोड़कर तथा वर्ष में हुई कमी को घटाकर दिखाया जाता है। इसके बाद वर्ष के अन्त के मूल्य से ह्रास की राशि घटाकर दिखायी जाती है।

2. विनियोग (Investments)—विनियोग को तीन भागों में बांट कर दिखाया जाता है।

(a) सरकारी प्रतिभूतियों में विनियोग (Investment in Govt. Securities)

(b) विभिन्न कम्पनियों के अंशों, ऋण—पत्रों आदि में विनियोग (Investment in shares and Debentures of different companies)

(c) अन्य विनियोग (Other Investments)

3. चालू सम्पत्तियां ऋण तथा अग्रिम (Current Assets, Loans and Advances)—इसके दो भाग किये जाते हैं एक भाग में चालू सम्पत्तियां तथा दूसरे भाग में ऋण तथा अग्रिम (Advance) दी गई राशियां लिखी जाती हैं।

(A) चालू सम्पत्तियां—इसमें Closing Stock, Debtors, Cashin Hand Cash in Hand, Cash at Bank इत्यादि मदें दिखाई जाती हैं। देनदारों (Debtors) के दो भाग किये जाते हैं। (i) छः महीने से अधिक पुराने देनदार (ii) अन्य देनदार। देनदार में से बाद के डूबत ऋण (Further Bad debts) डूबत ऋण के लिए आयोजन (Privision for Bad debts) व देनदारों पर छूट के लिए आयोजन (Provision on discount on Debtors) तीनों को घटा कर दिखाया जाता है।

4. विविध व्यय (Miscellaneous Expenditure)—इसमें ऐसे खर्चों को लिखा जाता है जो अभी अपलिखित किये जाने है। जैसे—प्रारम्भिक व्यय (Preliminary Exp.) अंशों व ऋणपत्रों पर कटोती (Discount on Issue of Share and Debentures) इत्यादि।

कुछ आवश्यक समायोजन
(Some Important Adjustments)

1. ऋण पत्रों का ब्याज (Interest on Debentures)—कम्पनी द्वारा निर्गमित ऋण पत्रों पर दी गई से सम्पूर्ण वर्ष के ब्याज की गणना करके उसकी तुलना तलपट में दिये गये 'ऋणपत्रों के ब्याज' से करनी चाहिए। यदि तलपट में दिया गया ब्याज, गणना किये गये ब्याज से कम हो, तो कमी की राशि को अदत्त ब्याज (Outstanding Interest) माना जाता है। अदत्त ब्याज को एक बार लाभ–हानि खाते के डेबिट पक्ष में और दोबारा दायित्व पक्ष में लिखा जाता है।

2. ऋण पत्रों के निर्गमन पर कटौती एवं खर्चे (Discount and Expenses on Issue of Debentures)—इन्हें सम्पत्ति पक्ष में विविध व्यय (Misc, Expenditure) शीर्षक के अन्तर्गत दिखाया जाता है। यदि प्रश्न में कहा जाय तो इनमें से कुछ राशि अपलिखित (Written-off) की गई है तो अपलिखित की गई राशि को एक बार लाभ–हानि खाते में डेबिट पक्ष में तथा दोबारा चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में कुछ कटौती एवं निर्गमन व्यय में घटा कर दिखाया जाता है।

3. 'सिकिंग फंड' विनियोगों पर ब्याज (Interest on Sinking Fund Investments)—लेखांकन के सिद्धान्तों के अनुसार इसे सीधे 'सिकिंग फंड' में जोड़कर दिखाना चाहिए, परन्तु कानून के अनुसार सभी आय लाभ–हानि खाते में क्रेडिट पक्ष में और दोबारा लाभ–हानि समायोजन खाते के डेबिट पक्ष में लिखा जाता है। उसके बाद चिट्ठा बनाते समय इस ब्याज को दायित्व पक्ष में 'सिंकिंग फंड, में जोड़ कर दिखाया जाता है।

4. संदिग्ध ऋण (Doubtful Debts)—कभी–कभी समायोजन में संदिग्ध ऋण केवल सूचना के लिए दिये होते हैं। अतः जब तक प्रश्न में स्पष्ट रूप से आयोजन (Provision) बनाने को न कहा जाए तक संदिग्ध ऋण (Doubtful Debts) के लिए कोई आयोजन (Provision) नहीं बनाया जाता है।

5. प्रस्तावित लाभांश (Proposed Dividend)—यह मद प्रायः समायोजन में दी जाती है। इसे एक बार लाभ–हानि समायोजन खाते के डेबिट पक्ष में तथा दोबारा दायित्व पक्ष में चालू दायित्व (Current Liabilities) उपशीर्षक के अन्तर्गत दिखाया जाता है।

तलपट में दी गई कुछ मदें
(Some Items Given in Trial Balance)

निम्न मदें यदि तलपट में दी गई हों तो उन्हें इस प्रकार दिखाया जाता है—

मदें (Income Tax)	स्थान (Place) जहाँ दिखायी जायेगी
1. आयकर (Income Tax)	1. Debit sides of Profit & Loss A/c

2. अंश हस्तान्तरण फीस (Share Transfer Fees)	2. Credit side of Profit & Loss A/c
3. प्राप्त लाभांश (Dividend Received)	3. Credit side of P & L A/c
4. अंशधारियों को लाभांश (Dividend to Shareholders)	4. Debit side of P & L Appro.
5. अन्तरिम लाभांश (Interim Dividend)	5. Debit side of P & L Appro.
6. अदत्त व्यय (Outstanding Expenses)	6. Liabilities
7. अंश प्रीमियम (Share Premium)	7. Liabilities
8. आयचित लाभांश (Unclaimed Dividend)	8. Liabilities
9. अग्रिम याचनाएं (Calls-in-Advance)	9. Liabilities
10. पूर्वदत्त व्यय (Prepaid Expenses)	10. Assets
11. अन्तिम स्टॉक (Closing Stock)	11. Assets
12. करों का अग्रिम भुगतान (Advance Payment of Taxes)	12. Assets
13. अदत्त याचनाएं (Calls-in-Arrears)	13. Deduct from Called up Capital on the liabilities side.
14. अंश हरण खाता (Share Forfeiture A/c)	14. Add in Paid-up Capital on the Liabilities side.
15. Depreciation (give on the credit)	15. Debit side of P & L A/c
16. Dejeciation on the credit sids of Trial Balance	16. Deduct from the concerned asset on the Assets side.

Illustration 1

A Company had Rs. 20,53,638 profit on 31st March, 1999 after making provision for depreciation and taxation. Rs. 1,15,643 profit was broughtforward from last year to this year. Following recommendations were made by the directors of the company to appropriate this profit:

(i) To pay Rs. 80,000 as bonus to the employees of the company; (ii) To transfer Rs. 6,15,000 to General Reserve; (iii) To declare dividend @ 5% on equity shares; (iv) To transfer Rs. 40,000 to staff gratuity fund; (v) To transfer Rs. 40,000 to Development Rebate Reserve; (vi) To transfer Rs. 1,00,000 to Deferred Taxation Reserve, Company's capital consisted of 1,00,000 equit. shares of Rs. 10 each full paid. Transfer Rs. 50,000 from exempt profit reserve account to profit and loss appropriation account on 31st March, 1999. For the year ending at 31 st March 1999. For the year ending at 31st March 1999, Directors transferred Rs. 45,000 to dividend reserve and 30,000 to debenture redemption fund account. Prepare Profit and Loss Appropriation Account.

एक कम्पनी को 31 मार्च 1999 को ह्रास व करों आदि की व्यवस्था करने के बाद 20,53,638 रु. का लाभ था। 1,15,643 रु. लाभ की राशि पिछली वर्ष से इस वर्ष लायी गयी थी। कम्पनी के संचालकों ने इस लाभ के समायोजन के लिए निम्नलिखित सिफारिशें कीं—

(i) 80,000 रु. बोनस के रूप में कम्पनी के कर्मचारियों को देना; (ii) सामान्य संचय में 6,15,000 रु. हस्तान्तरित करना। (iii) 5% की दर से समता अंशों पर लाभांश घोषित करना; (iv) 40,000 रु. कर्मचारियों के ग्रेच्युइटी कोष में हस्तान्तरित करना; (v) 40,000 रु. विकास छूट संचय में हस्तान्तरित करना; (vi) 1,00,000 रु. स्थगित कर संचय में हस्तान्तरित करना। कम्पनी की कुल पूंजी में 10 रु. वाले 1,00,000 समता अंश थे जो कि पूर्णदत्त थे। मुक्त लाभ संचय खाता (Exempt Profit Reserve A/c) से 50,000 रु. लाभांश वितरण के उद्देश्य से 31 मार्च, 1999 को लाभ–हानि नियोजन खाते में हस्तान्तरित किए गए।

संचालकों ने 31 मार्च, 1999 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए 45,000 रु. लाभांश संचय में हस्तान्तरित किए और 30,000 रु. ऋणपत्र शोधन कोष में हस्तान्तरित किए गए। उपर्युक्त सूचनाओं के आधार पर लाभ–हानि नियोजन खाता बनाइए।

Solution :

PROFIT AND LOSS APPROPRATION ACCOUNT

Particulars	Amount Rs.	Particulars	Amount Rs.
To Bonus to Employes	80,000	By Balance b/d	1,15,643
To General Reserve	6,15,000	(profit of last year)	
To Proposed Dividend	50,000	By Net Profit (as per current year's	20,53,638
$\left(10,00,000 \times \frac{5}{100}\right)$		P/L A/c)	
		By transfer from Exempt	
To Staff Gratuity Fund	40,000	Profit Reserve A/c	50,000
To Development Rebate Reserve	40,000		
To Deferred Taxation Reserve	1,00,000		
To Dividend Reserve	45,000		
To Debenture Redemption fund	30,000		
To Balance carried to			
Balance sheet	12,19,281		
	22,19,281		22,19,281

Illustration 2

After preparing Profit and Loss A/c for the year 1998, the following balance stood in the books of Rewari Steels Ltd. as on 31 st Dec. 1998.

	Rs.		Rs.
Call in arrear	20,000	Share Capital	20,00,000
Cash at bank	12,20,000	Share Premium A/c	40,000
Motor Vehicles (Cost Rs. 16,00,000)	12,00,000	General Reserve	8,00,000
Furniture(Cost Rs. 20,000)	12,000	Bad Debts Reseve	50,000
Investment	9,00,000	Sunday Creditors	2,94,000
Sunday Debtors (of which Rs. 20,000 is		Profit & Loss A/c (including	4,28,000
doubtful)	2,60,000	Rs. 70,000 being the balance of	
		1997 P & L A/c)	
	36,12,000		36,12,000

Following further informations are available :

(1) The authorised capital of the company is Rs. 25,00,000 in Rs. 100 each.

(2}The Director transfer Rs. 20,00,000 in the General Reserve and recommend a dividend of 10% on the paid up capital for the year 1998.

From the above, prepare in proper form :

(a) Profit and Loss Appropriation A/c for the year 1998.

(b) Companys Balance-Sheet as on 31st Dec., 1998.

वर्ष 1998 का लाभ–हानि खाता तैयार करने के उपरान्त निम्नलिखित शेष रिवाड़ी स्टील्स लिमिटेड की पुस्तकों से 31 दिसम्बर, 1998 को प्राप्त हुए–

	रु.		रु.
अवशिष्ट याचनाएं	20,000	अंश पूंजी	20,00,000
बैंक में जमा	12,20,000	अंश प्रीमियम खाता	40,000
मोटर गाड़ियां (लागत 16,00,000 रु.)	12,00,000	सामान्य संचय	8,00,000
फर्नीचर (लागत 20,000 रु.)	12.000	संदिग्ध ऋण संचय	50,000
		विविध लेनादार	2,94,000
विनियोग	9,00,000	लाभ–हानि खाता	
		(इसमें वर्ष 1997 के लाभ–हानि का शेष	
		70,000 रु. शामिल है)	
विविध देनदार	60,000		4,28,000
(20,000 रु. की इनमें से वसूली संदिग्ध है।)			
	36,12,000		36,12,000

निम्नलिखित अतिरिक्त सूचनायें उपलब्ध हैं–

1. कम्पनी की अधिकृत पूंजी 25,00,000 रु. हैं जो 100 रु. के अंशों में है।

2. संचालकों ने 20,00,000 रु. संचित कोष में हस्तान्तरित करने तथा वर्ष 1998 के लिए चुकता पूंजी पर 10 प्रतिशत लाभांश की अनुशंसा की है।

उपर्युक्त से आप उचित प्रारूप में निम्नलिखित तैयार करो–

(अ) वर्ष 1998 को कम्पनी का आर्थिक चिट्ठा।

(ब) 31 दिसम्बर, 1998 को कम्पनी का आर्थिक चिट्ठा।

Solution :

PROFIT AND LOSS APPROPRIATION A/C

	Rs.		Rs.
To General Reserve	2,00,000	By Balance b/d	
To proposed Dividend	1,98,000	(Profit of last year)	70,000
To Balance carried to Balance Sheet	30,000	By Net Profit (Current year's profit)	
		(Rs. 4,28,000—Rs. 70,000)	3,58,000
	4,28,000		4,28,000

BALANCE SHEET

Liabilities		Amount Rs.	Assets		Amount Rs.
(1) Share Capital:			**(1) Fixed Assets :**		
Authorised :			Motor Vechicles		12,00,000
25,000 Shares of Rs. 100 each		25,000	Furniture		12,000
Issued Subs. and Paid up :			**(2) Investment:**		
20,000 shares of Rs. 100 each Rs.			**(3) Current Assets, Loans**		
	20,00,000		**and Advances:**		
Less Calls in Arrears	20,000	19,80,000	(A) Current Assets :		
			Cash at Bank		12,20,000
(2) Reserve & Surplus:		40,000	Debtors	2,60,000	
Share Premium			*Less* Provision		
General Reserve	8,00,000		for Bad debts	20,000	2,40,000
Add New Reserve	2,00,000	10,00,000			
Bad debts Reserve	50,000				
Less Doubtful	20,000	30,000			
Profit & Loss A/c		30,000			
(3) Secured Loans:		—			
(4) Unsecured Loans:		—			
(5) Current Liabilities & Provisions :					
(A) Current Liabilities :					
Creditors		2,94,000			
(B) Provisions:					
Proposed Dividend		1,98,000			
		35,72,000			35,72,000

Illustration 3

Haryana Iron Ltd. was registered with an authorised capital of Rs. 3,00,000 in equity shares of Rs. 10 each. The following is the list of balance extracted from its book on 31-12-1998.

	Rs.		Rs.
Purchases	9,25,000	General Expenses	84,175
Wages	4,24,325	Stock on 1.1.98	3,75,000
Manufacturing Expenses	65,575	Goodwill	1,00,000
Salaries	70,000	Cash in Hand	28,750
Bad Debts	10,550	Cash at Bank	1,99,500
Directors Fee	31,125	Subscribed and Fully paid capital	20,00,000
Debentures Interest Paid	45,000	Profit & Loss Account (Credit Bal.)	72,500
Preliminary Expenses	25,000	6% Debentures	15,00,000

Calls in Arrear	37,500	Sundry Creditors	2,90,000
Plant and Machinery	15,00,000	Bill Payable	1,67,500
Premises	16,50,000	Sales	20,75,000
Interim Dividend Paid	1,87,500	General Reserve	1,25,000

You are required to prepare Trading and Profit and Loss Account for the year ended 31 st December, 1999 and the balance sheet as at date, after making the following adjustments :

(i) Depreciate Plant and Machinery by 10%

(ii) Provide half years interest on debentures.

(iii) Write off Rs 2,500 from preliminary, expenses.

(iv) Make the provision for bad and doubtful debts Rs. 4,250 on sundry debtors.

(v) Stock on 31st December, 1998 Rs. 4,55,000

हरियाणा आइरन लिमिटेड का पंजीयन 10% रु० वाले 30,00,000 समता अंशों की अधिकृत पूंजी से हुआ। 31.12.1998 को कम्पनी की पुस्तकों में निम्नलिखित शेष लिए गये—

	Rs.		Rs.
क्रय	9,25,000	सामान्य व्यय	84,1754
मजदूरी	4,24,325	स्कन्ध 1.1.1998	3,75,000
निर्माण व्यय वेतन	65,575	ख्याति	1,00,000
अशोध्य ऋण	70,000	हस्तस्थ रोकड़	28,750
निदेशक फीस	10,550	बैंक में रोकड़	1,99,500
ऋण—पत्र ब्याज का भुगतान	31,125	प्रार्थिक एवं प्रदत्त पूंजी	20,00,000
प्रारम्भिक व्यय	45,000	लाभ—हानि खाता (क्रेडिट शेष)	72,500
अवशिष्ट याचना	25,000	6 प्रतिशत ऋण—पत्र	15,00,000
संयन्त्र मशीनरी	37,500	कुल लेनदार	2,90,000
भवन	15,00,000	देय बिल	1,67,500
अन्तरिम लाभांश का भुगतान	16,50,000	बिक्री	20,75,000
फर्नीचर तथा फिक्स्चर्स	1,87,500	सामान्य संचय	1,25,000
कुल लेनदार	35,000		
	4,36,000		

निम्नलिखित समायोजनों को ध्यान रखते हुए 31st दिसम्बर, 1999 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए व्यापार तथा लाभ—हानि खाता तथा उसी तिथि का आर्थिक चिट्ठा बनाइए।

1. संयन्त्र तथा मशीनरी को 10% से हासिल कीजिए।

2. ऋण—पत्रों पर 6 मास का ब्याज लगाइए।

3. 2,500 रु. से प्रारम्भिक व्यय का अपलेखन कीजिए।

4. 31 दिसम्बर, 1998 को सकन्ध का मूल्य 4,55,000 रु. था।

Solution :

		Rs.		Rs.
To Opening Stock		3,75,00	By Sales	20,75,000
To Purchases		9,25,000	By Closing Stock	4,55,000
To wages		4,24,325		
To Manufacturing Expenses		65,575		
To Gross Profit		7,40,100		
		25,30,000		25,30,000
To Salaries		70,000	By Gross Profit	7,40,100
To General Expenses		84,175		
To Directors' Fee	Rs.	31,125		
To Interest on Debentures	45,000			
Add : Outstanding Deb.				
Int. for 6 Months	45,000	90,000		
To Bad Debts		10,550		
To Provision for Doubtful Debts		4,250		
To Preliminary Expenses Written off		2,500		
To Depreciation on plant and Machinery		1,50,000		
To Net Profit		2,97,500		
		7,40,100		7,40,100

PROFIT AND LOSS APPROPRIATION ACCOUNT

For the year ending 31st December 1998

	Rs.		Rs.
To Dividend (Interim)	1,87,500	By Balance b/d	
		(Last year's profit)	72,500
To Balance Carried to Balance Sheet	1,82,500	By Net Profit	
		(Current year's profit)	2,97,500
	3,70,000		3,70,000

BALANCE SHEET OF HARYANA IRON LTD.

as on 31st December, 1998

		Rs.			Rs.
Share Capital:			**Fixed Assets :**		
Authorised :			Goodwill		1,00,000
3,00,000 shares of Rs. 10 each		30,00,000	Premises		16,50,000
Issued and Subscribed					
2,00,000 Shares of Rs. 10 each		20,00,000	Plant & Machinery	15,00,000	
Called up and Paid up	Rs.		*Less* : Depreciation 10%	1,50,000	13,50,000
2,00,000 shares of 10 each	20,00,000		**Furniture and Fixtures :**		35,000
			Current Assets, Loans and Advances :		
Less : Calls in Arrears :	37,500	19,62,500	Stock-in-trade	Rs.	4,55,000
			Sundry debtors	4,36,000	
			Less : Provision for Doubtful		
Reserves and Surplus:			Debts	4,250	4,31,750
General Reserve		1,25,000	Balance at Bank		1,99,500
Profit and Loss Account		1,82,500	Cash in Hand		28,750
Secured Loans:	Rs.		Miscellaneous Exp.	Rs.	
6% Debentures	15,00,000		Preliminary Expenses Rs.	25,000	
Add : Accrued			*Less* : Written-off		
Interest for 6 months	45,000	15,45,000	During the year	2,500	22,500
Current Liabilities and Provisions					
(A) Current Liabilities					
Bills Payable		1,67,500			
Sundry Creditors		2,90,000			
		42,72,500			42,72,500

Illustration 4.

From the following trial balance of Rathi Steels Ltd. as at 31 st Dec, 1997, prepare Profit & Loss A/c relating to 1997 and the Balance sheet as at the end of the year :

राठी स्टील्स लिमिटेड के 31 दिसम्बर, 1997, के निम्न तलपट से, वर्ष 1997 का लाभ–हानि खाता तथा वर्ष के अन्त का चिट्ठा तैयार कीजिए।

	Rs.		Rs.
Stock (1-1-1997)	60,000	Sundry Creditors	45,000
Purchases	3,20,000	Provision for Income-Tax	45,000
Wages	90,000	P & L A/c	38,000
Electric Power	15,000	General Reserve	1,00,000
Manufacturing Expenses	35,000	Share Capital (fully paid) :	
Carriage Outwards	20,000	Equity	3,00,000
Carriage Inwards	10,000	6% Redeemable Preference Shares	2,00,000
Salaries	60,000	6% Debentures	
		(Secured on fixed assets)	2,00,000
Insurance	10,000	Salaries and wages unpaid	25,000
Sundry debtors	90,000	Sales	7,70,000
Bank Balance	6,000	Interest Received on Gevernment	
		Securities (sinking fund)	2,00,000
Sinking Fund Investments (4%		Sinking Fund	90,000
Govt. Securities of Rs, 1,00,000)	90,000		
Debenture Interest	6,000		
Land & Buildings	3,00,000		
Plant & Machinery	4,50,000		
Director's Fees	10,000		
Audit Fees	6,000		
Income Tax Paid	41,000		
Dividend Paid on Pref. Shares	6,000		
Interim Dividend on Equity shares	30,000		
Preliminary Expenses	20,000		
Good will	1,40,000		
	18,15,000		18,15,000

To closing stock on 31st Dec., 1997 was 58,000. There was no further liability for income tax except for 1997 for which a provision of Rs. 50,000 should be made. Depreciation is to be provided @ 2% on Land and Buildings and @ 10% on Plant and Machinery. Write off Rs. 5,000 from Preliminary Expenses. The directors recommend that Rs. 25,000 be transferred to General Reserve and that a final dividend of 10% on Equity Shares be paid Rs. 10,000 have to be added to the sinking Fund besides the interest earned.

31 दिसम्बर 1997 को अन्तिम रहतिया 58,000 रु० था। आयकर के लिए 1997 के अतिरिक्त और कोई दायित्व नहीं था। जिसके लिए 50,000 रु० का आयोजन बनाना है। भूमि तथा भवन पर 2% की दर से तथा प्लांट और मशीनरी पर 10% की दर से ह्रास का प्रावधान करना है। प्रारम्भिक व्यय में से 5,000 रु० अपलिखित करने हैं। संचालकों ने अनुमोदन किया है कि सामान्य संचय में 25,000 रु० हस्तान्तरित किए जाएं तथा समता अंशों पर 10% अन्तिम लाभांश का भुगतान किया जाए। सिंकिंग फण्ड में उपार्जित ब्याज के अतिरिक्त 10,000 रु० बढ़ाने हैं।

Solution :

	Rs.		Rs.
To Opening Stock	60,000	By Sales	7,70,000
To Purchases	3,20,000	By closing Stock	58,000

To Wages		90,000			
To Electric Power		15,000			
To Manufacturing Expenses		35,000			
To Carriage Inwards		10,000			
To Gross Profit		2,98,000			
		8,28,000			8,28,000
To Carriage Out wards		20,000			
To Salaries		60,000	By Gross Profit		2,98,000
To Insurance		10,000			
To Debenture Interest	6,000				
Add : Outstanding Int. On					
Debentures	6,000	12,000	By Int. on Sinking Fund Investment		
				Rs.	
To Director's Fees		10,000		2,000	
To Audit Fees		6,000	*Add* : accrued Intt.		
To Depreciation on:			On. S. F.I.	2,000	4,000
	Rs.				
Land & Buildings 2%	6,000				
Plant & Mach. 10%	45,000	51,000			
To Preliminary Expenses (Written-off)		5,000			
To Taxation Provision		50,000			
To Net Profit		78,000			
		3,02,000			3,02,000

PROFIT AND LOSS APROPRIATION ACCOUNT

For the year ending 31st December, 1997

To Transfer to General Reserve		25,000	Balance b/d (Profit of last year)		38,000
To Transfer to Sinking Funds		14,000	By Profit & Loos A/c		78,000
			(Current year's Profit)		
To Dividend on Pref. shares	Rs.				
Paid	6,000		By Saving in Provision for Income		
Add : Outstanding Divided	6,000	12,000	Tax for last year		
				Rs.	
To Dividend on Equity Shares			Last year's Provision	45,000	
Interim Dividend Paid		30,000	*Less* : Actual Tax Paid for last year		
Proposed Dividend 10%		30,000		41,000	4,000
To Balance carried to Balance Sheet		9,000			
		1,20,000			1,20,000

BALANCE SHEET

as on 31st December, 1997

Liabilities		Amount	Assets		Amount
(1) Share Capital			**(1) Fixed Assets :**		
Authorised :			Goodwill		1,40,000
Preference Shares		....		Rs.	
Equity Shares		....	Land and Building	3,00,000	
			Less : Dep. on L & B.	6,000	2,94,000
Issued Subs. and Paid up				Rs.	
6% Preference Share Capital		2,00,000	Plant and Machinery	4,50,000	
Equity Share Capital		3,00,000	*Less :* Dep. on P & M.	45,000	4,05,000
(2) Reserve and Surplus			**(2) Investments :**		
Sinking Fund	Rs.		Sinking Fund Investment		
Last year's Balance	90,000		(4% Govt. Securities of Rs. 1,00,000)		90,000
Add : Additions during			**(3) Current Assets, Loans and Advances**		
Current year	14,000	1,04,000			
General Reserve :			**(A) Current assets:**		
Last year's Balance	1,00,000		Accrued Interest on sinking Fund		
Add : Additions during			Investment		2,000
Current year	25,000	1,25,000	Closing Stock		58,000
Profit & Loss A/c (Cr.)		9,000	Sundry Debtors		90,000
(3) Secured Loan :			Bank Balance		6,000
	Rs.		**(B) Loans and Advances :**		
6% Debentures	2,00,000				
Add : outstanding Interest					
on Debentures	6,000	2,06,000	**(4) Misc. Expenditure :**		
(4) Unsecured Loans :			Preliminary Expenses :		
(5) Current Liabillties and Provisions :		—		Rs.	
(A) current Liabilities			Last year's Balance	20,000	
Salaries and Wages Unpaid		25,000	*Less* : Written off during		
Sundry Creditors		45,000	Current year	5,000	15,000
(B) Provisions:					
Provision for Income Tax		50,000			
Provision for Dividend on Preference					
Shares		6,000			
Proposed Dividend on Equity Shares		30,000			
6. Contingent Liabilities :		—			
		11,00,000			11,00,000

Working Notes:

1. Calculation of Outstanding Interest on Debentures :

Total Interest Payable on Debentures of Rs. 2,00,000 at 6%	Rs.
$\left(2,00,000 \times \frac{6}{100}\right)$	= 12,000
Less : Debenture Interest Paid	6,000
Outstanding Debenture Interest	6,000

2. Calculation of Accrued Interest on Sinking Fund Investments:

Interest Receiable on the investment of Rs. 1,00,000 at 4%	Rs.
$\left(1,00,000 \times \frac{4}{100}\right)$	= 4,000
Less : Interest on Investment received	= 2,000
Interest accrued but not received	= 2,000

3. Calculation of Profit on Provision for Income Tax:

	Rs.
Last year's Provision for Income Tax	45,000
Less : Income Tax actually paid for last year	41,000

4. Calculation of amount transferred to Sinking Fund:

	Rs.
Interest carned During the year	= 4,000
Add	= 10,000
Transfer to Sinking Fund	= 14,000

5. Calculation of Outstanding on Preference Shares

	Rs.
Dividend on 6% Pref'. Share Capital of Rs. 2,00,000	= 12,000
Less : Dividend paid	= 6,000
Outstanding dividend	6,000

6. कम्पनी ने समता अंशों पर लाभांश घोषित किया है। समता अंशों पर लाभांश देने के लिए पहले पूर्वाधिकार अंशों का लाभांश देना आवश्यक है। अतः यह माना गया है कि पूर्वाधिकार अंशों का लाभांश (12,000 – 6,000) = 6,000 बकाया है।

ASSIGNMENTS

1. काल्पनिक आंकड़ें लेते हुए कम्पनी अधिनियम के अनुसार एक कम्पनी का लाभ तथा हानि समायोजन खाता और चिट्ठा तैयार कीजिए।

   Prepare P & L Appropriation Account and Balance Sheet of a company as per Companies Act taking imaginary figures.

2. State briefly the requirement as to Profit and Loss Account in accordance with Part II of Schedule II of the compantes Act 1956 as amended upto date.

3. अन्तरिम लाभांश क्या है? यह किन दशाओं में दिया जा सकता है? (*Rohilkhand Univ., 1991*)

What is Interim Dividend? Under what conditions it can be given?

4. कम्पनी के चिट्ठे में निम्न मदें किस प्रकार प्रदर्शित की जाएंगी?

(a) अंश पूंजी (b) संयोगिक दायित्व (c) स्थायी सम्पत्तियां।

How the following items will appear in the Balance Sheet of a Company?

(a) Share Capital (b) Contingent Liabilities (c) Fixed Assets.

5. निम्न में से किन्हीं चार पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए—

Write short notes on any four of the following :

(i) Interim Dividend (अन्तरिम लाभांश)

(ii) Final Dividend (अन्तिम लाभांश)

(iii) Reserve & Surplus (संचय एवं आधिक्य)

(iv) Unclaimed Dividend (अयाचित लाभांश)

(v) Prererence Share Dividend (चालू दायित्व एवं आयोजन)

(vi) Current Liabilities and Provisions (चालू दायित्व एवं आयोजन)

6. निम्न में अन्तर स्पष्ट कीजिए—

(i) लाभ—हानि खाता तथा लाभ—हानि समायोजन खाता

(ii) स्थायी सम्पत्तियां एवं चालू सम्पत्तियां

(iii) अधिकृत पूंजी एवं चुकता पूंजी

Distinguish between the following :

(i) Profit & Loss A/c and Profit & Loss Appropriation A/c

(ii) Fixed Assets and Current Assets

(iii) Authorised Capital and Paid-up Capital

QUESTIONS

1. For the year ended December 31,1992, the profit of Karan Limited before charging depreciation on fixed assets and managerial remuneration amounted to Rs. 3,00,000 Depreciation for the year amounted to Rs. 60,000 and a Commision of 10% of the profits (before charging such commission) was payable to the manager.

The paid up capital of the company consisted of Rs.10,00,000 divided into 5,000, 6% preference shares of Rs. 100 each and 50,000 equity shares of 10 each. Interim dividend at Rs. 0.50 per share was paid during the year. There was a credit balance of Rs. 35,000 in the Profit and Loss Account brought from the previous year. The following appropriation were proposed by the board of directiors and subsequently passed at the annual general meeting of the company :

(a) To pay the year's dividend on preference shares.

(b) To pay a final dividend on equity shares at Rs. 0.50 per share to make a total dividend of Re. 1 per share for the year.

(c) To provide for taxation @ 50% of the net profit.

(d) To transfer Rs. 25,000 to the general reserve.

(e) To carry forward the balance.

Show the Profit and Loss Appropriation Account.

Ans. Net Profit Rs. 1,08,000 P/L Appro. A/c Balance Rs. 38,000

31 दिसम्बर 1992 को समाप्त होने वाले वर्ष में कर्ण लिमिटेड को स्थायी सम्पत्तियों पर ह्रास और मैनेजर का कमीशन देने से पूर्व 3,00,000 रु० लाभ हुआ। ह्रास 60,000 रु० है तथा मैनेजर को लाभ का 10% कमीशन दिया जाता है। कम्पनी की चुकता पूंजी 10,00,000 रु० है। जो कि 100 रु० वाले 5000, 6% पूर्वाधिकार अंशों में तथा 10 रु० वाले 50,000 समता अंशों में विभक्त है। वर्ष के दौरान समता अंशों पर 50 पैसे प्रति अंश अन्तरिम लाभांश भुगतान किया गया। गत वर्ष का लाभ 35,000 रु० क्रेडिट शेष था, जो इस वर्ष आगे लाया गया। कम्पनी की वार्षिक साधारण सभा में निम्नलिखित नियोजन के लिए प्रस्ताव पास हुए—

(a) पूर्वाधिकार अंशों पर वर्ष का लाभांश दिया जाए।

(b) समता अंशों पर 50 पैसे प्रति अंश अन्तिम लाभांश दिया जाए जिससे वर्ष के लिए कुल लाभांश 1 रु० प्रति अंश हो जाए।

(c) शुद्ध लाभों के 50% की आय–कर के लिए व्यवस्था करनी हैं।

(d) 25,000 रु० सामान्य संचय में हस्तांतरित करने हैं।

(e) शेष को आगे ले जाना है।

लाभ–हानि नियोजन खाता दिखाइए।

2. Rakesh Limited carried forward balance of Rs. 20,50,000 in the Profit and Loss Account for the year ended on 31 st March, 1996. During the year 1996-97, it made a profit of Rs. 52,40,000 before charging depreciation and manager's commission, Depreciation for the year 1996-97 amounted to Rs. 8,40,000 and a commission of 5% on net profit before charging such commission was to be paid to the manager. It was decided that following decisions be carried out:

(a) Transfer Rs. 12,50,000 to the General Reserve.

(b) Transfer Rs. 5,00,000 to the Dividend Equalisation Reserve.

(c) Pay the year's dividend on Rs. 5,00,000 10% cumulative preference share capital.

(d) Pay 20% dividend on Rs. 60,00,000 equity share capital.

(e) Pay Rs. 1,00,000 dividend to non-cumulative preference shares.

(f) Transfer Rs. 7,50,000 to Debenture Redemption Fund.

Prepare Profit and Loss Appropriation Account showing the above appropriations.

राकेश लिमिटेड की 31 मार्च, 1996 की पुस्तकों में 20,50,000 रु० के लाभ शेष थे जो इस वर्ष आगे लाए गए। 1996-97 वर्ष के दौरान कम्पनी ने ह्रास और मैनेजर की कमीशन देने से पूर्व 52,00,000 रु० लाभ अर्जित किया। 1996-97 वर्ष का ह्रास 8,40,000 रु० है तथा मैनेजर को शुद्ध लाभ (यह कमीशन देने से पूर्व) का 5% कमीशन दिया जाना है। निम्न प्रस्तावों को लेखांकित करने का निश्चय किया गया :

(क) 12,50,000 रु० सामान्य संचय में डालना है।

(ख) 5,00,000 रु० लाभांश समानीकरण संचय में हस्तान्तरित किए जाने हैं।

(ग) कम्पनी के 5,00,000 रु० के संचयी पूर्वाधिकारी अंशों पर 10% लाभांश दिया जाए।

(घ) 60,00,000 रु० की समता अंश पूंजी पर 20% लाभांश दिया जाए।

(ङ) असंचयी पूर्वाधिकारी अंशों पर 1,00,000 रु० लाभांश के दिए जाएं।

(च) 75,00,000 रु० ऋणपत्र शोधन कोष में हस्तान्तरित किए जाएं।

उपरोक्त नियोजनों को नियोजित करते हुए लाभ–हानि नियोजन खाता बनाइए।

Ans. Net profit Rs. 41,80,000 Balance of P/L Appropriation A/c Rs. 23,80,000

3. An unexperienced accountant has prepared the Balance Sheet of Y Limited as at 31st March, 1995 as follows. Redraft the Balance Sheet in the form prescribed by the Indian Companies Act 1956 :

BALANCE SHEET OF Y Limited
as on 31st March, 1995

Liabilities	Rs.	Assets		Rs.
Trade Creditors	80,900	Stock in Hand		3,84,780
Advances from Customers	42,260	Cash in Hand and at Bank		23,540
Share Capital	8,00,000	Investments		20,000
Profit and Loss A/c	45,630	Fixed Assets :	Rs.	
Provision for Taxation	95,000	Freebold Premises	1,50,000	
Proposed Dividend	59,000	Plant and Machinery	4,40,000	5,90,000
Loan to managing director	5,000		Rs.	
General Reserve	75,000	Debtors	2,15,450	
Development Rebate Reserve	30,000	*Less* : Provision for Bad Debts	9,300	2,06,150
Provision for contingencies	23,000	Bills Payable		5,000
Share Premium A/c	22,000	Amount due from agent		51,320
Shares Forfeited A/c	3,000			
	12,80,790			12,80,790

Ans. Total of Balance Sheet Rs. 12,80,790

4. Damrumal Coal Company Ltd. is a company with an authorised capital of Rs. 5,00,000 dividend into 5,000 equity shares of Rs. 100 each on December 31st 1993. 2,500 shares were fully called up. The following are the balances extracted from the leader of the company ason December 31, 1993

	Rs.		Rs.
Stock	50,000	Printing and Stationary	2,400
Sales	4,25,000	Advertising Expenses	14,300
Purchases	3,00,000	Debtors	38,700
Wages (productive)	70,000	Creditors	35,200
Discount allowed	4,200	Plant and Machinery	80,500
Discount received	3,150	Furniture	17,100

Insurance upto 31.3.1994	6,720	Cash at Bank	1,34,700
Salaries	18,500	General Reserve	25,000
Rent	6,000	Loan from Banaging Director	15,700
General Expenses	8,950	Bad Debts	3,200
Profit and Loss Account (Cr. Balance)	6,220	Calls in arrears	5,000

You are required to prepare Trading and Profit and Loss Account for the year ended December 31 st 1993 and the Balance Sheet (in proper form) as on that date the Company. The following further information is given:

(i) Closing Stock, Rs. 91,500;

(ii) Depreciation to be charged on Plant & Machinery and furniture at 15 percent and 10 percent respectively;

(iii) Outstanding Liabilities: Wges, Rs. 5,200; Salaries, Rs. 1,200 and Rent Rs. 600.

डमरूमल कोल कम्पनी लिमिटेड जिसकी अधिकृत पूंजी 31 दिसम्बर, 1993 को 5,00,000 रु० की 100 रु० वाले 5,000 समता अंशों में बंटी है। इसमें 2,500 अंश पर याचना की गई है। 31 दिसम्बर, 1993 को समाप्त होने वाले वर्ष में खातों में निम्नांकित शेष उपलब्ध है :

	रु०		रु०
स्टॉक	50,000	छपाई व स्टेशनरी	2,400
बिक्री	4,25,000	विज्ञापन व्यय	14,300
क्रय	3,00,000	देनदार	38,700
मजदूरी	70,000	लेनदार	35,200
बट्टा दिया	4,200	संयन्त्र व यन्त्र	80,500
बट्टा मिला	3,150	फर्नीचर	17,100
31 मार्च, 1994 तक बीमा प्रीमियम	6,720	रोकड़ बैंक में	1,34,700
वेतन	18,500	सामान्य संचय	25,000
किराया	6,000	प्रबन्ध संचालक का ऋण	15,700
सामान्य व्यय	9,950	डूबत ऋण	3,200
लाभ–हानि खाता (जमा)	6,220	याचना शेष	5,000

आपको 31 दिसम्बर, 1993 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए लाभ–हानि खाता व उचित प्रारूप में चिट्ठा बनाना है। उस तिथि को निम्नांकित अन्य सूचनाएं उपलब्ध हैं :

1. अन्तिम स्कन्ध 91,500 रु०
2. प्लांट व्यय : मशीनरी पर ह्रास 15 प्रतिशत फर्नीचर पर ह्रास 10 प्रतिशत
3. अदत्त व्यय : मजदूरी 5,200 रु०, वेतन 1,200 रु० तथा किराया 600 रु०

Ans. Gross Profit Rs. 91,300; Net Profit 16,275; P/L Appro. Balance Rs. 22,495; Total of Balance Sheet Rs. 3,50,395.

5. The authorised capital of ABC Ltd. is Rs. 7,50,000 consisting of 3,000 6% cumulative preference shares of Rs. 100 each. The following is the trial balance drawn up on 31 December 1987 :—

एo बीo सीo लिo की अधिकृत पूंजी 7,50,000 रु० हैं जिसमें 3,000 6% संचयी पूर्वाधिकार 100 रु० वाले अंश है तथा शेष 100 रु० वाले साधारण अंश हैं। 31 दिसम्बर, 1987 को उसका तलपट निम्न हैं:—

	Rs.
Paid-up Capital (दत्त पूंजी)	
3,000 6% Cumulative preference shares (6% संचयी पूर्वाधिकार अंश)	3,00,000
3,000 equity shares (Rs. 75 per share called up) समता अंश (75 रु० प्रति अंश याचित)	2,25,000
Goodwill (ख्याति)	1,00,000
5% First Mortgage debentures-secured on freehold properties (5% प्रथम बन्धक पत्र–फ्रीहोल्ड सम्पत्ति पर सुरक्षित)	2,10,000
Trade Debtors (व्यापारिक लेनदार)	1,67,500
Trade Creditors (व्यापारिक देनदार)	1,25,520
Freehold Properties at cost (फ्रीहोल्ड सम्पत्तियां लागत पर)	3,90,000
Stocl (रहतिया) on 1st January, 1987 (1 जनवरी 1987 को)	2,41,500
General Reserve (सामान्य संचय)	82,725
Salaries (वेतन)	1,05,500
Profit and Loss Account Cr. (लाभ–हानि खाता–क्रेडिट)	58,500
Provision for Taxation (कर के लिए आयोजन)	8,800
Delivery Expenses (सुपुर्दगी व्यय)	1,00,000
Rent and Rated (किराया एवं कर)	38,000
General Expenses (सामान्य व्यय)	21,250
Furniture at cost (फर्नीचर लागत पर)	75,000
Sales (बिक्री)	9,18,600
Purchases (क्रय)	4,76,500
Bill Receivable (प्राप्य बिल)	6,000
Freight and Carriage (भाड़ा एवं ढुलाई व्यय)	3,750
Investment—600 shares of Rs. 100 each (विनियोग 600 अंश 100 रु० वाले)	60,000
Debenture interest half year June, 1987 (ऋणपत्रों का ब्याज अर्द्धवार्षिक 30 जून 1987 तक)	5,250
Final Dividend for 1986 (अन्तिम लाभांश 1986 वर्ष का)	20,250
Perference dividend half-year to 30th June, 1987 (पूर्वाधिकार लाभांश–अर्द्ध वर्ष 30 जून 1987 तक)	9,000
Balance at Bank (बैंक में शेष)	97,000
Cash in Hand (हस्तगत रोकड़)	14,645
Share forfeited Account (अंश अपहरण खाता)	2,000

Adjustments :

(a) The value of stock on December 31st, 1989 was Rs. 2,15,000

(b) Depreciation on freehold properties is to be provided at % and on furniture 6%.

(c) The direction propose to pay the second half-year's dividend on preference shares and 10% dividend on equity shares, and

(d) Shares were forfeited on non-payment of Rs. 35 per share. You are reuired to prepare final accounts of the company.

समायोजनाएंः—

(अ) 31 दिसम्बर, 1987 को रहतिये का मूल्य 2,15,00 रु० था।

(ब) ह्रास लगाइए फ्रीहोल्ड सम्पत्ति पर तथा फर्नीचर पर 6%।

(स) संचालकों ने प्राथमिक अंशों का शेष आधे वर्ष पर लाभांश तथा साधारण अंशों पर 10% लाभांश देने का निर्णय किया।

(द) अंशों का अपहरण 35 रु० प्रति अंश भुगतान न करने का निर्णय किया गया था।

कम्पनी के अन्तिम खाते बनाइए।

Ans. Gross Profit Rs. 4,11,850. Net Profit Rs. 1,22,350, Balance of P/L Appro. Rs. 1,20,100; Total of Balance Sheet Rs. 11,10,895.

Hint : लाभांश चुकता पूंजी अर्थात् 2,25,000 रु० पर दिया जाएगा।

❒

$2\frac{2}{2}\%$

अध्याय-7

ख्याति का मूल्यांकन

(Valuation of Goodwill)

ख्याति एक ऐसा तत्व है जो कि व्यापार के यश, प्रशंसा, कीर्ति एवं सन्तोषजनक कार्य के आधार पर प्रकट होता है। इस तत्व के द्वारा व्यापारी साधारण लाभ से अधिक लाभ उपार्जित कर लेता है। बहुत से व्यक्ति ख्याति के स्थान पर 'साख' शब्द का भी प्रयोग करते हैं। साख को संस्था की प्रसिद्धि के रूप में परिभाषित किया जाता है।

ख्याति का मूल्यांकन एक दष्टि में :

1. ख्याति की विभिन्न परिभाषाएं
2. ख्याति उपार्जन के कारण
3. ख्याति की अवधारणाएं
4. ख्याति का मूल्यांकन
5. ख्याति के मूल्यांकन पर प्रभाव डालने वाले तत्व
6. ख्याति का स्वभाव
7. ख्याति के लेखाकर्म सम्बन्धी गुण
8. ख्याति के मूल्यांकन की दशाएं
9. ख्याति के मूल्यांकन की आवश्यकता
10. ख्याति के मूल्यांकन की विधियां :
    (i) औसत लाभ विधि
    (ii) अधिलाभ विधि
    (iii) पूंजीकरण विधि
    (iv) वार्षिकी विधि
11. ख्याति की विभिन्न विधियों का तुलनात्मक अध्ययन
12. ख्याति की विभिन्न विधियों का आलोचनात्मक अध्ययन
13. विविध क्रियात्मक उदाहरण

ख्याति की विभिन्न परिभाषाएं
(Various Definitions of Goodwill)

ख्याति के लिए कहा गया है कि इसका वर्णन करना आसान है लेकिन परिभाषा देना कठिन है। फिर भी विभिन्न विद्वानों द्वारा इसको कई प्रकार से परिभाषित किया गया है। इसमें से कुछ परिभाषायें इस प्रकार हैंः—

1. ख्याति वह आकर्षण शक्ति है जो ग्राहक को लाती है।[1]

---

1. "The Attractive force which brings in custom."

2. ख्याति व्यवसाय के अच्छे नाम, प्रतिष्ठा और सम्बन्धों से मिलने वाला लाभ है।[2]

3. ख्याति वह वस्तु है जो पुराने स्थापित व्यवसाय को नये प्रारम्भ हुए व्यवसाय से पथक करती है।[3]

4. ख्याति उन लाभों को मौद्रिक माप है जो एक सफल व्यवसाय के स्वामित्व से सम्बन्ध रखते हैं।[4]

5. ख्याति एक व्यवसाय की अवकल लाभ–क्षमता का पूंजीकृत मूल्य है।[5]

एक लेखपाल के दष्टिकोण से ख्याति का इस रूप में कि यह ग्राहकों को आकर्षित करती है, तब तक कोई महत्व नहीं है जब तक कि इसका कोई विक्रय योग्य मूल्य न हो। एक लेखापाल के दष्टिकोण से ख्याति उसे कहते हैं जो व्यवसाय की प्रतिष्ठा, सम्बन्ध और उसे प्राप्त अन्य लाभों से उत्पन्न होती है जिसके कारण पूंजी का सामान्य अपेक्षित लाभ से अधिक लाभ कमाता है।[6]

आधुनिक समय में ख्याति का अर्थ एक व्यावसायिक उपक्रम की समस्त अनुकूल बातों को दिये गये मूल्य से लगाया जाता है।[7]

अधिक लाभ कमाने की क्षमता ख्याति कहलाती है। ख्याति की विभिन्न परिभाषाएं दी गयी हैं। इनमें से निम्नांकित प्रमुख हैं :

लार्ड मैकनाटन के अनुसार, ''ख्याति का वर्णन करना बहुत आसान है लेकिन इसकी परिभाषा देना बहुत कठिन हैं यह व्यापार के अच्छे नाम, सम्बन्ध व सम्पर्क का लाभ हैं यह एक आकर्षक शक्ति है जो ग्राहकों को लाती है। यह एक ऐसी वस्तु है जो कि पुराने जमे हुए व्यापार को प्रथम बार प्रारम्भ हुए नये व्यापार से भिन्न करती है। यह बहुत से तत्वों से मिलकर बनती हैं इसके स्वरूप विभिन्न व्यापारों में व एक ही व्यापार से विभिन्न होते हैं।''[8]

डिक्सी के अनुसार, ''जब एक व्यक्ति ख्याति के लिए कुछ राशि देता है तो वह राशि इसलिए देता है कि ऐसा करने से वह इतनी अधिक आय प्राप्त करेगा जितनी के वह बिना इसके प्राप्त नहीं कर सकता।''

मोरिसे के अनुसार, ''ख्याति एक फर्म के अनुमानित अधिक उपार्जन का वर्तमान मूल्य है।''[9]

आर. विक्सन के अनुसार, ''ख्याति एक व्यावसायिक उपक्रम से सम्बन्धित सभी अनुकूल गुणों का मूल्य है।''[10]

स्पाइसर और पेगलर के अनुसार, ''लेखापाल के दष्टिकोण से ग्राहकों को आकर्षित करने के भाव में ख्याति का बहुत कम महत्व है जब तक कि इसका बिक्री मूल्य न हो। इसलिए लेखापाल के लिए ख्याति वह तत्व है जो व्यवसाय की प्रतिष्ठा, सम्बन्ध या अन्य लाभों से उत्पन्न होता है और जिसके कारण व्यवसाय में लगी हुई शुद्ध मूर्त सम्पत्तियों का प्रतिनिधि करने वाली पूंजी पर सामान्य अनुमानित लाभों से अधिक लाभ अर्जित किया जाता है।''[11]

जोनसन के अनुसार, ''ख्याति सम्पत्ति या व्यवसाय के मूल्य के उस भाग के लिए एक अमूर्त शब्द है जो सम्पत्तियों या व्यवसाय के ऐसे तत्वों से उत्पन्न नहीं होता है जो प्रत्यक्ष रूप से इनसे सम्बन्धित होते हैं। उदाहरण के लिए, ख्याति व्यवसाय की अच्छी

---

2. "The benefit of a good name, reputation and connection of a business."

3. "The one thing which distinguishes an old-established business from a new business at its first start."

4. "The monetary measurement of the benefits attaching to the ownership of a successful business."

5. "The monetary capitalized value attaching to the differential profit capacity of a business."—Lord Macnaugten in Commissioners of Inland Revenue. —V. Muller.

6. "From the accountant's point of view goodwill in the sense of attracting custom has little significance unless it has a saleable value. To the accountant, therefore, goodwill may be said to be that element arising from the reputation, connection, or other advantages possessed by a business which enables it to earn greater profit than the return normally to be expected on the capital represented by the net tangible assets employed in the business." —Spicer and Pegler

7. "Goodwill is the value of all favourable attributes relating to a business enterprise." —Accountants Handbook by R Wixon.

8. "Goodwill is a thing very easy to describe, very difficult to define. It is the benefit and advantage of the good name, reputation and connection of a business. It is the attractive force which brings in customers. It is the one thing which distinguishes an old established business from a new business at its first start. Goodwill is composed of a variety of elements. It differs in its composition in different trades and different business in the same trade." —Lord Macnaughten

9. "Goodwill is the present value of a firm's anticipated excess earnings." —Morrisy

10. "Goodwill is the value of all favourable attributes relating to a business enterprise." —R. Wison

11. From the accountant's point of view goodwill in the sense of attracting customers has little significance unless it has a saleable value. To the accountant, therefore, goodwill may be said to be that element arising from the reputation, connection or other advantages possessed by a business which enables it to earn greater profit than the return normally to be expected on the capital represented by the net tangible assets employed in the business." —Spicer & Pegler

प्रतिष्ठा से या इस तथ्य से कि यह कुछ विशेष स्थिति के कारण सामान्य लाभ से अधिक लाभ अर्जित करने से उत्पन्न हो सकती है।''[12]

ख्याति उपार्जन के कारण
(Reason for arising Goodwill)

ख्याति उपार्जन के बहुत से कारण है जिनमें निम्नांकित प्रमुख हैं। इनके आधार पर व्यापारी अपने व्यापार का नाम, यश एवं कीर्ति पैदा करता है।

1. व्यापार के स्वामी की ईमानदारी एवं सच्चा व्यवहार तथा अच्छा व्यक्तित्व।
2. ग्राहकों को सर्वोत्तम गुणों वाले माल की उचित मूल्य पर देना।
3. ग्राहकों के साथ सज्जनता का व्यवहार करना तथा उन पर इस प्रकार की छाप डालना कि वे इस व्यापार को अपना ही व्यापार समझें।
4. ग्राहकों को व्यापारिक सौदे के सम्बन्ध में प्रत्येक दष्टिकोण से पूर्ण सन्तोष प्रदान करना।
5. व्यापार की स्थिति अच्छी होना।
6. विशेष प्रकार के ट्रेडमार्क या पेटेण्ट का होना।
7. अच्छा माल, उचित मूल्य एवं ईमानदारी स्वामी के अतिरिक्त व्यवसाय के विक्रेताओं में वे सब गुण होने चाहिए जो कि एक अच्छे विक्रेता से अपेक्षित हैं।

उपर्युक्त वर्णित विवरण ख्याति के निर्धारण में सामान्यतः सहायता करता है परन्तु वास्तव में प्रत्येक व्यवसाय एवं सेवा से सम्बन्धित ख्याति उस व्यवसाय या सेवा से सम्बन्धित विशेष प्रकार की परिस्थितियों पर निर्भर होती है जैसे—एक चार्टर्ड एकाण्टेण्ट की ख्याति मुख्यतः निम्न बातों पर निर्भर हैः (अ) उसकी योग्यता, कार्य की अवधि एवं उसकी अवस्था। (ब) उसके कार्य के क्षेत्र का विस्तार। (स) उसकी शुद्ध आय। (द) उसके नीचे कार्य करने वाले कर्मचारियों की संख्या एवं योग्यता। (च) उसके द्वारा किये गये कार्यों में उसकी सफलता। (छ) उसका स्वभाव आदि।

ख्याति की अवधारणाएं
(Concepts of Goodwill)

ख्याति की निम्नांकित तीन अवधारणाएं ध्यान देने योग्य हैंः

1. **कानूनी अवधारणा (Legal Concept)**—विभिन्न न्यायाधीशों ने ख्याति का सम्बन्ध इस तथ्य से रखा है कि ग्राहक बार–बार व्यवसाय के स्थान पर आयेंगे। इन्होंने ख्याति को ग्राहक ख्याति तक ही सीमित किया है। इनका विचार है कि ख्याति के लिए यह आवश्यक नहीं है कि व्यवसाय में सामान्य लाभ से अधिक लाभ हो। व्यवसाय की प्रतिष्ठा हो चाहे लाभ अधिक हो या न हो ख्याति मानी जायेगी। नोरटन एम. फोर्ड के अनुसार, ''एकाधिकार की दशा में ख्याति की विद्यमानता के प्रमाण के लिए अधिक उपार्जन शक्ति होना आवश्यक नहीं है।''[13]
2. **आर्थिक अवधारणा (Economic Concept)**—अर्थशास्त्री ईडे के विचार में लिखित सम्पत्तियों के अतिरिक्त अन्य अलिखित सम्पत्तियां भी होती हैं जिनके कारण व्यवसाय को साधारण लाभ से अधिक लाभ होता हैं यह अधिक लाभ सभी लिखित एवं अलिखित सम्पत्तियों के सामूहिक योगदान का फल है अतः इन्होंने ख्याति को संगठन का फल माना है।
3. **लेखांकन अवधारणा (Accounting Concept)**—लेखांकन में ख्याति की प्रकृति, स्वरूप एवं विचार को महत्व नहीं वरन् इसकी विद्यमानता एवं मूल्य को है। यदि व्यवसाय को बेचने पर अधिक मूल्य प्राप्त हो और व्यवसाय में साधारण लाभ से अधिक लाभ हो रहे हैं तो इसे लेखांकन की दष्टि से ख्याति माना जाता है।

---

12. "Goodwill is a nebulous term for that part of the value of an asset or business arising from factor not directly associated with the assets or business as such. For instance, goodwill may arise from the good reputation of the business or the fact that is making profits above the average due to some particular advantage." —Johnson

13. "In the case of monopoly excess earning power is not necessary evidence of the existence of goodwill". —Norton M. Bredfond.

लेखापालकों की दष्टि से जब तक ख्याति का कोई विक्रय मूल्य न हो तब तक ख्याति का कोई महत्व नहीं है जैसे एक डाक्टर ने अपना कार्य एक निश्चित स्थान पर करने का निश्चय किया। उसने व्यक्तिगत व्यवहार, योग्यता एवं लगन के कारण उस क्षेत्र में काफी नाम कमाया और उसकी दुकान की सारे क्षेत्र में ख्याति स्थापित हो गयी। अब यदि वह डाक्टर उस दुकान को बेचना चाहे तो उसे ख्याति का मूल्य शायद ही मिलेगा। यहां पर दुकान की ख्याति उसकी व्यक्तिगत योग्यता के कारण है। यह व्यक्तिगत योग्यता दूसरे को हस्तांतरित नहीं की जा सकती। अतः इसकी कोई भी ख्याति नहीं हैं ख्याति का आशय उस लाभ के मूल्य से है जिसे भविष्य में उसी प्रकार के व्यवसायों के साधारण लाभ के अतिरिक्त प्राप्त किये जाने की संभावना हो।

4. **ख्याति का मूल्यांकन (Valuation of Goodwill)**—लेखाकर्म में ख्याति का महत्व तभी है जबकि ख्याति का कोई मूल्य हो। जब एक ख्याति के लिए कोई राशि न दी जाती है और न ली जाती है तब तक इसका लेखा हो ही नहीं सकता है क्योंकि लेखाकर्म में लेखे तभी होंगे जबकि कोई सौदा हो। ख्याति का मूल्य निर्धारित होने पर ही इसके सम्बन्ध में लेखे किये जा सकते हैं।

   जब कभी व्यवसाय को क्रय करते समय सम्पत्तियों के मूल्य के अतिरिक्त कुछ और राशि देनी पड़ती है तो इस अधिक राशि को ख्याति का मूल्य माना जाता है। जिस राशि के उपलक्ष्य में कुछ भी प्राप्त न हो फिर भी क्रेता सहर्ष उसे देने के लिए तैयार हो तो इससे यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि वह इस राशि को इसलिए देना चाहता है कि भविष्य में उसे साधारण लाभों से अधिक लाभ प्राप्त होने की आशा हैं इसी लाभ के सहारे वह ख्याति का मूल्यांकन करता है। विक्रेता यह अनुमान लगाता है कि व्यवसाय को बेचने से भविष्य में न प्राप्त होने वाले लाभ से उसे कितनी क्षति होगी तथा व्यवसाय को बेचने से मिलने वाली राशि का प्रयोग अन्य लाभ से करने से उसे क्या लाभ होगा। इस तथ्यों को ध्यान में रखकर वह ख्याति का मूल्य निर्धारित करता है। क्रेता व्यवसाय की शुद्ध सम्पत्तियों का मूल्य ज्ञात करने के बाद यह अनुमान लगाता है कि भविष्य में उसे कितना अतिरिक्त लाभ प्राप्त होगा और इसके लिए जो अतिरिक्त मूल्य उससे मांगा जा रहा है वह कहां तक उचित है। यदि वह समझता है कि जो मूल्य ख्याति के लिए वह इस समय दे रहा है उसकी उपयोगिता उस समय उसके लिए उस लाभ से कम है जो उसे व्यापार के क्रय करने से प्राप्त होगा जो वह ख्याति की राशि को देने के लिए तैयार हो जाता है।

5. **ख्याति के मूल्य को प्रभावित करने वाले कारक (Factors affecting the value of Goodwill)**—ख्याति के मूल्य को प्रभावित करने वाले कारकों का अध्ययन करने के लिए उनको निम्नांकित पांच वर्गों में विभक्त किया जा सकता है :
   - (i) व्यापारिक कारक (Commercial factors);
   - (ii) औद्योगिक कारक (Industrial factors);
   - (iii) वित्तीय कारक (Financial factors);
   - (iv) सार्वजनिक कारक (Public factors);
   - (v) राजनीतिक कारक (Political factors);

व्यापारिक कारकों के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न उप–कारक निम्नलिखित हो सकते हैं:—

1. **व्यापारिक कारक (Commercial Factors)**—व्यवसाय की सम्पूर्ण ख्याति के कई अंग हो सकते हैं और प्रत्येक अंग के नाम से भी ख्याति को जाना जा सकता है। इनमें एक अंग के कारण ख्याति को व्यापारिक ख्याति (Commercial Goodwill) भी कहते हैं। इसको प्रभावित करने वाले निम्नलिखित कारक हो सकते हैं :—
   - (i) **व्यवसाय का स्वभाव**—यदि व्यवसाय एकाधिकार स्वभाव का है, अथवा उसमें जोखिम कम है तो ख्याति का मूल्य अधिक होगा।
   - (ii) **व्यवसाय की आयु**—यदि व्यवसाय पुराना है तो नये व्यवसाय की अपेक्षा ख्याति अधिक होगी।
   - (iii) **ग्राहकों का रुख**—यदि व्यवसाय के प्रति ग्राहकों का रुख अनुकूल है तो ख्याति का मूल्य अधिक होगा।
   - (iv) **उत्पाद का स्वभाव**—यदि उत्पाद का स्वभाव अच्छा है तथा इसकी किस्त बनाये रखने का प्रयास किया जा रहा है तो ख्याति का मूल्य अधिक होगा।

(v) **व्यवसाय का स्थान**—यदि व्यवसाय का स्थान उपयुक्त है तथा वातावरण अनुकूल है तो ख्याति का मूल्य अधिक होगा।

(vi) **अनुकूल प्रसंविदे**—यदि व्यवसाय ने जो प्रसंविदे कर रखे हैं, वे अनुकूल हैं, तो ख्याति का मूल्य बढ़ जायेगा।

(vii) **एकस्व आदि**—यदि व्यवसाय के पास प्रसिद्ध एकस्व, ट्रेड–मार्क अथवा अच्छा व्यापारिक नाम है तो ख्याति का मूल्य अधिक होगा।

(viii) **विज्ञापन आन्दोलन**—निरन्तर विज्ञापन आन्दोलन करके भी ख्याति का मूल्य बढ़ाया जा सकता है।

(ix) **प्रबन्ध की कुशलता**—यदि व्यवसाय का प्रबन्ध कुशल व्यक्तियों द्वारा किया जाता है तो उसकी ख्याति अधिक होगी।

(x) **लाभार्जनक्षमता**—यदि व्यवसाय की लाभार्जनक्षमता अधिक है तो उसकी ख्याति का मूल्य भी अधिक होगा।

2. **औद्योगिक कारक (Industrial Factors)**—व्यवसाय की ख्याति का एक अंग औद्योगिक ख्याति (Industrial Goodwill) हो सकती है। इसको प्रभावित करने वाले निम्नलिखित कारक हो सकते हैं—

(i) **कर्मचारी सम्बन्ध**—यदि उद्योग में प्रबन्ध और कर्मचारियों के मध्य मधुर सम्बन्ध हैं तो ख्याति का मूल्य बढ़ जायेगा।

(ii) **नये उद्योगों का जन्म**—यदि व्यवसाय से प्रतिस्पर्धा करने वाले उद्योगों ने जन्म ले लिया है तो ख्याति का मूल्य घट जावेगा और यदि रद्दी (Scrap) के उपयोग के लिए उद्योगों की स्थापना हो रही है तो ख्याति का मूल्य बढ़ जावेगा।

(iii) **उत्पाद का वैकल्पिक उपयोग**—यदि उत्पाद के कई वैकल्पिक उपयोग निकल आये हैं तो ख्याति का मूल्य बढ़ जावेगा।

(iv) **औद्योगिक शान्ति**—यदि देश में औद्योगिक शान्ति है तो ख्याति का मूल्य बढ़ जावेगा।

3. **वित्तीय कारक (Financial Factors)**—व्यवसाय की ख्याति का एक अंग वित्तीय ख्याति (Financial Goodwill) हो सकती है। इसको प्रभावित करने वाले निम्नलिखित कारक हो सकते हैं—

(i) **साख संस्थाओं का रुख**—यदि साख संस्थाओं का रुख अनुकूल है तो ख्याति का मूल्य बढ़ जायेगा।

(ii) **विनियोजक का रुख**—यदि विनियोजकों तथा व्यापारिक लेनदारों का रुख अनुकूल हैं तो ख्याति का मूल्य बढ़ जावेगा।

(iii) **आवश्यक पूंजी**—यदि व्यवसाय को प्रारम्भ करने के लिए कम पूंजी चाहिए तो उसे आसानी से हटाया जा सकता है। अतः व्यवसाय की ख्याति का मूल्य बढ़ जायेगा।

(iv) **मुद्रा बाजार**—मुद्रा बाजार की परिस्थितियां व्यवसाय के अनुकूल हैं तो ऐसे व्यवसाय की ख्याति का मूल्य अधिक होगा।

4. **सार्वजनिक कारक (Public Factors)**—ख्याति का एक अंग सार्वजनिक ख्याति (Public Goodwill) होती है। यह इस बात पर निर्भर करती है कि जनता में उस व्यवसाय के लिए प्रतिष्ठा कैसी है तथा उसके प्रति जनता का रुख कैसा है।

5. **राजनीतिक कारक (Political Factors)**—ख्याति का एक अंग राजनीतिक ख्याति (Political Goodwill) हो सकती है। इसको प्रभावित करने वाले कारक अग्रलिखित हो सकते हैं—

(i) **शासन करने वाला दल**—यदि शासन करने वाले दल की नीतियां व्यवसाय के अनुकूल हैं तो ख्याति का मूल्य बढ़ जावेगा।

(ii) **कानूनी प्रतिबन्ध**—यदि व्यवसाय पर कानूनी प्रतिबन्ध हैं तो ख्याति का मूल्य अधिक होगा।

(iii) **राजनैतिक शान्ति**—यदि देश में राजनैतिक शान्ति है तो ख्याति का मूल्य बढ़ जावेगा।

(iv) **आयात-निर्यात नीति**—आयात–निर्यात नीति के व्यवसाय के अनुकूल होने पर ख्याति का मूल्य बढ़ जावेगा।

(v) **कर नीति**—यदि इस व्यवसाय पर लागू होने वाली कर सम्बन्धी नीति आसान व उदार होगी तो ख्याति का मूल्य बढ़ जावेगा।

6. **ख्याति का स्वभाव (Nature of Goodwill)**—ख्याति के स्वभाव के सम्बन्ध में निम्न सूचनाएं उल्लेखनीय हैं। ये सूचनाएं ख्याति के मूल्यांकन में एक बहुत बड़ी सीमा तक सहायता पहुंचती हैंः

(i) **बिल्ली के स्वभाव की ख्याति (Cat Goodwill)**—बिल्ली का स्वभाव अपने स्थान पर रहने का होता है। वह अपने रहने की जगह को बदला नहीं करती है। हो सकता है कि उसका मालिक उस घर से चला जाए पर बिल्ली वहां से नहीं जायेगी। अतः यह कहा जा सकता है कि बिल्ली का प्रेम व्यक्ति की तुलना में स्थान से अधिक होता है। कुछ व्यवसायों की ख्याति बिल्ली के स्वभाव की होती है अर्थात् उस व्यापार के स्वामियों के बदलने के साथ ख्याति समाप्त नहीं होती। ख्याति का सम्बन्ध स्थान विशेष से है, व्यापार के मालिकों से नहीं आवेगी। इस ख्याति में स्थायित्व होता है अतः इसका मूल्य सबसे अधिक होता हैं प्रत्येक क्रेता ऐसे व्यापार को क्रय करना चाहता है जिसमें सदैव रहने वाली ख्याति हो और जिस पर मालिक और नौकरों के परिवर्तन का कोई प्रभाव नहीं पड़ता हो। बिल्ली के स्वभाव वाली ख्याति इस दष्टिकोण को पूरा करती है।

(ii) **कुत्ते के स्वभाव की ख्याति (Dog Goodwill)**—कुत्ते का लगाव मालिक से अधिक और स्थान से कम होता है। यह अपने मालिक की रक्षा के लिए अपनी जान की भी बाजी लगा देता है। जहां–जहां मालिक जाता है वह उसी के साथ चाहता है। उसका स्थान विशेष से प्रेम नहीं होता है। वह एक स्वामिभक्त जानवर कहा जाता हैं इसी प्रकार कुछ व्यापार में ख्याति ऐसी होती है कि जब तक एक निश्चित मालिक उस व्यापार में रहेगा तब तक उसमें ख्याति रहेगी और जब मालिक उस व्यापार को छोड़ देगा तो ख्याति भी मालिक के साथ चली जायेगी अर्थात् खाति मालिक के साथ–साथ चलती हैं ऐसी ख्याति को कुत्ते के स्वभाव वाली ख्याति कहा जाता है और उसका मूल्य बहुत कम होता है।

(iii) **चूहे के स्वभाव वाली ख्याति (Rat Goodwill)**—चूहें का स्वभाव होता है कि वह किसी स्थान पर न रहकर इधर–उधर भागता फिरता है। इसी प्रकार कुछ व्यवसायों की ख्याति स्थायी रूप से स्थिर नहीं रहती है और समय–समय पर स्थान परिवर्तन होता रहता है। इसीलिए इस प्रकार की ख्याति का कोई मूल्य नहीं होता।

7. **ख्याति लेखाकर्म सम्बन्धी गुण (Accounting Characteristics of Goodwill)**

(i) **सम्पत्ति (Asset)**—ह्रास एक सम्पत्ति की तरह माना जाता है और इसके लिए किया गया भुगतान पूंजी मद है। इसे चिट्ठे में सम्पत्ति की ओर लिखा जाता है। कम्पनी अधिनियम, 1958 की अनुसूची 6 के अनुसार चिट्ठे में स्थायी सम्पत्तियों वाले शीर्षक में इसका प्रथम स्थान है। क्योंकि यह वास्तव में दीर्घकालीन स्वभाव की है।

(ii) **ह्रास (Depreciation)**—अन्य स्थायी सम्पत्तियों की भांति इस पर ह्रास का प्रबन्ध नहीं किया जाता है अधिकतर लोग इसे 'अमूर्त पूंजी सम्पत्ति' मानते हैं लेकिन यह कृत्रिम सम्पत्ति नहीं है।

(iii) **उच्चावचन (Fluctuation)**—लाभों में कमी होने पर ख्याति का मूल्य गिरता है तथा बढ़ोतरी होने पर इनका मूल्य बढ़ता है। इस उच्चावचन की प्रवत्ति का लेखा नहीं किया जाता है।

(iv) **विकास लागत (Development Cost)**—कुछ व्यक्ति एवं संस्थाएं विज्ञापन द्वारा या अन्य प्रकार से व्यय कर ख्याति बढ़ाने का प्रयत्न करते हैं। इस प्रकार के व्ययों को ख्याति के विकास की लागत माना जाता है। इन व्ययों से ख्याति की राशि में वद्धि नहीं की जाती है वरन् लेखांकन की दष्टि से इन व्ययों को स्थगित आयगत व्यय की तरह माना जाता है।

(v) **क्रय मूल्य (Purchase Price)**—लेखाकर्म की पुस्तकों में वर्ष–प्रतिवर्ष इसे क्रय मूल्य पर ही दिखाया जाता हैं इसे क्रय मूल्य से अधिक पर कभी नहीं दिखाया जा सकता है।

(vi) **अपलेखन (Writing off)**—सभी अच्छे व्यवसायी जहां तक सम्भव होता है ख्याति को सम्पत्ति की ओर अधिक वर्षों तक नहीं रखते हैं वरन् इसे लाभों में अपलिखित कर देते हैं। जो फर्म या कम्पनी ख्याति की राशि अपलिखित नहीं कर पाती है वह अच्छी नहीं मानी जाती हैं इसका प्रमुख कारण निम्नलिखित हैं:

माना कि 'अ' ने एक व्यवसाय का 50,000 रु. में क्रय किया। इस व्यवसाय की कुल सम्पत्तियां 60,000 रु. की है तथा बाहरी दायित्व 20,000 रु. के हैं। अतः इसकी शुद्ध सम्पत्तियां 40.000 रु. हुई, पर क्रेता को 50,000 रु. देने पड़ रहे हैं, इससे स्पष्ट है कि 10,000 रु. का अतिरिक्त भुगतान किसी ऐसे तत्त्व का भुगतान है जिसके बदले में क्रेता को प्रत्यक्ष रूप में कुछ भी प्राप्त नहीं होता है। इसी 'न कुछ' के लिए गया भुगतान ख्याति है। (Goodwill is payment for nothing)। इस 10,000 रु. के व्यय को ख्याति की संज्ञा दी जाती है। क्रेता यह समझता है कि आगे आने वाले कुछ वर्षों में यह 10,000 रु. की राशि कम्पनी के अतिरिक्त लाभों से वसूल कर लेगा इसलिए वह इसका भुगतान करता हैं अतः इन्हीं कुछ वर्षों में वह इसे अतिरिक्त लाभों से अपलिखित करता है।

7. **सम्पत्ति की ओर ख्याति की उपस्थिति प्रगति का द्योतक न होना (Presence of Goodwill in Asset not a sign of Prosperity)**—जिस कम्पनी के चिट्ठे में सम्पत्ति की ओर ख्याति की राशि लिखी हुई हो उसे लाभदायक कम्पनी साधारणतया नहीं समझा जाता है, क्योंकि विश्लेषण करने वाला यह समझता है कि यदि इस कम्पनी के लाभ अच्छे होते तो इनसे ख्याति का अपलेखन कर लिया होता।

8. **मौन सम्पत्ति के रूप में (In the shape of Silent Asset)**—जिन व्यवसायों में सामान्य लाभ से अधिक लाभ होता है वहां 'ख्याति' मौन रूप में विराजमान रहती है।

9. **लाभ के रूप में (In the shape of Profit)**—जिस कम्पनी में असाधारण लाभ होते हैं उसमें अतिरिक्त लाभ 'ख्याति' को प्रकट करते हैं। यह कहना अनुचित नहीं है कि ख्याति सम्पत्ति के स्थान पर कम्पनी के अतिरिक्त 'लाभ' को प्रकट करती है। यही अतिरिक्त लाभ सम्पत्ति का मूल्यांकन है। अतः ख्याति चिट्ठे के बदले 'लाभालाभ खाते' द्वारा प्रकट होती है।

10. **असाधारण व्यय के रूप में (In the shape of extraordinary expenses)**—एक नये व्यवसाय के या विद्यमान व्यवसायों के लाभों के अत्यधिक बढ़ाने के लिए विज्ञापन आदि पर ऐसे असाधारण व्यय किये जाते हैं जिनसे व्यवसाय में, उसी प्रकार का व्यवसाय करने वाले की तुलना में अत्यधिक अतिरिक्त लाभ मिलने की आशा होती है तो इन असाधारण व्ययों को ख्याति का व्यय कुछ व्यक्तियों द्वारा माना जाता है इनसे कम्पनी की ख्याति बढ़ने की सम्भावना रहती है।

11. **व्यवसाय की बिक्री (Sale of Business)**—ख्याति का वास्तविक मूल्य व्यवसाय की बिक्री पर ही प्राप्त होता है अतः यह कहना अनुचित न होगा कि ख्याति के क्रय एवं विक्रय मूल्यों का लेखा ही ख्याति मूल्य का वास्तविक लेखा है और जितने भी ख्याति के मूल्यांकन हैं व सब अनुमानित मूल्य प्रकट करते हैं। लेखाकर्म में सौदों का ही लेखा होता है। जब सौदा ही न होगा तो लेखे का प्रश्न ही नहीं उठता है। इससे स्पष्ट है कि वास्तव में ख्याति का लेखा इसके क्रय या विक्रय पर ही किया जाता है।

ख्याति के मूल्यांकन की दशाएं
(Circumstances for Valuation of Goodwill)

निम्नांकित दशाओं में ख्याति का मूल्यांकन किया जा सकता है :

(अ) एक कम्पनी की दशा में

(In the case of a Company)

(1) जब दो कम्पनियों का एकीकरण हो। (2) जब एक कम्पनी दूसरी कम्पनी का संविलयन करे। (3) जब अंशों का मूल्यांकन करारोपण के उद्देश्य से किया जाये और स्कन्ध विपणि के द्वारा अंशों का मूल्य उपलब्ध न हो। (4) जब कम्पनी ने पहले ख्याति को अपलिखित कर दिया है और जब लाभ–हानि खाते की डेबिट बाकी को कम करने के लिए ख्याति का फिर से बनाया जाना आवश्यक हो। (5) कम्पनी की बिक्री पर। (6) कम्पनी पर नियन्त्रण करने के लिए कम्पनी के अधिक अंश क्रय करने पर। (7) अन्य दशाओं में अंशों के क्रय करने पर।

(ब) एक साझेदारी संस्था की दशा में

(In the case of Partnership Firm)

(1) साझेदार के प्रवेश पर। (2) साझेदार के अवकाश ग्रहण करने पर। (3) साझेदार की मत्यु पर। (4) साझेदार के लाभ अनुपात में परिवर्तन होने पर। (5) साझेदारी व्यवसाय की बिक्री पर। (6) साझेदारी को कम्पनी में परिवर्तित करने पर। (7) साझेदारी संस्थाओं के एकीकरण पर।

(स) अन्य दशाओं में

(In Other Cases)

(1) व्यापारी की मत्यु पर सम्पत्ति कर लगने पर। (2) किसी व्यापार को सरकार द्वारा अनिवार्य योजना के अन्तर्गत लेने पर। (3) एक व्यवसाय की बिक्री होने पर। (4) व्यवसाय के पुर्नसंगठित होने पर। (5) एकाकी व्यापारी द्वारा किसी अन्य व्यक्ति को साझेदार बनाने पर।

ख्याति के मूल्यांकन की आवश्यकता
(Need for Valuation of Goodwill)

ख्याति के मूल्यांकन की आवश्यकता व्यावसायिक संगठन के स्वभाव पर निर्भर करती है। इस संदर्भ में यहां व्यवसाय के केवल तीन प्रकार के संगठनों का ही अध्ययन किया जा रहा है जो सर्वाधिक प्रचलित हैं। इनके नाम हैं। एकाकी व्यापारी, साझेदारी फर्म तथा कम्पनी।

एकाकी व्यापार में आवश्यकता

एकाकी व्यापार में ख्याति के मूल्यांकन की आवश्यकता निम्नलिखित परिस्थितियों में पड़ती हैं—

1. जब व्यवसाय को बेचा जा रहा हो,
2. जब व्यवसाय में किसी साझी को सम्मिलित किया जा रहा हो,
3. जब एकाकी व्यवसाय का किसी अन्य व्यवसाय के साथ एकीकरण हो रहा हो,
4. जब एकाकी व्यवसाय के किसी भाग को बेचा जा रहा हो,
5. व्यापारी की मत्यु पर सम्पदा कर के लिए;
6. सरकारी अथवा अर्द्ध सरकारी संस्था द्वारा व्यवसाय को अनिवार्य रूप से खरीदने पर, आदि।

साझेदारी फर्म में आवश्यकता

एक साझेदारी फर्म में ख्याति के मूल्यांकन की आवश्यकता निम्नलिखित परिस्थितियों में पड़ सकती है—

1. किसी नये साझी के प्रवेश पर;
2. किसी विद्यमान साझी के अवकाश ग्रहण करने पर;
3. किसी साझी की मत्यु पर;
4. किसी एक साझी के जाने और दूसरे साझी के आने पर;
5. फर्म के व्यवसाय को पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से बेचने पर;
6. फर्म का एक कम्पनी में परिवर्तन करने पर;
7. एक से अधिक फर्मों का एकीकरण करने पर आदि।

कम्पनी में आवश्यकता

एक कम्पनी के सम्बन्ध में ख्याति के मूल्यांकन की आवश्यकता निम्नलिखित परिस्थितियों में पड़ सकती हैः

1. जब किसी कम्पनी का व्यवसाय क्रय किया जा रहा हो;
2. जब किसी कम्पनी का व्यवसाय बेचा जा रहा हो;

3. जब दो या अधिक कम्पनियां आपस में मिलती हों;
4. जब प्रारम्भिक ख्याति की राशि को अपलिखित कर दिया गया हो और अब उसे पुनः उचित मूल्य पर पुस्तकों में लाया जा रहा हो;
5. जबकि अंशों का किसी विशेष उद्देश्य के लिए मूल्यांकन किया जा रहा हो;
6. यदि किसी कम्पनी के अंशों को उस पर नियन्त्रण स्थापित करने के उद्देश्य हेतु बड़ी संख्या में खरीदा जावे या बेचा जाये;
7. किसी सरकारी अथवा अर्द्धसरकारी संस्थान द्वारा अनिवार्य रूप से कम्पनी का व्यवसाय क्रय किया जाये; आदि।

ख्याति के मूल्यांकन की विधियाँ
(Methods of Valuation of Goodwill)

किसी भी व्यवसाय की साधारण लाभ से अधिक कमाने की क्षमता ख्याति कहलाती है। इसलिए ख्याति का मूल्यांकन व्यवसाय की लाभ उपर्जित करने की क्षमता पर ही निर्भर करता है। व्यवसाय का कोई भी क्रेता सम्पत्तियों के मूल्य के अतिरिक्त विक्रेता को कुछ और राशि सहर्ष इसलिए देने को तैयार हो जाता है क्योंकि भविष्य में उसे साधारण लाभों से अधिक लाभ प्राप्त होने की आशा है। इसी आधार पर क्रेता ख्याति का मूल्यांकन करता है और विक्रेता भी व्यवसाय के बेचने से प्राप्त न होने वाले लाभों को आधार मान कर ख्याति का मूल्य निर्धारित करता है। इस प्रकार यह सुनिश्चित एवं स्पष्ट है कि क्रेता एवं विक्रेता दोनों की भविष्य के लाभों को ख्याति के मूल्यांकन का आधार बनाते हैं। इसलिए ख्याति का मूल्यांकन करने की विभिन्न विधियाँ भी व्यवसाय द्वारा अर्जित लाभों पर आधारित हैं। ख्याति के मूल्यांकनप की महत्त्वपूर्ण एवं प्रचलित विधियाँ निम्न प्रकार से हैं।

Methods of Valuing Goodwill

1. औसत लाभ विधि अथवा साधारण लाभ विधि (Average Profit Method)
2. अधि लाभ विधि (Super Profit Method)
3. पूंजीकरण विधि (Capitalisation Method)
4. वार्षिकी पद्धति (Annuity Method)
5. क्रय प्रतिफल पद्धति (Purchase Consideration Method)

(1) औसत लाभ विधि (Average Profit Method)—औसत लाभ विधि ख्याति का मूल्य निर्धारित करने की एक सरल, स्वीकार्य एवं व्यावहारिक पद्धति है। इस विधि के अनुसार गत वर्षों के कुछ लाभों कौ जोड़कर तथा जोड़ कर प्राप्त की गई राशि को वर्षों की संख्या से भाग दे कर औसत राशि प्राप्त कर ली जाती है जिसे औसत लाभ कहा जाता है। इस औसत लाभ को वर्षों की एक निश्चित संख्या जैसे दो या तीन से गुणा कर दिया जाता है। ऐसा करने पर जो राशि प्राप्त होती है उसे ही ख्याति का मूल्य मान लिया जाता है। वर्षों की निश्चित संख्या जिस से औसत लाभ से गुणा किया जाता है उसे Year of purchase कहा जाता है। अधिकतर दो या तीन वर्षों का क्रय मूल्य उचित माना जाता है, परन्तु ख्याति के सही मूल्यांकन के दष्टिकोण से जितने वर्षों के लाभों को औसत निकाला जाता है उनके आधे करने पर जो संख्या आये उसे पूर्णाक कर लिया जाना चाहिए एवं क्रय के वर्ष मान लेना चाहिए (The Number of year of a purchase is based purely on approximation rather than on any scientific basis.) औसत लाभों का क्रय के वर्षों से गुणा करना इस तक पर आधारित प्रतीत होता है कि क्रेता को क्रय किये गये व्यवसाय से होने वाले लाभ कुछ समय तक विक्रेता की मेहनत, लगन एवं साख के परिणामस्वरूप प्राप्त होते हैं। क्रेता को अपनी पहचान बनाने में समय लगता है। वर्षों की वह संख्या जब तक क्रेता व्यवसाय से होने वाले लाभ विक्रेता की ख्याति के फलस्वरूप प्राप्त करता है, क्रय के वर्ष कहलाते हैं।

इस पद्धति से ख्याति का मूल्यांकन करने के लिए निम्नलिखित सूत्र का प्रयोग किया जाता है।

Goodwill = Average Profit (Or Average Maintainable profit) × Number of Year's Purchase

ख्याति = औसत लाभ अथवा समर्थन योग्य लाभ क्रय के वर्ष

For example if the profits of business for the years ending 31-12-94 to 31-12-87 were as follows—

Rs. 40,400; Rs. 49, 600; Rs. 50,000; Rs 60,000. Goodwill is to be valued at 3 year's purchase. In such a case Goodwill can be valued given as under—

Total profits for past four years—

40,000 + 49,600 + 50,000 + 60,000 = Rs. 2,00,000

Average Profits = Rs. $\frac{2,00,000}{2}$ = Rs. 50,000

Goodwill = Average Profits × Number of year's purchase

= 50,000 × 3 = Rs. 1,50,000

STEPS INVOLVED IN VALUATION OF GOODWILL BY AVERAGE PROFIT METHOD

1. पिछले कुछ वर्षों के लाभों के आधार पर औसत लाभ की राशि ज्ञात करना : औसत लाभ = $\frac{\text{Total profits}}{\text{No. of years}}$
2. औसत लाभों की राशि को क्रय के वर्षों से गुना करना

Goodwill = Average Profits × No. of years purchase.

गत वर्षों के लाभों का औसत ज्ञात करना-ऐसा क्यों?

क्रेता क्रय किए जाने वाले व्यवसाय के प्रतिफल के रूप में विक्रेता को सम्पत्तियों मूल्य से अधिक राशि इस लिए सहर्ष देने के लिए तैयार हो जाता है क्योंकि वह भविष्य में उस व्यवसाय से साधारण लाभों से अधिक लाभ प्राप्त करने की आशा रखता है, परन्तु भविष्य के लाभों का उचित अनुमान लगाना सम्भव नहीं होता अतः गत वर्षों के लाभों को आधार मान कर ही भविष्य में उपार्जित होने वाले लाभों का अनुमान लगाया जाता है। भविष्य के लाभों की सम्भावना का पता लगाने के साथ–साथ औसत लाभों की गणना इसलिये भी की जाती है क्योंकि किसी एक वर्ष के लाभ की अपेक्षा कुछ वर्षों के लाभों के आधार पर निकाला गया औसत लाभ विश्वसनीय होता हैं।

The objective of averaging past profits is to project the future earnings. It means what profits are likely to be earned in future? Therefore it is necessary that the year selected for averaging that past earning should be normal years on the basis of which it is possible to make the future average maintainable profits more reliable.

लाभों का औसत दो प्रकार का होता है—गणितीय माध्य भारित माध्य

(Which Average of Profits?—Simple or Arithmetical Average and Weighted Average)

चुने हुए वर्षों के लाभों का औसत निकालते समय उन की प्रकृति का ध्यान रखना चाहिए। आमतौर पर साधारण औसत का प्रयोग किया जाता है। परन्तु यदि चुने हुए वर्षों के लाभ लगातार प्रति वर्ष बढ़ रहे हों अथवा निरन्तर प्रति वर्ष रहे हों तो साधारण औसत के स्थान पर भारित औसत का प्रयोग अधिक विश्वसनीय माना जाता है।

$$\text{साधारण औसत} = \frac{\text{Total profits}}{\text{No. of Years}}$$

$$\text{भारित औसत} = \frac{\blacklozenge\ WP}{\blacklozenge\ W}$$

Σ WP = Sum Total of weighted profits

Σ W = Sum Total of weights assigned.

गत वर्षों के लाभों को भार देते समय यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि वर्तमान वर्षों के लाभों को पिछले वर्षों के लाभों की तुलना में अधिक भार मिले। उदाहरण के तौर पर के व्यवसाय के लाभों का रूख अग्र प्रकार से हैं।

Year	Profits
1994	1,00,000
1995	1,50,000
1996	1,80,000
1997	2,00,000

इस प्रकार उपरोक्त उदाहरण से हमें R. Co. के लाभों के रूख का पता चलता है। इस कम्पनी के लाभ लगातार वद्धि की तरफ हैं। ऐसी स्थिति में विद्यार्थी भारित माध्य (Weighted Average) का प्रयोग कर सकते हैं। बाद वाले वर्षों के लाभों को अधिक भार तथा पहले वाले वर्षों को कम भार दिया जाना चाहिए। उपरोक्त उदाहरण में हमें 1994 को 1, 1995 को 2, 1996 को 3 तथा 1997 को 4 भार देना चाहिए।

Year	Profits	Weights	Products
1994	1,00,000	1	1,00,000
1995	1,50,000	2	3,00,000
1996	1,80,000	3	5,40,000
1997	2,00,000	4	8,00,000
	Total	10	17,40,000

$$\text{Weight Average Profits} = \frac{17,40,000}{10} = \text{Rs. } 1,74,000$$

If the past profits of business are weidely fluctuating or show an upward or downward trend or show a noticeable rising or falling trend—a simple average fails to indicate trend in earnings. In such circumstances weighted average is more appropriate.

Weighted Average giving more weight to the recent years than to the past is more justified. The simplest Method of Calculating the weighted average is to multiply the profits by the respective number of years arranged chronologically so that the longest weight is given to the most recent past year and least for the earliest year.

(Average Profits Vis-A-Vis Future Maintainable Profits)

वास्तविक औसत लाभ की गणना

(Calculation of Actual Average Profits Or Future Average Maintainable Profits)

पिछले वर्षों के लाभों का आधार मान कर ही भविष्य में होने वाले लाभों का अनुमान लगाया जाता है और उस लाभ के आधार पर ख्याति का मूल्य निर्धारित होता है। वास्तविक औसत लाभों की गणना करने के सम्बन्ध में निम्नलिखित सूचनाएँ ध्यान देने योग्य है–

(1) वर्षों की संख्या का चुनाव (Selection of Number of years)–कितने वर्षों के लाभों के आधार पर औसत लाभ की गणना की जाए, यह व्यवसाय की परिस्थितियों स्वभाव, क्रेता एवं विक्रेता के आपसी समझौते पर निर्भर करता है, परन्तु वर्षों की संख्या इतनी होनी चाहिए जिससे सभी प्रकार के व्यवसायिक चक्र जैसे मन्दी, तेजी, सुधार समयोजित हो जाए। अधिकतर तीन से पांच वर्ष की अवधि का चयन आदर्श माना जाता है।

(2) कौन-सा लाभ शुद्ध अथवा सकल (Which Profit—Net Profits or Gross Profits)–औसत लाभों की गणना करते समय शुद्ध लाभों का प्रयोग किया जाना चाहिए। यदि गत वर्षों में से कुछ वर्षों में लाभ हो और कुछ वर्षों में हानियाँ तो लाभों के कुल योग में से हानियों को समयोजित कर लेना चाहिए तथा शेष लाभ के आधार पर औसत लाभ निकालने चाहिए। सकल लाभ में से व्यापार संचालन के व्यय, बिक्री एवं वितरण के व्यय स्थायी सम्पत्तियों पर ह्रास के लिए आयोजन, कर के किए आयोजन घटा देना चाहिए। शुद्ध लाभों में से गैर व्यापारिक आय जैसे विनियोग पर ब्याज भी घटा देना चाहिए।

(3) असामान्य हानि (Abnormal Loss or Extraordinary Loss or Non-Recurring Loss)–किसी गत वर्ष में असामान्य कारणों से होने वाली हानि को (जैसे हड़ताल, बाढ, अग्नि, चोरी, भूकम्प, दुर्घटना के कारण हानि) उस वर्ष के शुद्ध लाभों में जोड़ देना चाहिए।

Abnormal Loss OR Exraordinary Loss: Loss by fire, Abnormal Repairs, Loss by theft, Loss by Accident, Loss due to Strike, Loss due to flood, earthquakes.

These Abnormal losses of Non-Recurring nature not likely to occur in the future are to be added back to the profits of relevent year to find out normal profits.

(4) असामान्य लाभ (Abnormal profits or gain / Extraordinary income / Non-Recurring income)–असामान्य आय वह आये होती है हो सामान्य व्यवसायिक क्रियाओं से प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त नहीं होती।

किसी गत वर्ष में असामान्य कारणों से होने वाले लाभों को (जैसे व्यवसाय से बाहर किए गये विनियोगों से होने वाला लाभ, सम्पत्तियों को बेचने से होने वाला लाभ) उस वर्ष के शुद्ध लाभों में से घटा देना चाहिए।

Abnormal Profits / Gains OR Extraordinary income; Income from Investment, (Non Trading), Profit or Sale of Assets, Profit or revaluation of Assets, Dividend or Shares

These Extraordinary profits of Non-Recurring nature not likely to or occur in the future are to be deducted from the profit of relevent years to find our normal profits.

(5) गैर-संचालन आय (Non-Operating Income)–ऐसी आय जिस का सामान्य व्यावसायिक क्रियाओं से प्रत्यक्ष सम्बन्ध नहीं होता है उसे लाभों में से घटा देना चाहिए। ब्याज अथवा किराये से होने वाली आय।

(6) संचालन व्यय (Operating Expenses)–यदि गत वर्षों में किसी वर्ष के लाभों में से संचालन व्यय नहीं घटाये गए हैं उन्हें सम्बन्धि वर्ष के लाभों में से घटा देना चाहिए।

(7) भावी आय (Future Income)–ऐसी आय जो भविष्य में होने की सम्भावना हो औसत लाभों में जोड़ देना चाहिए।

(8) भविष्य में होने वाली आय (Income not likely to arise in future)–ऐसी आय जो गत वर्षों से प्राप्त हो रही थी परन्तु भविष्य में होने की सम्भावना नहीं है उसे औसत लाभ में से घटा देना चाहिए।

(9) सम्भावित व्यय (Expenses likely to arise in future)—ऐसे व्यय जो भविष्य में होने की सम्भावना हो उन्हें औसत लाभ में से घटा देना चाहिए जैसे व्यवसाय में नये प्रबन्धक की नियुक्ति करना और उसे पारिश्रमिक देना जो अब तक नहीं दिया जाता था।

(10) भविष्य में खर्चों पर रोक (Stoppage of future expenses)—ऐसे खर्चों जिन की भविष्य में होने की सम्भावना नहीं है या कम होने की सम्भावना है तो ऐसे खर्चों को हानि एवं औसत लाभ में जोड़ देना चाहिए।

(11) प्रबन्धक का पारिश्रमिक (Remuneration to Managers Proprietors)—यदि व्यापार का स्वामी स्वयं प्रबन्ध करता है तो इस के पारिश्रमिक को लाभ में से घटा कर शेष लाभ का औसत लाभ निकालने के लिए प्रयोग किया जाना चाहिए। ऐसा तब उचित होगा जब कि स्वामी की सेवाओं के पारिश्रमिक का कोई भी लेखा पुस्तकों में न किया गया हो।

(12) स्टाक का मूल्यांकन (Valuation of Stock)—किसी वर्ष स्टाक के अधिक मूल्यांकन (Over valuation) या निम्न मूल्यांकन (Under valuation) को सम्बन्धित वर्षों के लाभों में समायोजित कर लेना चाहिए।

(13) सैद्धान्तिक अशुद्धि (Error of Principle)—यदि किसी वर्ष पूंजीगत खर्चे को आयगत अथवा आयगत खर्चों को पूंजीगत मान लिया गया हो तो गलती का सुधार कर उसे सम्बन्धित वर्षों के लाभों में समायोजित कर लेना चाहिए। जैसे मशीनरी के क्रय को मजदूरी खाते में लिख देना अथवा भवन की मरम्त को भवन खाते के नाम लिख देना।

(14) वार्षिक भार (Annual Charge)—यदि व्यवसाय के गत वर्षों के लाभों पर व्यवसायिक भार का प्रावधान है तो उसे गत वर्षों के लाभों में समायोजित करना चाहिए।

(15) आयकर (Income Tax)—औसत लाभों में से आय कर या आयकर के प्रावधान को घटा देना चाहिए।

उपरोक्त समायोजन करने के पश्चात जो लाभ की राशि निकाली जाएगी वहीं लाभ भविष्य में बने रहने (Maintainable) की सम्भावना होती है। इसी राशि को हम Future Maintainable Profits कहते हैं। इसी लाभ की राशि को आधार मान कर ख्याति कर मूल्य निर्धारित किया जाता है।

Summary of Future Maintainable Profits

(1) All actual expenses and losses not likely to occur in the future are to be added back to Average Profits.

(2) Expenses and losses expected to arise in future are to be deducted from Average Profits.

(3) All Profits likely to arise in future are to be added to Average Profits.

(4) Actual profits not likely to occur in future are to be deducted from Average Profits.

औसत लाभ विधि—मूल्यांकन
(Average Profit Method—Evaluation)

गुण—यह विधि गणना की दष्टि से सरल एवं उपयुक्त है। ख्याति का मूल्यांकन बिना किसी कठिनाई के किया जा सकता है। यह पद्धति पेशेवर व्यक्तियों और फर्म जैसे चार्टड एकान्उटैन्ट, डॉक्टर, तथा आर्कीटैक्चर की ख्याति का मूल्यांकन करने की सर्वोत्तम विधि है।

दोष—इस विधि में उन लाभों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता तो एक व्यवसाय दूसरे उसी प्रकार के व्यवसायों से अधिक कमाता है। (अधिलाभ) वहीं लाभ तो ख्याति का आधार है।

इस विधि में विनियोजित पूंजी की गणना नहीं की जाती वास्तव में विनियोजित पूंजी का किसी भी व्यवसाय की ख्याति से गहरा सम्बन्ध है। इस विधि ख्याति का मूल्यांकन सन्तोषजनक नहीं माना जाता।

ख्याति मूल्यांकन—(Goodwill Valuation)

औसत लाभ विधि—(Average Profit Method or Simple Profit Method)

Illustration 1.

S. Ltd. agreed to purchase the business of R. Ltd. Goodwill is to be valued at 2 year purchase of the average of the average of previous 4 years profits

The profits for the year ending 31-12-1994 to 31-12-1997 were as follows—

1994—Rs. 50,500, 1995—Rs. 62,000, 1996—Rs. 62,500, 1997—Rs. 75,000

Following additional information is available as under—

(i) On 1st July, 1996 a major repair expenditure to plant and machinery for Rs. 15,000 was charged to Revenue. This was agreed to be capitalised for goodwill subject to 25% p.a depreciation on diminishing balance method.

(ii) The closing stock for the year ending 31-12-1995 was over valued by Rs. 6,000.

(iii) In order to cover cost of management as annual charge of Rs. 12,000 should be made for valuation of goodwill. Calculate Value of goodwill.

एस लि. ने आर लि. व्यवसाय को खरीदने का प्रस्ताव किया। ख्याति का मूल्यांकन पिछले चार वर्षों के औसत लाभ के 2 वर्ष के क्रय के बराबर करना है।

गत वर्षों के 31-12-94 से 31-12-97 (चार वर्ष) के लाभ निम्न प्रकार हैं—1994—50500 रु. 1995—62,000 रु., 1996—62,500 रु. 1997—75000 रु.

निम्नलिखित अतिरिक्त सूचनाएं इस प्रकार उपलब्ध हैं—

(1) 1 जुलाई, 1996 को प्लान्ट एवं मशीनरी के सम्बन्ध में बड़ा मरम्मत का कार्य किया गया था जिस पर 15,000 रु. लागत आई। इसे आयगत खर्चा मान कर लाभ हानि खाते में लिख दिया गया। यह निश्चित हुआ की मूल्य निर्धारित करने के लिए इस राशि का पूंजीकरण किया जाए और क्रमागत ह्रास का समायोजन किया जाए।

(2) 1995 वर्ष के लिए अन्तिम रहतिये का मूल्य 6,000 रु. अधिक लगातार दिया गया ख्याति के मूल्यांकन हेतू प्रबन्ध लागत के सम्बन्ध में 12,000 रु. वार्षिक चार्ज का प्रावधान करना है। ख्याति का मूल्यांकन कीजिए। ख्याति का मूल्यांकन कीजिए।
[B.COM. Hons. Bombay Oct, 1981] (Modified) [B.COM. Pass] K.U.K 1994 (Modified)

Solution. Calculation of Adjusted profits

Total profits for past four years	Rs.
i.e. 31-12-94 to 31-12-97	
(50500 + 62000 + 62500 + 75000)	2,50,000
Add—Expenditure on Plant and Machinery	
wrongly debited to profit and loss account in 1996	15,000
Add—overvaluation of opening stock in 1996	6,000
	2,71,000
Less—Depreciation on Plant and Machinery :	
1996 25% on Rs. 15000 for 6 months	
$15000 \times \frac{25}{100} \times \frac{6}{12}$	1865
1997 25% on Rs. (15000 — 1875) i.e.	
Rs. 13125 for one year	

$13125 \times \frac{25}{100}$ = 3281 Approx.	3281	5,156
		2,65,844
Less—overvaluation of closing Stock in 1995		6,000
		2,59,844
Less Cost of Management		
(Rs.12000 × 4) =		48,000
Adjusted Profits		2,11,844

Total adjusted profits for 4 years = Rs. 2,11,844

Average Adjusted Profit = Rs. 2,11,844 ÷ 4 = Rs. 52,961

Goodwill = Average Adjusted Profit x No. of Years purchased

= 52961 x 2 = Rs. 1,05,922

भारित औसत लाभ विधि (Weighted Average Profit Method)

Illustration 2.

Computer the value of goodwill of B Ltd. of 3 the basis on year's purchase of the weighted average profits of past four years. The appropriate weights to be used are 1,2,3 and 4 for profits of respective years. The profits of the last four years were as follows. 1994—Rs. 60,000; 1995—Rs. 75,000; 1996—Rs. 90,000; 1997—Rs. 1,05,000

Following additional information is available about the business of B Ltd

(i) Profits of 1994 includes Rs. 7500 income on Government Securities.

(ii) Abnormal profits of Rs. 6000 are included in the profits of 1995.

(iii) Profits of 1996 were reduced by Rs. 5000 due to an extraordinary loss on account of fire.

(iv) Profits of 1997 included a non-recurring income of Rs. 10000.

(v) Fair remuneration of Manger of B Ltd. Rs. 8000 per annum has not been taken into account.

पिछले चार वर्षों के भारित औसत लाभ के तीन गुने के बराबर ख्याति का मूल्यांकन कीजिए। विभिन्न वर्षों के लाभों के लिये उपयुक्त भार जो प्रयोग करने हैं इस प्रकार हैं—एक, दो तीन तथा चार।

पिछले चार वर्षों के भारित औसत लाभ के तीन गुने के बराबर ख्याति का मूल्यांकन कीजिए। विभिन्न वर्षों के लाभों के लिये उपयुक्त भार जो प्रयोग करने हैं इस प्रकार हैं—एक, दो तीन तथा चार।

पिछले चार वर्षों के लाभ निम्न प्रकार थे—

1994—60,000 रु. 1995—75,000 रु. 1996—90,000 रु. 1997—1,05,000 रु.

बी. लि. के व्यवसाय के सम्बन्ध में निम्न अतिरिक्त सूचनाएं उपलब्ध हैं।

(i) 1994 के लाभ में 7,500 रु. सरकारी प्रतिभूतियों की आय शामिल है।

(ii) 1995 के लाभों में 6,000 रु. असामान्य लाभ शामिल है।

(iii) 1996 के लाभ असामान्य हानि के कारण 5,000 रु. से कम हो गये हैं क्योंकि माल आग से नष्ट हो गया।

(iv) 1997 के लाभों के 10,000 रु. की एक अनावर्ती प्रकृति की आय सम्मिलित है।

(v) प्रबन्धक का उचित पारिश्रमिक 8,000 रु. प्रतिवर्ष जिसे लाभ निकालने के लिए ध्यान में नहीं रखा गया है।

Solution. In this question weighted average is to be used, then various adjustments will be made on yearly basis.

Calculation of Actual Adjusted Profits

Profits for 1994	Rs	Profits	Weights	Products
Less income on Govt. Securities	60,000	52500	1	52,500
	7500			
Profits for 1995	75000	69000	2	1,38,000
Less Abnormal Profits	6,000			
Profits for 1996	90,000	95000	3	2,85,000
Add Extraordinary Loss due to fire	5000			
Profits for 1997	1,05,000	95000	4	3,80,000
Less Non-Recurring Income	10000			
Total	—		10	8,55,500

Weighted Average Profits = Rs. 8,55,500 ÷ 10 = Rs. 85,550

Less fair remuneration to manager $\frac{8000}{77,550}$

Goodwill = Rs. 77,550 × 3 = Rs. 2,32,650

2. अधिलाभ विधि (Super Profit Method)—यह विधि औसत लाभ विधि की तुलना में ख्याति का मूल्यांकन करने की सन्तोषजनक विधि है। वस्तुतः ख्याति का सम्बन्ध उस लाभ से होता है जो एक व्यवसाय सामान्य लाभ से अधिक कमाता है। जो व्यवसाय सामान्य लाभ से जितना अधिक लाभ अर्जित करता है उस की ख्याति का मूल्य उतना ही अधिक होता है। जो व्यवसाय सामानय लाभ से अधिक अर्जित करने में असमर्थ है उसकी ख्याति का कोई मूल्य नहीं होता। इस विधि में ख्याति का मूल्यांकन करते समय यह देखा जाता है कि व्यवसाय अन्य व्यवसायों की तुलना में कितना अधिक लाभ कमा रहा है। इस अधिक लाभ को ही जो सामान्य लाभ से ज्यादा है अधिलाभ कहा जाता है। उदाहरण के तौर पर अगर एक ही उद्योग में A. B, C, D तथा E फर्मे कार्यरत हैं। उद्योग की सामान्य लाभ दर 20% है। अगर B फर्म A, C, D तथा E की तुलना में विनियोजित पूंजी पर 25% लाभ कमा रही है तो B फर्म सामान्य लाभ से 5% अधिक लाभ कमा रही है। यह अतिरिक्त लाभ ही अधिलाभ कहलाता है।

अधिलाभ का अर्थ
(Meaning of Super Profit)

किसी भी व्यवसाय के वास्तविक औसत लाभों का सामान्य लाभों पर आधिक्य कहलाता है। यदि सामान्य लाभ से वास्तविक औसत लाभों की राशि कम है तो कोई भी अधिलाभ नहीं होता। अधिलाभ की राशि को क्रय के वर्षों से गुणा कर के ख्याति का मूल्यांकन किया जाता है।

The value of Goodwill depends upon future earnings. It generally represents anticipated excess earnings over the nonnal earnings. In case there are no excess earnings over the normal earnings there is no goodwill. Technically excess of actual average profits ove the normal profits is called super profit.

Super profits = Actual Average Profits — Nonnal Profits

Goodwill = Super Profits × No. of years purchased

इस पद्धति में ख्याति का मूल्यांकन करने के लिए निम्नलिखित सूत्र का प्रयोग किया जाता है।

$$\text{Goodwill} = \text{Super Profits} \times \text{No. of Years Purchased}$$

$$\text{Super Profits} = \text{Actual Average Profits} - \text{Normal Profits}$$

Actual Average Profits—वास्तविक औसत लाभों की गणना करते समय उन्हीं बातों को ध्यान में रखना चाहिए जिन का उल्लेख औसत लाभ विधि में किया गया है। जैसे असामान्य हानि को सम्बन्धित वर्ष के लाभ में जोडना, असामान्य लाभ को घटना, संचालन व्ययों को समायोजित करना, गलती का सुधार करना तथा औसत लाभों में से संचालकों की फीस, स्वामियों का पारिश्रमिक, आय कर, भावी व्यय, गैर–सम्भावित आय तथा व्यय को समायोजित करना बाहरी विनियोग पर प्राप्त आय को घटाना।

Normal Profits (सामान्य लाभ)—किसी भी व्यवसाय की विनियोजित पूंजी पर लाभ की सामान्य दर से होने वाले लाभ को सामान्य लाभ कहते हैं। इसलिए सामान्य लाभों की गणना हेतु दो मुख्य तत्वों का वर्णन करना आवश्यक है।

$$\text{Normal Profits} = \frac{\text{Capital invested} \times \text{Normal Rate of Return}}{100}$$

(1) लाभ की सामान्य दर (Normal Rate or Return)

(2) विनियोजित पूंजी का उचित मूल्य अथवा शुद्ध सम्पत्तियों का वास्तविक मूल्य (The fair value of Capital employed or net assests)

1. लाभ की सामान्य दर (Normal Rate of Return)—लाभ की वह दर जिसे प्रत्येक विनियोजक प्राप्त करने की आशा रखता है लाभ की सामान्य दर कहलाती है। प्रत्येक व्यवसाय के लिए लाभ की यह दर अलग–अलग होती है। सामान्यतः लाभ की सामान्य दर प्रश्न में दी होती है। अगर यह दर न दी हो इस का अनुमान अंशों के बाजार मूल्य तथा उस व्यवसाय में घोषित लाभांश दर के आधार पर लगा लिया जाता है।

$$\text{Normal Rate of Return} = \frac{\text{DPS}}{\text{MPS}} \times 100$$

DPS = Dividend per share

MPS = Market Price per share

उदाहरण के तौर पर यह S Co. के अंशों की Market Value 200 रु. और उद्योग की सामान्य लाभांश की दर 20% है तो लाभ की सामान्य दर निम्न प्रकार से निकाली जा सकती है।

$$\frac{20}{200} \times 100 = 10\%$$

यदि प्रश्न में सामान्य लाभ की दर निकालने के लिये प्रति अंश घोषित तथा अंशों के बाजार मूल्य से सम्बन्धित सूचनाएं नहीं दी गई हैं तो सामान्य लाभ की दर हेतु निम्न सूचनाएं दी जा सकती है।

(i) Pure Rate of Return (प्रतिफल की शुद्ध दर)

(ii) Risk Rate of Return (प्रतिफल की जोखिम दर)

$$\text{Normal Rate or Return} = \text{Pure Rate of Return} + \text{Risk Rate of Return.}$$

सामान्य लाभ की दर निकालने के लिये उपलब्ध ब्याज की दर तथा जोखिम दर का योग कर लेना चाहिए।

उदाहरण के तौर पर अगर S Co. की शुद्ध प्रतिफल की दर 7% हे तथा जोखित की दर 2% है तो लाभ की सामान्य दर 7% + 2% = 90% होगी।

$$\text{Normal Rate or Return} = \frac{\text{DPS}}{\text{MPS}} \times 100$$

OR

Normal Rate of Return = Pure Rate of Return + Risk Rate of Return.

Pure Rate of Return—It is the rate of return on risk free securities i.e. Govenment Bonds.

Risk Rate of Return—It is based on the logic that earnings follow the risk. The more the risk attached to investment, the more is the rate of return. Risk may be the result of higher amount of borrowing made by the business or it is inherent in the very nature of the business.

Example: X Ltd. Company declares a dividend of 25% on its shares of Rs. 100, Rs. 60 paid up. The market value of share is quoted at Rs. 150.

Finding out Normal Rate of Return

Solution: On Rs. 100 X Ltd. pays dividend of Rs. 25 (i.e. 25%) on Rs 60 (paid up vlaue) the dividend would

$$\text{be } \frac{25}{100} \times 60 \text{ Rs.}15$$

The Market Value of Share quoted is Rs. 150

It means X Ltd. will pay a dividend of Rs. 15 (at the rate of 25% as Rs 60) at and investment of Rs. 150 (Market Price).

The Normal rate or return therefore is—

on Rs. 150 (the market price of investment) the returen is = Rs. 15

The Normal rate or return is = Rs. 15

$$\frac{15}{150} \times 100 = 10\% \ 150$$

2. विनियोजित पूंजी के उचित मूल्य की गणना करना (Fair value of Capital Employed)—साधारणतः विनियोजित पूंजी का अर्थ सकल विनियोजित पूंजी (Gross Capital Employed) अथवा शुद्ध विनियोजित पूँजी (Net Capital Employed) से लिया जाता है।

सकल विनियोजित पूंजी में व्यवसाय में लगी हुई सम्पत्तियों के कुल मूल्य को शामिल किया जाता है और दायित्वों को नहीं घटाया जाता। परन्तु शुद्ध विनियोजित पूंजी निकालने के लिए सकल विनियोजित पूंजी में से चालू दायित्वों (Current Liabilities) को घटा दिया जाता है।

विनियोजित पूंजी की गणना आर्थिक विवरण के सम्पत्ति पक्ष (Asset Side) की मदों अथवा दायित्व पक्ष (Liability Side) की मदों के आधार पर की जा सकती है।

सम्पत्ति पक्ष विचारधारा
(Asset Side Approach)

आर्थिक चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष द्वारा विनियोजित पूंजी की गणना करने के लिए निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए—

1. व्यवसाय की सभी स्थायी एवं चालू सम्पत्तियों को प्रतिस्थापन मूल्य अथवा चालू वसूली मूल्य (Replacement Cost or Current Realisable Value) पर लिखकर जोड़ना चाहिए। यदि प्रतिस्थापन मूल्य अथवा चालू वसूली मूल्य न दिया हो तो जो

मूल्य चिट्ठे में दिया होता है उसी पर जोड़ना चाहिए। यदि सम्पत्तियों को प्रतिस्थापित मूल्यों पर जोड़ा जाता है और प्रतिस्थापित मूल्य पुस्तकीय मूल्य से अधिक हो जाता है तो बढ़े हुए मूल्य पर ह्रास (Depreciation) घटाया जाना चाहिए।

सम्पत्ति पक्ष की ओर से दी गई निम्न सम्पत्तियों को विनियोजित पूंजी की गणना करते समय शामिल नहीं करना चाहिए—

1. कृत्रिम सम्पत्तियां (Fictions Assets)—जैसे प्रारम्भिक व्यय (Preliminary expenses) अंशों एवं ऋण पत्रें पर कटौती (Discount on Shares and Debentures) अभिगोपन कमीशन (Under Writing Commission) विज्ञापन व्यय का वह भाग जो अपलिखित नहीं किया गया है। (Advertisement expenses not yet written off)

2. विनियोग (Investments)—ऐसे विनियोग जिन का व्यवसाय की प्रगति से सम्बन्ध नहीं है तथा धन का विनियोग व्यवसाय के बाहर आय उपार्जन के लिए किया गया है, नियोजित पूंजी के लिए सम्पत्ति में शामिल नहीं करना चाहिए और उस विनियोग की आय को भी लाभ में शामिल नहीं करना चाहिए। यदि विनियोग व्यवसाय की प्रगति के लिए किए गए हैं तथा आन्तरिक हैं तो इन्हें सम्पत्तियों में शामिल किया जाना चाहिए। इन से होने वाली आय को भी लाभ में शामिल करना चाहिए।

यदि प्रश्न में ऐसी कोई भी सूचना नहीं है कि विनियोग आन्तरिक है अथवा बाह्य तो इन विनियोगों को व्यवसाय के बाहर विनियोग मानना चाहिए और सम्पत्तियों में शामिल नहीं करना चाहिए।

3. ख्याति की राशि (Goodwill)—ख्याति की राशि की गणना करने के लिए ही विनियोजित पूंजी की गणना की जाती है। इसलिए चिट्ठे में दी गई ख्याति की राशि को विनियोजित पूंजी निकालने के लिए छोड़ देना चाहिए।

4. अदश्य सम्पत्तियां (Intangible Assets)—जैसे ट्रेड मार्क्स (Trade Marks), पेटेन्टस (Patents) कापी राइट (Copy right) आदि सम्पत्तियां आय उपर्जान में सहयोग न दें तो इन्हें छोड़ देना चाहिए। अन्यथा इन्हें उचित मूलय पर सम्पत्तियों में शामिल कर लेना चाहिए।

बाह्य दायित्वों को घटाना (External Liabilities or Outside Liabilities)—व्यवसाय की कुल सम्पत्तियों की कुल सम्पत्तियों का योग करने के पश्चात् (उपरोक्त सम्पत्तियों को छोड़ कर) उसमें से बाह्य दायित्वों को घटा कर नियोजित पूंजी की गणना की जाती है। बाह्य दायित्वों से अभिप्राय ऐसे दायित्वों से है जिन का अंशधारियों (Shareholders) से कोई सम्बन्ध नहीं होता जैसे ऋणपत्र (Debentures) बैंक ऋण (Bank Loan), अदत्व्यय (Outstanding expenses), लेनदार (Creditors), देय विपत्र (Bills Payable) बैंक अधिविकर्ष (Bank over drafts) कर के लिए प्रावधान (Provision for tax) इत्यादि।

बाह्य दायित्व अल्पकालीन अथवा दीर्घकालीन हो सकते हैं। पूंजी लाभ संचय तथा अन्य अविभाजित लाभ अंशधारियों से सम्बन्धित होते हैं। इसलिए इन्हें बाह्य दायित्वों में शामिल नहीं किया जाना चाहिए।

5. पूर्वाधिकार अंश—यदि पूर्वाधिकार अंश (participating) समभागी है तो इन की राशि नहीं घटानी चाहिए।

(Net Capital Employed = Fixed Assets + Investment as a part of business activity + Current Assets – Outside Liabilities)

दायित्व पक्ष विचारधारा
(Liabilities side approach)

चिट्ठे के दायित्व पक्ष की ओर दी गई मदों के आधार पर विनियोजित पूंजी की गणना निम्न सूत्र के द्वारा की जा सकती हैं

(Capital employed = Paid up Equity and Preference Share Capital + Accumulated Profits + Reserves & Surplus + P & LA credit Balance + Revaluation profit (or loss)—Fictitious Assets — Non-Trading Assets.

औसत विनियोजित पूंजी
(Average Capital employed)

अधिकतर लेखापालकों का मत है कि ख्याति का मूल्यांकन करने के लिए औसत विनियोजित पूंजी का प्रयोग किया जाना चाहिए क्योंकि औसत विनियोजित पूंजी की राशि विनियोजित पूंजी की धारणा को अधिक उचित रूप प्रदान करती है।

(The concept of average capital employed has become significant because the capital employed must be such as may fairly represent the capital investment throughout the year.)

औसत पूंजी की गणना निम्न प्रकार से की जा सकती है—

1. प्रारम्भिक पूंजी तथा अन्तिम पूंजी को जोड़ कर दो से भाग देने पर जो राशि आती है उसे औसत पूंजी कहा जाता है।

Average Capital Employed = Opening Capital + Closing Capital ÷ 2

2. अन्तिम पूंजी में से सम्बन्धित वर्ष के आयगत लाभ (कर घटाने के बाद) (Profit After Tax) का आध घटा कर औसत विनियोजित पूंजी निकाली जा सकती है।

$$\text{Average Capital Employed} = \text{Capital employed at the end} - \frac{1}{2} \text{ of current year profits (after tax)}$$

वास्तव में वर्ष के अन्त की पूंजी वर्ष के प्रारम्भ की पूँजी से उतनी ही अधिक होती है कि वर्ष में लाभ होता है। इसलिए यदि वर्ष के लाभ का आधा वर्ष की प्रारम्भ की पूंजी में भी जोड़ दिया जाये तो भी औसत पूंजी निकल आएगी।

यदि प्रस्तावित लाभांश की राशि चालू वर्ष के लाभों में से दी हुई हो तो चालू वर्ष के लाभों में जोड़ कर चालू वर्ष का कुल लाभ ज्ञात करना चाहिए और फिर इस को अन्तिम पूंजी में से घटाना चाहिए।

व्यावहारिक प्रश्न हल करते समय कौन—सी पूंजी का प्रयोग हो—सकल विनियोजित पूंजी अथवा शुद्ध विनियोजित पूंजी अथवा औसत विनियोजित पूंजी। विभिन्न विद्वानों का मत है कि ख्याति का मूल्यांकन करने के लिए औसत विनियोजित पूंजी का प्रयोग उचित है क्योंकि यह विनियोजित पूंजी की धारणा को उचित रूप प्रदान करती है।

अगर प्रश्न में कोई भी सूचना न हो विद्यार्थी जिस भी पूंजी का प्रयोग करें उस से सम्बन्धित नोट प्रश्न के अन्त में दे देना चाहिए।

Normal Profits (सामान्य लाभों की गणना निम्न सूत्र के द्वारा की जाती है)

$$\text{Normal Profits} = \frac{\text{Capital Employed} \times \text{Normal rate of Return}}{100}$$

गुण—

(1) इस विधि में ख्याति का मूल्य निकालते समय व्यवसाय की वित्तीय स्थिति तथा लाभ कमाने की क्षमता दोनों को ध्यान में रखा जाता है।

(2) इस विधि का प्रयोग कम्पनियों के संविलन, एकीकरण, व्यवसाय के क्रय—विक्रय की स्थिति में ख्याति का मूल्यांकन करने के लिए किया जाता है।

(3) यह ख्याति का मूल्यांकन करने की सन्तोषजनक पद्धति है।

दोष—

(1) यह पद्धति जटिल है क्योंकि विनियोजित पूंजी की गणना करने में कठिनाई आती हैं।

(2) क्रेता को ब्याज की होने वाली वाली क्षति को ध्यान में नहीं रखा जाता।

(Super Profit Method)

Illustration 3.

The following information relates to the business of M/s Arun & Brothers.

(i) Net trading profits of the firm for the past 4 years (after taxation) were Rs. 1,50,000; Rs. 1,25,000; Rs. 75,000 and Rs. 1,00,000

(ii) Average Capital employed in the business—Rs. 6,00,000

(iii) Reasonable rate of return expected in the similar business is 15%.

(iv) Fair remuneration to the partners for their services is Rs. 20,000 per annum.

Find out the value of goodwill at the basis of 3 years purchase of the annual average super profits.

निम्नलिखित सूचनाएँ मैसर्स अरूण एण्ड ब्रादर्ज के व्यवसाय से सम्बन्धित हैं।

(i) गत चार वर्षों के कार्य के शुद्ध व्यापारिक लाभ (कर के बाद) निम्न प्रकार थे—

1,50,000 रु.; 1,25,000 रु.; 75,000 रु.; 1,00,000 रु.

(ii) व्यापार में लगी हुई औसत पूंजी 6,00,000 रु.।

(iii) उसी प्रकार के व्यापार में लाभ की उचित दर 15 प्रतिशत है।

(iv) सांझेदारों की सेवाओं के लिए उचित पारिश्रमिक 20,000 रु. वार्षिक है।

वार्षिक औसत अधिलाभों के तीन गुने के आधार पर ख्याति का मूल्यांकन कीजिए।

Calculation of Actual Average Profits

Solution. Total profits of last 4 years =	Rs.
(i) (1,50,000 + 1,25,000 + 75,000 + 1,00,000)	4,50,000
Average Profits = $\frac{4,50,000}{4}$ =	1,12,500
Less Remuneration of partners =	20,000
Actual Average Profits =	92,500

(ii) Normal Profits

$$\text{Normal Profits} = \frac{\text{Capital invested} \times \text{Normal Rate of Return}}{100}$$

$$= \frac{6,00,000 \times 15}{100} = \text{Rs. } 90.000$$

Super Profit = Actual Average Profits—Normal Profits

$$= 92,500 - 90,000 = \text{Rs. } 2500$$

Goodwill = Super Profits × No. of Years Purchased

$$\text{Rs. } 2,500 \times 3 = \text{Rs. } 7,500$$

Illustration 4.

Following is the Balance-Sheet of R Ltd. for the year ending at 31 st March, 1998.

31 मार्च, 1998 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए आर लि. का आर्थिक चिट्ठा निम्नांकित है।

25,000 Shares of Rs. 10 each P& L A/c		2,50,000	Buildings	2,50,000
P & L A/c	Rs. 25,000	2,25,000	Machinery	1,25,000
Profit for 1997-98	2,00,000		Debtors (Book-Debts)	1,25,000
10% Debentures		1,75,000	Stock	1,00,000
Creditors		1,00,000	Cash	1,50,000
		7,50,000		7,50,000

Normal rate or return on average capital employed is 25%. Find the value of goodwill on the basis of 3 years purchase of super profits. Buildings are revalued at Rs. 3,75,000 and Machinery at Rs. 1,00,000. All other Assests are worth book-values.

औसत विनियोजित पूंजी पर सामान्य आय की दर 25% है। अधिलाभ के तिगुने पर ख्याति का मूल्यांकन कीजिए। भवन तथा मशीनरी का पुनर्मूल्यांकन क्रमशः 3,75,000 रु. तथा 1,00,000 रु. पर हुआ, शेष सभी सम्पत्तियां पुस्तकीय मूल्य पर मूल्यांकित की गयी है।

Solution : Calculation of Average Capital Employed—

Buildings	3,75,000	
Machinery	1,00,000	
Debtors	1,25,000	
Stock	1,00,000	
Cash	1,50,000	8,50,000
Less—10% Debentures	1,75,000	
Creditors	1,00,000	2,75,000
Capital Employed		5,75,000
Less: $\frac{1}{2}$ of the current years profit $\left(\frac{1}{2}\times 2,00,000\right)$		1,00,000
Average Capital Empoyed		4,75,000

(i) Actual Average Profits

Profit of 1997-98 *i.e.* Rs. 2,00,000 has been treated as actual average profit.

(ii) Normal Profits = $\frac{\text{Average Capital Employed} \times \text{Normal Rate of Return}}{100}$

$\frac{4,75,000 \times 25}{100}$ = Rs. 1,18,750

(iii) Super Profits = Actual Average Profits — Normal Profits

= Rs. 2,00,000 — Rs. 1,18,750 = Rs. 81,250

(iv) Goodwill = Super Profits × No. of years purchased

Rs. 81250 × 3 = Rs. 2,43,750.

Hint—If nothing is mentioned about taxation, there is no need of making any adjustment for taxation.

पूंजीकरण विधि

(Capitalisation Method)

पूंजीकरण विधि में ख्याति का मूल्यांकन लाभों का पूंजीकृत मूल्य निकाल कर निर्धारित किया जाता है। पूंजीकरण का अर्थ है—कुल पूंजी की वह मात्र जो एक निश्चित लाभ की राशि को प्राप्त करने के लिये पर्याप्त होगी। यही ख्याति के मूल्यांकन का आधार होता है। लाभों के पूंजीकरण द्वारा ख्याति का मूल्य निर्धारित करने की दो विधियों प्रचलित हैं।

(1) अधिलाभ निकालकर पूंजीकरण करना (Capitalisation of Average Profits)

(2) साधारण औसत लाभ निकाल कर पूंजीकरण करना (Capitalisation of Average Profits)

Capitalisation of Super Profits

इस विधि में अधिलाभों का सामान्य ब्याज की दर (Normal Rate of Return) से पूंजीकरण किया जाता है। इस प्रकार पूंजीकरण से जो राशि आती है वही ख्याति का मूल्य होता है।

$$\text{Goodwill} = \left(\frac{\text{Actual Average Profits}}{\text{Normal Rate Return}} \times 100\right) — \text{Actual Capital employed or Net Assets}$$

उदाहरण के तौर पर माना कि S Co. के अधिलाभ 20,000 रु. हैं और इसी प्रकार के व्यवसायों में 20% पूंजी पर प्रतिफल (Return) की दर है तो ख्याति का मूल्य निम्न होगा।

$$\frac{20,000}{20} \times 100 = 1,00,000 \text{ Rs.}$$

Capitalisation of Average Profits

इस विधि के द्वारा ख्याति का मूल्य निकालने के लिये औसत लाभों की गणना करने के पश्चात् लाभ की सामान्य दर (Normal Rate of Return) के आधार पर उस का पूंजीकृत मूल्य (Capitalised Value) ज्ञात कर लिया जाता है। इस पूंजीगत मूल्य में से व्यवसाय की शुद्ध पूंजी (Net Assets) या औसत विनियोजित पूंजी (Average Capital Employed) घटा दी जाती है। जो शेष बचता है वही ख्याति का मूल्य माना जाता है।

उपरोक्त से स्पष्ट है कि वह इस विधि द्वारा ख्याति का मूल्य निकालने के लिए निम्न बातों को ध्यान में रखना आवश्यक है।

1. व्यवसाय के वास्तविक औसत लाभों (Actual Average Profits) की गणना करनी चाहिए।

2. वास्तविक औसत लाभों का सामान्य ब्याज की दर (Normal Rate of Return) के आधार पर पूंजीकृत मूल्य निकालना चाहिए।

3. व्यवसाय में विनियोजित वास्तविक पूंजी (Actual Capital Employed) की गणना करनी चाहिए।

4. औसत लाभों के पूंजीकृत मूल्य में से (Capitalised Value of Average Profits) अथवा सामान्य विनियोजित पूंजी (Normal Capital Emplyed) में से वास्तविक विनियोजित पूंजी को घटा कर ख्याति का मूल्य निकालना चाहिए।

$$\text{Goodwill} = \left(\frac{\text{Actual Average Profits}}{\text{Normal Rate Return}} \times 100\right) — \text{Actual Capital employed or Net Assets}$$

यहां पर साधारण औसत लाभ से अभिप्राय उन लाभों से है जिन के भविष्य में बने रहने की आशा है। (Future Maintainable Profits) इस विधि द्वारा ख्याति का मूल्य अधिलाभों के पूंजीकरण से निकाली हुई ख्याति से अधिक होता है। उदाहरण यदि S Co. के औसत लाभ 72000 रु. है और S Co. अपनी विनियोजित पूंजी पर जो 5,00,000 रु. है, औसत रूप से 12% लाभ कमाती है। तो S Co. की ख्याति का मूल्य निम्न होगा।

$$\text{Goodwill} = \left[\frac{\text{Actual Average Profits}}{\text{Normal Rate Return}} \times 100\right] \text{— Actual Capital Employed or Net Assets}$$

$$\left[\frac{72,000}{12} \times 100\right] - 5,00,000$$

= Rs. 6,00,000 – Rs. 5,00,000 = Rs. 1,00,000

Illustration 5.

The following information is given (i) Capital Employed Rs. 75,000; (ii) Normal Rate of Profit 10%; (iii) Net Profits for the five years: Rs. 7,200; Rs. 7,700 ; Rs., 8450; Rs. 8,700 and Rs. 8,950.

The profits included non-recurring income on an average basis of Rs. 500 out of which it was deemed that even non-recurring profits had a tendency of appearing at the rate of Rs. 300 per annum.

Your are required to calculate goodwill as per capitalisation of super profits.

निम्न सूचनाएं दी गई हैं—(i) विनियोजित पूंजी 75,000 रु. (ii) लाभों की सामान्य दर 10% (iii) पाँच वर्षों के शुद्ध लाभ—7,200 रु.; 7,700 रु. 8,450 रु. 8,700 रु.; तथा 8,950 रु.

लाभों की औसतन 500 रु. अनावर्ती सम्मिलित हैं, जिसमें भी 300 रु. वार्षिक दर से अनावर्ती लाभों के होते रहना माना जा सकता है। अधिलाभों के पूंजीकरण के आधार पर ख्याति का मूल्यांकन कीजिए।

Solution: (i) Calculation of Actual Average Profits or Maintainable profits:

	Rs.
Total Profits of Past 5 Years	
(7200 + 7700 + 8450 + 8700 + 8950)	41,000
Average Profits = 41000 + 5	8,200
Less Non-recurring Income	500
Add Recurring Income	7,700
	300
Actual Average Profits	8,000

(i) Normal Profits $= \dfrac{\text{Capital employed} \times \text{Normal Rate of Return}}{100} \times 100$

$$= 75,000 \times \frac{10}{100} = \text{Rs. } 7500 \ \frac{15}{150} \times 100$$

(ii) Super Profits = Actual Average Profit — Normal Profit

Rs. 8,000 — Rs. 7500 = Rs. 500

(iii) Goodwill as per Capitalisation of Super Profits

$$= 500 \times \frac{100}{10} = \text{Rs. } 5,000$$

Illustration 6.

Balance Sheet of Mr. X on 31st March 1998 is given as under

	Rs.		Rs.
Capital	7,50,000	Land and Building	5,40,000
Creditors	2,40,000	Plant and Machinery	3,30,000
Bill Payable	60,000	Furniture	6,000
		Stock	24,000
		Cash at Bank	1,50,000
	10,50,000		10,50,000

The profit of the business for the five years ending 31 st March, 1998 are; 1994—Rs. 1,20,000; 1995—Rs. 1,26,000; 1996—Rs. 1,35,000; 1997—Rs. 1,50,000; 1998—Rs. 1,59,000

The Assets are revalued as under Land and Building Rs. 5,82,000; Plant and Machinery Rs. 3,54,000 and Furniture Rs. 3,000. No remuneration was charged by X though he was actively engaged in the business. Find out goodwill by Capitalisation Method. Normal Rate of return in similar type of business is 10%.

व्यवसाय के लाभ 31 मार्च, 1998 तक पांच वर्ष के निम्नांकित हैं—

1994 — 1,20,000 रु.; 1995 — 1,26,000 रु.; 1996 — 1,35,000 रु.; 1997 रु.; 1,50,000 रु.; 1998 —1,59;000 रु.;

सम्पत्तियों का मूल्यांकन निम्न प्रकार है। भूमि और भवन 5,82,000 रु.; प्लाण्ट एवं मशीनरी 3,54,000 रु. तथा फर्नीचर 300 रु.; एक्स ने कोई पारिश्रमिक नहीं लिया यद्यपि वह अच्छी तरह व्यवसाय में लगा है। पूंजीकरण विधि द्वारा ख्याति की राशि निकालिए। साधारण आय की दर 10 प्रतिशत हैं।

Solution : (i) Calculation of Actual Average Profits $\frac{1}{2}$ Rs.

Total profits of Past five years	
(1,20,000 + 1,26,000 + 1,35,000 + 1,50,000 + 1,59,000) =	6,90,000
Average Profits = $\frac{6,90,000}{5}$ =	1,38,000
Less Remuneration of X (Assumed)	18000
Actual Average Profits / Maintainable Profits	1,20,000

(ii) Capital Employed		Rs.
Land and Building		5,82,000
Plant and Machinery		3,54,000
Furniture		3000
Stock		24000
Cash at Bank		1,50,000
Less :—Liabilities Creditors		11,13,000
Creditors	2,40,000	3,00,000
B/P	60,000`	8,13,000

Less of Current years profits after remuneration

$\frac{1}{2} \times (159000 - 18000) =$	70,500
Average Capital employed	7,42,500

(iii) Capitalised Value of Actual Average Profits—

$$\frac{1,20,000}{10} \times 100 = \text{Rs. } 12,00,000$$

(iv) Goodwill on Capitalisation of Actual Average Profits—

Capitalised Value of Actual Average Profits — Actual Capital Employed

Rs. 12,00,000 — Rs. 7,42,500 = Rs. 4,57,500

According to Capitalisation of Super Profits—

Super Profit = Actual Average Profit — Normal Profit

Actual Average Profit = Rs. 1,20,000

Normal Profit =

$$\text{Super Profit} = \frac{7,42,500}{100} \times 10 = \text{Rs. } 74,250$$

$$\frac{\text{Capital employed} \times \text{Normal Rate of Return}}{100}$$

$$\text{Goodwill} = \frac{\text{Super Profit}}{\text{NRR}} \times 100$$

$$\frac{45750}{10} \times 100 = \text{Rs. } 4,57,500$$

Note: Average Capital Employed is being taken into consideration for the purpose of valuation of goodwill.

वार्षिकी पद्धति
(Annuity Method)

क्रेता को व्यवसाय से अधिलाभ तो भविष्य में प्राप्त होते हैं परन्तु ख्याति की राशि का भुगतान क्रेता को वर्तमान में एक मुश्त राशि के रूप में चुकाना होता है। भविष्य में होने वाले अधिलाभ एक मुश्त न हो कर थोड़े–थोड़े किस्तों में प्राप्त होते हैं। इस प्रकार क्रेता को ब्याज की क्षति होती है।

उदाहरण के तौर पर S Co. एक व्यवसाय क्रय करते समय 45,000 रु. ख्याति के रूप में 1 जनवरी, 1995 को देती है। इस कम्पनी के अधिलाभ 15,000 रु. थे और तीन वर्षों के गुणा द्वारा ख्याति का मूल्य (15,000 × 3) 45,000 रु. निकाला गया। ख्याति का भुगतान 45,000 रु. 1 जनवरी 1995 को किया गया है और यह राशि 1995, 1996 तथा 1997 में 15,000 रु. प्रतिवर्ष की दर से वसूल किए जाने की आशा हैं ऐसी स्थिति में अगर यह मान भी लिया जाए कि क्रेता ख्याति की पूरी राशि 45,000 रु. तीन वर्षों में वसूल कर लेता है तो भी उसे 1 जनवरी, 1995 से 31 दिसम्बर, 1997 तक ब्याज की क्षति होगी।

वार्षिक विधि एक ऐसी वैज्ञानिक पद्धति है जिस के द्वारा अभिलाभों का वार्षिकी तालिकाओं (Annuity Tables) की सहायता से वर्तमान मूल्य ज्ञात कर लिया जाता है। यही वर्तमान मूल्य ही ख्याति माना जाता है। अधिलाभो का वर्तमान मूल्य निम्न सूत्र का प्रयोग करके भी निकाला जा सकता है।

$$\text{Present Value (P.V.)} = \frac{1-\left(\frac{100}{100+r}\right)^n}{\frac{r}{100}} \times 100$$

r = Rate of interest per annum

n = number of years.

Value of Goodwill = Super Profit × Present Value of Ruppee one.

वार्षिकी पद्धति के सम्बन्ध में ध्यान रखने योग्य महत्त्वपूर्ण बातें—

(1) इस विधि में ख्याति का मूल्य निर्धारित करने के लिये अधिलाभों की राशि का वर्तमान मूलय वार्षिकी सारणी (Annuity Table) से या उपरोक्त सूत्र द्वारा ज्ञात किया जाता है। यही वर्तमान मूल्य ख्याति माना जाता है।

(2) यदि ख्याति का मूल्य निकालने के लिए अधिलाभों के स्थान पर साधारण औसत लाभ को वार्षिकी माना जाता है तो साधारण औसत लाभों का वार्षिकी सारणी द्वारा वर्तमान मूल्य निकाल कर उस में से शुद्ध सम्पत्तियों या विनियोजित पूंजी के मूल्य को घटा देना चाहिए।

(3) अगर प्रश्न में एक रुपये वार्षिकी वत्ति का मूल्य 1 रु. से अधिक दिया है तो ख्याति का मूल्य निकालने के लिए इसे अधिलाभ (super profit) की राशि से गुणा किया जाता है।

उदाहरण—The Present value of annuity of Re. 1 for 4 years at 10% interest is Rs. 4,25. Super profits are Rs. 20,000 find out Goodwill.

Solution : Rs. 2000 × 4.25 = Rs. 85,000 (Goodwill)

(4) अगर प्रश्न में 1 रुपये की वार्षिकी वत्ति का मूल्य 1 रु. से कम दिया है तो ख्याति का मूल्य निकालने के लिए इसे अधिलाभ की राशि से भाग किया जाता है।

उदाहरण—The present value of Rs. 0.356034 annuity for 5 years at 10% interest is Re. 1 and super profits of company are Rs. 10,000. Find out goodwill.

Solution: Goodwill = 10000 + 0.356034 = Rs. 28,087 Approx.

Illustration 7.

The following particulars are available in respect of the business carried by X—

(i) Profit earned: 1995 — Rs. 75,000, 1996 — Rs. 90,000, 1997 — Rs. 82,500

(ii) Expected Rate of Return 10%

(iii) Capital Employed Rs. 450000

(iv) Present value of an annuity of one rupee for five years at 10% Rs. 3.79

(v) The profits included non recurring profits on an average basis of Rs. 6,000 out of which it was deemed that even non recurring profits had a tendency of appearing at the rate of Rs. 1500 p.a.

Calculate goodwill as per annuity method

एक्स के व्यवसाय से निम्नलिखित विवरण प्राप्त हुए—

(i) अर्जित लाभ—1995 — 75,000 रु. 1996 — 90,000 रु. 1997 — 82500 रु.

(ii) लाभ की समान्य दर 10%

(iii) विनियोजित पूंजी 4,50,000 रु.

(iv) 10% पर पाँच वर्षों के लिए 1 रु. की वार्षिकी की वर्तमान मूल्य 3.79 रु.

(v) लाभों में 6,000 रु. औसत दर से बार–बार न होने वाले लाभ शामिल हैं जिस में यह माना गया है कि 15,000 रु. प्रतिवर्ष ऐसे बार–बार न होने वाले लाभ भी हैं जिन की बने रहने की प्रवत्ति है। वार्षिकी विधि से ख्याति का मूल्यांकन कीजिए।

Solution : Calculation of Super profits

(i) Total profits of past 3 years	Rs.
(75000 + 90000 + 8250000)	2,47,500
Average Profits 247500 ÷ 3	8,25,00
Less Non-Recurring profit	6,000
	76,500
Add Recurring profit	1500
Actual Average profits	78,000

(ii) Normal Profit:

$$\frac{\text{Capital Employed} \times \text{Normal Rate of Return}}{100}$$

$$= \frac{4,50,000}{100} \times 10$$

(iii) Super Profit:

= Actual Average Profit – Normal profits

= 78000 – 45000 = 33,000

(iv) Goodwill = Super profit × Annunity value of Rs. 1

= Rs. 33000 × 3.79 = Rs. 1,25,070

Illustration 8.

From the following information calculate the value of goodwill as per annunity method.

(i) Profits for the past 3 years: 1994 — Rs. 40,000; 1995 — Rs. 50,000 ; 1996 — Rs. 55,000

(ii) Profit for 1994 has been arrived at after writing off Extraordinary loss of Rs. 5,000 and profit for 1996 includes as extraordinary income of Rs. 3,000.

(iii) Average capital Employed Rs. 4,00,000.

(iv) Normal Rate of return is 10%

(v) The present value of an annuity of Rs. 0.230975 for 5 year @ 5% is Re. 1

निम्नलिखित सूचनाओं के आधार पर वार्षिक वत्ति के अनुसार ख्याति का मूल्यांकन कीजिए।

(i) पिछले तीन वर्षों के लाभ 1994 — 40,000 रु. 1995 — 50,000 रु. 1996 — 55000 रु.

(ii) वर्ष 1994 के लाभ 5,000 रु. की असामान्य हानि अपलिखित करने के पश्चात् ज्ञात किए गए हैं तथा 1996 वर्ष के लाभों में 3,000 रु. की अनावर्ती आय सम्मिलित है।

(iii) औसत विनियोजित पूंजी 40000 रु. है।

(iv) लाभ की सामान्य दर 10%;

(v) पाँच वर्ष के लिए 5% की दर पर 0.230975 रु. की वार्षिक वत्ति का मूल्य 1 रु. है।

Solution: Calculation of Super Profit

	Rs.	Rs.
Profit for 1994	40,000	45,000
(i) *Add* Extra ordinary loss	5,000	
Profit for 1995		50,000
Profit for 1996	55,000	
Less : Extraordinary income	3,000	52,000
Total adjusted profits		1,47,000
Average profits 14,7000 ÷ 3		49,000

(ii) Normal Profit:

$$\frac{\text{Capital Employed} \times \text{Normal Rate of Return}}{100}$$

$$= \frac{4,00,000}{100} \times 10 = \text{Rs } 40,000$$

(iii) Super Profit :

Actual Average Profit — Normal value is Re. 1

Rs. 49,000 — Rs. 40,000 = Rs. 9,000

(iv) Goodwill:

When annuity is Rs. 0.230975, Present Value is Re. 1

When annuity is Rs. 9,000, Present value is Rs.

$$= \frac{1}{0.230975} \times 9000 = \text{Rs. } 38,965.25$$

Therefore value of goodwill = Rs. 38,965.25

क्रय प्रतिफल विधि

(Purchase Consideration Method)

क्रेता कम्पनी द्वारा विक्रेता कम्पनी को उसका व्यवसाय क्रय करने के बदले में जो मूल्य चुकाया जाता है क्रय प्रतिफल (Purchase consideration) कहलाता है। यदि क्रय प्रतिफल की राशि शुद्ध सम्पत्तियों (Net Assets) के मूल्य से अधिक होती हैं तो वही ख्याति का मूल्य होता है।

उदाहरण : X Co. द्वारा Y. Co. का व्यवसाय 2,50,000 रु. में क्रय किया जाता है। Y Co. के व्यवसाय की सम्पत्तियों का मूल्य 18,00,000 रु. और दायित्व (liabilities) 3,00,000 रु. हैं तो ख्याति का मूल्य 25,00,000 — (18,00,000 — 3,00,000) = 10,00,000 रु. होगा।

(25,00,000 — 15,00,000) = Rs. 10,00,000

उपरोक्त पांचों विधियों में कौन सी विधि सर्वश्रेष्ठ हैं यह तो उस पर निर्भर करता है जिस के लिए ख्याति का मूल्यांकन किया जान है। जैसा कि ऊपर स्पष्ट किया जा चुका है कि ख्याति का सम्बन्ध व्यवसाय के भविष्य में लाभ अर्जन करने की क्षमता से होता है इसलिये अधिलाभ विधि तथा पूंजीकरण विधि का व्यवहारिक महत्त्व बढ़ जाता है। वार्षिकी विधि भी ब्याज सहित ख्याति की राशि का मूल्यांकन करने की अच्छी विधि है तथा दूरदर्शिता के दष्टिकोण से उचित है। क्रय प्रतिफल विधि का प्रयोग व्यवसाय के एकीकरण संविलयन के समय किया जाता है।

Illustration 9.

निम्नलिखित सूचना एक साझेदारी फर्म के व्यवसाय से सम्बन्धित हैः

(अ) व्यापार में लगी हुई औसत पूंजी 7,20,000 रु.।

(ब) गत तीन वर्षों के फर्म के शुद्ध व्यापारिक लाभ (कर के बाद) थे—1,07,600 रु. 90,700 रु तथा 1,12,500 रु.।

(स) उसी प्रकार के व्यापार में लाभ की उचित दर 10 प्रतिशत है।

(द) साझेदारी की सेवाओं के लिए उचित परिश्रमिक 12,000 रु. वार्षिक है।

ख्याति के मूल्य की गणना कीजिए।

(i) वार्षिक औसत अधिलाभों के पांच गुने के आधार पर;

(ii) वार्षिक औसत अधिलाभों के 10 प्रतिशत की उचित दर पर पंजीकरण करने के आधार पर; तथा

(iii) अधिलाभों की वार्षिक वत्ति के आधार पर।

10 प्रतिशत प्रतिवर्ष ब्याज की दर पर पांच वर्षों के लिए 1 रु. की वार्षिक वत्ति का वर्तमान मूल्य 3.78 रु. माना जाये। उपर्युक्त विधियों में से कौन सी विधि सबसे अधिक उपयुक्त है और क्यों? आलोचनात्मक दष्टिकोण दीजिए।

The following information relates to the business of a partnership firm:

(a) Average Capital employed in the business - Rs.7,20,000.

(b) Net trading profits of the firm for the past three years (after taxation) were Rs.1,07,600, Rs.90,700 and Rs. 1,12,500

(c) Reasonable Return expected in the same type of business is 10%.

(d) Fair remuneration to the partners for their services is Rs.12,000 per annum.

Calculate the value of Goodwill:

(i) On the basis of five years' purchase of the annual average super profits;

(ii) On the basis of capitalization of the annual average super profits at the reasonable return of 10 per cent; and

(iii) On the basis of an annuity of super profits, taking the present value of annuity of one rupee for five years at 10 per cent p.a. interest is Rs.3.78.

Comment as to which method (out of the above) is most appropriate and why?

Solution.

Total Profits = Rs. 1,07,600 + 90,700 + 1,12,500 =	3,10,800
Average Profit (3,10,800 / 3)	1,03,600
Less : Remuneration of Partner	– 12,000

Actual Average Profit	91,600
Less : Nonnal Profit (7,20,000 × 10 / 100)	72,000
Super Profit	19,600
(i) Goodwill on the basis of 5 year's purchase 19,600 × 5 =	98,000
(ii) Goodwill on the basis of capitalisation (19,600 × 100 / 10) =	1,98,000

(iii) Goodwill on the basis of annuity of super profit 19,6700 × 3.76 = 74,088

ख्याति की विभिन्न विधियों का आलोचनात्मक अध्ययन

अधिलाभ विधि—इस विधि में उपर्युक्त उदाहरण में ख्याति की राशि 98,000 रु. है जिसे पांच वर्षों में प्राप्त करना है परन्तु इसमें इस अवधि का ब्याज शामिल नहीं है अतः ब्याज को भी यदि लगाया जाय तो यह अवधि 5 वर्ष से अधिक हो जायेगी।

पूंजीकरण विधि—इस विधि में उपर्युक्त उदाहरण में ख्याति का मूल्य 1,96,000 रु. जबकि प्रतिवर्ष का अधिलाभ 19,600 रु. ही है। ब्याज की दर 10% प्रतिवर्ष होने से 1,96000 रु. पर 19,600 रु. ब्याज प्रतिवर्ष होता है अतः अधिलाभ और ब्याज बराबर होने के कारण कभी भी ख्याति की राशि वसूल नहीं हो पायेगी। इसकी वसूली इस पद्धति में निम्नलिखित दो दशाओं में ही सकती है : (i) जब ब्याज की दर कम हो जाय, या (ii) अधिलाभ की राशि बढ़ जाए। इस कारण यह विधि भी सन्तोषजनक नहीं है।

वार्षिकी पद्धति—यह विधि उपर्युक्त वर्णित दोनों विधियों की तुलना में श्रेष्ठ है। इसमें उपर्युक्त उदाहरण में ख्याति की राशि 74,088 रु. है और अधिलाभ एक वर्ष का 19,600 रु. है। अतः पूरी ख्याति की राशि 4 वर्ष से भी कम में ही वसूल हो जाती है और पांच वर्ष में तो ब्याज सहित ख्याति की राशि वसूल हो जायेगी क्योंकि 19,600 × 5 = 98,000 रु. होंगे। यह स्थिति निम्नांकित उदाहरण से स्पष्ट हो जाती है : ख्याति की ब्याज सहित वसूली के लिए ख्याति खाता बनाना।

Illustration 10.

एक व्यवसाय में ख्याति के लिए 74,088 रु. की चैक प्रथम वर्ष 1 जनवरी को दी गयी। इस पर ब्याज की दर 10% प्रतिवर्ष है। इस व्यवसाय में जिसकी ख्याति के लिए उपर्युक्त राशि दी गयी है, प्रतिवर्ष 19,600 रु. अधिलाभ होता है। खाता बनाकर स्पष्ट कीजिए। कि ख्याति की यह राशि ब्याज सहिहत कितने वर्षों में वसूल की जा सकती है।

Solution :

GOODWILL ACCOUNT

I Year		Rs.	I Year		Rs.
Jan 1	To Bank A/c	74,088	Dec. 31	By Super Profit	19,600
Dec 31	To Interest A/c (10%)	7,409	Dec. 31	By Balance c/d	61,897
		81,497			81,497
II Year		Rs.	II Year		Rs
Jan 1	To Balance b/d	61,897	Dec. 31	By Super Profit	19,600
Dec 31	To Interest A/c (10%)	6,190	Dc. 31	By Balance c/d	48,487
		68,087			68,087
III Year			III Year		
Jan 1	To Balance b/d	48,487	Dec. 31	By Super Profit	19,600
Dec 31	To Interest A/c (10%)	4,849	Dec. 31	By Balance c/d	33,736
		52,736			52,736

IV Year		Rs.	IV Year		Rs
Jan 1	To Balance b/d	33,736	Dec. 31	By Super Profit	19,600
Dec 31	To Interest A/c (10%)	3,374	Dec. 31	By Balance c/d	17,510
		37,110			37,110
V Year		Rs.	V Year		Rs
Jan 1	To Balance b/d	17,510	Dec. 31	By Super Profit	19,600
Dec 31	To Interest A/c (10%)	7,409			
Dec 31	To Balance c/d	339			
		19,600			19,600

उपर्युक्त खाते से स्पष्ट है कि पांचवें वर्ष अधिलाभ डेबिट पक्ष की तुलना में 339 रु. से अधिक है अतः ख्याति की राशि ब्याज सहित पांच वर्ष से भी कम अवधि में वसूल हो गयी है।

चारों विधियों में श्रेष्ठ विधि—औसत लाभ विधि, अधिलाभ विधि, पूंजीकरण विधि एवं वार्षिकी विधि में से औसत विधि का प्रयोग तो वर्तमान काल में करने की परम्परा बढ़ती जा रही है क्योंकि इस विधि का सम्बन्ध कुल लाभों के औसत से होता है जबकि ख्याति का सम्बन्ध उन अधिक से होता है जो पाये व्यवसाय द्वारा प्राप्त किये जा सकते हैं। लाभों की जितनी भी अधिकता की सम्भावना होती है ख्याति ही उतनी ही अधिक होती है।

वर्तमान काल में अधिक प्रयोग केवल दो विधियों का है—अधिलाभ विधि और पूंजीकरण विधि। अधिलाभ पद्धति में ख्याति उसी दशा में आती है जब वास्तविक लाभ (actual Profit) साधारण लाभ (normal profit) से अधिक होते हैं अतः यह विधि ख्याति की मूल जड़ से सम्बन्धि है। दूरदर्शिता के दष्टिकोण से वार्षिकी प्रणाली भी ठीक हैं कौन सी विधि सर्वश्रेष्ठ है यह सम्बन्धित व्यक्ति के उस उद्देश्य पर निर्भर करता हे जिसके लिए ख्याति की गणना की जा रही है।

Illustration 12

निम्नांकित सूचनाओं से ख्याति की राशि निकालिए : (अ) वार्षिकी विधि से, (ब) अधिलाभ के चार वर्ष क्रय के अनुसार, (स) अधिलाभ के पूंजीकरण के अनुसार।

From the following information find out Goodwill (a) as per annuity method, (b) as per 4 years' purchase of super profit, and (c) as per capitalization of super profit method.

Net profits for four years.

I year Rs.30,000; II year Rs 40,000, III year Rs.50,000; IV year Rs. 60,000.

The profit includes non-recurring profits on an average basis of Rs. 3,000.

	Rs.
Average Capital employed	3,00,000
Normal Rate of Profit	10%

Present value of annuity of Re.l for 4 years at 10% is 2.5.

Solution:

Total profits = Rs.30,000 + 40,000 + 50,000 + 60,000 = Rs.l,80,000

Average Profit = 1,80,000 / 4	45,000
Less : Non-recurring profit	3,000
	42,000

Normal Profit = 3,00,000 × 10 / 100 = Rs. 30,000

Super Profit = Rs. 42,000 – 30,000 = Rs. 12,000

(a) Goodwill as per annuity method 12,000 × 4 =	30,000
(b) Goodwill as per purchase of super profit method 12,000 × 4 =	48,000
(c) Goodwill as per capitalisation method (12,000 x 100/10)	1,20,000

अभ्यास प्रश्न
Questions

1. ख्याति का क्या अर्थ है? एक व्यापार की ख्याति को सामान्यतयः कौन–से तत्व प्रभावित करते हैं? ख्याति के मूल्यांकन की विभिन्न विधियों का वर्णन कीजिए।

   What is meant by goodwill ? What factors generally affect the goodwill of a business ? Discuss the different methods of valuing goodwill.

2. "किसी व्यवसाय की अधि–लाभ अर्जित करने की शक्ति ही ख्याति है।" यदि किसी व्यवसाय के लाभ लगातार बढ़ रहे है तो आप ख्याति के मूल्यांकन की कौन–सी पद्धति का सुझाव देंगे?

   "Goodwill is the power of a business to earn Super-profits." What methods would you suggest for its valuation when the profits of the business are continuously increasing ?

3. ख्याति के मूल्यांकन से आप क्या समझते हैं? ख्याति के मूल्यांकन के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली विधियों का वर्णन कीजिए।

   What do you mean by goodwill valuation? Discuss the methods which are used for Goodwill valuation?

4. ख्याति के मूल्यांकन की अधिलाभ क्रय विधि का वर्णन कीजिए। इस विधि से ख्याति का मूल्यांकन करने में प्रयोग किए जाने वाले विभिन्न घटकों का निर्धारण करते समय किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए।

   Explain the purchase of Super profit method of valuing goodwill. What factors should be taken into consideration in the determination of various components in valuing goodwill according to this method?

5. काल्पनिक उदाहरण लेते हुए अधिलाभों की अवधारणा को पूर्ण से समझाइए। अधिलाभ के आधार पर ख्याति का मूल्यांकन किस प्रकार किया जाता है?

   Explain fully, taking imaginary illustrations, the concept of "Super profits." How is Goodwill valued on the basis of Super-profits ?

6. ख्याति के मूल्यांकन की विविध विधियों की विवेचना कीजिए। समझाइए कि क्या अधिलाभ आधार सरल–लाभ आधार की तुलना में बेहतर है।

   Define various methods of valuation of goodwill. Explain if the super profit base is an improvement over simple profit base.

7. उपयुक्त उदाहरण दे कर ख्याति मूल्यांकन की विभिन्न विधियों का वर्णन करें। किन अवस्थाओं में कौन–सी विधि उपयुक्त है?

   Explain with suitable example the various methods of valuation of goodwill. Which will be an appropriate mehtod and under what situations ?

8. (अ) ख्याति किसे कहते हैं? क्या आप मानते हैं कि भविष्य के लाभ ही इस के मूल्यांकन का एक मात्र कारण नहीं हैं?

   (ब) ख्याति के मूल्यांकन की (अधिलाभ विधि) का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।

PROBLEMS

औसत लाभ विधि

(Average Profit Methods)

Problem 1. A Ltd, sold its business to B Ltd. Find the value of goodwill taking into consideration the following factors—

(i) Goodwill is to be valued at 3 years purchase of the average profits of the last 3 years. Profits ofthe last three years were as follows:- 1992 — Rs. 40,000, 1993 — Rs. 50,000, 1994 — Rs 60,000.

(ii) Profits of 1992 have been reduced by Rs. 6,000 because goods were destroyed by fire.

(iii) Non-recurring income of Rs. 4,000 is included in the profits of 1993.

(iv) Goods have not been insrued but it decided to insure them in future. The insurance premium is estimated at Rs. 400 per year.

(v) Reasonable remuneration of the proprietor of business is Rs. 6000 p.a. and has not been considered for calculation of above mentioned profits.

(vi) Profits of 1994 includes Rs. 5,000 as income on investment.

A Ltd. ने B. Ltd. को अपना व्यवसाय बेचा। निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखते हुए ख्याति का मूल्यांकन कीजिए।

1992 — 40,000 रु.; 1993 — 50,000 रु.; 1994 — 60,000 रु.

(ii) 1992 के लाभ में 6,000 रु. कम हो गए हैं क्यों कि माल आग से नष्ट हो गया था।

(iii) 1993 के लाभ में बार–बार न होने वाली 4,000 रु. की आय शामिल है।

(iv) माल का बीमा नहीं कराया गया है परन्तु भविष्य में इस बीमा कराने का निर्णय लिया गया है और बीमा प्रीमियम 400 रु. प्रतिवर्ष का अनुमान है।

(v) व्यवसाय के स्वामी का उचित पारिश्रमिक 6000 रु. प्रतिवर्ष है जिसे उपर्युक्त लाभ निकालने के लिए प्रयोग नहीं किया गया है।

(vi) 1994 के लाभ में 5,000 रु. विनियोगों की आय शामिल है।

Ans. Rs 1,27,800

Problem 2. Zero Ltd. agreed to pruchase the business of Hero Ltd. Goodwill is to be valued at $2\frac{1}{2}$ years purchase of the average of previous four years profits

The profits for the years ending 31-12-1984 to 31-12-1987 were as follows-1984 — Rs. 75750, 1985 — Rs. 93,000; 1986 — Rs. 93,750; 1987 — Rs. 112,500.

Following additional information is available as under—

(i) On 1 st July, 1986 a major repair expenditure to Plant and Machinery for Rs. 22,500 was charged to revenue. This was agreed to be capitalised for goodwill subject to 20% per annum depreciation on diminishing balance mehtod.

(ii) The Closing Stock for the year ending 3-12-1985 was overvalued by Rs. 9,000.

(iii) In order to cover Cost of Management, an annual charge of Rs. 18,000 should be made for valuation of goodwill.

Calculate value of Goodwill.

Zero Ltd. ने Hero Ltd. के व्यवसाय खरीदने का प्रस्ताव किया। ख्याति का मूल्यांकन पिछले चार वर्षों के औसत लाभ के 2 $\frac{1}{2}$ वर्ष के क्रय मूल्य के बराबर करना है।

गत वर्षों के 31-12-1984 से 31-12-1987 (चार वर्ष) के लाभ निम्न प्रकार है—1984—75750 रु.; 1985—93,000 रु.; 1986 — 93750 रु.; 1987 — 1,12,500 रु.

निम्नलिखित अतिरिक्त सूचनाएं इस प्रकार उपलब्ध हैं।

(i) 1 जुलाई 1986 को प्लान्ट एवं मशीनरी के सम्बन्ध में बड़ा मरम्मत का कार्य किया गया था जिस पर 22,500 रु. लागत आई और इसे आयगत खर्चा मान कर लाभ हानि खाते में लिख दिया गया। यह निश्चित हुआ कि ख्याति का मूल्य निर्धारित करने के लए इस राशि का पूंजीकरण किया जाए और क्रमागत ह्रास विधि द्वारा 20% वार्षिक दर से ह्रास का समायोजन किया जाए।

(ii) 1985 वर्ष के लिए अन्तिम रहतिये का मूल्य 9,000 रु. अधिक लगा दिया दिया।

(iii) ख्याति के मूल्यांकन हेतू प्रबन्धकीय लागत के सम्बन्ध में 18,000 रु. वार्षिक चार्ज (Annual Charge) का प्रावधान करना है।

ख्याति का मूल्यांकन कीजिए।

Ans. Rs. 1,99,500

भारित औसत लाभ विधि
(Weighted Average Profit Methods)

Problem 3. Compute the value of goodwill of X Ltd. on the basis of 2 year's purchase of the weighted average profits of past four years. The appropriate weights to be used are 1, 2, 3 and 4 for the profits of respective years. The profits of the last four years were as follows—

1990 — Rs. 72,000, 1991 — Rs. 90,000, 1992 — Rs. 1,08,000, 1993 — Rs. 1,26,000

Following additional information is available about the business of X Ltd.

(i) Profits of 1990 includes Rs. 9,000 income on Govement Securities.

(ii) Abnormal profits of Rs. 7,200 are included in the profits of 1991.

(iii) Profits of 1992 were reduced by Rs. 6,000 due to an extraordinary loss an account of fire.

(iv) Profits of 1993 included non-recurring income of Rs. 12,000.

(v) Fair remuneration to Manger of X Ltd. Rs. 9,600 per annum had not been taken into account.

पिछले चार वर्षों के भारित औसत लाभ के दुगने के बराबर ख्याति का मूल्यांकन कीजिए। विभिन्न वर्षों के लाभों के लिए उपयुक्त भार जो प्रयोग करने हैं इस प्रकार हैं—एक, दो, तीन तथा चार। पिछले चार वर्षों के लाभ निम्न प्रकार थे—

1990 — 72,000 रु.; 1991 — 90,000 रु.; 1992 — 1,08,000 रु.; 1993 — 1,26,000 रु.।

एक्स लि. के व्यवसाय के सम्बन्ध में निम्न अतिरिक्त सूचनाएं उपलब्ध हैं।

(i) 1990 के लाभ में 9,000 रु. सरकारी प्रतिभूतियों की आय शामिल हैं।

(ii) 1991 के लाभों में 7,200 रु. असामान्य लाभ शामिल है।

(iii) 1992 के लाभ असामान्य हानि के कारण 6,000 रु. से कम हो गए हैं क्योंकि माल आग लगने से नष्ट हो गया।

(iv) 1990 के लाभों में 12,000 रु. की एक अनावर्ती प्रकृति की आय सम्मिलित है।

(v) प्रबन्धक का उचित परिश्रमिक 9,600 रु. प्रतिवर्ष जिसे लाभ निकालने के लिए ध्यान में नहीं रखा गया है।

Ans. Rs. 2,05,200

अधिलाभ विधि
(Super Profit Method)

Problem 4. The following information relates to the business of M/S Naresh Brothers.

(i) Net trading profits of the firm for the past four years (After taxation) were Rs. 1,20,000, Rs. 1,00,000; Rs. 60,000 and Rs. 80,000.

(ii) Average Capital employed in the business — Rs. 4,80,000.

(iii) Reasonable rate of return expected in the similar business is 12%.

(iv) Fair remuneration to the partners for their services is Rs. 16,000 per annum.

Find out the value of goodwill on the basis of 2 year's purchase of the annual average super profits.

निम्नलिखित सूचनाएं मैसर्स नरेश एण्ड ब्रदर्ज के व्यवसया से सम्बन्धित हैं।

(1) गत चार वर्षों के फर्म के शुद्ध व्यापारिक लाभ (कर के बाद) निम्न प्रकार थे—

1,20,000 रु.; 1,00,000 रु.; 60,000 रु.; 80,000 रु.।

(i) व्यापार में लगी हुई औसत पूंजी 4,80,000 रु.।

(ii) उसी प्रकार के व्यापार में लाभ की उचित दर 12% है।

(iii) साझेदारी की सेवाओं के लिए उचित पारिश्रमिक 16,000 रु. वार्षिक है।

(iv) वार्षिक औसत अधिलाभों के दो गुने के आधार पर ख्याति का मूल्यांकन कीजिए।

Ans. Rs. 32,800

Problem 5. X and Y are equal partners. Their Balance sheet as on 31 st March. 1997 was as follows—

	Rs.		Rs.
Creditors	2,25,000	Cash at Bank	2,02,500
Capitals :	7,87,500	Debtors	1,87,500
X	6,75,000	B/R	78750
Y		Stock	1,50,000
		Building	4,12,500
		Plant and Machinery	6,56,250
	16,87,500		16,87,500

All the assets are worth theri Book-Values except Building and Plant which are valued at Rs. 7,08,750 and Rs. 5,47,500 respectively. The average profits for the past five years are Rs. 2,10,000 the trend of profit being higher each year. The published market price of a share in a company doing similar business is 3 times its paid up value on the basis of 30% dividend.

The partners wish to sell their business. They ask you to advise them about the reasonable selling price. Goodwill is to valued at 3 year's purchase of the super profits. Ignore taxation. [M.D.U. 1991 Sept. Modified]

Ans. Goodwill—Rs. 1,35,000; Selling price of business = Rs. 17,85,000

Nonnal state 9 return $\frac{DPS}{MPS}$ 100 = $\frac{30 \times 100}{300}$ 10%

Problem 6. The Balance-Sheet of Mr R on 31st December 1997 is given as under:

	Rs.		Rs.
Bills Payable	72000	Cash of Bank	1,80,000
Creditors	2,88,000	Stock	28,800
Capital	9,00,000	Furniture	7,200
		Plant and Machinery	3,96,000
		Land and Building	6,48,000
	12,60,000		12,60,000

The profits of the business for the five years ending 31st December, 1997 are:—1993 — Rs. 1,44,000; 1994 Rs. 1,51,200; 1995—Rs. 1,62,000; 1996 — Rs. 1,80,000; 1997 — Rs. 1,90,800.

The Assets are revalued as under :—Land and Building Rs. 6,98,400; Plant and Machinery Rs. 4,24,800 and furniture Rs. 3,600. No remuneration was charged by R though he was engaged in the business. Find out goodwill by capitalisation Method. Normal rate of return is similar type of business is 10% .

व्यवसाय के लाभ 31 दिसम्बर, 1997 तक पाँच वर्ष के निम्नांकित हैं। 1993 —1,44,000 रु.; 1994 — 1,51,200 रु.; 1995 — 1,62,000 रु.; 1996 — 1,80,000 रु.; 1997 — 1,90,800 रु.।

सम्पत्तियों का मूल्यांकन निम्न प्रकार है—भूमि और भवन 6,98,400 रु., प्लान्ट एवं मशीनरी 4,24,800 रु. तथा फर्नीचर 3600 रु. आर ने कोई पारिश्रमिक नहीं लिया यद्यपि वह अच्छी तरह से व्यवसाय में लगा है। पूंजीकरण विधिकरण विधि द्वारा ख्याति की राशि निकालिए। साधारण आय की दर 10% है।

Ans :—Goodwill on Capitalisation of Actual Average profits Rs. 5,49,000 ; Capitalisation of Super Profits = Rs. 5,49000 Super Profits = 54,900

Hint :—(i) Average Capital employed is being taken into consideration for the purpose of valuation of goodwill.

(ii) Fair remuneration of R assumed Rs. 19,800.

Problem 7. The Balance-Sheet of a company as on 31 st Dec. 1987 is as follows:—

	Rs.		Rs.
Share Capital	4,80,000	Fixed Assets	7,20,000
Reserves	1,20,000	Goodwill	72,000
10% Debentures	3,60,000	Current Assets	6,36,000
Creditors	3,04,000	Preliminary expenses	36,000
Bills Payable	2,00,000		
	14,64,000		14,64,000

Profits of the last five years (before providing for income tax @ 50% have been as follows :1983—Rs.72000; 1984—Rs.1,44,000; 1985—Rs.l,20,000; 1986—Rs.l,92,000; 1987—Rs. 1,80,000

The Market value of furniture included in fixed Assets is Rs. 1,20,000 more. Expected Rate of return is 10% calculate the value of goodwill of company according to capitalisation Method.

पिछले पांच वर्षों के लाभ (50% की दर से आयकर लगाने से पूर्व) निम्नलिखित थे—1983 — 72,000 रु. 1984 — 1,44,000 रु. 1985 — 1,20,000 रु. 1986 — 1,92,000 रु. 1987 — 1,80,000 रु.

स्थायी सम्पत्तियों में सम्मिलित फर्नीचर का बाजार मूल्य 1,20,000 रु. अधिक है। अनुमानित आय की दर 10% रु. है। पूंजीकरण विधि के अनुसार कम्पनी की ख्याति का ज्ञात कीजिए।

Ans. :—Average Capital Employed — Rs. 5,22,000, Goodwill — Rs. 1,86,000

Problem 8. S is willing to sell this business to R. S has earned a profit in the past of Rs. 1,60,000 per annum. It is considered that such average profit fairly represents the profit fairly to be earned in future except that :

(i) Chemist's fees Rs. 10,000 charged against such profits will not be payable by R as he himself is an able chemist and can work as such.

(ii) Rent at Rs. 29,000 which had been paid by S will not be a charge in future since R owns his own premises and can supply the accommodation necessary for the staff and equipment. The value is estimated at Rs. 1,50,000.

(iii) The value of net tangible assets of the business was Rs. 19,00,000 and it was considered that a reasonable return on capital invested for the similar business in question was 8%.

(iv) The profits of the business assets of the business S would in no way be affected by the sale of business to R and the existing goodwill was to be paid for on the basis that S's business was a continuing enterprise. Calculate the value of goodwill accoding to capitalisation Method.

Ans. Goodwill — Rs. 4,37,500

Problem 9. A Ltd. agrees to purchase the business ofB Ltd. Profits of B Ltd. for the past four years were Rs. 63,000; Rs. 10,8000; Rs. 90,000 respectively.

You are informed that Rent at Rs. 7200 per annum and maanger's salry @ Rs. 3,600 per month which have been charged against profits of B Ltd. will not be paid by A Ltd.

Net capital employed by B Ltd. was Rs. 10,80,000 and Normal rate of return for the similar business was 10%. Find out the value of goodwill by capitalisation Method.

A Ltd. B Ltd. के व्यवसाय का क्रय करने का प्रस्ताव रखती है। B Ltd. के गत वर्षों के लाभ क्रमशः 63,000 रु.; 10,8000 रु; 90,000 रु. तथा 99,000 रु. थे।

आप को सूचित किया जाता है 7,200 रु. वार्षिक किराया और 3,600 रु. मासिक प्रबन्धक का वेतन जो B Ltd. के लाभों से कहा गया है, A Ltd. को नहीं चुकाना पड़ेगा।

B.Ltd. की शुद्ध विनियोजित पूंजी 10,80,000 रु. थी और इस प्रकार के व्यवसाय में सामान्य प्रतिफल की दर 10% थी। पूंजीकरण विधि द्वारा ख्याति के मूल्य की गणना कीजिए।

Ans. :—Goodwill Rs. 3,24,000

वार्षिकी पद्धति
(Annuity Method)

Problem 9. The following particulars are available in respect of the business carried on by R :—

(i) Profit Earned :— 1993 — Rs. 60,000; 1994 — Rs. 72,000; 1995 — Rs. 66,000

(ii) Expected Rate of return 10%

(iii) Capital employed Rs. 3,60,000

(iv) Present value of an annuity of one rupee for five years at 10% Rs. 3.79

(v) The profits included non-recurring profits on average basis of Rs. 4800 out of which it was deemed that even non-recurring profits had a tendency of appearing at the rate of Rs. 1200 p.a.

Calculate Goodwill as per annuity Mehtod.

R के व्यवसाय से निम्नलिखित विवरण प्राप्त हुए–

(i) अर्जित लाभ–1993 — 60,000 रु.; 1995 — 72,000 रु.;1995 — 66,000 रु.

(ii) लाभ की सामान्य दर 10%

(iii) विनियोजित पूंजी 3,60,000 रु.

(iv) 10% पर पांच वर्षों के लिए एक रु. की वार्षिकी का वर्तमान मूल्य 3.79 रु.

(v) लाभों में 4,800 रु. औसत दर से बार–बार न होने वाले लाभ शामिल हैं जिस में यह माना गया है कि 1,200 रु. प्रति वर्ष ऐसे बार–बार न होने वाले लाभ भी हैं जिन की बने रहने की प्रवत्ति है। वार्षिक विधि से ख्याति का मूल्यांकन कीजिए।

Ans. :— Goodwill — Rs. 1,00,056

Problem 10. Form the following informations calculate the value of goodwill as per annuity Method.

(i) Profits for the past three years :— 1991 — Rs. 80,000; 1992 — Rs. 1,00,000 ; 1993 — Rs. 1,10,000

(ii) Profits for the 1991 has been arrived at after writing off extra-ordinary loss of Rs. 10,000 and profit for 1993 includes an extraordinary income of Rs. 6,000.

(iii) Average capital employed Rs. 8,00,000

(iv) Normal rate of return is 10%

(v) The present value of an annuity of Rs. 0.230975 for five years @ 5% is Rs. 1.

निम्नलिखित सूचनाओं के आधार पर वार्षिकी वत्ति के अनुसार ख्याति का मूल्यांकन कीजिए।

(i) पिछले तीन वर्षों के लाभ:—1991 — 80,000 रु.; 1992 — 1,00,000 रु.; 1993 — 1,10,000 रु.

(ii) वर्ष 1991 के लाभ 10,000 की असामान्य हानि अपलिखित करने के पश्चात् ज्ञात किए गए हैं तथा 1993 वर्ष के लाभों में 6,000 रु. की अनावर्ती आय सम्मिलित है।

(iii) औसत विनियोजित पूंजी 8,00,000 रु. है।

(iv) लाभ की सामान्य दर 10% है।

(v) पाँच वर्ष के लिए 5% की दर पर 0.230975 रु. की वार्षिक वति का मूल्य 1 रु.

Ans. :— Goodwill Rs. 77930.50

Hint :- Super Profit

Actual Average profit — Normal profit

Rs. 98,000 — Rs. 80,000 = Rs. 18,000

Goodwill—

When annuity is Rs. 0.230975, present value is Re. 1.

When annuity is Rs. 18,000, present value is Rs.

$$= \frac{1}{0.230975} \times 18,00 = \text{Rs. } 77930.50$$

❒

अध्याय-8

अंशों का मूल्यांकन
(Valuation of Shares)

अंशों का आशय
(Meaning of Shares)

कम्पनीज अधिनियम, 1956 की धारा 2(46) के अनुसार 'अंश' का आशय कम्पनी की पूंजी में भाग से है इसमें 'स्टॉक' (Stock) भी शामिल हैं सिवाय उस दशा को छोड़कर जहां स्पष्ट या गर्भित रूप से स्टाक और अंश में अन्तर किया जाता है। कम्पनी के स्वामित्व की इकाई एक 'अंश' या 'स्टॉक' होता है।

कम्पनी के प्रत्येक अंश पर एक मूल्य अंकित मूल्य (face value) कहा जाता है। जैसे, एक कम्पनी ने 10,000 अंश निर्गमित किये जिनमें से प्रत्येक अंश 10 रुपये का है, तो यही इस अंश का अंकित मूल्य या सम मूल्य (part value) हुआ। जब अंशों का क्रय या विक्रय किया जाता है तो इनका बाजार मूल्य ध्यान में रखा जाता है। बाजार मूल्य अंकित मूल्य से कम या अधिक हो सकता है।

अंश मूल्यांकन का आशय
(Meaning of Valuation of Share)

अंशों के मूल्यांकन का आशय इनके ऐसे मूल्यांकन से हैं जिस पर इनका क्रय विक्रय, हस्तान्तरण या कर–निर्धारित किया जाता है या जिसके आधार पर अंशधारक या अन्य किसी को अंश–पूंजी की स्थिति का सही ज्ञान प्राप्त होता है।

अंशों का मूल्य ज्ञात करना (Finding out value of shares)—जो अंश स्कन्ध विपणि (stock exchange) की सूची में सम्मिलित होते हैं, उनका मूल्य स्कन्ध विपणि की प्रतिभूतियों की छपी हुई कीमतों से ज्ञात किया जा सकता है, पर जिन अंशों का मूल्य छपता नहीं है। (unquoted shares), उनका मूल्य ज्ञात करने के लिए मूल्यांकन विधि का प्रयोग किया जाता है। बहुत बार उन अंशों का भी मूल्य मूल्यांकन विधि द्वारा ज्ञात किया जाता है जो स्कन्ध विपणि से पंजीकृत होते है क्योंकि स्कन्ध विपणि में अंशों मूल्य में उतार–चढ़ाव होने के बहुत से कारण होते हैं और इनके आधार पर निर्धारित मूल्य उचित मूल्य नहीं होता है। उपयुक्त विवरण से स्पष्ट है कि अंशों के मूल्यांकन की समस्या सभी प्रकार के अंशों के सम्बन्ध में हो सकती है।

अंशों के मूल्य निर्धारण करने की आवश्यकता
(Necessary of Valuation of Shares)

विलियन फिकिल्स के अनुसार, ''लेखाकर्म की दष्टि से अंशों के मूल्यांकन की समस्या एक कठिन समस्या है। यद्यपि उसके सिद्धान्त कठिन नहीं हैं, परन्तु उनके प्रयोग के लिए तान्त्रिक विषयों के पर्याप्त ज्ञान की आवश्यकता है।''

अंशों के मूल्यांकन की समस्या यद्यपि महत्त्वपूर्ण है पर साथ ही साथ कठिन भी है। निम्नांकित दशाओं में अंशों का मूल्यांकन करना आवश्यक होता हैः

1. **एकीकरण पर (On Amalgamation)**—जब दो या दो से अधिक कम्पनियों का एकीकरण होता है तब कम्पनियों के अंशों के मूल्यांकन की आवश्यकता पड़ती है।
2. **अंशों के परिवर्तन पर (On Conversion of Shares)**—कभी–कभी ऐसी भी परिस्थितियों आ जाती हैं जबकि एक प्रकार के अंशों का परिवर्तन दूसरे प्रकार के अंशों में किया जाता हैं ऐसी दशा में अंशों के मूल्यांकन की सम्भावना हो सकती है।

3. **कम्पनी के संविलयन पर (On Absorption of a Company)**—जब एक कम्पनी का संविलयन दूसरी कम्पनी में होता है उस समय अंशों के मूल्यांकन की आवश्यकता होती है।
4. किसी ऐसी कम्पनी के अंश क्रय करने के लिए मूल्यांकन जिस पर नियन्त्रण करना हो।
5. राष्ट्रीयकरण की दशा में सरकार द्वारा अंशों की क्षतिपूर्ति के लिए मूल्य निर्धारण।
6. ऐसे अंशों की बिक्री होने पर जिनका मूल्य प्रकाशित नहीं किया जाता है।
7. **कम्पनी के पुनर्निर्माण पर (On the Reconstruction of the Company)**—जब कम्पनी अधिनियम के अनुसार कम्पनी का पुनर्निर्माण होता है और इसकी सहमति कुछ अंशधारी नहीं देते हैं तो इनके अंशों का मूल्यांकन कर इन्हें भुगतान कर दिया जाता है।
8. एक प्राइवेट कम्पनी के अंशों के मूल्यांकन की आवश्यकता इस कम्पनी की बिक्री के समय या इसकी सही वित्तीय स्थिति का ज्ञान प्राप्त करने के समय पड़ती है।
9. मत्यु कर, सम्पत्ति कर एवं उपहार कर निर्धारण करने पर यदि सम्बन्धित सम्पत्ति में अंश हैं।
10. प्रन्यास और वित्तीय कम्पनियों के चिट्ठे की सम्पत्तियों का मूल्यांकन करने के लिए।
11. जब बैंक अंशों की प्रतिभूति पर ऋण देते हैं तो अंशों के मूल्यांकन आवश्यक पड़ती है।
12. कुछ विशेष दशाओं में ऋणें व दायित्वों का भुगतान करने के लिए।
13. खान की सम्पत्तियों के विघटन होने पर, अवशिष्ट मूल्य का ज्ञान प्राप्त करने के लिए।
14. अन्य किसी दशा में जबकि ऐसा करने से विशेष ज्ञान प्राप्त होने की सम्भावना हो।

अंशों का मूल्य के प्रकार
(Types of Value of Shares)

अंशों का मूल्य निम्न प्रकार का हो सकता है :

(1) सम मूल्य (Par Value); (2) पुस्तकीय मूल्य (Book Value); (3) बाजार मूल्य (Market Value); (4) लागत मूल्य Cost Value); (5) पूंजीकृत मूल्य (Capitalised Value); (6) आन्तरिक मूल्य (Intrinsic Value); (7) उचित मूल्य (Fair Value).

1. **सम मूल्य**—कम्पनी के पार्षद सीमानियम में कम्पनी की पूंजी के प्रत्येक अंश का जो मूल्य अंकित रहता है उसे ही सम मूल्य कहा जाता हैं जैसे एक अंश दस रुपये का है और इसका बाजार मूल्य भी 10 रु. ही है तो इसका मूल्यांकन सम मूल्य कहा जाता है। पूंजी का निर्गमन इससे कम या अधिक पर किया जा सकता है। अंकित मूल्य से अधिक की राशि को 'प्रीमियम' और कम राशि को 'कटौती' कहा जाता है।
2. **पुस्तकीय मूल्य**—अंश के पुस्तकीय मूल्य का आशय कम्पनी की पुस्तकीय पूंजी में अंशों की संख्या का भाग देने से आने वाले मूल्य से है। पुस्तकीय पूंजी का आशय अंश पूंजी संचय एवं आधिक्य की राशि से है। इसी पुस्तकीय मूल्य को अंशधारियों की समता (Shareholders' Equity) या स्वामियों की समता (Owners' Equity) कहा जाता है।
3. **बाजार मूल्य**—अंश के बाजार मूल्य का आशय उस मूल्य से है जिस पर अंश का क्रय–विक्रय अंश बाजार (Share Market) में होता है। अंश बाजार का आशय यहां स्कन्ध विपणि (Stock exchange) से है।
4. **लागत मूल्य**—अंश के लागत मूल्य का आशय उस मूलय से है जो एक अंशधारी को एक अंश का धारक बनाने के लिए व्यय करना पड़ता हैं इसमें अंश का बाजार मूल्य और दलाली आदि के व्यय की शामिल रहते हैं।
5. **पूंजीकृत मूल्य (Capitalised Value)**—कम्पनी की उपार्जन क्षमता का पूंजीकरण विनियोगों पर आय की सामान्य दर के आधार पर किया जाता है। इस पूंजीकृत मूल्य में अंशों की संख्या का भाग देकर एक अंश का मूल्य निकाला जाता है।

6. **आन्तरिक मूल्य**—एक निश्चित तिथि पर कम्पनी की सम्पत्तियों के प्राप्त मूल्य में से उसी तिथि के कम्पनी के बाह्य दायित्वों को घटाने के बाद शेष आने वाली राशि में अंशों का भाग देकर जो राशि प्राप्त होती है वह कम्पनी के अंशों का आन्तरिक मूलय माना जाता है।
7. **उचित मूल्य**—अंशों के आन्तरिक मूल्य व बाजार मूलय के जोड़ में दो का भाग देने से आने वाला मूल्य अंशों का उचित मूल्य कहा जाता है।

अंशों के मूल्य को प्रभावित करने वाले तत्व
(Factors Affecting Value of Shares)

अंशों के मूल्यांकन के सम्बन्ध में निम्नांकित तथ्य महत्त्वपूर्ण हैं क्योंकि ये अंशों को प्रभावित करते हैं :

1. व्यवसाय की प्रकृति (Nature of Business)
2. कम्पनी के उपार्जन शक्ति (Earning Capacity of the Company)
3. गत वर्षों में कम्पनी द्वारा घोषित लाभांश (Dividends declared by the Company in previous years)
4. कम्पनी की शुद्ध मूर्त सम्पत्तियां (Net Tangible Assets of the Company)
5. कम्पनी का पूंजी ढांचा (Capital Structure of the Company)
6. कम्पनी द्वारा उत्पादित माल की ख्याति (Goodwill of the product produced by the Company)
7. इस कम्पनी में अन्य पक्षों के विनियोग (Investment of other Parties in this Company)
8. प्रतियोगिता की सीमा (Limit of Competition)
9. अंशधारियों की संख्या (Number of Shareholders)
10. संचालकों की योग्यता, क्षमता एवं अनुभव (Qualification, Capacity and Experience of the Directors)
11. अंशों की मांग एवं पूर्ति (Demand and Supply of Shares)
12. कम्पनी के भविष्य में प्रगति की सम्भावना (Possibility of Progress of Company in Future)
13. कम्पनी पर सरकारी नियन्त्रण की सीमा (Scope of Government Control over Company)
14. देश में शान्ति एवं सुरक्षा की स्थिति (Position of Peace and Security in the Country)
15. राजनीतिक दशाएं (Political Conditions)
16. विनियोगों पर देश में प्रतिबन्ध (Restrictions of Investments in the Country)

धन-कर के लिए अंशों का मूल्यांकन
(Valuation of Shares for Wealth-Tax)

ऐसे अंशों का मूल्यांकन जो स्कन्ध विपणि में quote किये जाते हैं:

जब एक कम्पनी के अंश नियमित रूप से स्कन्ध विपणि में व्यवहारित (deal) किये जाते हैं या व्यवसाय की साधारण दशा में इन पर व्यवहार किया जाता है तो जिस दिन मूल्यांकन होता है उस दिन स्कन्ध विपणि बन्द होते समय अंशों को जो Quotation होता है वहीं अंशों का मूल्यांकन माना जाता हैं यदि उस दिन का कोई Quotation नहीं है तो उस दिन के ठीक पहले का जो भी Quotation उपलब्ध होता है उसी पर उन अंशों का मूल्यांकन किया जाता है।

वर्ष 1993-94 के धन—कर के लिए 31 मार्च, 1992 के स्कन्ध विपणि के Quotation के आधार पर मूल्यांकन किया जाता है लेकिन ऐसा करते समय स्कन्ध विपणि (Stock exchange) से इस तथ्य का एक प्रमाण पत्र ले लिया जाता है कि ये अंश ऐसे हैं जिन पर नियमित रूप से (Regularly) स्कन्ध विपणन किये जाते हैं या व्यवसाय की साधारण दशा में इन पर व्यवहार किये जाते हैं।

कर–निर्धारण वर्ष 1992-93 से करदाताओं का एक विकल्प यह भी है कि वह 31 मार्च, 1992 के स्कन्ध विपणि के मूल्यांकन तथा इससे पहले के नव वर्षों (Nine Years) के इसी तारीख के मूल्यांकनों का औसत मूल्य निकाल लें और इसी औसत मूल्य पर धन–कर के लिए कम्पनी के अंशों का मूल्यांकन किया जा सकता है। यदि गत नव वर्षों से कम वर्षों के मूल्यांकन उपलब्ध हों तो उन वर्षों के औसत मूल्यांकन को ज्ञात किया जाता है।

ऐसे पूर्वाधिकार अंशों का मूल्यांकन जो स्कन्ध विपणि में Quote नहीं किये जाते हैं (Valuation of such Preference Shares which are not quoted in Stock Exchange)

1. यदि पूर्वाधिकार अंशों पर लाभांश दर 8% है या इससे अधिक है, जो इन अंशों पर भुगतान की गयी राशि पर ही इनका मूल्यांकन किया जाता है।
2. यदि पूर्वाधिकार अंशों पर लाभांश की दर 8% से कम है तो इनकी समायोजित दत्त राशि (Adjusted paid up value) पर इनका मूल्यांकन किया जाता है।

समायोजित दत्त राशि निम्न प्रकार निकाली जाती है :

दत्त पूंजी x लाभांश की दर %8

Paid up Capital × Rate of Dividend %8

यदि कोई कम्पनी अंशों के मूल्यांकन की तिथि एक लगातार तीन वर्षों या इससे अधिक तक के लिए unquoted पूर्वाधिकार अंशों पर कोई लाभांश भुगतान नहीं करती है, तो इन पर एक और कटौती दत्त मूल्य (paid up value) या समायोजित दत्त मूल्य (adjusted paid up value) पर दी जाती है। इसका वर्णन निम्नांकित है :

Number of accounting year ending on Valuation date	Reduction in Non-Cumulative Pref. Shares	Reduction in Cumulative Pref. Shares
3	10%	5%
4	30%	15%

कम्पनी को छोड़कर ऐसी कम्पनी के समता अंशों का मूल्यांकन जो स्कन्ध विपणि पर Quote नहीं किये जाते हैं (Valuation of Unquoted Equity Shares of a Company other than Investment Co.)

इस प्रकार के अंशों का मूल्यांकन Break value के आधार पर निम्न प्रकार किया जाता हैः

मूल्यांकन की तिथि पर कम्पनी के चिट्ठे में प्रदर्शित सम्पत्तियों के मूल्य का जोड। इस उद्देश्य के लिए निम्नांकित को सम्पत्ति नहीं माना जाता है :

1. आय–कर के लिए भुगतान की गयी अग्रिम राशि।
2. लाभ–हानि खाते की डेबिट बाकी।

उपर्युक्त विधि से निकाले हुए सम्पत्तियों के मूल्यांकन से, चिट्ठे की विधि के दायित्वों को घटाया जाता है। इसके लिए निम्नांकित को दायित्व नहीं माना जाता हैः

1. समता अंशों पर दत्त पूंजी।
2. पूर्वाधिकार अंशों एवं समता अंशों के लाभांश भुगतान के लिए किया गया संचय।
3. संचय, चाहे जिस नाम से किया गया हो लेकिन ह्रास संचय नहीं।
4. लाभ–हानि खाते की क्रेडिट बाकी।
5. करारोपण के लिए प्रावधान।
6. संदिग्ध दायित्वों की राशि, लेकिन इसमें संचयी पूर्वाधिकार अंशों पर देय लाभांश की अवशिष्ट राशि (arrears) को शामिल नहीं किया जाता है।

उपर्युक्त के वर्णन के आधार पर सम्पत्तियों का दायित्वों पर जो आधिक्य होता है वही समता अंशों का मूल्य माना जाता है। इस आधिक्य की राशि को समता अंशों की संख्या से भाग देकर एक अंश का मूल्य निकाला जा सकता है इसी मूल्य को Break up Value कहा जाता है।

इस मूल्य में से सभी दशाओं में 20% कटौती मान्य है और शेष 80% को Unquoted समता अंशों का मूल्य माना जाता है। उपर्युक्त को सूक्ष्म में निम्न प्रकार प्रकट किया गया है:

$$\frac{\text{Total of Real Assets - Liabilities}}{\text{No. of Equity Share}} = \text{Break up value of each Equity shares}$$

Break-up value - 20% for discount = 80% of Break up value यही 80% मूल्य Unquoted अंशों के मूल्य को प्रदर्शित करता है।

अंशों के मूल्यांकन की विधियां
(Mehods of Valuation of Shares)

अंशों के मूल्यांकन का अभिप्राय अंशों के ऐसे मूल्य निर्धारण से है, जिस पर अंशों के हस्तांतरण, कर निर्धारण तथा क्रय विक्रय किया जाता है। अंशों के मूल्य के आधार पर अंशधारी या अन्य किसी विनियोजक को अंश पूंजी की स्थिति का ज्ञान होता है।

अंशों के मूल्यांकन की समस्या अति महत्त्वपूर्ण है। पर कठिन भी है। जो अंश स्कन्ध विनियम (Stock Exchange) में सूचीबद्ध होते है। इन का मूल्यांकन प्रतिभूतियों की दैनिक मूल्य सूची की सहायता से किया जा सकता है। परन्तु जिन अंशों का मूल्य छपता नहीं है उन का मूल्यांकन करने के लिए अनेक विधियों का प्रयोग किया जाता है अंशों के मूल्यांकन की विधियां, मूल्यांकन के उद्देश्य तथा अंशों के मूल्यांकन को प्रभावित करने वाले घटकों पर निर्भर करती है। साधारण तथा अंशों के मूल्यांकन की निम्न तीन महत्त्वपूर्ण विधियां है।

(Methods of Valuation of Shares)
अंशों के मूल्यांकन की विधियां

Net Assets Method	Yield Method	Fair Value Method
शुद्ध सम्पत्ति विधि	आय विधि	Or Average Method
	औसत विधि	

Dividend yield method — Earning Capacity Method

1. शुद्ध सम्पत्ति विधि (Net Assets Method)—इस विधि में अंशों का मूल्य ज्ञात करने के लिए कम्पनी शुद्ध सम्पत्तियों (Net Assets) को अंशों की संख्या से भाग कर दिया जाता है और जो शेष आता है वहीं अंश का मूल्य होता है। इस विधि को अनेक नामों से जाना जाता है। जैसे—(i) Asset Valuation Method or Assets Backing Method (सम्पत्ति मूल्यांकन विधि, (ii) पूंजी मूल्यांकन विधि (Capital Valuation Method); (iii) आन्तरिक मूल्य विधि (Intrinsic Value Method); (iv) समापन मूल्य विधि (Break up Value Method) (v) तथा शुद्ध सम्पत्ति मूल्यांकन विधि (Net Assets Valuation Method)

$$\text{Value of Share} = \frac{\text{Net Assets}}{\text{Number of shares}}$$

Net Assets :—Realisable value of Real Assets – External Liabilities

इस विधि के अन्तर्गत शुद्ध सम्पत्तियों (Net Asset) की गणना चालू व्यवसाय मूल्य (Going Concern value) अथवा समापन मूल्य (Break up value) के आधार पर की जा सकती है।

चालू व्यवसाय मूल्य के आधार पर सम्पत्तियों का मूल्यांकन (स्थायी एवं चालू सम्पत्तियां) वसूली मूल्य पर किया जाता है अर्थात् जिस पर एक क्रेता, इन के उपयोग द्वारा उचित लाभ कमाने के लिए, इन्हें खरीदने के लिए तैयार होगा। इस दष्टिकोण से सम्पत्तियों को मूल्यांकन यह मान कर किया जाता है कि संस्था का व्यवसाय चलता रहेगा। समापन मूल्य के आधार पर अंशों का मूल्यांकन यह मान कर किया जाता है कि यदि कम्पनी का समापन हो जाए तो प्रत्येक अंशधारी को क्या मिलेगा? अर्थात् कम्पनी के समापन के समय सम्पत्तियों को बेच कर कितनी राशि वसूल होगी और दायित्वों का भुगतान करने के पश्चात् अंशधारियों को क्या मिलेगा?

इस विधि के अनुसार अंशों का मूल्य ज्ञात करने के लिए निम्नलिखित बातें ध्यान देने योग्य है।

(1) सम्पत्तियों का निर्धारण (Ascertainment of Assets)—

(i) सभी सम्पत्तियों (केवल कृत्रिम सम्पत्तियों को छोड़कर) को बाजार मूल्य चालू प्रतिस्थापन मूल्य (Market Value or Revalued Price or Current Replacement Value) पर जोड़ना हैं कृत्रिम सम्पत्तियों (Fictitious Asset) जैसे अभिगोपन कमीशन, प्रारम्भिक व्यय तथा अंश एवं ऋण पत्र निर्गमन पर छूट आदि को कुल सम्पत्तियों में शामिल नहीं करना है। जब तक प्रश्न में कुछ विपरीत न कहा गया हो ख्याति को भी सम्पत्तियों में शामिल करना है। अन्य अमूर्त सम्पत्तियों (Intangible Assets) जैसे ट्रेड मार्क, पेटेन्ट तथा कापीराइट चाहे इन्हें आर्थिक चिट्ठे में दिखाया गया हो या नहीं कुल सम्पत्तियों में शामिल किया जाना चाहिए।

(ii) देनदारों का मूल्यांकन करते समय संदिग्ध ऋणों के पर्याप्त आयोजन होना चाहिए।

(iii) अंशों एवं ऋणपत्रों में किये गए विनियोगों को बाजार मूल्य पर दिखाना चाहिए।

(iv) सम्पत्तियों का मूल्यांकन वर्तमान वसूली मूल्य पर किया जाना चाहिए क्योंकि सम्पत्तियों का पुस्तक मूल्य उनके बाजार मूल्य से भिन्न होता है।

(2) दायित्वों का निर्धारण (Ascertainment of Liabilities)—दायित्व का अभिप्राय बाहरी दायित्वों (External Liabilities) से है। इनका भुगतान कम्पनी, अंशधारियों को छोड़ कर अन्य व्यक्तियों को करती है। व्यवसायिकों अथवा बाहरी दायित्वों का निर्धारण करने के लिए निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए।

(i) आर्थिक चिट्ठे में दिखाए गये सभी दायित्वों को शामिल चाहिए। ऐसे दायित्व जो चिट्ठे में नहीं दिखाए गये हैं या ऐसे दायित्व जो संभाव्य (contigent) हैं, उन में से जिन दायित्वों के होने की संभावना है को भी दायित्वों में शामिल करना चाहिए।

(ii) अंशों का लाभांश सहित (Cum Dividend) मूल्य निकालते समय प्रस्तवित लाभांश (Proposed Dividend) को दायित्वों में शामिल नहीं करना चाहिए। परन्तु अंशों का लाभांश रहिह (Ex-dividend) मूल्य निकालने के लिए प्रस्तावित लाभांश को दायित्वों में शामिल करना चाहिए।

(iii) पूर्वाधिकार अंशों को भी युद्ध सम्पत्तियों का मूल्य ज्ञात करने के लिए ध्यान देना चाहिए। यदि पूर्वाधिकार अंशों पर लाभांश की बकाया राशि है इसे भी दायित्वों में शामिल करना चाहिए (केवल उस स्थिति में जब पूर्वधिकार अंशों को कम्पनी के पार्षद अन्तर्नियमों के अनुसार प्राथमिकता (priority) हो।)

(iv) आय कर के सम्बन्ध में समुचित प्रावधान (provision) करना चाहिए।

(3) शुद्ध सम्पत्तियों की गणना करना (Calculation of Net Assets)—उपरोक्त विधि से सम्पत्तियों एवं दायित्वों का निर्धारण कर के, सम्पत्तियों की पुनर्मूल्यांकित राशि में से बाहरी दायित्वों को घटा कर शुद्ध सम्पत्तियों की गणना करनी चाहिए। शुद्ध सम्पत्तियों को ज्ञात करने की दो विधियां है—

(1) प्रथम विधि (First Method):—Net Assets

Gross Realisable Value of the Assets (or Assets at Market value)

			Rs.		
Goodwill			......		
Land and Building			......		
Pland and Machinery			......		
Investments			......		
Furniture			......		
Stock			......		
Bills Receivable					......
Debtors (Book Debts)			......		
Cash in hand			......		
Cash in Bank			......		
Others			......		
Total Realisable Value of Assets				......	
Less :- External Liabilities :					
Debentures	......				
Creditors	......				
Bills Payable	......				
Other Liabilities		......	......		
Balance					
Less Pref Share Capital (paid up value)					
Balance available for equity Shareholders					

Net Assets :—Realisable value of Real Assets
Outside Liabilities (including Preference Share Capital)
= Revalued Assets—Revalued Liabilities
= Intrinsic Value or Break up Value

(2) द्वितीय विधि (Second Method) :

Net Assets :—

Equity Share Capital + Reserves and Surplus + Accumulated profits + Profit on Revaluation of Assets—Accumulated loss—Loss on Revaluation of Assets—Preliminary Expenses

उपरोक्त विधियों में से किसी भी विधि द्वारा शुद्ध सम्पत्तियों का मूल्य ज्ञात करते तथा अंशों की संख्या से भाग देकर अंश मूल्य ज्ञात किया जा सकता है।

$$\text{Value of Share} = \frac{\text{Net Assets available for equity shareholders}}{\text{Number of shares}}$$

Difficulties in Asset Valuation Method OR Net Asset Method

(i) सम्पत्तियों का मूल्य निर्धारण करने में कठिनाई (Difficulty in Valuation of Assets)—सम्पत्तियों का मूल्यांकन किस मूल्य पर किया जाए जैसे समापन मूल्य (Break up value), बाजार मूल्य (Market Value) वर्तमान वसूली मूल्य (Current Realisable value), प्रतिस्थापित मूल्य (Replacement value) अथवा चालू व्यवसाय मूल्य (Going concern value) इन में से किस मूल्य को आधार बनाया जाए एक कठिन समस्या है।

(ii) दायित्वों का मूल्य निर्धारण करने में कठिनाई (Difficulty in ascertainment and valuation of Liabilities)—आर्थिक चिट्ठे में दिखाया गए सभी दायित्व वास्तविक नहीं होते। दायित्वों की वास्तविक राशि चिट्ठे में दिखाई गई राशि से अधिक या कम हो सकती है क्योंकि कुछ दायित्वों के लिये जो प्रावधान या आयोजन किये जाते हैं वे अनुमानित होते हैं। ऐसे दायित्व भी होते हैं जिन्हें चिट्ठे में नहीं दिखाया जाता, उन का मूल्यांकन भी कठिन समस्या है। साम्भावित दायित्वों का निर्धारण करना भी एक कठिनाई है।

सम्पत्ति मूल्यांकन विधि के दोष
1. किसी संस्था के अंशों का मूल्यांकन किन परिस्थितियों में आवश्यक हो जाता है। अंशों के मूल्य का निर्धारण करते समय किन–किन बातों को ध्यान में रखा जाता है।

   Under what circumstances does it become necessary to determine the value of shares of a concern ? What factors are taken into consideration while determining the value of shares?

2. समता अंशों के मूल्यांकन की आय विधि को, एक काल्पनिक उदाहरण द्वारा पूर्णतः समझाइए।

   Explain fully and illustrate with an imaginary example, the yield method of the valuation of equity share.

3. अंशों के मूल्यांकन की विभिन्न विधियां कौन–कौन सी हैं? आय मूल्यांकन विधि को उदाहरण देकर समझाइए।

   What are the various methods of valuation of shares ? Describe and illustrate yield valuation method of valuing shares ?

4. अंशों के मूल्यांकन की विभिन्न विधियों को समझाइए। आप की राय में उचित विधि कौन–सी होनी चाहिए।

   Explain the different mehtods of valuation of shares. What would be an appropriate method in your opinon?

5. अंशों के मूल्यांकन को प्रभावित करने वाले तत्वों की व्याख्या कीजिए। प्रतिफल विधि तथा शुद्ध सम्पत्ति विधि में से मूल्यांकन की कौन–सी विधि उपर्युक्त है और कब?

   Explain the factors that influence the valuation of shares out of the yield method and Net assets method which valuation method is more appropriate and when?

6. अंशों के मूल्यांकन की 'आन्तरिक मूल्य विधि' तथा 'प्रत्याय विधि' की पूर्ण व्याख्या करे। किन अवस्थाओं को इनको प्राथमिकता दी जाती है।

   Explain fully the intrinsic value method and the yield method of valuation of shares. Discuss under what situations. The same are preferred.

7. अंशों के मूल्यांकन की आवश्यकता को समझाइये। उन तत्वों का भी वर्णन कीजिये जो अंशों के मूल्यांकन को प्रभावित करते है।

   Explain the need for valuation of shares. Also explain the factor that influence the valuation of shares 10,100.

Practical Questions (व्यवहारिक प्रश्न)

Net Asset Method (शुद्ध सम्पत्ति विधि)

(Only one type of equity shares are given in Balance Sheet)

Problem 1. On 31st December 1994, The Balance Sheet of Eicher Ltd. disclosed the following position :—

	Rs.		Rs.
25,000 equity Shares of Rs. 10 each	2,50,000	Goodwill	25,000
General Reserve	18,750	Fixed Assets	3,12,500
Profit and Account	50,000	Current Assets	1,25,000
12% Debentures	62,500		
Creditors	81,250		
	4,62,500		4,62,000

On 31 st December, 1994 the fixed Assets ware valued at Rs. 2,18,750 and the goodwill at Rs. 31,250 calculate the value of Eicher Ltd.'s share by the Net Asset Method.

31 दिसम्बर, 1994 को स्थायी सम्पत्तियों का मूल्यांकन 2,18,750 रु० पर किया तथा ख्याति का 31,250 रु० शुद्ध सम्पत्ति विधि कम्पनी के अंशों का मूल्य ज्ञात कीजिए।

[**Ans.** Instrinsic value of share = Rs. 9.25 Approx]

Different Types of equity shares with different paid up values

Problem 2. Following is the Balance sheet of Hero Ltd. a son 31st December, 1997.

	Rs.		Rs.
13,500 equity share of Rs. 20 each fully	2,70,000	Furniture	1,68,750
11,250 equity shares of Rs. 20 each,	90,000	Machinery	2,70,000
Rs. 8 paid			
		Goodwill	11,250
		Investments 22,500	
		B/R	22,500

6,750 equity shares of Rs. 10 each fully paid	67,500	Debtors	67,500
		Stock	1,35,000
4,500 equity shares of Rs. 10 each Rs. 5 paid	22,500	Cash	58,500
Reseve Fund	2,02,500	P & L A/c Dr. balance	9,000
Profit and Loss Account	22,500		
Bills payable	36,000		
Creditors	54,000		
	7,65,000		7,65,000

The goodwill is valued 6,750; machinery at Rs. 5,40,000; Furniture at Rs. 1,35,000; Investments at Rs. 15,750; stock at Rs. 1,12,500; Debtors at Rs. 63,000. There was a contigent liability of Rs. 9,000. Determine the value of different shares.

ख्याति का मूल्यांकन 6,750 रु०; मशीनरी 5,40,000 रु०; फर्नीचर 1,35,000 रु०; देनदार 63,000 रु० पर किया गया हैं। 9,000 रु० के संभाग्य दायित्व भी है विभिन्न श्रेणी के अंशों का मूल्यांकन कीजिए।

(i) Value of 20 paid up share - Rs. 38

(ii) Value of Rs. 8 paid up shares - Rs. 15.20

Ans. (iii) Value of Rs. 10 paid up share - Rs. 19

(iv) Value of Rs. 5 paid share - Rs. 9.50

When good will is to be calculated for the purpose of valuation of shares

Problem 3. The Balance-Sheet of Zero Ltd. disclosed the following position as on 31 st March, 1998.

	Rs.		Rs.
25,000 equity plant of Rs. 10 each	2,50,000	Plant	75,000
Reserve Fund	72,500	Buildings	1,00,000
Profit and loss	1,00,000	Goodwill	1,25,000
14% Debenture	1,25,000	Stock	3,00,000
	2,65,000	Debtors	2,05,000
Creditors		Cash at Bank	1,22,500
Bills payable	1,25,000	Prelimnary expenses	10,000
	9,37,500		9,37,500

All the assets are worth their books-balance except Buildings and plant which on a recent valuation are worth Rs. 1,25,000 and Rs. 1,50,000 respectively. For the purpose of valuation of shares goodwill shall be taken at 2 years is purchase of the average profits of the last 4 years. The profits for the last four years are; Rs. 1,00,000; Rs. 1,25,000; Rs. 1,50,000 and Rs. 1,75,000 compute the value of shares by Net Assets method.

भवन तथा प्लान्ट को छोड़कर जिन का क्रमशः मूल्य 1,25,000 रु० और 1,50,000 रु० है शेष सभी सम्पत्तियों का पुस्तकीय मूल्य है अंशों के मूल्यांकन के लिए ख्याति का मूल्य गत चार वर्षों की औसत लाभ के दो वर्ष के क्रय के बराबर होगा गत चार वर्षों के लाभ निम्न है :—1,00,000 रु०; 1,25,000 रु०; 1,50,000 रु० तथा 1,75,000 रु० शुद्ध सम्पत्ति विधि से कम्पनी को मूल्यांकन कीजिए।

Ans :—Goodwill according to Weighted Average Method - Rs. 3,00,000; value of equity shares—Rs.27.50

Partly paid up shares when are to be made in near future.

Problem 4. The following details are available in respect of X Ltd.

Share Capital

		Rs.
I. 2,000 Equity shares of Rs. 100 each, Rs. 40 called up		80,000
II. 1,500 Equity shares of Rs. 100 each, Rs. 20 called up		30,000
III. 2,500 Equity shares of Rs. 100 each fully called up		2,50,000
IV. 10% 5,800 Preference shares of Rs. 100 each Rs. 50		2,90,000
Reserves and Surplus		6,50,000
Reserve Fund	2,50,000	
P & L A/c	1,25,000	
		3,75,000
		10,25,000

On a fair valuation of Assets of the company it is found that they have an appreciation of Rs. 1,25,000. The articles of association provided that in case of liquidation, the preference shareholders will have a futher calim to the extent of 10% of the surplus assets. Ascertain the value of each equity share and preference-share.

Ans. Value of each equity have fully paid - Rs. 175

Value of each share category I = Rs. 175 – Rs. 60 = Rs. 115

Value of each share category II = Rs. 175 – Rs. 80 = Rs. 95

Value of each profit share = Rs. 108.62 – 50 = Rs. 58.62

Share capital is composed of equity shares and preference shares :—

Problem 5. The Balance-Sheet of S Ltd. as on 31 st Dec. 1993 was as follows :—

	Rs.		**Rs.**
		Fixed Assets	8,25,000
4,500, 10% pref. Shares of Rs. 100 each	4,50,000	Goodwill	1,37,000
35,000 equity shares of Rs. 10 each	3,50,000	Investment (maruet price 66,000)	55,000
General Reserve	36,000	Debtors	1,65,000
Profit and Loss A/c	1,32,000	Stock	1,37,000
Sinking fund	22,000	Cash at Bank	66,000

10% Debentures	2,20,000	Preliminary expenses	2,22,000
Creditors	1,98,000		
	14,08,000		14,08,000

On 31 st December, 1993 Fixed Assets were independently valued at Rs. 9,90,000 and the goodwill at Rs. 1,54,000. Debtors are dpubtful to the extent of Rs. 12,000. There is a contingent liability which is expected to be materialised Rs. 13,200. Preference Dividends are in arrears for the last two year.

Other assets are worth their book-values. Calculated the value of by the Net assets method.

[**Ans.** Value of each equity share—Rs. 17 Approx]

Different situations of Preference shares given in Articles of Association of a company.

Problem 6. The following is the Balance-Sheet of P.Ltd as on 31st March, 1998

	Rs.		Rs.
15,000, 10% pref. shares of Rs. 10 each	1,50,000	Fixed Assets	1,53,000
		Stock	30,000
7,500 equity shares of Rs. 10 each	75,000	Sundry Debtors	60,000
General Reserve	15,000	Cash at Bank	37,500
Sinking Fund	22,500	Underwriting commission	7,500
Creditors	29,250	Profit and Loss A/c	11,250
Depreciation Fund	7,500		
	2,99,250		2,99,250

Debtors are doubtful to the extent of Rs. 7,200 for which no provision has been made. Machinery included in fixed Assets in more by Rs. 36,000 other Assets are worth their book values. Dividends on Pref. Shares are in arrears for two year.

You are required to value the of shares if :—

(i) when preference shares have priority for payment of capital only;

(ii) When preference shares have no priority for repayment of capital and dividends;

(iii) When preference shares have priority as to payment of capital are arreas of dividend;

(iv) When preference shares have no priority for capital but only for arrears of dividend.

देनदारों में 7,200 रु० के संदिग्ध ऋण सम्मिलित हैं जिनके लिए कोई प्रावधान नहीं बनाया गया है। स्थायी सम्पत्तियों में शामिल मशीनरी का मूल्य 36,000 रु० अधिक है अन्य सम्पत्तियों का मूल्य उनके पुस्तकीय मूल्य के बराबर है। पूर्वाधिकार अंशों पर दो वर्ष का लाभांश बकाया है। समता अंशों का मूल्य ज्ञात कीजिए :—

(i) पूर्वाधिकार अंशों को केवल पूंजी के भुगतान के लिए प्राथमिकता है।

(ii) जब पूर्वाधिकार अंशों पर न तो पूंजी भुगतान की और न ही लाभांश के भुगतान की प्राथमिता है।

(iii) जब पूर्वाधिकार अंशों पर पूंजी भुगतान की प्राथमिकता नहीं है परन्तु लाभांश की प्राथमिकता है।

Ans. Value of Share : Assumption (i) Rs. 16.34; Assumption (ii) Rs. 12.12 (Approx); Assumption (iii) Rs. 12.34 Assumption (iv) Rs. 10.78

आयकर विधि
(Yield Method)

Problem 7. X Ltd. 50,000 equity shares of Rs. 10 each, Rs. 8 paid. The company transfer profits to general Reserve every year. The expected profits (based on previous year's performance before tax is Rs. 10,00,000 and the rate of tax is 65% Normal Rate of dividend is 15% X Ltd. has preference 7% capital is Rs. 4,00,000 dividend into shares of Rs. 10 each. Find out the value of share by yield method.

X Ltd. में 50,000 साधारण अंश 10 रु० चुकता है। कम्पनी प्रत्येक लाभ का 10% सामान्य कोष में हस्तान्तरण करती है गत वर्ष के कार्य पर आधारित अनुमानित लाभ बिना कर काटे 10,00,000 रु० है और कर की दर 65% है। लाभांश की सामान्य दर 15% है।

X Ltd. की 7% पूर्वाधिकार अंशपूंजी 4,00,000 रु० है जो 10 रु० वाले अंशों में है। आय विधि से अंश का मूल्य निकालिए।

[B.Com. K.U.K. 1992]

Ans. Rs. 35.875 per share.

Problem 8. On 31 st December, 1997 the Balance Sheet of S Ltd. disclosed the following position.

	Rs.		Rs.
Issued capital Rs. 10	2,40,000	Fixed Assets	2,40,00
Reserve Fund	54,000	Current Assets	1,20,000
Profit and loss A/c	12,000	Goodwill	24,000
Current Liabilities	78,000		
	3,84,000		3,84,000

The net profits for the three years were 1995 - Rs. 36,960; 1996 - Rs. 36,200; and 1997 - Rs. 42,990 of which 20% was placed to reserve. This proportion being considered reasonable in the industry in which the company is engaged and where a fair investment retrun may be taken at 12%. Compute the value of company's share by yield mehtod.

तीन वर्षों का लाभ निम्न प्रकार था :—

1995 - 39,960 रु०; 1996 - 37,200 रु०; 1997 - 42,990 रु०

उपरोक्त लाभों का 20% संचय में रखा जाता था। जिस प्रकार के उद्योग में कम्पनी लगी हुई है उसके लिए यह अनुपात उचित माना जाता है। विनियोग का उचित लाभ की दर 12% है।

आया विधि के अनुसार अंशों का मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans. Rs. 10.84 per share.

Problem 9. The paid up share capital of a company consists of 1,000,5% preference shares of Rs. 100 each and 20,000 equity shares of Rs. 10 each. In addition to a fixed dividend of 5% the preference shareholders are also entitled to participate in the profit up to 4% after payment of dividend of 10% on equity shares, any surplus profits being available to equity shareholders.

The annual average profits of the company are Rs. 50,000 after providing for depreciation and taxation and it is considered necessary to transfer Rs. 3,000 per annum to Reserve Fund.

The normal return expected on preference shares is 8% and that on equity shares is 10% you are required to work out the value of the each preference and equity share in the company.

एम कम्पनी की चुकता अंशपूंजी 100 रु० वाले 20,000 समता अंशों में विभाजित है। 5% स्थायी लाभांश दर के अतिरिक्त पूर्वाधिकार अंशधारियों को लाभ में से समता अंशों पर 10% लाभांश का भुगतान करने के पश्चात् 4% तक अतिरिक्त लाभांश समता अंशधारियों को मिलेगा।

कम्पनी के औसत लाभ (लाभ तथा कर के लिए प्रावधान करने के बाद) 50,000 रु० है और 3,000 रु० वार्षिक संचय कोष में हस्तान्तरित करना उचित समझा गया है। पूर्वाधिकार अंशों पर सामान्य आय की दर 8% तथा समता अंशों पर 10% हैं कम्पनी के पूर्वाधिकार अंश तथा समता अंश के मूल्य की गणना कीजिए।

Ans. Value of preference share Rs. 112.50 value of equity share Rs. 19.00

Earning Capacity Method

Problem 10. On 31st December, 1996 the Balance Sheet of X Ltd. disclosed the following position :—

	Rs.		Rs.
2,000 6% preference shares of Rs. 100 each fully paid	2,00,000	Machinery	50,000
3,000 equity shares of Rs. 100 each fully paid	3,00,000	Stock (at market price)	2,00,000
Reserves for Bad debts	10,000	3% investment	2,00,000
		Debtors	2,50,000
		Cash	1,00,000
Depreciation Fund -	10,000	Preliminary expenses	45,000
Machinery 4,000			
Investment 6,000			
Profit and Loss A/c			
1 Jan, 1996 30,000			
for 1996 2,70,000	3,00,000		
Creditors	25,000		
	8,45,000		8,45,000

(a) Machinery is worth Rs. 1,00,000 now; (b) profit for the past three years have shown an increase of Rs. 10,000 annually; (c) Public companies doing similar business show a profit earning capacity of 12% on the market value of their shares; (d) The company's prospect for 1997 are good.

Find the value of share by earning capacity method. Assume taxation at 50% **सूचनाएं** :— (i) मशीनरी का मूल्य अब 1,00,000 रु० है।

(ii) पिछले तीन वर्षों से लाभों में लगातार 10,000 रु० की वद्धि हो रही है।

(ii) 1997 के लिए कम्पनी का कारोबार अच्छा होने की संभावना है।

Ans. Rs. 172.08 (Approx.)

Hint :—Net capital Employed = Rs. 6,15,000; profits after tax but before preference dividend and interest on Debentures Rs. 1,27,000 Rate of Earnings 20.65%

Problem 11.

Following the Balnce-Sheet of P Ltd. is as on 31st March, 1997.

	Rs.		**Rs.**
18,000 equity shares of Rs. 10 each fully paid	18,000	Furniture	72,000
		Buildings	30,000
Reserves & Surplus		Plant and Machinery	1,06,000
Reserve Fund	72,000	Stock	80,000
Capital Reserve	24,000	Debtors	1,21,800
Profit and Loss A/c	72,000	Cash and Bank	71,220
Income tax payable	6,900		
Creditors	56,220		
Proision for tax	49,200		
Proposed Dividend	20,700		
	4,81,020		4,81,020

Net profits (before taxation) for the three years are—

Year ended 31st March, 1995 - Rs. 82800; 31st March, 1996 - Rs. 1,09,800; 31st March, 1997 - Rs. 1,18,200. Furniture valued at Rs. 96,000.

Average yield in this type of business is 15% on capital employed. Find out the value of each share on the basis of above mentioned facts.

गत समाप्त होने वाले वर्षों का शुद्ध लाभ (आयकर घटाने से पूर्व) निम्न प्रकार से है:—31 मार्च, 1995 को 82,800 रु०; 31 मार्च 1996 को 1,09,80 रु०; 31 मार्च 1997 को 1,18,200 रु० था। फर्नीचर को 96,000 रु० पर पुनर्मूल्यांकित किया गया है। इस प्रकार के व्यापार में विनियोजित पूंजी का लाभांश की औसत पर 15% है तथ्यों के आधार पर प्रत्येक अंश का मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans. Rs. 8.79 per share Net capital Employed - Rs. 3,92,700.

Note— प्रश्न को Earning Capacity Method से हल किया गया है।

Eaming capacity method में विनियोजित पूंजी की गणना करते समय Proposed Dividend को नहीं घटाया जाता है।

Problem 12.

The following in the Balance-Sheet of S Ltd. as at 30th June, 1997

	Rs.		**Rs.**
Share captial 15,000 shares of Rs.10 each	1,50,000	Free hold property	1,20,000

Reserve Fund	75,000	Machinery	72,000
Profit and Loss A/c	15,000	Furniture	22,000
Provident Fund	12,000	Stock	12,000
Creditors	48,000	Book-Debts	66,000
Provision for tax	10,800	Cash at Bank	4,800
		Underwriting commision	6,000
	3,10,800		3,10,800

Freehold property has been valued at Rs. 1,50,000; machinery is worth Rs. 60,000; Goodwill is valued is at Rs. 48,000. Profits of the company after tax are. 1995 - Rs. 60,000; 1996 - Rs. 66,000; 1997 - Rs. 90,000

The expected Rate of Return may be taken at 12% Find the value of share by earning capacity method.

फ्रीहोल्ड प्रोपर्टी का मूल्यांकन 1,50,000 रु०; मशीनरी का मूल्यांकन 60,000 रु० किया गया। ख्याति का मूल्य 48,000 रु० है। अनुमानित प्रतिफल की 15% दर हैं उपर्जान आय विधि के आधार पर अंशों का मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans. Value of Share - Rs. 20; Net capital employed - Rs. 3,00,000.

औसत विधि अथवा उचित मूल्य विधि
(Fair Value Method OR Mean Method)

Problem 13.

The following particulars of a company are available :—

(i) Equity share capital : 10,000 Equity shares of Rs. 10 each fully paid

(ii) 1,000, 12% preference shares of Rs. 100 fully paid.

(iii) Reserves and surplus - Rs. 15,000

(iv) External liabilities—

	Rs.
Creditors	12,000
Bills Payable	6,000

(v) The average normal profits (after taxation) earned each year by the company - Rs. 28,500

Assets of the company include one fictious item of Rs. 800;

The fair or normal rate of return in respect of the equity shares of this type of the company is ascertained at 10%.

Calculate the fair value of each equity share.

कम्पनी के सम्बन्ध में निम्न विवरण उपलब्ध हैं :—

(i) समता अंशपूंजी :— 10,000 समता अंश रु० वाले पूर्णदत्त।

(ii) 1,000, 12% पूर्वाधिकार अंश 100 रु० वाले पूर्णदत्त।

(iii) संचय एवं आधिक्य — 15,000 रु० ।

(iv) बाहरी दायित्व :—

	रु०
लेनदार	12,000
देय विपत्र	6,000

(v) कम्पनी द्वारा सामान्य औसत लाभ (करों के बाद) 28,500 रु० । कम्पनी कुल सम्पत्तियों में 8,000 रु० की नाम पत्र की सम्पत्तियां है। इसी प्रकार की कम्पनियों के समता अंशों के बाजार मूल्य पर सामान्य लाभ की दर 10% है।

कम्पनी के अंशों का उचित मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans. Assets Basis - Rs. 11.42; yield basis - Rs. 16.50; Fair value - Rs. 13.96

Problem 14.

The following is the balance sheet of X Ltd. as at 30th June, 1997.

	Rs.		Rs.
7,500 equity shares of Rs. 10 each.	75,000	Land Buildings	41,250
General Reserve	15,000	Plant and Machinery	48,750
Profit and Loss A/c	12,000	Trade marks	7,500
Workmen saving Account	11,250	Stock	18,000
Provision for Tax	22,500	Debtors	33,000
Creditors	36,750	Cash at Bank	19,500
		Preliminary expenses	4,500
	1,72,500		1,72,500

The plant and machinery is worth Rs. 45,000 and land and buildings have been valued at Rs. 90,000. Rs. 3,000 of the debtors are bad. The profits of the company of the past three years are Rs. 30,000; Rs. 33,750 and Rs. 39,750. It is the company's practice to transfer 25% of the profits to reserves. Ignoring taxation, find out the value of the equity share on dividend yield basis and also on the net assets basis. Similar companies give an yield of 10% on the market value of their shares. Goodwill may be taken to be worth Rs. 60,000.

प्लान्ट एवं मशीनरी का मूल्य 45,000 रु० तथा भूमि एवं भवन का मूल्य 90,000 रु० है। देनदारों में से 3,000 रु० इबन ऋण है गत तीन वर्षों में कम्पनी के लाभ 30,000 रु०; 33,750 रु० तथा 39,750 रु० है। कम्पनी अपने लाभों का 25% प्रतिवर्ष संचयों में हस्तांतरित करती है। कर का ध्यान न रखते हुए, लाभांश आय विधि तथा शुद्ध सम्पत्ति विधि से समता अंश का मूल्य ज्ञात कीजिए। इसी प्रकार की कम्पनियां अपने अंशों के बाजार मूल्य पर 10% की प्रत्याय देती है ख्याति का मूल्य 60,000 रु० लिया जा सकता है।

Ans. Asset basis - Rs. 26.60; yield basis - Rs. 36.75

Fair Value - Rs. 31.67

❒

अध्याय-9

कम्पनियों का एकीकरण, अन्तर्लयन एवं पुनर्निर्माण

(Amalgamation, Absorption and Reconstruction of Companies)

कुछ व्यापार जन्म से बड़े होते हैं, कुछ बाद में बड़े जाते हैं और कुछ को जबरदस्ती बड़ा बना दिया जाता है। वर्तमान में व्यापार को जबरदस्ती बड़ा बनाने की प्रवत्ति दिन–प्रतिदिन पनप रहीं है। इस प्रवत्ति के पीछे संयोग आन्दोलन का हाथ होता है। संयोग आन्दोलन के परिणामस्वरूप कुछ व्यापार मिलकर आपस में एक हो जाते हैं। संयोग से सभी इकाइयों को लाभ होता है। उत्पादन व्ययों में कमी होना, तथा मूल्यों पर नियन्त्रण होना, उत्पादन एवं वितरण व्ययों में मितव्ययता आना और कुशल अनुभवी विशेषज्ञों की सेवाएं प्राप्त करना आदि।

भारतीय कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 494 के अधीन कम्पनी परिसमापक को यह अधिकार दिया गया है कि परिसमापित होने वाली कम्पनी के लिए क्रेता कम्पनी से जो अंश एवं ऋणपत्र मिलते हैं उन्हें परिसमापित होने वाली कम्पनी अंशधारियों में उनके दावों के आधार पर बांट दे। अतः एक परिसमापित होने वाली कम्पनी का क्रय किसी भी दूसरी कम्पनी से किया जा सकता है और क्रेता कम्पनी परिसमापित होने वाली कम्पनी का क्रय मूल्य का भुगतान अपने अंश एवं ऋणपत्रों में कर सकती है। इस प्रकार दो या दो से अधिक कम्पनियां आपस में मिलकर संयोजित हो जाती है। लेखांकन में एक समामेलित संस्था का व्यवसाय जब दूसरी समामेलित संस्था द्वारा क्रय किया जाता है तब इसे एकीकरण, अन्तर्लयन या पुनर्निर्माण कहा जाता है। यद्यपि ये शब्द समानार्थ लगते हैं लेकिन इन तीनों शब्दों के अर्थ में परिभाषिक अन्तर है जिसका स्पष्टीकरण नीचे दिया गया है।

1. **एकीकरण (Amalgamation)**—इस विधि में दो या दो से अधिक वर्तमान कम्पनियों का पहले परिसमापन किया जाता है और बाद में उनके स्थान पर एक नई कम्पनी का निर्माण किया जाता है। जब दो या दो से अधिक कम्पनियां आपस में इस प्रकार संयोजित होती हैं तब एकीकरण कहलाता है। यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि कम से कम दो कम्पनियों का परिसमापन किया जाना चाहिये और एक नई कम्पनी का निर्माण किया जाना चाहिए।
2. **अवशोषण या अन्तर्लयन (Absorption)**—इसके अन्तर्गत एक या एक से अधिक कम्पनियों का परिसमापन किया जाता है और किसी वर्तमान कम्पनी द्वारा उनका व्यवसाय क्रय किया जाता है। प्रायः व्यवसाय क्रय करने वाली कम्पनी बड़ी होती हैं। अतः किसी नई कम्पनी का निर्माण नहीं किया जाता।
3. **पुनर्निर्माण (Reconstruction)**—एक ऐसी कम्पनी जिसे व्यवसाय में सफलता नहीं मिल रही है।, अपनी पूंजी से पुनर्गठन करती है। पुनर्निर्माण करने की दो विधियां हैंः

   (i) **आन्तरिक पुनर्निर्माण (Internal Reconstruction)**—एक असफल कम्पनी पुनः सफलता प्राप्त करने के लिए अपना पुनःर्निर्माण करती है जबकि कम्पनी का व्यापार और उसके अंशधारी पूर्ववत् बने रहते हैं। इस प्रकार पुनर्निर्माण एवं हानियां और सम्पत्तियों और सम्पत्तियों के अधिमूल्यांकन (over-valuation of Assets) को समाप्त कर नए स्तर से व्यापार करना है। अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य आते हैंः

   (अ) अंश–पूंजी कम करना (Reduction of Share Capital)

   (ब) अंश पूंजी का पुनर्गठन (Re-organisation of Capital)

   (ii) **बाह्य पुनर्निर्माण (External Reconstruction)**—जब एक वर्तमान कम्पनी का व्यापार समाप्त कर इसके व्यापार क्रय करने के लिए एक नई कम्पनी की स्थापना की जाती है तो इसे बाह्य पुनर्निर्माण कहते हैं।

पुनर्निर्माण का सम्बन्ध केवल एक कम्पनी से है और आन्तरिक पुनर्निर्माण में कम्पनी का परिसमापन नहीं किया जाता।

	विक्रेता कम्पनी/कम्पनियां	क्रेता कम्पनी
1. एकीकरण	दो या अधिक कम्पनियों का समापन हो जाता है।	समाप्त हुई कम्पनियों के व्यवसाय के अधिग्रहण करने हेतु एक नई कम्पनी अस्तित्व में आती है।
2. संविलयन	एक या अधिक कम्पनी का समापन हो जाता है।	एक विद्यमान कम्पनी समाप्त हुई कम्पनी/कम्पनियां के व्यवसाय का अधिग्रहण करती है।
3. बाह्य पुनर्निर्माण	विद्यमान कम्पनी समाप्त हो जाती है।	समाप्त हुई कम्पनी के व्यववसाय का अधिग्रहण करने हेतु एक नई कम्पनी अस्तित्व में आती है।

उपरोक्त विषय का लेखांकन उपचार निम्न प्रकार किया जायेगा।

(i) विक्रेता कम्पनी/कम्पनियों की लेखा–बहियों में समापन लेखे।

(ii) क्रेता कम्पनी की लेखा–बहियों के प्रारम्भ करना या क्रय सम्बन्धी लेखे।

आज के इस व्यवसायिक युग में एक कम्पनी के व्यवसाय समाप्त कर नई कम्पनी द्वारा किया जाना अधिग्रहण करना या एक ही प्रकार का व्यवसाय करने वाली कम्पनियों द्वारा अपना व्यवसाय समाप्त कर नई कमपनी का निर्माण करना एक सामान्य सी बात है। अतः एक या अधिक कम्पनियों के व्यवसाय को अन्य कम्पनी द्वारा क्रय या अधिग्रहण किया जाना ही एकीकरण, संविलयन या बाह्य पुनर्निमाण आदि नामों से जाना जाता है।

एकीकरण, संविलयन या बाह्य निर्माण सामान्य बोलचाल की भाषा में एक समान लगते हैं, परन्तु तीनों में तकनीकी अन्तर है। इनका स्पष्ट अर्थ जानने के लिए निम्न विचारधाराओं का संक्षिप्त अध्ययन करना आवश्यक है।

I. परम्परागत विचारधारा (Traditional Approach up to 1st April, 1995)

1 अप्रैल, 1995 से पहले एकीकरण, संविलयन और पुनर्निर्माण शब्दों का अर्थ निम्न प्रकार से लिया जाता था।

एकीकरण

(Amalgamation)

एक–सा ही व्यापार करने वाली दो या दो से अधिक कम्पनियों द्वारा आपस में मिलकर नई कम्पनी का निर्माण करना तथा नई कम्पनी द्वारा आपस में मिलने वाली कम्पनियों के व्यवसाय को क्रय करना ही एकीकरण कहलाता है।

मुख्य विशेषताएं–(i) दो या दो से अधिक कम्पनियां का मिलना।

(ii) मिलने वाली कम्पनियों का व्यवसाय समान पद्धति का होना।

(iii) मिलने वाली कम्पनियों का व्यवसाय क्रय करने के लिए नई कम्पनी का निर्माण होना।

उदाहरण–माना कि X Ltd. तथा Y Ltd. दो कम्पनियों एक–सा ही व्यापार करने वाली हैं। ये दोनों कम्पनियां आपस में मिलकर एक नई कम्पनी XY Ltd. का निर्माण कर लेती है। तो यह एकीकरण होगा, ऐसी स्थिति में X Ltd. और Y Ltd. यहां पर XY Ltd. को क्रेता कम्पनी कहेंगे क्योंकि X Ltd. तथा Y Ltd. के व्यवसाय को क्रय करती है। X Ltd. तथा Y Ltd. को विक्रेता कम्पनियों कहेंगे क्योंकि इन्हें अपने व्यवसाय को XY Ltd. को बेचना पड़ता है। वैधानिक अस्तित्व समाप्त हो जाएगा।

एकीकरण (Amalgamation)



Amalgamation

Formation and Promotion of a new company to take over the business of two or more existing Companies is called Amalgamation."

संविलयन (Absorption)

एक विद्यमान कम्पनी द्वारा समान प्रकृति के व्यवसाय में लगी हुई दूसरी कम्पनी के व्यवसाय को एक आपसी समझौते के अन्तर्गत निश्चित प्रतिफल के बदले क्रय करना संविलयन कहलाता है।

मुख्य विशेषताएं—(i) किसी अन्य कम्पनी का व्यवसाय क्रय करने के लिए नई कम्पनी का निर्माण नहीं होता। एक विद्यमान कम्पनी ही व्यवसाय क्रय करती है।

(ii) क्रय के पश्चात् विक्रेता कम्पनी का अस्तित्व समाप्त हो जाता है। केवल एक क्रेता कम्पनी ही रह जाती है।

उदाहरण—माना कि X Ltd. साइकिल निर्माण करती है और Y Ltd. भी साइकिल निर्माण करती है। दोनों में आपसी प्रतिस्पर्धा होती हैं अब एक समझौते के अनुरूप X Ltd. Y Ltd. को क्रय कर लेती है और Y Ltd. का अस्तित्व समाप्त हो जाता है तो यह Y Ltd. का X Ltd. में संविलयन (Absorption) माना जाएगा।

Absorption

"One or more existing companies go in to liquidation and some exsiting company takes over or purchases their business—is known as absorption."

उद्देश्य (Objectives)

एकीकरण, संविलयन या बाह्य पुनर्निर्माण का उद्देश्य अनेक प्रकार की आन्तरिक एवं बाह्य बचतों को प्राप्त करना, आपसी प्रतिस्पर्धा को समाप्त करना, खर्चों में कटौती, व्यापार पर समुचित नियन्त्रण तथा वस्तुओं के उत्पादन की प्रति इकाई लागत को कम करना, पूंजी में वद्धि करना तथा पेशेवर प्रबन्धकों की सेवाओं का लाभ प्राप्त करना होता है।

पुनर्निर्माण (Reconstruction)

पुनर्निर्माण का सही अर्थ समझने के लिए यह जानना आवश्यक है कि पुनर्निर्माण किस प्रकार का है।

पुनर्निर्माण दो प्रकार का होता है

(i) बाह्य पुनर्निर्माण (External Reconstruction) एक नई स्थापित कम्पनी द्वारा एक विद्यमान कम्पनी के व्यवसाय को क्रय करना बाह्य पुननिर्माण कहलाता है। इस नई कम्पनी का निर्माण उस विद्यमान कम्पनी के व्यवसाय को क्रय करने के लिए ही किया जाता है। इस प्रकार पुरानी कम्पनी पुनः संगठित हो जाती है।

उदाहरण—माना कि X Ltd. अपने व्यवसाय का समापन कर ले तथा X Ltd. का व्यवसाय क्रय करने के लिए Y Ltd. का निर्माण किया जाए तो यह बाह्य पुनर्निर्माण होगा।

External Reconstruction

"Formation of a new company in place of an existing one for the purpose of buying its business is known as External Reconstruction."

उद्देश्य (Objectives)

(i) गत वर्षों की हानियों को अपलिखित करना।

(ii) सम्पत्तियों को वास्तविक मूल्य पर दिखाना।

(iii) अधिक पूंजी प्राप्त करना तथा पूंजी संरचना में सुधार लाना।

(iv) अंशों को वास्तविक मूल्य पर दिखाना।

(v) कम्पनी की लाभोपार्जन शक्ति में वद्धि करना।

(vi) कम्पनी को भविष्य में होने वाली हानियों से बचाना।

(ii) आन्तरिक पुनर्निर्माण (Internal Reconstruction)—एक विद्यमान कम्पनी द्वारा बिना किसी नई कम्पनी के निर्माण तथा बिना व्यवसाय समापन के अपनी पूंजी संरचना का पुनर्गठन करना या पूंजी में कमी करना अथवा सम्पत्तियों एवं दायित्वों के मूल्य में परिवर्तन करना आन्तरिक निर्माण कहलाता है।

Internal Reconstruction

It involves the reorganisation of Capital Structure or reduction of the paid up capital without liquidation of an existing company or forming a new company.

उद्देश्य (Objectives)

इस पुनर्निर्माण में कम्पनी की सम्पत्तियों को उनके वास्तविक मूल्य पर लाया जाता है तथा काल्पनिक एवं कृत्रिम सम्पत्तियों (Fictious Assets) को अपलिखित कर दिया जाता है तथा गत वर्षों की संचित हानियों को अपलिखित कर के कम्पनी की आर्थिक स्थिति को सुदढ़ बनाया जाता है।

इस पुनर्निर्माण में अंशपूंजी को उस सीमा तक कम किया जाता है जिस सीमा तक कम्पनी की सम्पत्तियों के मूल्य में कमी हो गई हो।

उपरोक्त व्याख्या के आधार पर यह स्पष्ट है कि तीनों में तकनीकी अन्तर है जो निम्नलिखित आधारों पर स्पष्ट किया जा सकता है—

अन्तर का आधार	एकीकरण	संविलयन	बाह्य पुनर्निर्माण
1. नई कम्पनी का जन्म	एक नई कम्पनी अस्तित्व में आती है।	कोई नहीं कम्पनी अस्तित्व में नहीं आती।	एक नई कम्पनी अस्तित्व में आती है।
2. उद्देश्य	कम्पनियों की आपसी प्रतिस्पर्धा का अन्त करना है।	क्रेता कम्पनी द्वारा अपने व्यवसाय का विस्तार तथा व्यवसाय का विस्तार तथा व्यवसाय को सुचारू रूप से चलाने के लिए दूसरी विद्यमान कम्पनी का क्रय करना है।	कम्पनी द्वारा अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए पुनः संगठित होना है।
3. कम्पनियों की स्थिति	अपना व्यवसाय समाप्त करने वाली कम्पनियों की आर्थिक स्थिति एक जैसी होती है।	क्रेता कम्पनी की आर्थिक स्थिति विक्रेता कम्पनी से अधिक मजबूत होती है।	समाप्त होने वाली कम्पनी आर्थिक दशा बहुत खराब होता है।

4. समापन	दो या दो से अधिक कम्पनियों समापन होता है।	विक्रेता कम्पनी का व्यवसाय समाप्त होता है।	एक ही कम्पनी जिसका पुनर्निर्माण होना समाप्त होता है।
5. अंशधारी	नयी कम्पनी में वही अंशधारी होते हैं जो समाप्त होने वाली कम्पनियों के होते हैं	संविलयन में क्रेता कम्पनी में क्रेता तथा विक्रेता दोनों ही कम्पनियों के अंशधारी होते हैं।	इसमें पुरानी कम्पनी के अंशधारी ही नई कम्पनी के सदस्य होते हैं।

लेखांकन व्यवहार
(Accounting Treatment)

उपरोक्त तीनों परिस्थितियों में तकनीकी अन्तर होते हुए भी लेखांकन व्यवहार एक जैसा होता है। इसमें कोई विशेष अन्तर नहीं है।

एकीकरण, संविलयन तथा बाह्य पुनर्निर्माण (आन्तरिक पुनर्निर्माण को छोड़कर) की लेखांकन प्रक्रिया एक जैसी होने के कारण, इनको एक साथ समझाया गया है। तीनों ही दशाओं में निम्नलिखित प्रकार से लेखांकन कार्य पूरा किया जाता है—

(1) विक्रेता कम्पनी अर्थात् समाप्त होने वाली कम्पनी के खातों को बन्द करना।

(Closing the books of accounts of vendor company or liquidated company.)

(2) क्रेता कम्पनी की पुस्तकों में व्यवसाय के क्रय सम्बन्धी लेखे करना और खाते खोलना।

(Recording the Entries of purchase of business & opening accounts in the book of purchasing company.)

आधुनिक या नई विचारधारा
(Modern or New Approach)

1 अप्रैल, 1995 एवं इसके बाद प्रारम्भ होने वाली लेखांकन अवधियों के लिए एकीकरण तथा संविलयन से सम्बन्धित लेखांकन को परिवर्तित कर दिया गया है। इन्सटीट्यूट ऑफ चार्टरड एकाउन्टेन्ट्स (ICAI) द्वारा जारी लेखांकन प्रमाप 14 (Accounting Standard 14) द्वारा निर्धारित कार्यविधि के अन्तर्गत उपरोक्त अवधारणाओं में परिवर्तन कर दिया गया है जिसका कम्पनियों द्वारा पालन करना अनिवार्य है। पुनर्निर्माण (आन्तरिक या बाह्य) से सम्बन्धित लेखांकन में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया हैं इनसे सम्बन्धित लेखांकन व्यवहार वैसे ही होगा पहले किया जाता था। लेखांकन प्रभाप 14 (AS-14) की मुख्य विशेषताएं संक्षिप्त में निम्न प्रकार हैं—

महत्त्वपूर्ण शब्दों की व्याख्या
(Explanation of Important Terms)

(अ) हस्तांतरण करने वाली कम्पनी (Transferror Company)—यह ऐसी कम्पनी होती है जिसका कम्पनी में एकीकरण हो जाता है।

(a) Transfer of company means the company which is amalgamated into another company.

(ब) हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी (Transferee Comapny)—यह ऐसी कम्पनी होती है जिसमें दूसरी कम्पनी का एकीकरण हो जाता है।

(b) Transferee company means the company into which a transferor company is amalgamated.

(स) संचय या कोष (Reserve)—पूंजीगत या आयगत लाभ का हिस्सा जिसे सामान्य या विशेष (ह्रास प्रावधान को छोड़कर हेतु प्रबन्ध द्वारा नियोजित किया जाता है।

(c) Reserve means the portion of earning, receipts or other suplus to enterprise (whether capital or revenue) approapriated by the managament for a general or a specific purpose other than a provision for depreication or diminution in the value of assets or for a known liability.

(द) एकीकरण (Amalgamation)—नए अर्थ के अनुसार एकीकरण दो प्रकार का हो सकता है—

1. मिश्रण की प्रकृति का एकीकरण (Amalgamation in the Nature of Merger),

2. क्रय की प्रकृति का एकीकरण (Amalgamation in the Nature of Purchase)।

मिश्रण की प्रकृति का एकीकरण

यह एकीकरण उस समय माना जाता है जबकि निम्नांकित पांचों शर्तें पूरी हो जाएं—

This is a type of amalgamation which satisfies all the following conditions—

(i) हस्तांतरण करने वाली कम्पनी की सभी सम्पत्तियां और दायित्व एकीकरण के पश्चात् हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी की सम्पत्तियां और दायित्व बन जाते हैं।

(i) All the assets and liabilities of the transferor company become after amalgamation, the assets and liabilities of the transferee company.

(ii) हस्तांतरण करने वाली कम्पनी के समता अंशों के अंकित मूलय का कम से कम 90% अंश रखने वाले अंशधारी समामेलन के बाद हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी के अंशधारी बन जाते हैं। इस 90% की गणना करते समय, वह अंश छोड दिए जाएंगे जो कि समामेलन से पहले ही हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी अथवा उसकी सहायक कम्पनियों अथवा उनके द्वारा नामांकितों के पास थे।

(ii) Shareholders holding not less than 90 per cent of the face value of the equity shares of the transferor company (other than the equity shares already held therein, immediately before the amalgamation, by the transferee company or its subsidiaries of their nominees) become equity shareholders of the transferee company by virtue of the amalgamation.

(iii) हस्तांतरण करने वाली कम्पनी के वह समता अंशधारी जो कि हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी के समता अंशधारी बनने को सहमत होते हैं उन्हें एकीकरण के फलस्वरूप जो प्रतिफल प्राप्त होता है वह हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी द्वारा पूर्ण रूप से अपनी कम्पनी के समता अंश देकर चुकता किया गया हो सिवाय इसके कि अपूर्ण (fractional) अंशों के बदले नकद रुपया दिया जा सकता है।

(iii) The consideration for the amalgamation receivable by those equity shareholders of the transferor company who agree to become equity shareholders of the transferee company is discharged by the transferee company wholly by the issue of equity shares in the transferee company, except that cash may be paid in respect of any fractional shares.

(vi) हस्तांतरण करने वाली कम्पनी के व्यवसाय को हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी द्वारा चालू रखने की इच्छा (intention) हो।

(vi) The business of the transferor company is intended to be carried on, after the amalgamation by the transferee company.

(v) हस्तांतरण करने वाली कम्पनी की सम्पत्तियों और दायित्वों को हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी की पुस्तकों में शामिल करते समय इनके पुस्तकीय मूल्य में कोई भी समायोजन करने का विचार न हो सिवाय इसके कि लेखांकन नीतियों में समरूपता लाने के लिए ऐसा करना अनिवार्य न हो।

(v) No adjustment is intended to be made to the book values of the assets and liabilities of the transferor company when they are incorporated in the financial statements of the transferee company except to ensure uniformity of accounting policies.

इस प्रकार के एकीकरण में एकीकरण होने वाली कम्पनियों की न केवल सम्पत्तियों एवं दायित्वों का ही परन्तु अंशधारियों के हितों का भी यथार्थ मिश्रण होता है इसके अतिरिक्त हस्तांतरण करने वाली कम्पनियों के अंशधारियों, हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी की अंशपूंजी अथवा प्रबन्ध में पर्याप्त अथवा आनुपातिक हिस्सा पाते हैं। इसमें हस्तांतरण करने वाली कम्पनी की सम्पत्तियों, दायित्वों एवं संचयों को हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी की पुस्तकों में इनके वर्तमान पुस्तकीय मूल्य पर ही लिखा जाता है। इसमें हस्तांतरण करने वाली कम्पनी के व्यवसाय को चालू रखने की इच्छा होती है।

In this type of amalgamation, there is genuine pooling of assets and liabilities of the combining entities. In addition, equity shareholders of the combining entities continue to have a proportionate share in the combined entity. The accounting treatment of such amalgamations should ensure that the resultant figures of assets, liabilities, capital and reserves more or less represent the sum of the relevant figures of the amalgamating companies. The business of the transferor company is intended to be carried on after the amalgamation by the transferee company.

क्रय की प्रकृति का एकीकरण

(Amalgamation in the Nature of Purchase)

क्रय की प्रकृति का एकीकरण उस स्थिति में होता है जब उपरोक्त पांच शर्तों में से कोई भी अथवा अधिक शर्ते पूरी न होती हों। इसमें एक कम्पनी दूसरी कम्पनी का क्रय करती है। अतः हस्तांतरण करने वाली करने वाली कम्पनी के अंशधारी हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी की अंशपूंजी अथवा प्रबन्ध में पर्याप्त अथवा आनुपातिक हिस्सा नहीं पाते हैं। इस प्रकार के एकीकरण में हस्तांतरण करने वाली कम्पनी के व्यवसाय को चालू रखने की इच्छा नहीं होती है। इसमें हस्तांतरण करने वाली कम्पनी की सम्पत्तियों, दायित्वों और संचयों को हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी की पुस्तकों में उचित अथवा संशोधित मूल्य पर लिखा जाता है। (Amalgamation may be considered in the nature of purchase when anyone or more of the five conditions specified for amalgamations in the nature of merger is not satisfied. These are amalgamations which are in effect a mode by which one company acquires another company and hence, the equity shareholders of the combining entities do not continue to have a proportionate share in the equity of the combined entity or the business of the acquired company is not intended to be continued after the amalgamation.)

लेखांकन विधि लेखांकन प्रमाप 14 के अनुसार

(Accounting Treatment According to AS 14)

एकीकरण, संविलयन तथा बाह्य पुनर्निर्माण में कुछ तकनीकी तथा महत्त्वपूर्ण शब्दों का प्रयोग किया जाता है। उपरोक्त से सम्बन्धित लेखे करने तथा व्यावहारिक समस्याओं को हल करने के लिए यह नितान्त आवश्यक है कि विद्यार्थियों को निम्नलिखित तकनीकी शब्दों का ज्ञान तथा समझ होनी चाहिए।

तकनीकी शब्द (Technical Terms)

(1) व्यवसाय क्रय करना (Business Purchased)—यदि 'हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी' ने हस्तांतरण करने वाली कम्पनी का व्यवसाय क्रय किया है तो इसका अर्थ यह होगा कि 'हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी' ने हस्तांतरण करने वाली कम्पनी की सभी सम्पत्तियां (रोकड़ एवं बैंक सहित) तथा दायित्व क्रय किए हैं।

(2) सभी सम्पत्तियों को क्रय करना (All Assets Purchased)—यदि हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी हस्तांतरण करने वाली कम्पनी की समस्त सम्पत्तियों को क्रय करती है तो इसका अर्थ यह होगा कि **हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी** कम्पनी ने सभी सम्पत्तियां (रोकड़ एवं बैंक सहित परन्तु कृत्रिम सम्पत्तियों को छोड़कर) क्रय की हैं, परन्तु कोई दायित्व नहीं लिया है।

व्यावहारिक प्रश्न हल करते समय विद्यार्थियों को यह देखना चाहिए कि हस्तांतरण पाने वालों ने हस्तांतरण करने वाली के व्यवसाय को क्रय किया है या सभी सम्पत्तियों को दोनों ही दशाओं में क्रय प्रतिफल की राशि भिन्न होगी। व्यवसाय क्रय करने की दशा में प्रतिफल की राशि सम्पत्तियों के क्रय करने की तुलना में कम होगी।

(3) व्यापारिक दायित्व (Trade Liabilities)—'व्यापारिक दायित्व' में केवल उन दायित्वों को शामिल किया जाता है जो व्यवसाय के लिए माल क्रय करने से सम्बन्धित होते हैं, जैसे व्यापारिक लेनदार तथा देय बिल (Trade creditors and Bills Payable)।

(4) दायित्व (Liabilities)—दायित्व शब्द विस्तत हैं। इसमें व्यापारिक दायित्वों के अतिरिक्त अन्य दायित्व जैसे ऋण–पत्र, अदत् व्यय, बैंक ऋण, अदत् लाभांश, बैंक अधिविकर्ष, प्रोविडेन्ट फण्ड, कर्मचारी अधिवार्षिकी निधि, पैंशन–फंड, करों के लिए आयोजन कर्मचारी बचत खाता, कर्मचारी लाभ विभाजन कोष को भी शामिल किया जाता है।

संक्षिप्त में कम्पनी एवं अंशधारियों को छोड़ अन्य सभी पक्षकारों को देय राशियां दायित्वों में शामिल किया जाता है।

(5) संचित लाभ (Accumulatd Profits) एवं मुक्त संचय (Free Reserves)—अगले पष्ठ पर दी गई तालिका के Column (iii) में लिखे गए लाभ, संचय एवं कोष कम्पनी के संचित लाभों को प्रदर्शित करते हैं कम्पनी के समता अंशधारी इनके स्वामी होते हैं अतः यह हस्तांतरण करने वाली कम्पनी के समता अंशधारियों के खाते में क्रेडिट कर दिए जाते हैं। इनमें से कुछ को नीचे समझाया गया है—

(i) **सामान्य संचय (General Reserve)**—यह कम्पनी द्वारा अर्जित किए गए लाभों में से बनाया जाता है। इसको बनाने का उद्देश्य कम्पनी की आर्थिक स्थिति को सुदढ़ करना है।

(ii) **लाभांश समता संचय (Dividend Equalisation Reserve)**—यह भी कम्पनी द्वारा अर्जित किए गए लाभों में से बनाया जाता है। इसको बनाने का उद्देश्य बुर वर्षो में भी लाभांश की दर की समान बनाए रखना है। जिन वर्षो में कम्पनी के लाभ अधिक होते हैं उन वर्षो में लाभों का एक हिस्सा इन संचय में हस्तांतरित कर दिया जाता है ताकि जिन वर्षो में लाभ न हो उनमें इस संचय का प्रयोग लाभांश घोषित करने के लिए किया जा सके।

(iii) **बीमा कोष (Insurance Fund)**—कुछ कम्पनियां बीमा कम्पनी को बीमा प्रीमियम देने की बजाए ऐसी राशि को एक बीमा कोष में क्रेडिट कर देती हैं और फिर विभिन्न प्रकार के जोखिमों की पूर्ति इस बीमा कोष से करती रहती है। इस प्रकार बीमा कोष एक प्रकार के 'आन्तरिक बीमा' का कार्य करता है। कम्पनी के समापन के समय बीमा कोष का शेष संचित लाभों को प्रदर्शित करेगा क्योंकि इसके बाद किन्हीं भी जोखिमों की पूर्ति इस कोष से नहीं करनी है।

(iv) **कर्मचारी क्षतिपूर्ति कोष (Workmen's Compensation Fund)**—एवं कर्मचारी दुर्घटना कोष (Workmen's Accident Fund) यह कोष भी 'आन्तरिक बीमें' के उदाहरण हैं। समापन के समय, यह भी संचित लाभों की प्रदर्शित करेंगे क्योंकि इसके बाद किन्हीं भी दायित्वों की पूर्ति इन कोषों से होने की संभावना नहीं है। फिर भी, यदि इन कोषों के विरुद्ध कोई दायित्व है तो पहले ऐसे दायित्व की पूर्ति इन कोषों की जाएगी और यदि इसके बाद भी इन कोषों का कोई शेष बचता है तो केवल ऐसे शेष की ही संचित लाभ माना जाएगा। ऐसी दशा में निम्न जर्नल प्रविष्टयां की जाएंगी।

Workmen's Compensation or Accident Fund A/c Dr.

    To Bank A/c (For Payment of liability)

    To Equity Shareholder's A/c (For transferring the balance of fund)

संचित हानियाँ (Accumulated Losses)

ऐसी हानियां कम्पनी के चिट्ठे को सम्पत्ति की ओर (विविध खर्चे) शीर्षक के अन्तर्गत दी जाती हैं।

इन्हें कम्पनी के समापन के समय अंशधारियों के खाते में डेबिट पक्ष की ओर हस्तान्तरित कर दिया जाता है। इनमें अग्रलिखित सम्मिलित हैं—

(i) लाभ हानि खाते का नाम शेष (Debit Balance of P & I. A/c)

(ii) प्रारम्भिक खर्चे (Preliminary Expenses)

(iii) अंशों एवं ऋणपत्रों पर कमीशन एवं छूट (Discount and Commission on Shares and Debentures)

(iv) अभिगोपन कमीशन (Underwriting Commission)

(v) विज्ञापन खर्चे Advertising Suspens A/c)

प्रावधान (Provisions)

कम्पनी के आर्थिक चिट्ठे के दायित्व पक्ष की ओर कुछ मदों को प्रावधान के रूप में दिखाया जाता है। जैसे Provision for bad and doubtful debts, Provision for Depreciation, investment fluctuation funds, Provision for Repairs etc. अधिकांशतः इन प्रावधानों को संबंधित सम्पत्तियों से घटाकर सम्पत्ति पक्ष की ओर दिखाया जाता है। स्थिति विवरण में दिये हुए इन प्रावधानों को वसूली खाते में तभी हस्तांतरित किया जाता है जब इनसे सम्बन्धित सम्पत्तियों को क्रेता कम्पनी खरीदती है।

निम्न तालिका द्वारा भी उपरोक्त मदों को आसानी से समझा जा सकता है—

Table Showing Classification of Accounts

व्यापारिक दायित्व **Liabilities (Trade)**	दायित्व **Liabilities**	संचित लाभ एवं कोष **Accumulated Profits' & Reserves**	प्रावधान एवं हानियां **Provisions & Accumulated Losses**
1. Trade creditors	1. Trade creditors	1. General Reserve	1. Provision for Doubtful
2. Bills Payable	2. Bills Payable	2. Reserve Fund	2. Profision for Depreciation
	3. Debentures	3. Sinking Fund OR Debenture Sinking Fund	3. Provision for Repairs
	4. Out standing Exp.		
	5. Provision for Tax		4. Provision for Discount on Debtors
		4. Capital Reserve	
		5. Share Forfeiture A/c	5. Preliminary expense
	6. Workmen's Savings Bank A/c	6. Share Premium A/c	6. Discount on shares & Debentures
	7. Workmen Profit Sharing Fund	7. Capital Redemption Reserve A/c	7. Underwriting Commission
	8. Loans	8. Workmen Compensation Fund	8. P&L A/c Dr. balance.
	9. Bank overdraft	9. Workmen's Accidents Fund	
	10. Pension Fund	10. P & L A/c Cr. balance	
	11. Provident Fund	11. Dividend Equalisation Reserve	
	12. Unclaimed Dividend	12. Development Rebate Reserve	
	13. Staff Super Super annuation Fund	13. Insurance Fund	

क्रय प्रतिफल की गणना करना (Calculation of Purchase Consideration)

हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी (Transferee Company) द्वारा व्यवसाय क्रय करने के प्रतिफल स्वरूप जो मूल्य हस्तांतरण करने वाली कम्पनी (Transferor Company) को चुकाया जाता है, क्रय प्रतिफल कहलाता है।

The Price payable by the transferee company to the transferor company for the acquisition of the business is called the purchase consideration.

एकीकरण के लेखांकन के उद्देश्य से लेखांकन प्रमाप–14 द्वारा क्रय प्रतिफल को निम्न प्रकार परिभाषित किया गया है 'प्रतिफल से आशय उन अंशों अन्य प्रतिभूतियों एवं नकद धनराशि से है जो हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी द्वारा हस्तांतरण करने वाली कम्पनी के अंशधारियों के लिए दिए जाते हैं।'' क्रय प्रतिफल में ऐसे दायित्वों (Liabilitie) की राशि को शामिल नहीं किया जाता जिन्हें हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी ने ग्रहण कर लिया है या हस्तांतरण करने वाली कम्पनी के लेनदारों को प्रत्यक्ष रूप से भुगतान कर दिया है। लेखांकन प्रमाप 14 के अनुसार हस्तांतरण करने वाली कम्पनी के ऋण पत्रों एवं अन्य बाह्य दायित्वों के हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी द्वारा ग्रहण किया हुआ मान लिया जाता है तथा इसी कम्पनी द्वारा उनका भुगतान कर दिया जाता है। यदि प्रश्न में स्पष्ट हैं कि हस्तांरण पाने वाली कम्पनी ने यह दायित्व स्वीकार नहीं किया है जो इन दायित्वों का भुगतान हस्तांतरण करने वाली कम्पनी द्वारा ही किया जाएगा।

क्रय प्रतिफल को निर्धारण करने की विधियां

(Methods of Calculation of Purchase Consideration)

क्रय प्रतिफल को निर्धारण करने की चार विधियों प्रचलित हैं—

(1) एक–मुश्त भुगतान पद्धति (Lump Sum Method)

(2) शुद्ध भुगतान विधि (Net Payment Method)

(3) शुद्ध सम्पत्ति विधि (Net Assets Method)

(4) आन्तरिक मूल्य विधि (Intrinsic Worth Method)

(1) एक मुश्त भुगतान पद्धति (Lump Sum Method)—इस पद्धति में विद्यार्थियों को क्रय प्रतिफल की गणना करने की कोई आवश्यकता नहीं होती क्योंकि क्रय प्रतिफल की राशि व्यावहारिक प्रश्न में ही होती है। उदाहरण के तौर पर मानो कि X Ltd. Y Ltd. के व्यवसाय को 2,50,000 रु. में क्रय करती है तो यहां पर क्रय प्रतिफल की राशि 2,50,000 रु. ही मानी जाएगी इसे पथक् रूप में ज्ञात करने की आवश्यकता नहीं है।

(2) शुद्ध भुगतान विधि (Net Payment Method)—इस विधि में क्रय प्रतिफल की गणना करते समय निम्न बातों की ओर ध्यान दिया जाना चाहिए—

(i) क्रय प्रतिफल की गणना करते समय हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी (Transferee Company) द्वारा ली गई सम्पत्तियों एवं दायित्वों के मूल्यों को ध्यान में नहीं रखना चाहिए।

(ii) हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी (Transferee Company) द्वारा हस्तांतरण करने वाली (Transferor Company) के अंशधारियों को नकदी, अंशों या ऋणपत्रों में किए गए भुगतान को ध्यान में रखना जाना चाहिए। यह भुगतान—समता अथवा पूर्वाधिकार अंशधारियों को हो सकता है।

(iii) क्रय प्रतिफल की गणना करते समय ऋणपत्रधारियों एवं अन्य बाह्य दायित्वों (Debentures and other extrnal liabilities) को किए गए भुगतान को शामिल नहीं किया जाता है क्योंकि लेखांकन प्रमाप 14 के अनुसार यह मान लिया जाता है कि ये दायित्व हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी द्वारा ग्रहण कर लिए गये (Transferee Company) और कम्पनी द्वारा सीधे ही इनका भुगतान कर दिया गया है।

(iv) हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी द्वारा हस्तांतरण करने वाली कम्पनी की ओर से किसी अन्य पक्षकार को किए गए भुगतान को क्रय प्रतिफल की गणना करते समय ध्यान में नहीं रखना चाहिए।

(v) हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी द्वारा हस्तांतरण करने वाली कम्पनी को समापन व्ययों (Liquidated expenses) के भुगतान के लिए दी गई राशि को भी क्रय मूल्य में शामिल नहीं किया जाता है।

(vi) इस विधि में हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी द्वारा लिए गए दायित्वों की राशि को क्रय प्रतिफल में न तो जोड़ना है न ही घटाना है।

(3) शुद्ध सम्पत्ति विधि (Net Assets Method)—इस विधि का प्रयोग तब किया जाता है, जब हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी द्वारा भुगतान की गई राशि का निर्धारण करना कठिन हो अथवा भुगतान की कोई राशि लुप्त (Missing) हो। ऐसी स्थिति में भुगतान के सभी रूपों जैसे नकदी, अंश अथवा अन्य प्रकार की प्रतिभूतियों के मूलय को जोड़ा नहीं जा सकेगा। ऐसी स्थिति में क्रय मूल्य की गणना शुद्ध सम्पत्ति विधि द्वारा ही की जाएगी।

इस विधि में क्रय की गणना करते समय हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी (Transferee Company) द्वारा ली गई समस्त सम्पत्तियों के सहमत मूल्य (Agreed Value) में से इसी कम्पनी द्वारा लिए गये दायित्वों के सहमत को घटा दिया जाता है।

क्रय प्रतिफल = हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी द्वारा ली गई समस्त सम्पत्तियों का सहमत मूल्य—हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी द्वारा लिए गए दायित्वों का सहमत मूल्य।

Purchase Consideration :

Assets taken over by Transferee Company (at their agreed value, if any, otherwise at their book value)

Less : Liabilities takenover by Transferee Company (at their agreed value if any, otherwise at their book value)

इस विधि में क्रय प्रतिफल की गणना करते समय निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए—

(i) हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी द्वारा ली गई समस्त सम्पत्तियों को सहमत मूल्य (Agreed Value) पर जोड़ना है।

(ii) हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी द्वारा लिए गए दायित्वों का सहमत मूल्य ही सम्पत्तियों के सहमत मूल्य में से घटाना है।

(iii) यदि किसी सम्पत्ति को हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी द्वारा न ही लिया गया हो। उसे क्रय प्रतिफल की गणना करते समय शामिल नहीं करना है।

(iv) सम्पत्तियों में रोकड़ बैंक ख्याति तथा पूर्वदत्त खर्चे (Prepaid Expenses) को भी शामिल करना है जब तक इसके विपरीत कुछ न कहा गया हो।

(v) सम्पत्तियों में कृत्रिम सम्पत्तियों (Fictitious Assets) जैसे प्रारम्भिक व्यय (Preliminary Expenses), अंशों एवं ऋणपत्रों पर छूट (Discount on issue of shares and Debentures), लाभ हानि खाते का डेबिट शेष (P & L A/c Debit balance) तथा अभिगोपन कमीशन (Underwriting Commission) को सम्मिलित नहीं करना है।

(vi) अदश्य सम्पत्तियों (Intangible Assets) जैसे पेटन्टस (Patents), ट्रेडमार्क्स (Trade Marks) तथा ख्याति (Goodwill) को सम्पत्तियों में शामिल करना है जब तक प्रश्न में इसके विपरीत कुछ न कहा गया हो।

(vii) इस विधि में क्रय मूल्य की गणना करते समय यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी (Transferee Company) ने केवल 'सम्पत्तियां' क्रय की हैं या 'व्यवसाय' क्रय किया है क्योंकि दोनों शब्दों में तकनीकी अन्तर है। इसी प्रकार 'दायित्व' और 'व्यापारिक दायित्व' मं भी तकनीकी अन्तर है। इनका वर्णन इस अध्याय में पहले ही किया जा चुका है।

(4) आन्तरिक मूल्य विधि (Intrinsic worth method) या अंशविनिमय विधि (Share Exchange Method)—इस विधि में क्रय मूल्य की गणना हस्तांतरण करने वाली कम्पनी के अंशों के 'आन्तरिक मूल्य' के आधार पर की जाती है अंशों का आन्तरिक मूल्य कम्पनी की शुद्ध सम्पत्तियों (Assets—External liabilities) को उस कम्पनी के अंशों की संख्या से भाग दे कर निकाला जाता है। यदि हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी क्रय मूल्य का भुगतान उसके अंशों के आन्तरिक मूल्य के आधार पर करती है, तो क्रय मूल्य को इस कम्पनी के अंशों के आन्तरिक मूल्य से भाग देकर आबंटित किए जाने वाले अंशों की संख्या ज्ञात की जा सकती है।

In this method, the purchase consideration is ascerained on the basis of the ratio in which the shares of the transferee company are to be exchanged for the shares of the transferor company. This exchange ratio is generally determined on the basis of the value of each company's shares.

लेखांकन विधि

(Accounting Treatment)

एकीकरण चाहे मिश्रण (Merger) की प्रकृति का हो या क्रय (Purchase) की प्रकृति का हो, दोनों ही दशाओं में हस्तांतरण करने वाली कम्पनी (Transferor Company) की पुस्तकों में एक ही प्रकार की लेखांकन विधि अपनाई जाती है। एकीकरण में हस्तांतरण करने वाली कम्पनी का अस्तित्व समाप्त हो जाता है और इस कम्पनी की ओर से व्यवहार करने के लिए समापक की नियुक्ति कर दी जाती है।

हस्तांतरण करने वाली कम्पनी की पुस्तकों में विभिन्न खातों को बन्द करने के लिए एक वसूली खाता (Realisation Account) खोला जाता है ताकि हस्तांतरण के परिणामस्वरूप होने वाले लाभ हानि की गणना की जा सके।

हस्तांतरण करने वाली कम्पनी (Transferor Company) की खाता पुस्तकों को बन्द करने के लिए निम्न प्रविष्टियाँ की जाती हैं—

(Entries in the books of Transferor Company)

1. हस्तांतरण पाने वाली कम्पनी द्वारा ली गई सम्पत्तियों को हस्तान्तरित करना।

(Transfer of assets taken over by Transferee Company)

Realisation A/c Dr.

To Sundry Assets (Individually) (At Book Values)

(For transfer of various assets taken over by the Transferee Co.)

व्यक्तिगत तथा व्यावसायिक जीवन में अनेक प्रकार के जोखिम होते हैं। बीमा का मुख्य उद्देश्य इन जोखिमों के विरुद्ध (उदाहरणार्थ—दुर्घटना या किसी अन्य कारण से मत्यु घर में चोरी हो जाने से हानि, माल से भरे समुद्री जहाज के डूब जाने से हानि आदि) सुरक्षा प्रदान करना होता है।

William Pick के अनुसार, ''बीमा व्यवसाय मौद्रिक पारितोषिक के प्रतिफल में अपने ग्राहकों की ओर से जोखिमों को सहन करने से सम्बन्धित होता है।''

[The business of an insurance company consists of carrying on behalf of clients in consideration of monetary reward.]

इस प्रकार बीमा का उद्देश्य किसी भी व्यक्ति में होने वाली निर्धारित हानियों से बचाना है।

बीमा अनुबन्ध (Insurance Contract)

बीमा व्यवसाय दो पक्षों के बीच बीमा अनुबन्ध (Insurance Contract) के आधार पर किया जाता है। इसमें एक पक्ष (बीमा कम्पनी या बीमा कर्ता Insurer) दूसरे पक्ष (बीमापात्र या Isured) को एक निश्चित आवधिक भुगतान (Periodical Payment) जिसे प्रीमियम (Premium) कहते हैं, के प्रतिफल में किसी विशेष घटना के घटित होने पर (मत्यु होने पर या एक निश्चित आयु के बाद) एक निश्चित राशि देने का या किसी विशेष घटना के घटित होने से (जैसे चोरी या आग लग जाना) होने वाली हानि की पूर्ति करने का वायदा करता है। जिस राशि का बीमा कराया जाता है, उसे बीमा राशि कहते हैं। जिस प्रलेख पर अनुबन्ध की शर्तों (जैसे बीमित राशि, भुगतान की अवधि, प्रीमियम की राशि आदि) का उल्लेख होता है, उसे बीमा पॉलिसी कहते हैं। बीमा पॉलिसी रखने वाले व्यक्ति को (बीमा पात्र) को Policy Holder भी कहते हैं।

बीमा सहकारिता के सिद्धान्त पर आधारित है। एक व्यक्ति की हानि उन सब व्यक्तियें में बंट जाती है, जिन्होंने बीमा कराया हुआ होता है।

बीमा के प्रकार
(Types of Insurance)

विभिन्न प्रकार की जोखिमों के आधार पर बीमा निम्न प्रकार का हो सकता है।

- बीमा (Insurance)
  - जीवन बीमा (Life Insurance)
  - सामान्य बीमा (General Insurance)
    - अग्नि बीमा समुद्री (Fire Insurance)
    - समुद्री बीमा (Marine Insurance)
    - दुर्घटना बीमा (Accidental Insurance)
    - अन्य बीमा (Other Insurance)

1. जीवन बीमा (Life Insurance)—जीवन बीमा का अनुबन्ध एक ऐसा अनुबन्ध है, जिसमें बीमा कम्पनी एक निश्चित प्रीमियम के बदले कराने वाल की मत्यु पर अथवा एक निश्चित आयु प्राप्त होने पर जो पहले हो, एक निश्चित राशि का भुगतान उसे या उसके द्वारा इस उद्देश्य के लिए नामांकित (Nominated) किसी अन्य व्यक्ति को बीमित राशि देने का वचन देती है।

जीवन बीमा के अनुबन्ध में सुरक्षा तथा विनियोग (Protection and Investment) दोनों ही तत्त्व पाए जाते हैं। जीवन बीमा में सुरक्षा तत्त्व इसलिए है कि अकाल मत्यु होने पर आश्रित व्यक्तियों को बीमा की पूर्ण राशि प्राप्ति हो जाती है तथा विनियोग का तत्त्व इस कारण है क्योंकि जीवित रहने पर प्रीमियम के रूप में चुकाई राशि उसे ब्याज सहित वापिस मिल जाती है। जीवन बीमा के लिए Assurance शब्द का प्रयोग भी किया जाता है।

19 जनवरी, 1950 को भारत सरकार ने जीवन बीमा व्यवसाय का राष्ट्रीयकरण करके भारतीय जीवन बीमा निगम (Life Insurance Corporation) की स्थापना की। हमारे देश में बीमा व्यवसाय अब जीवन बीमा निगम द्वारा ही किया है।

जीवन बीमा के सम्बन्ध में बीमा पत्र कई प्रकार का होता है—

(i) आजीवन बीमा पत्र (Whole Life Policy)

(ii) बन्दोबस्ती बीमा पत्र (Endowment Policy)

(iii) सलाभ बीमा पत्र (With Profit Policy)

(iv) सलाभ बीमा पत्र (Without Profit Policy)

(v) वार्षिकी बीमा पालिसी (Annuity Policy)

(vi) संयुक्त बीमा पालिसी (Joint Life Policy)

(vii) बच्चों के लिए निश्चित अवधि का बीमा (Children Endowment Policy)

(viii) Money Back Policy

2. सामान्य बीमा (General Insurance)—सामान्य बीमा से अभिप्राय जीवन बीमा के अतिरिक्त अन्य सभी प्रकार के बीमा से है। इस प्रकार व्यक्तिगत जीवन की जोखिम को छोड़कर अन्य जोखिमों जैसे भूकम्प, बाढ़, अग्नि, समुद्री दुर्घटना, सूखा या अतिवष्टि आदि के लिए जो बीमा होता है, उसे सामान्य बीमा कहते हैं। सामान्य बीमा में केवल सुरक्षा का तत्त्व होता है, विनियोग तत्त्व नहीं होता।

सामान्य बीमा अनेक भागों में विभक्त किया जा सकता है। जैसे अग्नि बीमा, समुद्री बीमा, दुर्घटना बीमा तथा विविध बीमा (उदाहरणार्थ—मोटर गाड़ी का बीमा, विनिमय जोखिम बीमा, कर्मचारी क्षतिपूर्ति का बीमा, मार्गस्थ रोकड़ बीमा, फसल बीमा, निक्षेप बीमा आदि।)

(i) अग्नि बीमा (Fire Insurance)—अग्नि बीमा अनुबन्ध में बीमा कम्पनी एक निश्चित प्रतिफल (Premium) के बदले में बीमा पात्र (Insured) को बीमित वस्तु में आग लग जाने से होने वाली हानि को निश्चित सीमा तक पूरा करने का वचन देती है।

(ii) समुद्री बीमा (Marine Insurance)—समुद्री बीमा के अन्तर्गत बीमा कमपनी एक निश्चित प्रीमियम के बदले बीमा पात्र को समुद्री जोखिमों से होने वाली हानियों को एक निश्चित सीमा तक पूरा करने का आश्वासन देती है। इस बीमा का उद्देश्य बीमा पात्र को अनेक प्रकार के समुद्री जोखिमों के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करना है।

(iii) दुर्घटना बीमा (Accident Insurance)—इस बीमा में बीमा कम्पनी एक निश्चित प्रतिफल (प्रीमियम) के बदले में बीमा पात्र को किसी दुर्घटना (जैसे मोटर से दुर्घटना आदि) के परिणामस्वरूप होने वाली की पूर्ति का वचन देती है।

(iv) विविध बीमा (Miscellaneous Insurance)—अग्नि, समुद्री तथा दुर्घटना बीमा के अतिरिक्त अन्य बीमों को विविध बीमे के अन्तर्गत सम्मिलित किया जाता है।

सामान्य बीमा व्यवसाय का राष्ट्रीयकरण 13 मई, 1971 को कर दिया गया और अब भारत में सामान्य बीमे का कोई केवल सामान्य बीमा निगम तथा इसकी चार सहायक कम्पनियों (United India Insurance Ltd., Oriental insurance Ltd., New India Insurance Ltd. तथा National Insurance Ltd.) के द्वारा ही किया जाता है। अब भारत सरकार ने Insurance

Regulatory Authority का गठन किया है, ताकि देश में बीमा व्यवसाय तथा निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा किया जा सके। विदेशी कम्पनियां भी बीमा क्षेत्र में प्रवेश के लिए प्रयास कर रही हैं।

बीमा अधिनियम 1938 (Insurance Act, 1938)

हमारे देश में बीमा व्यवसाय के नियमन के लिए बीमा अधिनियम, 1938 पारित किया गया। यह अधिनियम 1 जुलाई, 1939 से लागू हुआ। इसमें बीमा कम्पनियों के प्रवर्तन (Promotion), प्रबन्ध (Management) तथा उनके खातों से (Accounts) सम्बन्धित विस्तत प्रावधान दिए हुए हैं। समय–समय पर इस अधिनियम में अनेक संशोधन भी किए गए हैं।

वैधानिक एवं सहायक पुस्तकें
(Statutory and Subsidiary Books)

बीमा कम्पनियों द्वारा निम्न वैधानिक पुस्तकें रखना अनिवार्य हैं—

(1) Register of Policies
(2) Register of Claims Statutory Books
(3) Register of Insurance Agents
(4) Register of Proposals
(5) Premium Cash Book
(6) Renewal Premium Cash Book
(7) Claims Cash Book

— (वैधानिक पुस्तकें)

हमारे देश में जीवन बीमा व्यवसाय अब जीवन निगम द्वारा ही किया जाता है।

जीवन बीमा के सम्बन्ध में बीमा पत्र कई प्रकार का होता है—

(i) आजीवन बीमा पत्र (Whole Life Policy)

(ii) बन्दोबस्ती बीमा पत्र (Endowement Policy)

(iii) सुलभ बीमा पत्र (With Profit Policy)

(iv) अलाभ बीमा पत्र (Without Porfit Policy)

(v) वार्षिकी बीमा पॉलिसी (Annuity Policy)

(vi) संयुक्त बीमा पॉलिसी (Joint Life Policy)

(vii) बच्चों के लिए निश्चित अवधि का बीमा (Children Endowment Policy)

(viii) Money Back Policy

2. सामान्य बीमा (General Insurance)

सामान्य बीमा से अभिप्राय; जीवन बीमा के अतिरिक्त अन्य सभी प्रकार के बीमा से है। इस प्रकार व्यक्तिगत जीवन की जोखिम को छोड़कर अन्य जोखिमों जैसे भूकम्प बाढ़ अग्नि, समुद्री दुर्घटना, सूखा या अतिवष्टि आदि के लिए जो बीमा होता है, उसे सामान्य बीमा कहते हैं। सामान्य बीमा में केवल सुरक्षा का तत्त्व होता है, विनियोग तत्त्व नहीं होता।

सामान्य बीमा अनेक भागों में विभक्त किया जा सकता है। जैसे अग्नि बीमा, समुद्री बीमा, दुर्घटना बीमा तथा विविध बीमा (उदाहरणार्थ—मोटर गाड़ी का बीमा, विनिमय बीमा, कर्मचारी क्षतिपूर्ति का बीमा, मार्गस्थ रोकड़ बीमा, फसल बीमा, निक्षेप बीमा, आदि।)

सामान्य बीमा की विशेषताएं (Characteristics of General Insurance)

(1) सामान्य बीमा प्रायः एक वर्ष की अवधि के लिए किया जाता है।

(2) सामान्य बीमा में प्रीमियम की राशि जोखिम पर निर्भर करती है।

(3) सामान्य बीमा का मुख्य उद्देश्य क्षतिपूर्ति करना होता है। इसमें सुरक्षा तत्त्व तो है, परन्तु विनियोग तत्त्व नहीं।

(4) सामान्य बीमा में पालिसी का समर्पण मूल्य नहीं होता।

(5) सामान्य बीमा में (अग्नि एवं समुद्री बीमा) असमाप्त जोखिम के लिए संचय बनाना होता है।

बीमा व्यवसाय की विशिष्टता से परिचित होने के लिए निम्न बातों पर सावधानीपूर्वक विचार किया जाना आवश्यक है :

(i) दावे (Claims)—दावों से उस देय राशि का बोध होता है जो बीमा कम्पनी बीमित व्यक्ति को पॉलिसी के भुगतान हेतु देय होने पर देती है। जीवन बीमा व्यवसाय में पालिसी की राशि एक निर्दिष्ट अवधि की समाप्ति पश्चात पालिसी के परिपक्व होने पर या बीमित व्यक्ति की मत्यु होने पर देय होती है। लेकिन सामान्य बीमे की दशा में राशि हानि उत्पन्न होने या दायित्व उत्पन्न होने पर देय होती है।

किसी भी बीमा व्यवसाय के व्यय की मुख्य मदों में यह सबसे महत्त्वपूर्ण मद होती है और इसे आगम खाते के डेबिट में दिखाया जाता है। यहां यह उल्लेखनीय है कि इस खाते में किसी लेखा अवधि में चुकाये गये वास्तविक दावों की राशि का उल्लेख नहीं किया जाता वरन् दावों की सम्पूर्ण राशि को दिखाया जाता है। यह सम्भव है कि कुछ दावे सूचित हो चुके हों और स्वीकृत भी किये जा चुके हों लेकिन अभी तक चुकाये न गये हों जबकि कुछ दावे मात्र सूचित ही किये गये हैं अभी स्वीकृत या देय नहीं हुए हैं। निम्न दावों को वास्तव में चुकाना ही पड़ेगा अतः इनको अदत्त दावे मान लिया जाता है। दावों की कुल देय राशि ज्ञात करते समय इनको निम्न प्रकार खातों में दिखाया जाता है :

Claims Dr.

To Claims intimated and accepted, but not paid Account with the amount payable

To Claims intimated, but not accepted and paid Account

(2) समर्पण मूल्य (Surender Value)—समर्पण मूल्य किसी भी पॉलिसी का वर्तमान मूल्य होता है यह केवल जीवन बीमे पर लागू होता है। यदि किसी पॉलिसीधारक को धन की आवश्यकता हो और वह पॉलिसी की निर्दिष्ट अवधि से पूर्व ही अपना धन वापिस चाहता हो तो उसको यह अधिकार है कि वह अपनी पॉलिसी का समर्पण मूल्य वापिस ले सके जो निर्दिष्ट दर से निकाला जाता है। जीवन बीमा पॉलिसी कम से कम दो वार्षिक प्रीमियमों के भुगतान के पश्चात ही समर्पण मूल्य जुटा पाती हैं। समर्पण मूल्य के रूप में चुकाई गई राशि जीवन बीमा व्यवसाय के लिए एक महत्त्वपूर्ण व्यय है जिसे आगम खाते के डेबिट में दिखाया जाता है।

(3) चुकता पॉलिसी (Paid-up Policy)—यह भी केवल जीवन बीमे से सम्बन्धित हैं यदि कोई पॉलिसीधारक भविष्य में प्रीमियम देने में असमर्थ है तो उसको यह विकल्प प्राप्त है कि वह अपनी पॉलिसी को चुकता करा सके। फिर उसको आगे प्रीमियम नहीं देना होगा और परिपक्वता पर उसे या उसके नामित व्यक्ति को यह चुकता राशि निम्न आधार पर दे दीस जायेगी:''

$$\text{Paid up Value} = \text{sum assured} \times \frac{\text{No. of Premiums paid}}{\text{Total No. of Premiums Payable}}$$

ऐसी चुकता पॉलिसी की स्थिति में धारक को पॉलिसी की परिपक्वता तक प्रतीक्षा करनी होगी ऐसी पॉलिसी की चुकता राशि जब तक बीमा कम्पनी द्वारा नहीं चुका दी जाती इसे दावों में ही जोड़ा जायेगा।

(4) वार्षिक वत्ति (Annuity)—यह भी केवल जीवन बीमें से ही सम्बन्धित है। Annuity refers to fixed annual payment made by L.I.C. to the anmitant till his death or till he attains a specified, in consideration of a lump sum of money. वार्षिक की राशि धारक को सम्भावित शेष आयु तथा चल रही ब्याज दर को ध्यान में रखकर तय की जाती है। वार्षिकी का भुगतान बीमा व्यवसाय का एक भारी व्यय है जिसे आगम खाते के डेबिट में दिखाया जाता है।

(5) **स्वीकृत वार्षिकियों के लिए प्राप्त प्रतिफल (Consideration for Annuities Granted)**—यह भी जीवन बीमे से संबंधित है। It refers to the lumpsum amount paid to the insurer by the annitants as consideration इस प्रकार प्राप्त प्रतिफल बीमा कम्पनी की आय का एक स्रोत माना जाता है तथा इसे आगम खाते के क्रेडिट में दिखाया जाता है।

(6) **बोनस (Bonus)**—यह मद भी जीवन बीमा व्यवसाय से ही सम्बन्धित है। पालिसी धारकों को व्यवसाय के लाभों में भाग पाने का अधिकार दिया जाता है। जीवन बीमा व्यवसाय का लाभ अंशधारियों तथा बीमाधारकों के बीच बांट दिया जाता है। राष्ट्रीयकरण के पश्चात लाभों का 95% भाग पॉलिसी धारकों को चला जाता हैं ऐसा बोनस बीमा धारकों को निम्न तरीकों से दिया जा सकता है :

(अ) **रोकड़ बोनस (Bonus in Cash)**—ऐसी दश में बोनस की राशि घोषणा के तुरन्त पश्चात नकद दे दी जाती है। इस भुगतान से आगम खाता डेबिट किया जाता है।

(ब) **रिवर्सनरी बोनस (Reversionary Bonus)**—घोषणा के तुरन्त बाद बोनस की राशि तुरन्त चुकाने के स्थान पर परिपक्वता के समय इसे पालिसी की राशि के साथ चुका दिया जाता है। ऐसी बोनस अधिकांशतः चलन में है। ऐसी बोनस की राशि को दावों की राशि में जोड़ दिया जाता है।

(स) **प्रीमियम की कटौती करने वाली बोनस (Bonus in reduction of Premium)**—घोषणा के समय बोनस को तुरन्त देने के स्थान पर ऐसी बोनस से आगामी प्रीमियम की राशि घटाई जा सकती है। इस सम्बन्ध में निम्न लेखा किया जाता है :

Bonus in Reduction of Premium Account

To Premiums Account

उल्लेखनीय है कि आगम खाता बनाते समय यह राशि दोनों ओर दिखाई जायेगी यदि तलपट बनाने से पूर्व इसको खातों में समायोजित न कर दिया गया हो।

(7) **अन्तरिम बोनस (Interim Bonus)**—यह भी केवल जीवन बीमे से ही सम्बन्धित मद है। (It refers to the bonus paid to policy holders for a period the profit has not yet been determined) बोनस की यही राशि भी दावों में शामिल की जाती है।

(8) **पुनः बीमा (Re-insurance)**—जब कोई बीमा कम्पनी पालिसी की सम्पूर्ण जोखिम स्वयं ही वहन करने के लिए तैयार नहीं होती तो वह उसको आंशिक रूप से अन्य बीमा कम्पनी से पुनः बीमा करा देती है। (This arrangement between the two insures is called "Reinsurance") ऐसी स्थिति में मूल कार्यकर्ता पुर्नबीमित कहलायेगा तथा दूसरा बीमाकर्ता पुनर्वीमाशवर जिसके लिए मूल कुल प्राप्त प्रीमियम का एक भाग भी देगा। जब ऐसी पालिसी परिपक्व होगी तो दावे की राशि अनुबन्धानुसार दोनों ही बीमाकारों के बीच बांटी जायेगी। आगम खाता बनाते समय पुनः बीमाकार से वसूल हुई दावे की राशि कुल देय दावे में से घटाई जायेगी ताकि Net amount of claims payable का निर्धारण किया जा सके।

ठीक इसी प्रकार पुनः बीमाकार को चुकाई गई राशि आगम खाता के क्रेडिट में प्राप्त प्रीमियम की राशि से घटायी जायेगी ताकि शुद्ध प्रीमियम ज्ञात हो सकें।

(9) **स्वीकृत पुनः बीमे पर कमीशन (Commission on Reinsurance Accepted)**—पुनः बीमे के व्यवसाय में पुनः बीमाकार प्राप्त हुए व्यवसाय के लिए बीमा दे रही कम्पनी को कुछ कमीशन देता है। यह कमीशन चुका रहे बीमाकार के लिए "Commission on re-insurance accepted" कहलाता है। चूंकि उसके लिए यह एक चार्ज है अतः इसे Revenue Account के डेबिट में दिखाया जाता है।

(10) **प्राप्त पुनः बीमे पर कमीशन (Commission on Reinsurance Coded)**—पुनः बीमे की दशायें बीमा दे रही कम्पनी को प्राप्त कमीशन की आय "Commission on Reinsurance Coded" कहलाती है जिसे उसे आगम खाते के क्रेडिट में दिखाया जाता है।

(11) जीवन बीमा कोष (Life Insurance Fund)—यह जीवन बीमा व्यवसाय से सम्बन्धित है जिसे अभी अदत्त पालिसियों के कुल दायित्व से निपटने के लिए बनाया जाता हैं जब तक सभी अदत्त पालिसियों के दायित्व की गणना नहीं हो जाती जीवन बीमा व्यवसाय के लाभों को ज्ञात नहीं किया जा सकता है। "A life business is said to have earned profit only if its life Insurance Fund exceeds its net liability on all outstanding policies." यह एक आदर्श बात हैं जैसे सभी अदत्त पॉलिसियों के शुद्ध दायित्व की गणना एक जटिल गणितीय प्रक्रिया है जो विशेषज्ञ ही कर पाते है। भारतीय जीवन बीमा निगम प्रत्येक दो वर्ष पश्चात् गणना कराती हैं अतः जीवन बीमा व्यवसाय का लाभ प्रत्येक वर्ष ज्ञात नहीं किया जा सकता है।

आगम खात तैयार करते समय Life Insurance Fund का प्रारम्भिक शेष इस खाते के क्रेडिट में दिखाया जायेगा और अन्त में आगम खाते का जो भी शेष रहेगा उसे चिट्ठे के दायित्व में दिखाया जायेगा।

(12) **अव्यतीत जोखिम हेतु कोष** (Reserve for Unexpired Risks)—यह सामान्य बीमे की मद है जो उन पॉलिसियों पर उत्पन्न होने वाले किसी भी सम्भावित दायित्व से निपटने के लिए रखा जाता है जो अभी समाप्त नहीं हुई है (unexpired अर्थात् outstanding) वर्ष की समाप्ति पर। यद्यपि सामाय बीमा पॉलिसियां अल्पकालिक पॉलिसी होती हैं जो केवल एक साथ चलती है लेकिन ये पॉलिसियां सम्पूर्ण वर्ष जारी की जाती है। अतः यह बहुत कुछ संभव है कि वर्ष की समाप्ति पर अनेक पॉलिसियां अव्यतीत रद्द जाये जिन पर भविष्य में दावा उठ खड़ा हो सकता हैं इस स्थिति से निपटने के लिए खातों में प्रावधान बनाया जाना चाहिए। सामान्य बीमा परिषद् की कार्यकारिणी समिति ने विभिन्न व्यवसायों के लिए शुद्ध प्रीमियम के निम्न न्यूनतम प्रतिशत को रोके रखने की सिफारिश की है :

(i) **सामुद्रिक बीमा** (Marine Insurance)—शुद्ध प्रीमियम आय का 100%।

(ii) **अन्य व्यवसाय** (Any other business)—शुद्ध प्रीमियम आय का 40% (लेकिन आयकर अधिकारी 50% के प्रावधान को स्वीकृति देते हैं।)

आगम खाता बनाते समय, ऐसे रिजर्व की प्रारम्भिक राशि क्रेडिट की ओर दिखाई जाती है तथा वर्ष के अन्त में अपेक्षित रिजर्व राशि डेबिट की ओर। The excess reserve over the minimum limit is called the "Additional Reserve" इस अतिरिक्त रिजर्व को भी उपरोक्त रिजर्व की तरह ही दिखाया जाता है।

''सामान्य बीमा कम्पनियों के वार्षिक खाते''
(Annual Accounts of General Insuance Companies)

सामान्य बीमा कम्पनियों के वार्षिक खते दोहरा लेखा पद्धति (Double Entry System) के आधार पर तैयार किए जाते हैं। बीमा अधिनियम 1938 के अनुसार एक सामान्य बीमा कम्पनी के लेखांकन वर्ष के अन्त में निम्न खाते तैयार करने होते हैं—

(1) आगम खाता (Revenue Account)

(2) लाभ—हानि खाता (Profit and Loss Account)

(3) लाभ—हानि नियोजन खाता (Profit and Loss Appropriation Account)

(4) आर्थिक चिट्ठा (Balance Sheet)

इन खातों को किसी Chartered Accountant द्वारा अंकेक्षित व प्रमाणित करवाया जाना चाहिए।

(1) आगम खाता (Revenue Account)

प्रत्येक सामान्य बीमा कम्पनी को लेखांकन वर्ष के अन्त में (लाभ—हानि जानने हेतु) एक आगम खाता (Revenue Account) तैयार करना होता है। यदि कोई सामान्य बीमा कम्पनी कई प्रकार के बीमा व्यवसाय (अग्नि, बीमा, समुद्री बीमा या विविध बीमा) करती है, तो प्रत्येक व्यवसाय के लिए पथक्—पथक् आगम खाता तैयार किया जाना चाहिए। आगम खाते का प्रारूप बीमा अधिनियम 1938 की ततीय सूची (भाग -2) में दिए FORM 'F' के अनुसार होना चाहिए जो इस प्रकार है—

सामान्य बीमा कम्पनियों के लेखे :

FORM F

Form of Revenue Account Applicable to Fire Insurance Business, Marine Insurance business and Msc. Insurance business.

Fire (or Marine or Miscellaneous) Insurance Revenue Account

for the year ended 31st December..........

			Rs.				Rs.
1.	Claims under Policies *Less :* R Einsurances : Paid during the year *Add :* Total estimated liability in respect of outstanding claims at the end of the year whether due or intimated.			1.	Balance of Account at the beginning of the year: Reserve for Unexpired Risks. Additional Reserve		
	Less : Outstanding Claims at the end of the previous year *Add :* Medical and Legal expenses re-claims.						
2.	Commission on Direct Business Commission on Reinsurances Accepted.			2.	Premiums less Reinsurances		
3.	Expenses Management			3.	Interest, Dividends and Rents : Gross *Less :* Income tax there on		
4.	Bad Debts			4.	Commission on Reinsurances		
5.	Foreign Taxes & Indian Taxes			5.	Other Income e.g. Double Income Tax Refund		
6.	Other Expenditure (to be specified), e.g., Depreciation			6.	Loss transferred to Profit and Loss Account		
7.	Profit transferred to Profit and Loss Account						
8.	Balance of Account at the end of the year as shown in the Balance Sheet : Reserve for Unexpired Risks being—% of the Premium income of the year. Additional Reserve (if any)						
9.	Claims paid to Claimants in India			7.	Premiums derived from business effected in India		

10.	Claims paid to Claimants outside India			8.	Premiums derived from business effected outside India.		

निम्नलिखित प्रमाण पत्र भी रेवेन्यू खाते के साथ दिया जाता हैं—

As required by section 40C (2) of the Insurance Act 1938, we certify that, to the best of our knowledge and belief, all expenses of management wherever incurred, whether directly or indirectly or in respect of Fire (or Marine or Miscellaneous Insurance business have been fully debited in the fire (or Marine or Miscellaneous) Insurance Revenue Account as expenses.

.... Chairman

....

(Charted Accountants) (General Manager)   Directors ....

....

नोट : (1) सामान्यतः रेवेन्यू खाते में To व By शब्दों का प्रयोग नहीं किया जाता है।

(2) यह खाता एक नाममात्र (Normal Account) खाता है। इसके debit की और सभी व्यय और Credit की ओर सभी आयों को लिखा जाता है।

आगम खाते की मदों का स्पष्टीकरण

(Explanation of items of Revenue Account)

A डेबिट पक्ष की मदें (Items of Debit Side)

1. दावे (Claims)—जिस जोखिम के लिए बीमा कराया जाता है, उस जोखिम से हानि हो जाने पर बीमापात्र (Insured) बीमा कम्पनी (Insure) पर वास्तविक हानि की पूर्ति के लिए दावा करता है, इसे बीमा पत्रों के अन्तर्गत दावा (Claims Under Policies) कहते हैं।

बीमा कम्पनी आवश्यक जांच पड़ताल के पश्चात् ऐसे दावों की राशि का भुगतान करती है।

दावा (Claims)—व्यय का महत्वपूर्ण मद होने के कारण आगम खाते (Revenue Account) के डेबिट पक्ष की और पहले स्थान पर दिखाया जाता है। विद्यार्थियों को दावे के सम्बन्ध में निम्न बातों को ध्यान में रखना चाहिए—

(1) चालू वर्ष (Current Year) के दौरान भुगतान किए गए दावों की राशि में चालू वर्ष से सम्बन्धित सभी दावे दिखाए जाते हैं, चाहे उनका भुगतान कर दिया गया है अथवा नहीं।

(2) वर्ष के अन्त में ऐसे दावे की रकम, जो स्वीकृत कर लिए गए हों, किन्तु जिनका भुगतान नहीं हुआ (Outstanding Claims at the end or year) है को भुगतान किए गए दावों की रकम में जोड़ देते हैं और इसके योग से वर्ष के प्रारम्भ में अदत्त दावे की राशि (Outstanding Claims at the beginning of the year) यदि दी हो तो उसे दावे की रकम में से घटा देते हैं।

(3) यदि बीमा कम्पनी ने जोखिम के कुछ भाग का पुर्नबीमा करा लिया हो (Reinsurance) तो जो जोखिम से हानि होने पर दावे की रकम का कुछ भाग पुर्नबीमा अनुबन्ध के अन्तर्गत दूसरी बीमा कम्पनी से प्राप्त होगा, जिसे Reinsurance Claims or Recoveries कहा जाता है। इस राशि को भुगतान किए गए दावे की राशि में से घटा देना चाहिए।

(4) यदि दावे की राशि का निर्धारण करने में या निपटाने में कोई कानूनी व्यय (Legal Expenses) या चिकित्सा व्यय (Medical Expenses) किए हों तो इस दावे की राशि में जोड देना चाहिए।

(5) दावे की वास्तविक राशि ही आगत खाते के डेबिट पक्ष में दिखाई जाएगी उसकी गणना निम्न प्रकार होगी।

	Rs.
Claims paid during the year	....

Add Outstanding Claims at the end of the year	....
Add Legal and Medical exp. regarding	....
Less Outstanding Claims at the beginning of the year	....
Less Reinsurance and Recoveries	....
Amount to be shown on the debit side of Revenue Account	....

यदि कुछ दावों का भुगतान भारत के बाहर किया गया है, तो इसे आगम खाते के डेबिट पक्ष में Inner Column में अलग दिखाया जाना चाहिए।

2. कमीशन (Commission)—बीमा कम्पनी अपना व्यवसाय मुख्यतयाः एजेन्टों के माध्यम से करती है और इन्हें इस कार्य के लिए जो कमीशन दिया जाता है, वह बीमा कम्पनी के लिए व्यय (Expenditure) होता है। इस मद को आगम खाते के डेबिट पक्ष की ओर दिखाते हैं।

कमीशन को दो भागों में विभक्त करके दिखाया जाता है।

(i) प्रत्यक्ष व्यवसाय पर कमीशन (Commission on Direct Business)—इस उप–शीर्षक में उस कमीशन को दिखाया जाता है, जो बीमा कम्पनी द्वारा एजेण्टों को बीमा व्यवसाय लाने के लिए दिया जाता है।

(ii) पुनबीमा पर कमीशन (Commission on Re-insurance)—एक कम्पनी द्वारा दूसरी बीमा कम्पनी से अपने व्यवसाय के कुछ भाग को पुनः कराने पर कमीशन का भुगतान पुनर्बीमा पर कमीशन कहलाता है।

इस कमीशन को Commission on Re-insurance के उप–शीर्षक में दिखाया जाता है।

भारत व भारत के बाहर भुगतान की जाने वाली कमीशन की राशियां अलग–अलग आगम खाते (Revenue Account) के Inner Column में दिखाई जानी चाहिए।

3. प्रबन्ध के व्यय (Expenses of Management)—इस शीर्षक के अन्तर्गत बीमा कम्पनी के प्रबन्ध सम्बन्धी व्ययों के कुल योग को दिखाया जाता है। प्रबन्ध के खर्चों को पथक्–पथक् नहीं दिखाना चाहिए। प्रबन्ध सम्बन्धी व्यय में निम्न को शामिल किया जाता है—(Printing and stationary, Salary, Postage and Telephone, Rent, Lighting etc.)

4. डूबत ऋण/अप्राप्य ऋण (Bad debts)—इस शीर्षक के अन्तर्गत ऐसे ऋण की राशि दिखाई जाती है, जो डूब जाते हैं तथा जो अप्राप्य हों।

5. कर (Taxes)—बीमा कम्पनी द्वारा देशी तथा विदेशी करों के भुगतान को इस शीर्षक में दिखाते हैं।

6. अन्य व्यय (Other expenditure)—उपरोक्त व्ययों के अतिरिक्त बीमा कम्पनी यदि कोई अन्य व्यय करती है, तो ऐसे व्ययों या हानियों को इस शीर्षक के अन्तर्गत लिखा जाता है।

7. लाभ (Profits)—इस शीर्षक में बीमा कम्पनी के शुद्ध लाभ को लिखा जाता है। यदि बीमा कम्पनी के आगम खाते में क्रेडिट पक्ष का योग से अधिक हो तो शुद्ध लाभ होगा जिसे लाभ हानि खाते में हस्तान्तरित कर दिया जाएगा।

8. (a) असमाप्त जोखिम के लिए संचय (Reserve for Unexpired Risks)—सामान्य बीमा अनुबन्ध (Insurance Contract) प्रायः एक वर्ष की अवधि के लिए किए जाते हैं। यह बीमा अनुबन्ध वर्ष में किसी भी तिथि पर किया जा सकता है। इस प्रकार लेखांकन वर्ष के अन्त में कुछ अनुबन्ध ऐसे होते हैं जिनकी जोखिम की अवधि अगले वित्तीय वर्ष में समाप्त होती है। ऐसा जोखिम जो बीमा कम्पनी के वार्षिक खाते तैयार करने की तिथि तक समाप्त नहीं होता असमाप्त जोखिम (Unexpired Risk) कहलाता है।

बीमा कम्पनी द्वारा पूरे वर्ष का प्रीमियम बीमा कराते समय ही ले लिया जाता है। इस प्रकार बीमा पत्र (Insurance Policy) के सम्बन्ध में प्राप्त प्रीमियम का कुछ लाग चालू वर्ष (Cuurent Year) से सम्बन्धित होता है तथा कुछ भाग आगामी वित्तीय वर्ष (Next Financial Year) से सम्बन्धित होता है। प्रीमियम का यह आनुपातिक भाग जो असमाप्त जोखिम (Unexpired Risk) हेतु

अगले वर्ष के लिए सुरक्षित रखा जाता है, उसे 'असमाप्त जोखिम के लिए संचय' (Reserve for Unexpired Risk) कहा जाता है।

वर्ष के अन्त में सामान्य बीमा कम्पनी के शुद्ध लाभ (Net profit) की गणना के लिए वित्तीय वर्ष में शुद्ध बीमा प्रीमियम (Net Insurance Premium) का एक निश्चित प्रतिशत इस संचय में हस्तान्तरित किया जाता है। यह प्रतिशत अलग–अलग प्रकार के सामान्य बीमा व्यवसाय के लिए अलग–अलग निर्धारित किया गया है।

असमाप्त जोखिमों के लिए संचय का प्रतिशत सामान्य बीमा कौंसिल की प्रबन्ध समिति (Executive Committee of General Insurance Council) द्वारा निर्धारित किया गया है। इस प्रतिशत की व्याख्या आयकर अधिनियम 1961 की प्रथम अनुसूची के नियम 6E में भी गई है। असमाप्त जोखिम के लिए संचय सामुदिक बीमा व्यवसाय (Marine Insurance Business) में शुद्ध प्रीमियम (Net Premium) का 100% तथा अग्नि एवं अन्य विविध बीमा व्यवसायों में शुद्ध प्रीमियम का 50% होना चाहिए।

यदि प्रश्न में उपरोक्त संचय बनाने के लिए कोई प्रतिशत न दिया हो जो उपरोक्त प्रतिशत के आधार पर ही संचय का निर्माण करना चाहिए। यदि अन्य कोई प्रतिशत दिया हो तो उसी के आधारस पर संचय की व्यवस्था करनी चाहिए।

संचय बनाना अनिवार्य है, चाहे प्रश्न में कहा गया हो या नहीं।

असमाप्त जोखिम के लिए संचय का लेखांकन
(Accounting Treatment of Reserve for Unexpired Risk)

व्यापाहरक प्रश्न का हल करते समय निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए—

(i) यदि 'Reserve for unexipred Risk' का प्रारम्भिक शेष (Opening Balance) तलपट (Trial Balance) में दिया हो, तो उसे आगम खाते के क्रेडिट पक्ष (Credit Side) में दिखाना है।

(ii) यदि 'Reserve for unexpired Risk' का अन्तिम शेष (Closing Balance) तलपट (Trial Balance) में दिया हो, तो उसे केवल चिट्ठे (Balance Sheet) के दायित्व पक्ष (Liability Side) में दिखाना है।

(iii) यदि 'Reserve for unexpired Risk' समायोजन (Adjustments) में दिया हो, तो उसे एक बार आगम् खाते की डेबिट पक्ष में और दूसरी बार चिट्ठे के दायित्व पक्ष में दिखाना है।

(b) अतिरिक्त संचय (Additional Reserve) सामान्य बीमा कम्पनी असमाप्त जोखिम के लिए कानून द्वारा निर्धारित प्रतिशत से अधिक संचय कर सकती है। ऐसा बीमा कम्पनियां अपनी वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए करती हैं।

कानून द्वारा निर्धारित संचय से अधिक संचय को असमाप्त जोखिम के लिए अतिरिक्त संचय कहते हैं।

यह संचय ऐच्छिक होता है। इस संचय को केवल तभी बनाया जाएगा यदि प्रश्न में यह बनाने के लिए कहा गया हो। अतिरिक्त संचय को उसी प्रतिशत पर बनाया जाएगा जो प्रश्न में दिया गया हो।

Accounting Treatment of Additional Reserve

(i) यदि Additional Reserve का प्रारम्भिक शेष (Opening Balance) तलपट (Trial balance) में दिया हो तो उसे आगम खाते के क्रेडिट पक्ष की ओर दिखाना है।

(ii) यदि Additional Reserve का अन्तिम शेष (Opening Balance) तलपट (Trial balance) में दिया हो तो उेस केवल चिट्ठे के दायित्व पक्ष (Liability Side) में ही दिखाना है।

(iii) यदि अतिरिक्त संचय (Additional Reserve) समायोजन (Adjustments) में दिया हो, तो उसे एक बार आगम् खाते की डेबिट पक्ष (Debit Side) में और दूसरी बार चिट्ठे (Balance Sheet) के दायित्व पक्ष में दिखाना है।

क्रेडिट पक्ष की मदें (Items of Credit Side)

1. (a) असमाप्त जोखिम के लिए संचय (Reserve for unexpired Risk)—असमाप्त जोखिम के लिए बनाए गये गत वर्ष के संचय को चालू वर्ष (Current Year) के आगम् खाते के क्रेडिट पक्ष में सबसे पहले स्थान पर दिखाया जाता है।

(b) असमाप्त जोखिम के लिए अतिरिक्त संचय (Additional Reserve for Unexpired Risk)—गतवर्ष में असमाप्त जोखिम के लिए बनाए गए संचय को चालू वर्ष के आगम खाते के क्रेडिट पक्ष में 'असमाप्त जोखिम के लिए संचय' के नीचे दिखाते हैं।

2. प्रीमियम (Premium)—प्रीमियम बीमा कम्पनी की आय का एक महत्त्वपूर्ण स्त्रोत है। बीमा कम्पनी को बीमा अनुबन्ध के प्रतिफल के रूप में प्राप्त राशि को प्रीमियम कहते हैं। आगम खाते के क्रेडिट पक्ष में शुद्ध प्रीमियम की राशि को लिखा जाता है। प्रीमियम की कुल राशि में से पुनर्बीमा (Re-insurence Premium) प्रीमियम को घटा दिया जाता है तथा अदत प्रीमियम (Outstanding Premium) की राशि को जोड़ दिया जाता है। इस प्रकार प्रीमियम की जो राशि आती है, वह शुद्ध प्रीमियम (Net Premium) की राशि होती है। देश के अन्दर तथा देश के बाहर प्राप्त प्रीमियम को आगम खाते में पथक्–पथक् दिखाया जाता है।

Net Premium =

Premium Received during the year	....
Add Premium Outstanding at the end of the year	....
Less Premium Outstanding at the beginning of the year	....
Less Re-insurance Premium paid during the year	....

3. ब्याज, लाभांश तथा किराया (Interest, Dividend and Rent)—बीमा कम्पनी को चालू वर्ष में ऋण पत्रों (Debentures) तथा विनियोगों (Investments) पर ब्याज व लाभांश में होने वाली आय को आगम खाते के क्रेडिट पक्ष की ओर दिखाया जाता है। इसी प्रकार बीमा कम्पनी को अपनी सम्पत्तियों को किराए पर उठाकर किराये के रूप में होने वाली आय को भी इसी शीर्षक में लिखा जाता है। ब्याज, लाभांश तथा किराये से प्राप्त आय में से इन पर अदा किए गये आयकर (Income Tax) को घटा देना चाहिए। इस प्रकार प्राप्त शुद्ध आय को खाते के क्रेडिट पक्ष में दिखाना चाहिए।

4. अर्जित पुर्नबीमा पर कमीशन (Commission on Re-insurance Coded)—एक बीमा कम्पनी द्वारा दूसरी बीमा कम्पनी से अपने व्यवसाय का बीमा कराने पर जो कमीशन प्राप्त होता है, उस कमीशन को अर्जित पुनर्बीमा पर कमीशन कहते हैं। इस कमीशन को बीमा कम्पनी की आय में शामिल जाता है तथा आगम खाते के क्रेडिट पक्ष की ओर लिखा जाता है।

अन्य आय (Other Income)—बीमा कम्पनी को प्राप्त होने वाली आय को इस शीर्षक के अन्तर्गत लिखा जाता है। अन्य आय के उदाहरण निम्न हैं—

(i) रजिस्ट्रेशन शुल्क (Registration Fees)

(ii) अभिहस्तांतरण शुल्क (Assignment Fees)

(iii) बेचान शुल्क (Endorsement Fees)

(iv) हस्तांतरण शुल्क (Transfer Fees)

(v) आयकर की वापसी (Refund of Tax)

(vi) अपलिखित अदत् दावे (Outstanding Claims written back)

(vii) अपलिखित अदत् जमा की राशियां (Old Outstanding and unclaimed deposits written back)

(viii) विनियोगों एवं अन्य सम्पत्तियों के बेचने पर होने वाला लाभ (Profit on sale of investments and other Assets)

हानि (Loss)—यदि आगम खाते के डेबिट पक्ष के मदों का योग क्रेडिट पक्ष के योग से कम होता है तो यह अन्तर बीमा कम्पनी के लिए हानि होती है। इसे लाभ खाते में हस्तांतरित कर दिया जाता है।

नोट—यदि बीमा कम्पनी देश तथा विदेश दोनों में ही अपना व्यवसाय करती है, तो उसे अपनी कुछ मदों जैसे प्रीमियम, (Premium), दावे (Claims), अप्रत्यक्ष व्यय एवं ब्याज, तथा किराये (Other Expenses Interest, Dividend and Rent) को 'भारत के अन्तर्गत (Within India) में बांटकर आगम खाते के 'Inner Column' में दिखाना है।

सुरक्षा सीमा (Margin of Safety)—सामान्य बीमा निगम की कार्यकारी समिति (Executive Committee of General Insurance Corporation) द्वारा निर्धारित नियमों के अन्तर्गत एक सामान्य बीमा कम्पनी की सम्पत्तियों का दायित्वों पर आधिक्य कम–से–कम 5 लाख रु. अथवा शुद्ध प्रीमियम का 10% (जो भी अधिक हो) होना चाहिए। इस आधिक्य को ही सुरक्षा सीमा कहते हैं।

खर्चों की अधिकतम सीमा (Maximum amount for Expenses of Insurance Companies)—सामान्य बीमा कम्पनी के खर्चों की अधिकतम सीमा को निर्धारित किया गया है। बीमा एजेन्टों को दिए गए कमीशन के अतिरिक्त सामान्य बीमा कम्पनियाँ निम्नलिखित से ज्यादा खर्च नहीं कर सकतीं—

(a) In case of Marine Business

Gross Premium	Rs.	Maximum Unit for Expenses
on First	5,00,000	25% of Premium
on next	5,00,000	22.5% Premium
on next	5,00,000	20% of Premium
on next	7,50,000	17.5% of Premium
on Balance of Premium		15% of Premium

(b) In case of other Insurance Companies

Gross Premium	Rs.	% of premium allowed as expenses
on First	10,00,000	35% of the premium
on next	5,00,000	32.5% of the premium
on next	5,00,000	30.0% of the premium
on next	7,50,000	27.5% of the premium
on next	7,50,000	25.0% of the premium
on next	10,00,000	22.5% of the premium
on Balance		20.0% of the premium

Note: If any company spends more than the limits mentioned above, it has to take approval from controller of Insurance.

These limits are applicable to only insurance companies and not to General Insurance Corporation.

कमीशन की अधिकतम सीमा (Maximum Limit on Commission)—

Nature of insurance	Maximum % of Commission payable to agents
In case of Fire and Marine Insurance	5% of policy premium
In case of other insurance	10% of policy premium

Note: In case of Insurance effected by Principal Agent Maximum % of Commission in case of Fire and Marine Insurance of 20% and in case of other insurance it is 15%.

प्रीमियम में से घटाकर बोनस (Bonus in Reduction of Premium)—सामान्य बीमा सामान्यतया एक वर्ष की अवधि के लिए किया जाता है। एक वर्ष के पश्चात् इसका पुनः नवीनीकरण (Renewal) करना पड़ता है। यदि बीमापत्र (Insured) इस

एक वर्ष की अवधि के अन्तर्गत किसी भी दावे (Claims) की मांग करता तो बीमा कम्पनी, बीमा पात्र को एक निर्धारित दर से छूट (Rebate) देती है, जिसे बोनस भी कहा जाता है। इस छूट या बोनस का भुगतान बीमा कम्पनी नकद न करके अगली प्रीमियम में कटौती के रूप में समायोजित कर लेती है। प्रीमियम में दी गई इस छूट को 'Bonus in Reduction of Premium' कहते हैं।

इस घटाई गई राशि का निम्न जोर्नल लेखा किया जाता है—

Bonus in reduction of Premium A/c Dr.

To Premium A/c

नोट : व्यावहारिक प्रश्न हल करते समय विद्यार्थियों को निम्न की ओर ध्यान देना चाहिए—

(1) यदि 'Bonus in reduction of Premium' तलपट में दिया हुआ है, तो इसे केवल एक बार आगम खाते के डेबिट पक्ष की ओर दिखाना है।

(2) यदि प्रश्न में तलपट (Trial balance) नहीं दिया है तो 'Bonus in Reduction of Premium' को आगम खाते के डेबिट पक्ष तथा क्रेडिट पक्ष दोनों ओर ही दिखाना है।

(3) यदि 'Bonus in reduction of Premium' समायोजन (Adjustment) में दिया हो, तो इसे एक बार आगम खाते के डेबिट पक्ष की ओर लिखेंगे तथा दूसरी बार आगम खाते (Revenue Account) की क्रेडिट पक्ष की ओर Premium में जोड़ कर दिखाएगें।

लाभ हानि खाता
(Profit and Loss Account)

एक सामान्य बीमा कम्पनी अनेक प्रकार का बीमा व्यवसाय करती हैं। (जैसे अग्नि बीमा, समुद्री बीमा, दुर्घटना बीमा आदि) बीमा कम्पनी अपने सभी प्रकार के व्यवसायों के लिए अलग–अलग आगम् खाते बनाती है। परन्तु पूरे व्यवसाय के लाभ हानि को जानने के लिए लाभ हानि खाता (Profit and Loss Account) बनाया जाता है। आगम खाते से ज्ञात लाभ और हानि को इस खाते में हस्तान्तरित कर दिया जाता है। इसके अतिरिक्त आय तथा व्यय के ऐसे मद (Items) जो किसी विशेष व्यवसाय से सम्बन्धित नहीं होते तथा जिन्हें आगम खाते में नहीं दिखाया गया है, इस लाभ हानि खाते में लिखा जाता है।

लाभ हानि खाता भी निर्धारित प्रारूप में बनाया जाता है। इसका प्रारूप भारतीय बीमा कम्पनी अधिनियम 1938 की दूसरी सूची में From B के अन्तर्गत दिया हुआ है जो निम्न प्रकार है—

Form B
PROFIT AND LOSS ACCOUNT
for the year ended 31st December

		Rs.		Rs.
1.	Income tax (not applicable to any particular Revenue account)		Interest, Dividends and Rents (not applicable to any particular Revenue Account)—Gross	
2.	Expenses of management (not applicable to any particular Revenue account) e.g., expenses of management of share department, gratuity to staff etc.		Profit on Sale of Investments (not credited to Reserve or to any particular account)	

3.	Loss on sale of investments (not charged to Reserves or to any particular account)		Appreciation of Investments not credited to Reserves or to any particular account.	
4.	Depreciation of investment (not charged to Reserves of to any particular account)		Profit transferred from Revenue Accounts	
5.	Loss transferred from Revenue Accounts.		Transfer and other Fees.	
6.	Other Expenses (to be specified) e.g., Depreciation, Provision for Taxation, etc.		Other income (to be specified, e.g., Profit on sale of furniture)	
7.	Balance carried to P. & L. Appropriation Account.		Balance being loss for the year carried to Appropriation Account.	

लाभ–हानि के उपर्युक्त प्रारूप से स्पष्ट है कि इससे आय व व्यय के उन मदों को लिखा जाता है जो सामान्य बीमा कम्पनी के किसी विशेष बीमा व्यवसाय (जैसे अग्नि बीमा, समुद्री बीमा आदि) से सम्बन्धित न होकर वरन् पूरे व्यवसाय से सम्बन्धित होते है। दूसरे शब्दों में, आय व व्यय के उन मदों को दिखाया जाता है जो किसी कोष या खाते से सम्बन्धित नहीं होते।

लाभ–हानि खाते के डेबिट पक्ष में निम्न पदों को दिखाया जाता है—

(1) बीमा कम्पनी के लाभ पर केन्द्र सरकार को दिया जाने वाला कर जो किसी कोष या खाते से सम्बन्धित न हो।

(2) प्रबन्ध के व्यय जो किसी कोष या खाते से सम्बन्धित न हो।

(3) विनियोगों की वसूली पर हानि जिसे किसी संचय, कोष या खाते में न हो जाया गया हो।

(4) विनियोगों पर ह्रास जिसे किसी संचय, कोष या खाते में न ले जाया गया हो।

(5) यदि आगम खाते में हानि हो तो उस हानि को विवरण के साथ।

(6) अन्य कोई व्यय विवरण के साथ।

लाभ–हानि खाते के क्रेडिट पक्ष में निम्न मदों को दिखाया जाता है—

(1) ब्याज, लाभांश तथा किराये से प्राप्त आय जो किसी कोष या खाते से सम्बन्धित न हो। यदि इस आय पर कर दिया गया हो तो उसे घटा देना चाहिए।

(2) विनियोगों की वसूली पर लाभ जिसे किसी संचय, कोष या खाते में जमा न किया गया हो।

(3) विनियोगों की पुनर्मूल्यांकन पर हुआ लाभ जिसे किसी संचय, कोष या खाते में न किया गया हो।

(4) आगम खाते से हस्तान्तरित किया हुआ लाभ विवरण के साथ।

(5) हस्तान्तरण शुल्क।

(6) अन्य कोई विवरण के साथ।

लाभ–हानि खाते के डेबिट तथा क्रेडिट पक्षों का योग करना चाहिए। यदि डेबिट पक्ष का योग कम और क्रेडिट पक्ष का योग अधिक हो तो यह अन्तर लाभ होगा और इसे डेबिट पक्ष में लिखकर लाभ हानि नियोजन खाते में हस्तान्तरित कर देते हैं। यदि क्रेडिट पक्ष का योग कम हो और डेबिट पक्ष योग अधिक हो तो यह अन्तर हानि प्रदर्शित करता है इसे क्रेडिट पक्ष में लिखकर लाभ–हानि योजना वाले खाते में हस्तान्तरित कर देते हैं।

लाभ-हानि नियोजन खाता
(Profit and Loss Appropriation Account)

सामान्य बीमा कम्पनी को लाभ–हानि नियोजन खाता भी बनाना पड़ता है। इसे लाभ–हानि खाते द्वारा प्रदर्शित लाभ–हानि को दिखाया जाता है तथा लाभ में से किये जाने वाले नियोजनों (appropriations) को दिखाया जाता है। उचित नियोजन के

पश्चात शेष बचे शुद्ध लाभ को चिट्ठे में हस्तांतरित किया जाता है। लाभ–हानि नियोजन खाता भी निर्धारित प्रारूप में बनाया जाता है। इसका प्रारूप बीमा अधिनियम, 1938 की दूसरी सूची में Form C के अन्तर्गत दिया हुआ है जो निम्न है—

Form C

PROFIT AND LOSS APPROPRIATION ACCOUNT

for the year ended 31st March........

		Rs.		Rs.
1.	Balance being loss brought forward from last year		Balance brought forward from last year *Less:* Dividends since paid in respect of last year (if free of tax, to be so stated)	
2.	Balance being loss for the year brought from Profit and Loss Account.		Balance for the year brought from Profit and Loss Account.	
3.	Dividends paid during the year on account of the current year (if free of tax, to be so stated.)		Balance being Loss at the end of the year as shown in the Balance Sheet.	
4.	Trasnfer to Reserves e.g., Exchange Reserve.			
5.	Balance at the end of the year as shown in the Balance Sheet.			

उपर्युक्त प्रारूप से स्पष्ट है कि लाभ–हानि नियोजन खाते के डेबिट पक्ष में निम्न मदें लिखी जाती हैं—

(1) पिछले वर्ष की हानि, यदि कोई हो;

(2) लाभ–हानि खाते द्वारा प्रदर्शित चालू वर्ष की हानि;

(3) वर्ष के दौरान भुगतान किया गया लाभांश जिस वर्ष का यह लाभांश हो उसका उल्लेख करना चाहिए। यदि लाभांश कर मुक्त हो तो उसका भी उल्लेख करना चाहिए;

(4) किसी विशेष कोष या खाते में हस्तान्तरित राशि विवरण के साथ। लाभ हानि नियोजन खाते के क्रेडिट पक्ष में निम्न मदें लिखी जाती हैं—

(1) पिछले वर्ष के लाभ का शेष, यदि कोई हो। इस लाभ में से यदि लाभांश का भुगतान किया गया हो तो उसे घटा देना चाहिए। जिस वर्ष का यह लाभांश हो उसका उल्लेख करना चाहिए। यदि लाभांश कर मुक्त हो तो इसका भी उल्लेख करना चाहिए।

(2) लाभ–हानि खाते द्वारा प्रदर्शित चालू वर्ष को लाभ–हानि नियोजन खाते के क्रेडिट पक्ष का योग यदि डेबिट पक्ष के योग से अधिक होता है तो इस शेष को डेबिट पक्ष में लिख कर आर्थिक चिट्ठे में हस्तांतरित कर दिया जाता है। इसके विपरीत यदि डेबिट पक्ष का योग इसके क्रेडिट पक्ष के योग से अधिक होता है तो इस शेष को क्रेडिट पक्ष में लिखकर चिट्ठे में हस्तांतरित कर देते हैं।

चिट्ठा (Balance-Sheet)

बीमा कम्पनी को भी विभिन्न सम्पत्तियों एवं दायित्वों के आधार पर आर्थिक चिट्ठा तैयार करना होता है। चिट्ठे का प्रारूप भारतीय बीमा कम्पनी अधिनियम, 1938 (Insurance Act, 1938) की प्रथम अनुसूची के Form A के अन्तर्गत दिया गया है। सभी बीमा कम्पनियों को चिट्ठा इसी प्रारूप में बनाना होता है चाहे वह जीवन बीमा व्यवसाय करती है या सामान्य बीमा व्यवसाय। इस चिट्ठे के सम्पत्ति और दायित्व पक्ष में तीन–तीन रकम के खाने हैं—पहला जीवन बीमा व्यवसाय के लिए दूसरा सामान्य बीमा व्यवसाय के लिए तथा तीसरा दोनों के योग के लिए। क्योंकि अब हमारे देश में जीवन बीमा व्यवसाय केवल जीवन बीमा निगम द्वारा तथा सामन्य बीमा कम्पनियों द्वारा ही किया जाता है।

चिट्ठे का प्रारूप निम्न प्रकार है

नोट–(जीवन बीमा व्यवसाय तथ सामान्य बीमा व्यवसाय दोनों के लिए चिट्ठे का यही प्रारूप होगा)

चिट्ठ का प्रारूप

Form A

BALANCE SHEET OF..................19...................

		(1) Rs.	(2) Rs.	(3) Rs.			(1) Rs.	(2) Rs.	(3) Rs.
1.	**Shareholder' Capital** (each class to be stated separately) Authorised......shares of Rs....each Subscribed....shares of Rs....each Called up...shares of Rs.....each *Less:* Unpaid calls				**1.**	**Loans:** On Mortgages of property On Security of municipal and other public rates On Stocks and shares On Insurers' Policies within their surrender value On personal security to subsidiary Companies [other than reversionary (1)]			
2.	**Reserves or Contingency A/c (a)** Investmnts Reserve Reserve Account Profit & Loss Appropriation Account					Reversions and Life Interests purchased Loans on Reversions and Life interests Debenture Stocks of Subsidiary reversionary Companies (f) Ordinary stocks and shares of Subsidiary Reversionary companies (f) Loans to Subsidiary Reversionary Companies (f)			

3.	**Balance of Funds and Accounts :** Life Insurance Fund (i) Business in India (ii) Business outside India Fire Insurance Business Account Marine Insurance Business Account Miscellaneous Insurance business Account (m) Other Account, if any be specified (I) Pension or Superannuation Account (b)				**2.**	**Investments :** Deposits with the Reserve Bank of India (Securities to be specified) Indian Government Securities State Government Securities British Colonial and British dominion. Govt Securities. Foreign Government Securities Indian Municipal Securities British and Colonal Securities Foreign Securities, Bonds, Debentures, Stocks and other Securities whereon interest is guaranteed by Indian Govt. or a State Govt.		
4.	**Debenture Stock**					Bonds, Debentures, Stock and other Securities whereon Interest is guaranteed by the British or any Colonial Govt.		
5.	**Loans & Advances (c)** Bills Payable (c) Estimated Liability in respect of outstanding claims whether due or intimated (d) Annuities due and unpaid (d) Outstanding Dividends Amounts due to other Persons or Bodies canying on Insurance business (c) Sundry Creditors including outstanding expenses and taxes (c) Other sums owing by the Insurer (particulars to be given) (c)					Bonds Debentures, Stock and other Securities whereon Interest is guaranteed by any foreign Govt. Debentures of any railway in India. Debentures of any railway out of India. Preference or Guaranteed Shares of any railway in India Preference of Guaranteed Shares of any railway out of India Railway Ordinary Stocks (i) in India (ii) out of India		
6.	**Contingent Liabilities to be specified (e)**					Other guaranteed and Preference stock and shares of companies incorporated (i) in India, (ii) out of India Other ordinary Stocks & Shares of Companies incorporated. (i) in India (ii) But of India Holdings in Subsidiary Companies (f) House Property (i) in India (ii) out of India		

						Freehold and Leasehold ground rents and rent charges			
					3.	**Agents' Balances outstanding**			
					4.	**Outstanding Premiums (g) (d)**			
					5.	**Interest, Dividends and Rents outstanding (d)**			
					6.	**Interest, Dividends and Rents accruing but not due (d)**			
					7.	**Amounts due from other Persons or bodies carrying on Insurance Business (h)**			
					8.	**Sundry debtors (i)**			
					9.	**Bills Receivable**			
					10.	**Cash**			
						At Bankers on Deposit A/c			
						At bankers on Current A/c and in hand			
						At call on short notice G)			
					11.	**Other Accounts to be specified (k)**			

चिट्ठे का संक्षिप्त रूप (Summarised Balance Sheet)—चिट्ठे को संक्षेप रूप में निम्न प्रकार प्रस्तुत किया जा सकता है। व्यवहारिक प्रश्न हल करते समय विद्यार्थियों को चिट्ठे के इस संक्षिप्त रूप का प्रयोग करना चाहिए—

Form A

(Summarised Balance-Sheet)

........INSURANCE CO. LTD.

Balance Sheet as at 31st March........

	Liabilities	**Rs.**			**Rs.**
1.	Shareholders' Capital (giving the same details as in the case of other companies)		1.	Loans On mortage of Property within India On mortgage of property outside India On Stocks and Shares Loans to Subsidiary Companies	
2.	Reserve or contingency Accounts : General Reserve Investment Reserve		2.	Investment (including Freehold and Leasehold Property)	
3.	Balance of Funds and Accounts		3.	Agents and Branch Balances	
4.	Debenture Stock		4.	Premiums Oputstanding (either to be shown net after decucting commission thereon or commission thereon to be provided for the liability)	

5.	Loans and Advances (stating the amount and nature of security, if any)		5.	Interest, Dividends and Rents Outstanding (to be shown net deduction of income tax thereon)	
(a)	Bills Payable		6.	Interest, Dividends and Rents accruing (to be shown net deduction of income tax thereon)	
(b)	Estimated Liability in respect of outstanding declaims whether due or intimated				
(c)	Unclaimed Dividends		7.	Amounts due from other insurers Amounts due from subsidiary companies	
(d)	Amounts due to other insurers (stating the amount and nature of security, if any)				
(e)	Sundry, Creditors (including commission and other expenses owing and taxes)		8.	Sundry debtors (amounts due from directors and officers to be stated separately)	
			9.	Bills Receivable	
(f)	Other Items due : Amount due to Subsidiary Companies (in total only)		10.	Cash Balances: In hand	
	Staff Provident Fund or Gratuity Account			On deposit account with banks On current with banks	
	Advance premium received Provision for Taxation				
	Reserves. hold on account of reinsurances cdded by the company.				
6.	Contingent Liabilities—liability for partly paid shaers in a subsidiary company to be separately stated.		11.	Other Accounts.	

Note: The previous year's figures must be given for all items.

आर्थिक चिट्ठे की मदों का स्पष्टीकरण
(Explanation of Items of Balance Sheet)

A. दायित्व पक्ष (Liability Side)

1. अंशधारियों की पूंजी (Shareholder's Capital)—इस शीर्षक के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की अंश पूंजी—अधिकृत निर्गमित, याचित एवं दत्त पूंजी को अलग–अलग दिखाया जाता है।

2. संचय अथिव आकस्मिक खाते (Reserve or Contingency Accounts)—बीमा कम्पनी के सभी प्रकार के संचय–सामान्य, विशेष तथा आकस्मिक को इस शीर्षक के अन्तर्गत दिखाया जाता है।

3. कोषों तथा खातों का शेष (Balance of funds and Accounts)—इसमें अग्नि, समुद्री, दुर्घटना या अन्य बीमा व्यवसाय के असमाप्त जोखिमों के लिए बनाये गये संचयों तथा अतिरिक्त संचयों के अन्तिम (closing) शेषों को दिखाया जाता है। इसी शीर्षक के अन्तर्गत अन्य खातों जैसे पेंशन या अवकाश प्राप्त खाते आदि को भी दिखाया जाता है।

4. ऋणपत्र स्टाक (Debentures Stock)—बीमा कम्पनी द्वारा निर्गमित ऋणपत्रों की राशि यहां दिखायी जाती है।

5. ऋण एवं अग्रिम (Loans and Advances)—सामान्य बीमा कम्पनी कम्पनी द्वारा लिये गये ऋणों तथा अग्रिमों की राशि को यहां दिखाया जाता है। यदि ऋण जमानत के आधार पर लिया गया है तो उसके मूल्य एवं प्रकृति को यह स्पष्ट करना चाहिए।

6. देय बिल (Bills Payable)

7. अदत्त दावों के सम्बन्ध में अनुमानित दायित्व (Estimated Liability in respect of outstanding claims, whether due or estimated)—इस शीर्षक के अन्तर्गत सामान्य बीमा कम्पनी के ऐसे दावों की राशि दिखायी जाती है जो वार्षिक खाते तैयार करने की तिथि तक देय तो हो जाते हैं किन्तु जिनका अभी भुगतान नहीं हुआ होता है।

8. देय किन्तु अदत्त आवत्तिया (Annuity due and unpaid)—इस मद का सम्बन्ध सामान्य बीमा कम्पनियों से नहीं होता है। अतः आर्थिक चिट्ठे में इस छोड़ा जा सकता है।

9. अदत्त लाभांश (Outstanding Dividends)—वह लाभांश जो कम्पनी द्वारा घोषित हो चुका है; किन्तु जिसका वार्षिक खाते तैयार करने की तिथि तक भुगतान नहीं होता उसे यहां दिखाया जाता है।

10. बीमा व्यवसाय करने वाले अन्य व्यक्तियों या संस्थाओ को देय राशि (Amounts due to other persons or bodies carrying on Insurance Business)—इस शीर्षक के अन्तर्गत वह राशि लिखी जाती है जिसे बीमा कम्पनी को बीमा व्यवसाय करने वाले अन्य व्यक्तियों या संस्थाओं को देनी होती है।

11. विविध लेनदार (Sundry Creditors)—यह मद स्वयं स्पष्ट है। यह ध्यान रखना चाहिए कि अदत्त व्यय तथा करों को भी इसी मद में सम्मिलित किया जाता है।

12. बीमा कर्त्ता देय अन्य राशियां (Other sums owing by Insurer)—बीमा कम्पनी द्वारा देय ऐसी राशियां जिनको अभी तक नहीं दिखाया गया है उन्हें इस शीर्षक के अन्तर्गत दिखाते हैं।

13. आकस्मिक दायित्व (Contingent Liabilities)—यदि कोई आकस्मिक दायित्व हो तो उसे नोट के रूप में दिखाया जाता है।

B. सम्पत्ति पक्ष (Assets Side)

1. ऋण (Loans)—सामान्य बीमा कम्पनी के सम्पत्ति पक्ष में सबसे पहले स्थान पर कम्पनी द्वारा किये गये ऋणों को दिखाया जाता है। विभिन्न प्रकार के ऋणों का विवरण देते हुए दिखाना चाहिए।

